प्राक्कथन

संयुत्त निकाय सुत्त-पिटक का तृतीय ग्रन्थ है। यह आकार में दीघ निकाय और मज्झिम निकाय से बड़ा है। इसमें पाँच बड़े-बड़े वर्ग हैं—सगाथा वर्ग, निदान वर्ग, खन्ध वर्ग, सळायतन वर्ग और महावर्ग। इन वर्गों का विभाजन नियमानुसार हुआ है। संयुत्त निकाय में ५४ संयुत्त हैं, जिनमें देवता, देवपुत्र, कोसल, मार, भिक्खुनी, ब्राह्मण, सक्क, अभिसमय, धातु, अनमतग्ग, लाभसक्कार, राहुल, लक्खण, खन्ध, राध, दिट्ठि, सळायतन, वेदना, मातुगाम, असंखत, मग्ग, बोज्झङ्ग, सतिपट्ठान, इन्द्रिय, सम्मप्पधान, बल, इद्धिपाद, अनुरुद्ध, झान, आनापान, सोतापत्ति और सच्च—यह ३२ संयुत्त वर्गों में विभक्त हैं, जिनकी कुल संख्या १७३ है। शेष संयुत्त वर्गों में विभक्त नहीं हैं। संयुत्त निकाय में सौ भाणवार और ७७६२ सुत्त हैं।

संयुत्त निकाय का हिन्दी अनुवाद पूज्य भदन्त जगदीश काश्यप जी ने आज से उन्नीस वर्ष पूर्व किया था, किन्तु अनेक बाधाओं के कारण यह अभीतक प्रकाशित न हो सका था। इस दीर्घकाल के बीच अनुवाद की पाण्डुलिपि के बहुत से पन्ने—कुछ पूरे संयुत्त तक खो गये थे। इसकी पाण्डुलिपि अनेक प्रेसों को दी गई और वापस ली गई थी।

गत वर्ष पूज्य काश्यप जी ने संयुत्त निकाय का भार मुझे सौंप दिया। मैं प्रारम्भ से अन्त तक इसकी पाण्डुलिपि को दुहरा गया और अपेक्षित सुधार कर डाला। मुझे झान संयुत्त, अनुरुद्ध संयुत्त आदि कई संयुत्तों का स्वतन्त्र अनुवाद करना पड़ा, क्योंकि अनुवाद के ये भाग पाण्डुलिपि में न थे।

मैंने देखा कि पूज्य काश्यप जी ने न तो सुत्तों की संख्या दी थी और न सुत्तों का नाम ही लिखा था। मैंने इन दोनों बातों को आवश्यक समझा और प्रारम्भ से अन्त तक सुत्तों का नाम तथा सुत्त-संख्या को लिख दिया। मैंने प्रत्येक सुत्त के प्रारम्भ में अपनी ओर से विषयानुसार शीर्षक लिख दिये हैं, जिनसे पाठक को इस ग्रन्थ को पढ़ने में विशेष अभिरुचि होगी।

ग्रन्थ में आये हुए स्थानों, नदियों, विहारों आदि का परिचय पादटिप्पणियों में यथासम्भव कम दिया गया है, इसके लिए अलग से 'बुद्धकालीन भारत का भौगोलिक परिचय' लिख दिया गया है। इसके साथ ही एक नकशा भी दे दिया गया है। आशा है, इनसे पाठकों को विशेष लाभ होगा।

पूरे ग्रन्थ के छप जाने के पश्चात् इसके दीर्घकाय को देखकर विचार किया गया कि इसकी जिल्दबन्दी दो भागों में कराई जाय। अतः पहले भाग में सगाथा वर्ग, निदान वर्ग और स्कन्ध वर्ग तथा दूसरे भाग में सळायतन वर्ग और महावर्ग विभक्त करके जिल्दबन्दी करा दी गई है। प्रत्येक भाग के साथ विषय-सूची, उपमा-सूची, नाम-अनुक्रमणी और शब्द-अनुक्रमणी दे दी गई है।

सुत्त-पिटक के पाँचों निकायों में से दीघ, मज्झिम और संयुत्त के प्रकाशित हो जाने के पश्चात् अंगुत्तर निकाय तथा खुद्दक निकाय अवशेष रहते हैं। खुद्दक निकाय के भी खुद्दक पाठ, धम्मपद, उदान, सुत्त निपात, थेरी गाथा और जातक के हिन्दी अनुवाद प्रकाशित हो चुके हैं। इतिवुत्तक, बुद्धवंस और

चरियापिटक के भी अनुवाद मैंने कर दिये हैं और ये ग्रन्थ प्रेस में हैं। अंगुत्तर निकाय का मेरा हिन्दी अनुवाद भी प्रायः समाप्त सा ही है। संयुत्त निकाय के पश्चात् क्रमशः विसुद्धिमग्ग और अंगुत्तर निकाय को प्रकाशित करने का कार्यक्रम बनाया गया है। आशा है, कुछ वर्षों के भीतर पूरा सुत्त-पिटक और अभिधम्म-पिटक के कुछ ग्रंथ हिन्दी में अनूदित होकर प्रकाशित हो जायेंगे।

भारतीय महाबोधि सभा ने इस ग्रन्थ को प्रकाशित करके बुद्ध-शासन एवं हिन्दी-जगत् का बहुत बड़ा उपकार किया है। इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए सभा के प्रधान मन्त्री श्री देवप्रिय वलिसिंह तथा भदन्त संघरत्नजी का प्रयास स्तुत्य है। ज्ञानमण्डल यन्त्रालय, काशी के व्यवस्थापक श्री ओमप्रकाश कपूर की तत्परता से ही यह ग्रन्थ पूर्णरूप से शुद्ध और शीघ्र मुद्रित हो सका है।

महाबोधि सभा,
सारनाथ, बनारस
२३-४-'५४

भिक्षु धर्मरक्षित

आमुख

संयुत्त निकाय सुत्त-पिटक का तीसरा ग्रन्थ है। दीघ निकाय में उन सूत्रों का संग्रह है जो आकार में बड़े हैं। उसी तरह, प्रायः मझोले आकार के सूत्रों का संग्रह मज्झिम निकाय में है। संयुत्त निकाय में छोटे-बड़े सभी प्रकार के सूत्रों का 'संयुत्त' संग्रह है। इस निकाय के सूत्रों की कुल संख्या ७७६२ है। पिटक के इन ग्रन्थों के संग्रह में सूत्रों के छोटे-बड़े आकार की दृष्टि रक्खी गई है, यह सचमुच जँचने वाली बात नहीं लगती है। प्रायः इन ग्रन्थों में एक अत्यन्त दार्शनिक सूत्र के बाद ही दूसरा सूत्र जाति-वाद के खण्डन का आता है और उसके बाद ही हिंसामय यज्ञ के खण्डन का, और बाद में और कुछ दूसरा। स्पष्टतः विषयों के इस अव्यवस्थित सिलसिले से साधारण विद्यार्थी ऊब-सा जाता है। ठीक-ठीक यह कहना कठिन मालूम होता है कि सूत्रों का यह क्रम किस प्रकार हुआ। चाहे जो भी हो, यहाँ संयुत्त निकाय को देखते इसके व्यवस्थित विषयों के अनुकूल वर्गीकरण से इसका अपना महत्व स्पष्ट हो जाता है।

संयुत्त निकाय के पहले वर्ग—सगाथा वर्ग को पढ़कर महाभारत में स्थान-स्थान पर आये प्रश्नोत्तर की शैली से सुन्दर गाथाओं में गम्भीर से गम्भीर विषयों के विवेचन को देखकर इस निकाय के दार्शनिक तथा साहित्यिक दोनों पहलुओं का आभास मिलता है। साथ-साथ तत्कालीन राजनीति और समाज के भी स्पष्ट चित्र उपस्थित होते हैं।

दूसरा वर्ग—निदान वर्ग बौद्ध सिद्धान्त 'प्रतीत्य समुत्पाद' पर भगवान् बुद्ध के अत्यन्त महत्व-पूर्ण सूत्रों का संग्रह है।

तीसरा और चौथा वर्ग स्कन्धवाद और आयतनवाद का विवेचन कर भगवान् बुद्ध के अनात्म सिद्धान्त की स्थापना करते हैं। पाँचवाँ—महावर्ग 'मार्ग', 'बोध्यंग', 'स्मृति-प्रस्थान', 'इन्द्रिय' आदि महत्वपूर्ण विषयों पर प्रकाश डालता है।

सन् १९३५ में पेनांग (मलाया) के विख्यात चीनी महाविहार 'चांग ह्वा तास्ज़' में रह मैंने, 'मिलिन्द प्रश्न' के अनुवाद करने के बाद ही संयुत्त निकाय का अनुवाद प्रारम्भ किया था। दूसरे वर्ष लंका जा सलगल अरण्य के योगाश्रम में इस ग्रन्थ का अनुवाद पूर्ण किया। तब से न जाने कितनी बार इसके छपने की व्यवस्था भी हुई, पाण्डुलिपि प्रेस में भी दे दी गई और फिर वापस चली आई। मैंने तो ऐसा समझ लिया था कि कदाचित् इस ग्रन्थ के भाग्य में प्रकाशन लिखा ही नहीं है, और इस ओर से उदासीन-सा हो गया था। अब पूरे उन्नीस वर्षों के बाद यह ग्रन्थ प्रकाशित हो सका है। भाई त्रिपिटकाचार्य भिक्षु धर्मरक्षित जी ने सारी पाण्डुलिपि को दुहरा कर शुद्ध कर दिया है। संयुत्त निकाय आज इतना अच्छा प्रकाशित न हो सकता, यदि भिक्षु धर्मरक्षित जी इतनी तत्परता से इसके प्रूफ देखने और इसकी अन्य व्यवस्था करने की कृपा न करते।

मैं महाबोधि सभा सारनाथ तथा उसके मन्त्री श्री भिक्षु संघरत्न जी को भी अनेक धन्यवाद देता हूँ जिन्होंने पुस्तक के प्रकाशन में इतना उत्साह दिखाया।

नव नालन्दा महाविहार
नालन्दा
२. ३. { २४९७ बु० सं०
१९५४ ई० सं०

भिक्षु जगदीश काश्यप

बुद्धकालीन भारत का मानचित्र
६०० ई० पूर्व
गन्धार
तक्षशिला
मथुरा
सूरसेन
कोसल
विदेह
उज्जयिनी
भोज
द क्षि णा प थ
चोल
अनुराधपुर
लंका

सुत्त-पिटक का

संयुत्त-निकाय

पहला भाग

[सगाथा वर्ग, निदान वर्ग, खन्ध वर्ग]

अनुवादक

भिक्षु जगदीश काश्यप एम० ए०

त्रिपिटकाचार्य भिक्षु धर्मरक्षित

प्रकाशक

महाबोधि सभा

सारनाथ, बनारस

प्रथम संस्करण } ११००

बु० सं० २४९८

ई० सं० १९५४

मूल्य ७)

प्रकाशक—भिक्षु एम० संघरत्न, मन्त्री, महाबोधि सभा सारनाथ, बनारस
मुद्रक—ओम् प्रकाश कपूर, ज्ञानमण्डल यन्त्रालय, बनारस. ४१२६-०८

भूमिका

बुद्धकालीन भारत का भौगोलिक परिचय

बुद्धकाल में भारतवर्ष तीन मण्डलों, पाँच प्रदेशों और सोलह महाजनपदों में विभक्त था। महामण्डल, मध्यमण्डल और अन्तर्मण्डल—ये तीन मण्डल थे। जो क्रमशः ९००, ६००, ३०० योजन विस्तृत थे। सम्पूर्ण भारतवर्ष (= जम्बूद्वीप) का क्षेत्रफल १०,००० योजन था। मध्यम देश, उत्तरापथ, अपरान्तक, दक्षिणापथ और प्राच्य—ये पाँच प्रदेश थे। हम यहाँ इनका संक्षेप में वर्णन करेंगे, जिससे बुद्धकालीन भारत का भौगोलिक परिचय प्राप्त हो सके।

§ १. मध्यम देश

भगवान् बुद्ध ने मध्यम देश में ही विचरण करके बुद्धधर्म का उपदेश किया था। तथागत पद-चारिका करते हुए पश्चिम में मथुरा[1] और कुरु के थुल्लकोट्ठित[2] नगर से आगे नहीं बढ़े थे। पूरब में कजंगला निगम के सुखेलु वन[3] और पूर्व-दक्षिण की सल्लवती नदी[4] के तीर को नहीं पार किया था। दक्षिण में सुसुमारगिरि[5] आदि विन्ध्याचल के आसपास वाले निगमों तक ही गये थे। उत्तर में हिमालय की तलहटी के सापुग[6] निगम और उसीरध्वज[7] पर्वत से ऊपर जाते हुए नहीं दिखाई दिये थे। विनय पिटक में मध्यम देश की सीमा इस प्रकार बतलाई गई है—"पूर्व दिशा में कजंगला निगम ।पूर्व दक्षिण दिशा में सल्लवती नदी । दक्षिण दिशा में सेतकण्णिक[8] निगम । पश्चिम दिशा में थूण[9] नामक ब्राह्मणों का ग्राम । उत्तर दिशा में उसीरध्वज पर्वत ।[10]"

मध्यम देश ३०० योजन लम्बा और २५० योजन चौड़ा था। इसका परिमण्डल ९०० योजन था। यह जम्बूद्वीप (= भारतवर्ष) का एक वृहद् भाग था। तत्कालीन सोलह जनपदों में से ये १४ जनपद इसी में थे—काशी, कोशल, अंग, मगध, वज्जी, मल्ल, चेदि, वत्स, कुरु, पञ्चाल, मत्स्य, शूरसेन, अश्वक और अवन्ति। शेष दो जनपद गन्धार और कम्बोज उत्तरापथ में पड़ते थे।

§ काशी

काशी जनपद की राजधानी वाराणसी (बनारस) थी। बुद्धकाल से पूर्व समय-समय पर

---

१. अंगुत्तर निकाय ५. २. १०। इस सूत्र में मथुरा नगर के पाँच दोष दिखाये गये हैं।

२. मज्झिम निकाय २. ३. ३२। दिल्ली के आसपास कोई तत्कालीन प्रसिद्ध नगर।

३. मज्झिम निकाय ३. ५. १७। कंकजोल, संथाल परगना, बिहार।

४ वर्तमान सिलई नदी, हजारी बाग और वीरभूमि।

५. चुनार, जिला मिर्जापुर।

६. अंगुत्तर निकाय ४. ४. ५. ४।

७. हरिद्वार के पास कोई पर्वत।

८. हजारीबाग जिले में कोई स्थान।

९. आधुनिक थानेश्वर।

१०. विनय पिटक ५. ३. २।

सुदस्सन, सुदर्शन, ब्रह्मवर्द्धन, पुप्फवती, मोलिनी और रम्मनगर इसके नाम थे। इस नगर का विस्तार १२ योजन था। भगवान् बुद्ध से पूर्व काशी राजनीतिक क्षेत्र में शक्तिशाली जनपद था। काशी और कोशल के राजाओं में प्राय. युद्ध हुआ करते थे जिनमें काशी का राजा विजयी होता था। उस समय सम्पूर्ण उत्तर भारत में काशी जनपद सब से बलशाली था। किन्तु, बुद्धकाल में उसकी राजनीतिक शक्ति क्षीण हो गई थी। इसका कुछ भाग कोशल नरेश और कुछ भाग मगध नरेश के अधीन था। उनमें भी प्राय. काशी के लिये ही युद्ध हुआ करते थे। अन्त में काशी कोशल नरेश प्रसेनजित् के अधिकार से निकलकर मगध नरेश अजातशत्रु के अधीन हो गया था।

वाराणसी के पास ऋषिपतन मृगदाय (सारनाथ) में भगवान् बुद्ध ने धर्मचक्र प्रवर्तन करके इसके महत्व को बढ़ा दिया। ऋषिपतन मृगदाय बौद्ध धर्म का एक महातीर्थ है।

वाराणसी शिल्प, व्यवसाय, विद्या आदि का बहुत बड़ा केन्द्र था। इसका व्यावसायिक सम्बन्ध श्रावस्ती, तक्षशिला, राजगृह आदि नगरों से था। काशी का चन्दन और काशी के रंग-बिरंगे वस्त्र बहुत प्रसिद्ध थे।

§ कोशल

कोशल की राजधानियाँ श्रावस्ती और साकेत नगर थे। अयोध्या सरयू नदी के किनारे स्थित एक कस्बा था, किन्तु बुद्धकाल में इसकी प्रसिद्धि न थी। कहा जाता है कि श्रावस्ती नामक ऋषि के नाम पर ही श्रावस्ती नगर का नाम पड़ा था, किन्तु पपञ्चसूदनी के अनुसार 'सब कुछ होने के कारण' (= सर्व+अस्ति) इसका नाम श्रावस्ती पड़ा था।

श्रावस्ती नगर बड़ा समृद्धिशाली एवं सुन्दर था। इस नगर की आबादी सात करोड़ थी। भगवान् बुद्ध ने यहाँ २५ वर्षावास किया था और अधिकांश उपदेश यहीं पर किया था। अनाथपिण्डिक यहाँ का बहुत बड़ा सेठ था और मृगारमाता विशाखा बड़ी श्रद्धावान् उपासिका थी। पटाचारा, कृशा गौतमी, नन्द, कंखा रेवत और कोशल नरेश की बहिन सुमना इसी नगर के प्रव्रजित व्यक्ति थे।

प्राचीन कोशल राज्य दो भागों में विभक्त था। सरयू नदी दोनों भागों के मध्य स्थित थी। उत्तरी भाग को उत्तर-कोशल और दक्षिणी भाग को दक्षिण कोशल कहा जाता था।

कोशल जनपद में अनेक प्रसिद्ध निगम और ग्राम थे। कोशल का प्रसिद्ध आचार्य पोक्खरसादि उक्कट्ठा नगर में रहता था, जिसे प्रसेनजित् ने उसे प्रदान किया था। कोशल जनपद के शाला, नगरविन्द और वेनागपुर ग्रामों में जाकर भगवान् बुद्ध ने बहुत से लोगों को दीक्षित किया था। बावरी कोशल का प्रसिद्ध अध्यापक था, जो दक्षिणापथ में जाकर गोदावरी नदी के किनारे अपना आश्रम बनाया था।

हम ऊपर कह आये हैं कि कोशल और मगध में वाराणसी के लिए प्रायः युद्ध हुआ करता था, किन्तु बाद में दोनों में सन्धि हो गई थी। सन्धि के पश्चात् कोशल नरेश प्रसेनजित् ने अपनी पुत्री वजिरा का विवाह मगध नरेश अजात-शत्रु से कर दिया था। कोशल की उत्तरी सीमा पर स्थित कपिल-वस्तु के शाक्य प्रसेनजित् के अधीन थे और वे कोशल नरेश प्रसेनजित् से बड़ी ईर्ष्या रखते थे।

दण्डकप्पक, नलकपान, तोरणवत्थु और पलासवन—ये कोशल जनपद के प्रसिद्ध ग्राम थे, जहाँ पर भगवान् समय-समय पर गये थे और उपदेश दिये थे।

§ अङ्ग

अङ्ग जनपद की राजधानी चम्पा नगरी थी, जो चम्पा और गंगा के संगम पर बसी थी। चम्पा मिथिला से ६० योजन दूर थी। अंग जनपद वर्तमान भागलपुर और मुँगेर जिलों के साथ उत्तर में कोसी नदी तक फैला हुआ था। कभी यह मगध जनपद के अन्तर्गत था और सम्भवतः समुद्र के किनारे तक विस्तृत था। अंग की प्राचीन राजधानी के खँडहर सम्प्रति भागलपुर के निकट चम्पा नगर

और चम्पापुर—इन दो गाँवों में विद्यमान है। महापरिनिर्वाण सुत्त के अनुसार चम्पा बुद्धकाल में भारत के छः बड़े नगरों में से थी। चम्पा से सुवर्ण-भूमि (लोअर बर्मा) के लिये व्यापारी नदी और समुद्र-मार्ग से जाते थे। अंग जनपद में ८०,००० गाँव थे। आपण अंग का एक प्रसिद्ध व्यापारिक नगर था। महागोविन्द सुत्त से प्रगट है कि अंग भारत के सात बड़े राजनीतिक भागों में से एक था। भगवान् बुद्ध से पूर्व अंग एक शक्तिशाली राज्य था। जातक से ज्ञात होता है कि किसी समय मगध भी अंग नरेश के अधीन था। बुद्धकाल में अंग ने अपने राजनीतिक महत्व को खो दिया और एक युद्ध के पश्चात् अंग मगध नरेश सेनिय बिम्बिसार के अधीन हो गया। चम्पा की रानी गग्गरा द्वारा गग्गरा-पुष्करिणी खोदवाई गई थी। भगवान् बुद्ध भिक्षुसंघ के साथ वहाँ गये थे और उसके किनारे वास किया था। अंग जनपद का एक दूसरा नगर अश्वपुर था, जहाँ के बहुत से कुलपुत्र भगवान् के पास आकर भिक्षु हो गये थे।

§ मगध

मगध जनपद वर्तमान गया और पटना जिलों के अन्तर्गत फैला हुआ था। इसकी राजधानी गिरिव्रज अथवा राजगृह थी, जो पहाड़ियों से घिरी हुई थी। इन पहाड़ियों के नाम थे—ऋषिगिलि, वेपुल्ल, वैभार, पाण्डव और गृद्धकूट। इस नगर से होकर तपोदा नदी बहती थी। सेनानी निगम भी मगध का ही एक रमणीय वन-प्रदेश था। एकनाला, नालन्दग्राम, खाणुमत, और अम्बसण्ड इस जनपद के प्रसिद्ध नगर थे। वज्जी और मगध जनपदों के बीच गंगा नदी सीमा थी। उस पर दोनों राज्यों का समान अधिकार था। अंग और मगध में समय-समय पर युद्ध हुआ करता था। एक बार वाराणसी के राजा ने मगध और अंग दोनों को अपने अधीन कर लिया था। बुद्धकाल में अंग मगध के अधीन था। मगध और कोशल में भी प्रायः युद्ध हुआ करता था। पीछे अजातशत्रु ने लिच्छवियों की सहायता से कोशल पर विजय पाई थी। मगध का जीवक कौमारभृत्य भारत-प्रसिद्ध वैद्य था। उसकी शिक्षा तक्षशिला में हुई थी। राजगृह में वेलुवन कलन्दक निवाप प्रसिद्ध बुद्ध विहार था। राजगृह में ही प्रथम संगीति हुई थी। राजगृह के पास ही नालन्दा एक छोटा ग्राम था। मगध का एक सुप्रसिद्ध किला था, जिसकी मरम्मत वर्षकार ने करायी थी। बाद में मगध की राजधानी पाटलिपुत्र नगर हुआ था। अशोक-काल में उसकी दैनिक आय ४००,००० कार्षापण थी।

§ वज्जी

वज्जी जनपद की राजधानी वैशाली थी, जो इस समय बिहार प्रान्त के मुजफ्फरपुर जिले के बसाढ़ गाँव में मानी जाती है। वज्जी जनपद में लिच्छवियों का गणतन्त्र शासन था। वहाँ से खोदाई में प्राप्त लेखों से वैशाली नगर प्रमाणित हो चुका है। इस नगर को जनसंख्या की वृद्धि से नगर-प्राकार को तीन बार विशाल करने के ही कारण इसका वैशाली नाम पड़ा था। वैशाली समृद्धिशाली नगरी थी। उसमें ७७०७ प्रासाद, ७७०७ कूटागार (कोठे), ७७०७ उद्यान गृह (आराम) और ७७०७ पुष्करिणियाँ थीं। वहाँ ७७०७ राजा, ७७०७ युवराज, ७७०७ सेनापति और इतने ही भण्डागारिक थे। नगर के बीच में एक संस्थागार (संसद-भवन) था। नगर में उदयन, गोतमक, सत्ताम्रक, बहुपुत्रक, और सारंदद चैत्य थे। भगवान् बुद्ध ने वैशाली के लिच्छवियों की उपमा तावतिंस लोक के देवों से की थी। वैशाली की प्रसिद्ध गणिका अम्बपाली ने बुद्ध को भोजन दान दिया था। विमला, सिंहा, वासिट्ठी, अम्बपाली और रोहिणी वैशाली की प्रसिद्ध भिक्षुणियाँ थीं। वर्द्धमान स्थविर, अंजनवनिय, वज्जीपुत्त, सुयाम, पियञ्जह वसभ, वल्लिय और सच्चकामी वहाँ के प्रसिद्ध भिक्षु थे। सिंह सेनापति, महानाम, दुर्मुख, सुनक्खत्त और उग्र गृहपति वैशाली के प्रसिद्ध गृहस्थ थे। वैशाली के पास महावन में कूटागारशाला नामक विहार था। जहाँ पर सर्वप्रथम महाप्रजापति गौतमी के साथ अनेक शाक्य महिलायें भिक्षुणी हुई

थीं। वैशाली में ही दूसरी संगीति हुई थी। वैशाली गणतंत्र को बुद्ध-परिनिर्वाण के तीन वर्ष बाद ही, फूट डालकर मगध नरेश अजातशत्रु ने हड़प लिया था।

§ मल्ल

मल्ल गणतन्त्र जनपद था। यह दो भागों में विभक्त था। कुसीनारा और पावा इसकी दो राजधानियाँ थीं। अनूपिया, भूगग्राम, उरुवेलकप्प, बलिहरण वनसण्ड, भोगनगर और आम्रग्राम इसके प्रसिद्ध नगर थे। देवरिया जिले का कुशीनगर ही कुसीनारा थी और फाजिलनगर-सठियाँव पावा। कुशीनारा राजधानी के भग्नावशेष कुशीनगर के निकट अनुरुधवा ग्राम में विद्यमान हैं। कुसीनारा का प्राचीन नाम कुशावती था। यह नगर बड़ा समृद्ध एवं उन्नतिशील था। बोधिसत्व यहाँ छः बार चक्रवर्ती राजा होकर उत्पन्न हुए थे। पूर्व काल में यह १२ योजन लम्बा और ७ योजन चौड़ा था। महापरिनिर्वाण सुत्त से राजगृह से कुसीनारा तक आने का मार्ग विदित होता है। भगवान् बुद्ध ने अन्तिम समय में इसी मार्ग से यात्रा की थी—राजगृह, अम्बलट्ठिका, नालन्दा, पाटलिग्राम, कोटिग्राम, नादिका, वैशाली, भण्डग्राम, हस्तिग्राम (वर्तमान हाथीताल), आम्रग्राम (अमया), जम्बूग्राम, भोगनगर और पावा। पावा में चुन्द के घर बुद्ध ने अन्तिम भोजन ग्रहण किया था। पावा और कुसीनारा के मध्य तीन नदियाँ थीं, जिनमें ककुत्था (घाघी) और हिरण्यवती के नाम ग्रन्थों में मिलते हैं। हिरण्यवती के पश्चिमी तट पर ही कुसीनारा थी और वहीं शालवन उपवत्तन में बुद्ध का परिनिर्वाण हुआ था। पावा के चुन्द कम्मारपुत्त, खण्डसुमन, गोधिक, सुबाहु, वल्लिय और उत्तिय प्रसिद्ध व्यक्ति थे। कुसीनारा की महा-विभूतियाँ थीं दब्ब स्थविर, आयुष्मान् सिंह, यशदत्त स्थविर, बन्धुलमल्ल, दीर्घकारायण, रोजमल्ल, वज्रपाणि मल्ल और वीरांगना मल्लिका। बुद्ध-परिनिर्वाण के बाद पावा और कुसीनारा में धातु-स्तूप बने थे।

§ चेदि

चेदि जनपद यमुना के पास कुरु जनपद के निकट था। यह वर्तमान बुन्देलखण्ड को लिये हुए विस्तृत था। इसकी राजधानी सोत्थिवती नगर था। इसके दूसरे प्रमुख नगर सहजाति और त्रिपुरी थे। वेदब्भ जातक से ज्ञात होता है कि काशी और चेदि के बीच बहुत लुटेरे रहते थे। जेतुत्तर नगर से चेदि राष्ट्र ३० योजन दूर था। सहजाति में महाचुन्द ने उपदेश दिया था। यह बौद्ध-धर्म का एक बड़ा केन्द्र था। आयुष्मान् अनुरुद्ध ने चेदि राष्ट्र के प्राचीनवंश मृगदाय में रहते हुए अर्हत्व प्राप्त किया था। सहजनिक भी चेदि जनपद का एक प्रसिद्ध ग्राम था, जहाँ भगवान् बुद्ध गये थे।

§ वत्स

वत्स जनपद भारत के सोलह बड़े जनपदों में से एक था। इसकी राजधानी कौशाम्बी थी। इस समय उसके भग्नावशेष इलाहाबाद से ३० मील पश्चिम यमुना नदी के किनारे कोसम नामक ग्राम में स्थित हैं। सुंसुमारगिरि का भर्ग राज्य वत्स जनपद में ही पड़ता था। कौशाम्बी बुद्धकालीन बड़ी नगरी थी। जटिलों के नेता बावरी ने कौशाम्बी की यात्रा की थी। कौशाम्बी में घोषिताराम, कुक्कुटाराम और पावारिकाराम तीन प्रसिद्ध विहार थे, जिन्हें क्रमशः वहाँ के प्रसिद्ध सेठ घोषित, कुक्कुट और पावारिक ने बनवाये थे। भगवान् बुद्ध ने इन विहारों में निवास किया था और भिक्षु संघ को उपदेश दिया था। यहीं पर संघ में फूट भी पैदा हुई थी, जो पीछे शान्त हो गई थी। बुद्धकाल में राजा उदयन यहाँ राज्य करता था, उसकी मागन्दी, श्यामावती और वासुलदत्ता तीन रानियाँ थीं, जिनमें श्यामावती परम बुद्ध-भक्त उपासिका थी।

§ कुरु

प्राचीन साहित्य में दो कुरु जनपदों का वर्णन मिलता है—उत्तर कुरु और दक्षिण कुरु।

ऋग्वेद में वर्णित कुरु सम्भवतः उत्तर कुरु ही है। पालि साहित्य में वर्णित कुरु जनपद ८००० योजन विस्तृत था। कुरु जनपद के राजाओं को कौरव्य कहा जाता था। कम्मासदम्म कुरु जनपद का एक प्रसिद्ध नगर था, जहाँ बुद्ध ने महासतिपट्ठान और महानिदान जैसे महत्वपूर्ण एवं गम्भीर सूत्रों का उपदेश किया था। इस जनपद का दूसरा प्रमुख नगर थुल्लकोट्ठित था। राष्ट्रपाल स्थविर इसी नगर से प्रव्रजित हुए प्रसिद्ध भिक्षु थे।

कुरु जनपद के उत्तर सरस्वती तथा दक्षिण दृषद्वती नदियाँ बहती थीं। वर्तमान सोनपत, अमिन, कर्नाल और पानीपत के जिले कुरु जनपद में ही पड़ते हैं। महासुतसोम जातक के अनुसार कुरु जनपद ३०० योजन विस्तृत था। इसकी राजधानी इन्दपट्टन (इन्द्रप्रस्थ) नगर था, जो सात योजन में फैला हुआ था।

§ पञ्चाल

पञ्चाल जनपद भागीरथी नदी से दो भागों में विभक्त था—उत्तर पञ्चाल और दक्षिण पञ्चाल। उत्तर पञ्चाल की राजधानी अहिच्छत्र नगर था, जहाँ दुर्मुख नामक राजा राज्य करता था। वर्तमान समय में बरेली जिले का रामनगर ही अहिच्छत्र माना जाता है। दक्षिण पञ्चाल की राजधानी काम्पिल्य नगर था, जो फर्रुखाबाद जिले के कम्पिल के स्थान पर स्थित था। समय-समय पर राजाओं की इच्छा के अनुसार काम्पिल्य नगर में भी उत्तर पञ्चाल की राजधानी रहा करती थी। पञ्चाल-नरेश की भगिनी का पुत्र विशाख श्रावस्ती जाकर भगवान् के पास दीक्षित हुआ और छः अभिज्ञाओं को प्राप्त किया था। पञ्चाल जनपद में वर्तमान बदाऊँ, फर्रुखाबाद, और उत्तर प्रदेश के समीपवर्ती जिले पड़ते हैं।

§ मत्स्य

मत्स्य जनपद वर्तमान जयपुर राज्य में पड़ता था। इसके अन्तर्गत पूरा अलवर राज्य और भरतपुर का कुछ भाग भी पड़ता है। मत्स्य जनपद की राजधानी विराट नगर था। नादिका के गिञ्जकावसथ में विहार करते हुए भगवान् बुद्ध ने मत्स्य जनपद का वर्णन किया था। यह इन्द्रप्रस्थ के दक्षिण-पश्चिम और सूरसेन के दक्षिण स्थित था।

§ शूरसेन

शूरसेन जनपद की राजधानी मधुरा नगरी (मथुरा) थी, जो कौशाम्बी की भाँति यमुना के किनारे बसी थी। यहाँ पर भगवान् बुद्ध गये थे और मधुरा के विहार में वास किया था। मधुरा प्रदेश में महाकात्यायन ने घूम-घूम कर बुद्ध धर्म का प्रचार किया था। उस समय शूरसेन का राजा अवन्तिपुत्र था। वर्तमान मथुरा से ५ मील दक्षिण-पश्चिम स्थित महोली नामक स्थान प्राचीन मधुरा नगरी मानी जाती है। दक्षिण भारत में भी प्राचीन काल में मथुरा नामक एक नगर था, जिसे दक्षिण मधुरा कहा जाता था। वह पाण्ड्य राज्य की राजधानी था। उसके ध्वंसावशेष इस समय मद्रास प्रान्त में वैगा नदी के किनारे विद्यमान हैं।

§ अस्सक

अस्सक जनपद की राजधानी पोतन नगर था। अस्सक-नरेश महाकात्यायन द्वारा प्रव्रजित हो गया था। जातक से ज्ञात होता है कि दन्तपुर नरेश कालिंग और अस्सक नरेश में पहले संघर्ष हुआ करता था, किन्तु पीछे दोनों का मैत्री सम्बन्ध हो गया था। पोतन कभी काशी राज्य में भी गिना जाता था। यह अस्सक गोदावरी के किनारे तक विस्तृत था। बावरी गोदावरी के किनारे अस्सक जनपद में ही

आश्रम घना कर रहता था। वर्तमान पैठन जिला ही अश्मक जनपद माना जाता है। यहाँ से खारवेल नरेश का एक शिलालेख भी प्राप्त हो चुका है। महागोविन्द सुत्त के अनुसार यह महागोविन्द द्वारा निर्मित हुआ था।

§ अवन्ति

अवन्ति जनपद की राजधानी उज्जैनी नगरी थी, जो अच्युतगामी द्वारा बसायी गई थी। अवन्ति जनपद में वर्तमान मालवा निमार और मध्यभारत के निकटवर्ती प्रदेश पड़ते थे। अवन्ति जनपद दो भागों में विभक्त था। उत्तरी भाग की राजधानी उज्जैनी में थी और दक्षिणी भाग की राजधानी माहिष्मती में। महागोविन्द सुत्त के अनुसार अवन्ति की राजधानी माहिष्मती थी, जहाँ का राजा वेस्सभू था। कुररघर और सुदर्शनपुर अवन्ति जनपद के प्रसिद्ध नगर थे।

अवन्ति जनपद बौद्धधर्म का महत्वपूर्ण केन्द्र था। अभयकुमार, इसिदासी, इसिदत्त, सोणकुटिकण्ण और महाकात्यायन अवन्ति जनपद की महाविभूतियाँ थीं। महाकात्यायन उज्जैनी-नरेश चण्डप्रद्योत के पुरोहित पुत्र थे। चण्डप्रद्योत को महाकात्यायन ने ही बौद्ध बनाया था। भिक्षु इसिदत्त अवन्ति के वेणुग्राम के रहने वाले थे।

कौशाम्बी और अवन्ति के राजघरानों में वैवाहिक सम्बन्ध था। चण्डप्रद्योत तथा उदयन में कई बार युद्ध हुए। अन्त में चण्डप्रद्योत ने अपनी पुत्री वासवदत्ता का विवाह उदयन से कर दिया था और दोनों मित्र हो गये थे। उदयन ने मगध के साथ भी वैवाहिक सम्बन्ध स्थापित कर लिया था, जिससे कौशाम्बी दोनों ओर से सुरक्षित थी।

अवन्ति की राजधानी उज्जैनी से अशोक का एक शिलालेख मिल चुका है।

§ नगर, ग्राम और कस्बे

अपर गया—भगवान् उरुवेला से गया गये थे और गया से अपर-गया, जहाँ उन्हें नागराज सुदर्शन ने निमन्त्रित किया था।

अम्बसण्ड—राजगृह के पूरब अम्बसण्ड नामक एक ब्राह्मण ग्राम था।

अन्धकविन्द—मगध के अन्धकविन्द ग्राम में भगवान् रहे थे, जहाँ सहम्पति ब्रह्मा ने उनका दर्शन करके स्तुति की थी।

अयोध्या—यहाँ भगवान् गये थे और वास किया था। पालि साहित्य के अनुसार यह गंगा नदी के किनारे स्थित था। फिर भी वर्तमान अयोध्या नगर ही माना जाता है। बुद्धकाल में यह बहुत छोटा नगर था।

अन्धपुर—यह एक नगर था, जो तेलवाह नदी के किनारे बसा था।

आलवी—आलवी में अग्गालव नामक प्रसिद्ध चैत्य था, जहाँ बुद्ध ने वास किया था। वर्तमान समय में उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले के नवल (या नेवल) को आलवी माना जाता है।

अनूपिया—यह मल्ल जनपद का एक प्रमुख निगम (कस्बा) था। यहीं पर सिद्धार्थ कुमार ने प्रव्रजित होने के बाद एक सप्ताह निवास किया था और यहीं अनुरुद्ध, भद्दिय, किम्बिल, भृगु, देवदत्त, आनन्द और उपालि प्रव्रजित हुए थे। दब्बमल्ल भी यहीं प्रव्रजित हुए थे। वर्तमान समय में देवरिया जिले में दादा के पास मझन नदी के किनारे का खँडहर ही अनूपिया नगर माना जाता है, जिसे आजकल 'घोबटप' कहते हैं।

अस्सपुर—राजा चेति के लड़कों ने हस्तिपुर, अश्वपुर, सिंहपुर, उत्तर पञ्चाल और दद्दरपुर नगरों को बसाया था। हस्तिपुर ही पीछे हस्तिनापुर हो गया था और इस समय इसके भग्नावशेष मेरठ

जिले की मरदान तहसील में विद्यमान है। सिंहपुर ह्वेनसांग के समय में तक्षशिला से ११७ मील पूरब स्थित था। अन्य नगरों का कुछ पता नहीं।

अल्लकप्प—वैशाली के लिच्छवियों, मिथिला के विदेहों, कपिलवस्तु के शाक्यों, रामग्राम के कोलियों, सुंसुमारगिरि के भर्गों और पिप्पलिवन के मौर्यों की भाँति अल्लकप्प के बुलियों का भी अपना स्वतन्त्र राज्य था, किन्तु बहुत शक्तिशाली न था। यह १० योजन विस्तृत था। इसका सम्बन्ध वेठदीप के राजवंश से था। श्री बील का कथन है कि वेठदीप का द्रोण ब्राह्मण शाहाबाद जिले में मसार से वैशाली जानेवाले मार्ग में रहता था। अतः अल्लकप्प वेठदीप से बहुत दूर न रहा होगा। अल्लकप्प के बुलियों को बुद्धधातु का एक अंश मिला था, जिसपर उन्होंने स्तूप बनवाया था।

भद्दिय—भद्र जनपद के भद्दिय नगर में महोपासिका विशाखा का जन्म हुआ था।

वेलुवग्राम—यह वैशाली में था।

भण्डग्राम—यह वज्जी जनपद में स्थित था।

धर्मपाल ग्राम—यह काशी जनपद का एक ग्राम था।

एकशाला—यह कोशल जनपद में एक ब्राह्मण ग्राम था।

एकनाला—यह मगध के दक्षिणागिरि प्रदेश में एक ब्राह्मण ग्राम था, जहाँ भगवान् ने वास किया था।

एरकच्छ—यह दसण्ण राज्य का एक नगर था।

ऋषिपतन—यह ऋषिपतन मृगदाय वर्तमान सारनाथ है, जहाँ भगवान् ने धर्मचक्र प्रवर्तन किया था।

गया—गया में भगवान् बुद्ध ने सूचिलोम यक्ष के प्रश्नों का उत्तर दिया था। प्राचीन गया वर्तमान साहबगंज माना जाता है। यहाँ से ६ मील दक्षिण बुद्धगया स्थित है। गयातीर्थ बुद्धकाल में स्नानतीर्थ के रूप में प्रसिद्ध था और यहाँ बहुत से जटिल रहा करते थे।

हस्तिग्राम—यह वज्जी जनपद का एक ग्राम था। भगवान् बुद्ध वैशाली से कुशीनगर जाते हुए हस्तिग्राम से होकर गुजरे थे। वर्तमान समय में यह बिहार प्रान्त के हथुवा से ८ मील पश्चिम शिवपुर कोठी के पास अवस्थित है। आजकल उसके नष्टावशेष को हाथीखाल कहा जाता है। हस्तिग्राम का उग्गत गृहपति संघसेवकों में सबसे बढ़कर था, जिसे बुद्ध ने अग्र की उपाधि दी थी।

हलिद्दवसन—यह कोलिय जनपद का एक ग्राम था। यहाँ भगवान् बुद्ध गये थे। कोलिय जनपद की राजधानी रामग्राम थी और यह जनपद शाक्य जनपद के पूर्व तथा मल्ल जनपद के पश्चिम दोनों के मध्य स्थित था।

हिमवन्त प्रदेश—कोशल, शाक्य, कोलिय, मल्ल और वज्जी जनपदों के उत्तर में फैली पहाड़ी ही हिमवन्त प्रदेश कहलाती है। इसमें नेपाल के साथ हिमालय प्रदेश के सभी दक्षिणी प्रदेश सम्मिलित हैं।

इच्छानङ्गल—कोशल जनपद में यह एक ब्राह्मण ग्राम था। भगवान् ने इच्छानंगल वनखण्ड में वास किया था।

जन्तुग्राम—चालिका प्रदेश के चालिका पर्वत के पास जन्तुग्राम था। भगवान् के चालिका पर्वत पर विहार करते समय मेघिय स्थविर जन्तुग्राम में भिक्षाटन करने गये थे और उसके बाद किमिकाला नदी के तीर जाकर विहार किया था।

कलवालगामक—यह मगध में एक ग्राम था। यहीं पर मौद्गल्यायन स्थविर को अर्हत्व की प्राप्ति हुई थी।

कजंगल—यह मध्यम देश की पूर्वी सीमा पर स्थित एक ग्राम था। यहाँ के वेळुवन और मुखेळुवन में तथागत ने विहार किया था। मिलिन्द प्रश्न के अनुसार यह एक ब्राह्मण ग्राम था और इसी ग्राम में नागसेन का जन्म हुआ था। वर्तमान समय में विहार प्रान्त के संथाल परगना में कंकजोल नामक स्थान को ही कजंगल माना जाता है।

कोटिग्राम—यह वज्जी जनपद में एक ग्राम था। भगवान् पाटलि-ग्राम से यहाँ आये थे, यहाँ से नादिका गये थे और नादिका से वैशाली।

कुण्डिय—यह कोलिय जनपद में एक ग्राम था। कुण्डिय के कुण्डिधानवन में भगवान् ने विहार किया था और सुप्पवासा को स्वस्ति-पूर्वक पुत्र जनने का आशीर्वाद दिया था।

कपिलवस्तु—यह शाक्य जनपद की राजधानी थी। सिद्धार्थ गौतम का जन्म कपिलवस्तु के ही शाक्य राजवंश में हुआ था। शाक्य जनपद में चातुमा, सामगाम, उलुम्प, खोमदुस्स, सक्कर, शीलवती और खोमदुस्स प्रसिद्ध ग्राम एवं नगर थे। इसे कोसलनरेश विडूडभ ने आक्रमण करके नष्ट कर दिया था। वर्तमान समयमें इसके नष्टावशेष नेपाल की तराई में बस्ती जिले के शुहरतगढ़ स्टेशन से १२ मील उत्तर तौलिहवा बाजार के पास तिलौराकोट नाम से विद्यमान हैं।

केसपुत्र—यह कोसल जनपद के अन्तर्गत एक छोटा-सा स्वतन्त्र राज्य था। यहाँ के कालाम मल्ल, शाक्य, मौर्य और लिच्छवी राजाओं की भाँति गणतन्त्र प्रणाली से शासन करते थे।

खेमावती—यह खेमनरेश के राज्य की राजधानी थी।

मिथिला—मिथिला विदेह की राजधानी थी। बुद्धकाल में यह वज्जी जनपद के अन्तर्गत थी। वज्जी जनपद की वैशाली और विदेहों की मिथिला—यह प्रसिद्ध नगरियाँ थीं। प्राचीनकाल में मिथिला नगरी सात योजन विस्तृत थी और विदेह राष्ट्र ३०० योजन। चम्पा और मिथिला में ६० योजन की दूरी थी। विदेह राज्य में १५,००० ग्राम, १६,००० भण्डारगृह, और १६,००० नर्तकियाँ थीं—ऐसा जातक-कथा से ज्ञात होता है। मिथिला एक व्यापारिक केन्द्र था। श्रावस्ती और वाराणसी से व्यापारी यहाँ आते थे। वर्तमान तिरहुत (तीर भुक्ति) ही विदेह माना जाता है। मिथिला के प्राचीन अवशेष विहार प्रान्त के मुजफ्फरपुर और दरभंगा जिलों के उत्तर में नेपाल की सीमा पर जनकपुर नामक कस्बे में पाये जाते हैं।

मचलग्राम—यह मगध में एक ग्राम था।

नालन्दा—यह मगध में राजगृह से १ योजन की दूरी पर स्थित था। यहाँ के पावारिक-अम्ब-वन में भगवान् ने विहार किया था। वर्तमान समय में यह पटना जिले के राजगृह से [illegible] मील उत्तर-पश्चिम में अवस्थित है। इसके विशाल खण्डहर दर्शनीय हैं। यह छठीं और सातवीं शताब्दी ईस्वी में प्रधान बौद्ध-विद्या-केन्द्र था।

नालक—यह राजगृह के पास मगध में एक ग्राम था। इसी ग्राम में सारिपुत्र का जन्म हुआ था और यहीं उनका परिनिर्वाण भी। वर्तमान समय में राजगृह के पास का नालक ग्राम ही प्राचीन नालक माना जाता है।

नादिका—यह वज्जी जनपद का एक ग्राम था। पाटलिग्राम से गंगा पार कर कोटिग्राम और नादिका में भगवान् गये थे और वहाँ से वैशाली।

पिप्पलिवन—यह मौर्यों की राजधानी थी। यहाँ के मौर्यों ने भगवान् बुद्ध की चिता से प्राप्त अंगार (कोयला) पर स्तूप बनवाया था। वर्तमान समय में इसके नष्टावशेष जिला गोरखपुर के कुसुम्ही स्टेशन से ११ मील दक्षिण उपधौली नामक स्थान में प्राप्त हुए हैं।

रामग्राम—कोलिय जनपद के दो प्रसिद्ध नगर थे रामग्राम और देवदह। भगवान् के परि-निर्वाण के बाद रामग्राम के कोलियों ने उनकी अस्थि पर स्तूप बनाया था। श्री ए० सी० एल०

कारलायल ने वर्तमान रामपुर-देवरिया को रामग्राम प्रमाणित किया है जो कि मरवा ताल के किनारे बस्ती जिले में स्थित है, किन्तु महावंश (३१, २५) के वर्णन से ज्ञात है कि रामग्राम अचिरवती (राप्ती) नदी के किनारे था और बाढ़ के समय वहाँ का चैत्य टूट गया था। सम्भवतः गोरखपुर के पास का रामगाँव तथा रामगढ़ ही रामग्राम है।

सामगाम—यह शाक्य जनपद का एक ग्राम था। यहीं पर भगवान् ने सामगाम सुत्त का उपदेश दिया था।

सापुग—यह कोलिय जनपद का एक निगम था।

शोभावती—यह शोभ-नरेश की राजधानी थी।

सेतव्य—यह कोशल जनपद में एक नगर था। इसके पास ही उक्कट्ठा थी और वहाँ से सेतव्य तक एक सड़क जाती थी।

संकस्स—भगवान् ने श्रावस्ती में यमक प्रातिहार्य कर, तुषित-भवन में वर्षावास करके महाप्रवारणा के दिन संकस्स नगर में स्वर्ग से भूमि पर पदार्पण किया था। संकस्स वर्तमान समय में संकिसा-बसन्तपुर के नाम से कालिन्दी नदी के उत्तरी तट पर विद्यमान है। यह एटा जिले के फतेहगढ़ से २३ मील पश्चिम और कनौज से ४५ मील उत्तर-पश्चिम स्थित है।

सालिन्दिय—यह राजगृह के पूरब एक ब्राह्मण ग्राम था।

सुंसुमारगिरि नगर—यह भर्ग राज्य की राजधानी था। बुद्धकाल में उदयन का पुत्र बोधिराजकुमार यहाँ राज्य करता था। जो बुद्ध का परम श्रद्धालु भक्त था। किन्तु, भर्ग राज्य पूर्णरूपेण प्रजातन्त्र राज्य था, क्योंकि गणतन्त्र राज्यों में इसकी भी गणना की जाती थी। भर्ग आजकल के मिर्जापुर जिले का गंगा से दक्षिणी भाग और कुछ आस-पास का प्रदेश है, इसकी सीमा गंगा-टौंस-कर्मनाशा नदियाँ एवं विन्ध्याचल पर्वत का कुछ भाग रही होगी। सुंसुमारगिरि नगर मिर्जापुर जिले का वर्तमान चुनार कस्बा माना जाता है।

सेनापति ग्राम—यह उरुवेला के पास एक ग्राम था।

थूण—यह एक ब्राह्मण ग्राम था और मध्यम देश की पश्चिमी सीमा पर स्थित था। आधुनिक थानेश्वर ही थूण माना जाता है।

उक्काचेल—यह वज्जी जनपद में गंगा नदी के किनारे स्थित एक ग्राम था। उक्काचेल बिहार प्रान्त के वर्तमान सोनपुर या हाजीपुर के आसपास कहीं रहा होगा।

उपतिस्सग्राम—यह राजगृह के निकट एक ग्राम था।

उग्रनगर—उग्रनगर का सेठ उग्र श्रावस्ती में व्यापार के कार्य से आया था। इस नगर के सम्बन्ध में अन्य कोई जानकारी प्राप्त नहीं है।

उसीरध्वज—यह मध्यमदेश की उत्तरी सीमा पर स्थित एक पर्वत था, जो सम्भवतः कनखल के उत्तर पड़ता था।

वेरञ्जा नगर—भगवान् श्रावस्ती से वेरञ्जा गये थे। यह नगर कन्नौज से संकस्स, सोरेय्य होते हुए मथुरा जाने के मार्ग में पड़ता था। वेरञ्जा सोरेय्य और मथुरा के मध्य कहीं स्थित था।

वेत्रवती—यह नगर वेत्रवती नदी के किनारे बसा था। वर्तमान बेतवा नदी ही वेत्रवती मानी जाती है।

वेणुवग्राम—यह कौशाम्बी के पास एक छोटा ग्राम था। वर्तमान समय में इलाहाबाद से ३० मील पश्चिम कोसम से थोड़ी दूर उत्तर-पूर्व स्थित बेनपुरवा को ही वेणुवग्राम माना जाता है।

§ नदी और जलाशय

बुद्धकाल में मध्यम देश में जो नदी जलाशय और पुष्करिणी थीं, उनका संक्षिप्त परिचय इस प्रकार जानना चाहिए —

अचिरवती—इसे वर्तमान समय में राप्ती कहते हैं। यह भारत की पाँच महानदियों में एक थी। इसी के किनारे कोशल की राजधानी श्रावस्ती बसी थी।

अनोमा—इसी नदी के किनारे सिद्धार्थ कुमार ने प्रव्रज्या ग्रहण की थी। श्री कनिंघम ने गोरखपुर जिले की आमी नदी को अनोमा माना है और श्री कारलायल ने बस्ती जिले की कुड़वा नदी को। किन्तु इन पंक्तियों के लेखक की दृष्टि में देवरिया जिले की महान नदी ही अनोमा नदी है। (देखो, कुशीनगर का इतिहास, पञ्चम प्रकरण, पृष्ठ ५८)।

बाहुका—बुद्धकाल में यह एक पवित्र नदी मानी जाती थी। वर्तमान समय में इसे धुमेल नाम से पुकारते हैं। यह राप्ती की सहायक नदी है।

बाहुमती—वर्तमान समय में इसे बाग्मती कहते हैं, जो नेपाल से होती हुई बिहार प्रान्त में आती है। इसी के किनारे काठमाडू नगर बसा है।

चम्पा—यह मगध और अंग जनपदों की सीमा पर बहती थी।

छद्दन्त—यह हिमालय में स्थित एक सरोवर था।

गंगा—यह भारत की प्रसिद्ध नदी है। इसी के किनारे हरिद्वार, प्रयाग और वाराणसी स्थित हैं।

गग्गरा पुष्करिणी—अंग जनपद में चम्पा नगर के पास थी। इसे रानी गग्गरा ने खोदवाया था।

हिरण्यवती—कुशीनारा और मल्लों का शालवन उपवत्तन हिरण्यवती नदी के किनारे स्थित थे। देवरिया जिले का सोनरा नाला ही हिरण्यवती नदी है, यह कुलकुला स्थान के पास खनुआ नदी में मिलती है। इसी को हिरवा की नारी और कुसम्ही नारा भी कहते हैं, जो 'कुशीनारा' का अपभ्रंश है।

कोसिकी—यह गंगा की एक सहायक नदी है। वर्तमान समय में इसे कुसी नदी कहते हैं।

ककुत्था—यह नदी पावा और कुशीनारा के बीच स्थित थी। वर्तमान घाघी नदी ही ककुत्था मानी जाती है। (देखो, कुशीनगर का इतिहास, पृष्ठ ३०)।

कद्दमदह—इस नदी के किनारे महाकात्यायन ने कुछ दिनों तक विहार किया था।

किमिकाला—यह नदी चालिका में थी। मेघिय स्थविर ने जन्तुग्राम में भिक्षाटन कर इस नदी के किनारे विहार किया था।

मंगल पुष्करिणी—इसी के किनारे बैठे हुए तथागत को राहुल के परिनिर्वाण का समाचार मिला था।

मही—यह भारत की पाँच बड़ी नदियों में से एक थी। बड़ी गण्डक को ही मही कहते हैं।

रथकार—यह हिमालय में एक सरोवर था।

रोहिणी—यह शाक्य और कोलिय जनपद की सीमा पर बहती थी। वर्तमान समय में भी इसे रोहिणी ही कहते हैं। यह गोरखपुर के पास राप्ती में गिरती है।

सप्पिनी—यह नदी राजगृह के पास बहती थी। वर्तमान पञ्चान नदी ही सम्भवत सप्पिनी नदी है।

सुतनु—इस नदी के किनारे आयुष्मान् अनुरुद्ध ने विहार किया था।

निरञ्जना—यह नदी उरुवेला प्रदेश में बहती थी। इसी के किनारे बुद्धगया स्थित है। इस समय इसे निलाजना नदी कहते हैं। निलाजना और मोहना नदियाँ मिलकर ही फल्गु नदी कही जाती हैं। निलाजना नदी हजारीबाग जिले के सिमेरिया नामक स्थान के पास से निकलती है।

सुन्दरिका—यह कोशल जनपद की एक नदी थी।

सुमागधा—यह राजगृह के पास एक पुष्करिणी थी।

सरभू—इस समय इसे सरयू कहते हैं। यह भारत की पाँच बड़ी नदियों में से एक थी। यह हिमालय से निकल कर बिहार प्रान्त में गंगा से मिलती है। इसी के किनारे अयोध्या नगरी बसी है।

सरस्वती—गंगा की भाँति यह एक पवित्र नदी है, जो शिवालिक पर्वत से निकल कर अम्बाला के आदि बद्री में मैदान में उतरती है।

वेत्रवती—इसी नदी के किनारे वेत्रवती नगर था। इस समय इसे वेतवा नदी कहते हैं और इसी के किनारे भेलसा (प्राचीन विदिशा) नगर बसा हुआ है।

वेतरणी—इसे यम की नदी कहते हैं। इसमें नारकीय प्राणी दुःख भोगते हैं। (देखो, संयुत्त निकाय, पृष्ठ २२)।

यमुना—यह भारत की पाँच बड़ी नदियों में से एक थी। वर्तमान समय में भी इसे यमुना ही कहते हैं।

पर्वत और गुहा

चित्रकूट—इसका वर्णन अवदान में मिलता है। यह हिमालय से काफी दूर था। वर्तमान समय में बुन्देलखण्ड के कामतनाथ गिरि को ही चित्रकूट माना जाता है। चित्रकूट स्टेशन से ४ मील दूर स्थित है।

चोरपपात—यह राजगृह के पास एक पर्वत था।

गन्धमादन—यह हिमालय पर्वत के कैलाश का एक भाग है।

गयाशीर्ष—यह पर्वत गया में था। यहीं से सिद्धार्थ गौतम उरुवेला में गये थे और यहीं पर बुद्ध ने जटिलों को उपदेश दिया था।

गृद्धकूट—यह राजगृह का एक पर्वत था। इसका शिखर गृद्ध की भाँति था, इसलिये इसे गृद्धकूट कहा जाता था। यहाँ पर भगवान् ने बहुत दिनों तक विहार किया और उपदेश दिया था।

हिमवन्त—हिमालय को ही हिमवन्त कहते हैं।

इन्द्रशाल गुहा—राजगृह के पास अम्बसण्ड नामक ब्राह्मण ग्राम से थोड़ी दूर पर वैदिक पर्वत में इन्द्रशाल गुहा थी।

इन्द्रकूट—यह भी राजगृह के पास था।

इसिगिलि—राजगृह का एक पर्वत।

कुररघर—यह अवन्ति जनपद में था। महाकात्यायन ने कुररघर पर्वत पर विहार किया था।

कालशिला—यह राजगृह में थी।

पाचीनवंश—यह राजगृह के वेपुल्ल पर्वत का पौराणिक नाम है।

पिप्फलि गुहा—यह राजगृह में थी।

सत्तपण्णी गुहा—प्रथम संगीति राजगृह की सत्तपण्णी गुहा में ही हुई थी।

सिनेरु—यह चारों महाद्वीपों के मध्य स्थित सर्वोच्च पर्वत है। मेरु और सुमेरु भी इसे ही कहते हैं।

श्वेत पर्वत—यह हिमालय में स्थित है। कैलाश को ही श्वेत पर्वत कहते हैं। (देखो, संयुत्त निकाय, पृष्ठ ६६)।

सुसुमारगिरि—यह भर्ग प्रदेश में था। चुनार के आसपास की पहाड़ियाँ ही सुसुमार गिरि हैं।

सप्पसोण्डिक पब्भार—राजगृह में।

वेपुल्ल—राजगृह में।

वेभार—राजगृह में।

§ वाटिका और वन

आम्रवन—आम के घने बाग को आम्रवन कहते हैं। तीन आम्रवन प्रसिद्ध हैं। एक राजगृह में जीवक का आम्रवन था। दूसरा ककुत्था नदी के किनारे पावा और कुशीनारा के बीच; और तीसरा कामण्डा में तोदेय्य ब्राह्मण का आम्रवन था।

अम्बपालिवन—यह वैशाली में था।

अम्बाटक वन—यह वज्जी जनपद में था। अम्बाटक वन के मच्छिका वनखण्ड में बहुत से भिक्षुओं के विहार करते समय चित्त गृहपति ने उनके पास आकर धर्म-चर्चा की थी।

अनूपिय-अम्बवन—यह मल्लराष्ट्र में अनूपिया में था।

अञ्जनवन—यह साकेत में था। अञ्जनवन मृगदाय में भगवान् ने विहार किया था।

अन्धवन—यह श्रावस्ती के पास था।

इच्छानङ्गल वन सण्ड—यह कोशल जनपद में इच्छानंगल ब्राह्मण ग्राम के पास था।

जेतवन—यह श्रावस्ती के पास था। वर्तमान महेट ही जेतवन है। खोदाई से शिलालेख आदि प्राप्त हो चुके हैं।

ज्ञातियवन—यह भद्दिय राज्य में था।

कप्पासिय वन-सण्ड—तीस भद्रवर्गीयों ने इसी वन-सण्ड में बुद्ध का दर्शन किया था।

कलन्दकनिवाप—यह राजगृह में था। गिलहरियों को अभय दान देने के कारण ही कलन्दक-निवाप कहा जाता था।

लट्ठिवन—लट्ठिवन में ही बिम्बिसार ने बुद्धधर्म को ग्रहण किया था।

लुम्बिनी वन—यहाँ पर सिद्धार्थ गौतम का जन्म हुआ था। वर्तमान् रुम्मिनदेई ही प्राचीन लुम्बिनी है। यह गोरखपुर जिले के नौतनवा स्टेशन से १० मील पश्चिम नेपाल राज्य में स्थित है।

महावन—यह कपिलवस्तु से लेकर हिमालय के किनारे-किनारे वैशाली तक और वहाँ से समुद्रतट तक विस्तृत महावन था।

मद्दकुच्छि मृगदाय—यह राजगृह में था।

मोर निवाप—यह राजगृह की सुमागधा पुष्करिणी के किनारे स्थित था।

नागवन—यह वज्जी जनपद में हस्तिग्राम के पास था।

पावारिकम्बवन—यह नालन्दा में था।

भेसकलावन—भर्ग प्रदेश के सुंसुमारगिरि में भेसकलावन मृगदाय था।

सिंसपावन—यह कोशल जनपद में सेतव्य नगर के पास उत्तर दिशा में था। कौशाम्बी और आलवी में भी सिंसपावन थे। सीसम के वन को ही सिंसपावन कहते हैं।

शीतवन—यह राजगृह में था।

उपवत्तन शालवन—यह मल्लराष्ट्र में हिरण्यवती नदी के तट कुशीनारा के पास उत्तर ओर था।

वेलुवन—यह राजगृह में था।

§ चैत्य और विहार

बुद्धकाल में जो प्रसिद्ध चैत्य और विहार थे, उनमें से वैशाली में चापाल चैत्य, सप्ताम्रक चैत्य,

सारन्दद चैत्य, उदयन चैत्य, गोतमक चैत्य और बहुपुत्रक चैत्य थे। कूटागार शाला, वालुकाराम और महावन विहार वैशाली में ही थे। राजगृह में काश्यपकाराम, निग्रोधाराम और परिव्राजकाराम थे। पाटलिपुत्र में अशोकाराम, गिञ्जकावसथ और कुक्कुटाराम थे। कौशाम्बी में बदरिकाराम, घोषिताराम और कुक्कुटाराम थे। साकेत में कालकाराम था। उज्जैनी में दक्खिनागिरि विहार था। और श्रावस्ती में पूर्वाराम, सळलागार और जेतवन महाविहार थे।

§ २. उत्तरापथ

उत्तरापथ की पूर्वी सीमा पर थूण ब्राह्मण ग्राम था और यह उत्तर में हिमालय तक फैला हुआ था। उत्तरापथ दो महा जनपदों में विभक्त था—गन्धार और कम्बोज। पूरा पंजाब और पश्चिमोत्तर सीमाप्रान्त उत्तरापथ में ही पड़ता था।

§ गन्धार

गन्धार जनपद की राजधानी तक्षशिला नगर था। कश्मीर और तक्षशिला के प्रदेश इसके अन्तर्गत थे। वर्तमान पेशावर और रावलपिण्डी के जिले गन्धार जनपद में पड़ते थे। तीसरी संगीति के पश्चात् गन्धार जनपद में बौद्धधर्म के प्रचारार्थ भिक्षु भेजे गये थे। तक्षशिला नगर वाराणसी से २००० योजन दूर था। यह एक प्रधान व्यापारिक केन्द्र था। यहाँ दूर-दूर प्रदेशों से व्यापारी आते थे। बुद्धकाल में पुक्कुसाति तक्षशिला का राजा था। वह मैत्री भाव के लिए मगध नरेश को पत्र और उपहार भेजा करता था।

§ कम्बोज

कम्बोज जनपद का विस्तृत वर्णन उपलब्ध नहीं है। यह पश्चिमोत्तर भारत में पड़ता था। लुदर के लेख से केवल नन्दिपुर नगर का ही कम्बोज जनपद में नाम मिला है। हुएनसांग के वर्णन और अशोक शिलालेख के आधार पर माना जाता है कि वर्तमान राजौरी पश्चिमोत्तर सीमाप्रान्त का हजारा जिला कम्बोज जनपद था। कम्बोज घोड़ों का उत्पत्ति स्थान माना जाता था। अशोक-काल में कम्बोज में योनक महारक्षित स्थविर ने धर्म प्रचार किया था।

§ नगर और ग्राम

गन्धार-कम्बोज जनपद में कुछ प्रसिद्ध नगर और ग्राम थे। उनका संक्षिप्त परिचय इस प्रकार है—

अरिट्ठपुर—यह शिवि जनपद की राजधानी थी। पंजाब का वर्तमान शोरकोट प्रदेश ही शिवि जनपद माना गया है। इस जनपद में चित्तौड़ के पास जेतुत्तर नामक एक और भी नगर था।

कश्मीर—कश्मीर राज्य गन्धार जनपद के अन्तर्गत था। अशोक-काल में यहाँ बुद्धधर्म का प्रचार हुआ था।

तक्षशिला—यह गन्धार जनपद की राजधानी थी। यह प्राचीन भारत का प्रधान शिक्षा-केन्द्र था। जीवक, बन्धुल मल्ल, प्रसेनजित्, महालि आदि की शिक्षा तक्षशिला में ही हुई थी। वर्तमान समय में पंजाब के रावलपिण्डी जिले में तक्षशिला के नष्टावशेष विद्यमान हैं।

सागल—यह मद्र देश की राजधानी था। वर्तमान समय में इसे स्यालकोट कहते हैं और यह पंजाब में पड़ता है। कुशावती के राजकुमार कुश का विवाह मद्रराजकुमारी प्रभावती से हुआ था। प्राचीन काल में मद्र की स्त्रियाँ अत्यधिक सुन्दरी मानी जाती थीं और प्रायः लोग मद्र-कन्याओं से ही विवाह करना चाहते थे।

§ ३. अपरान्तक

अपरान्तक प्रदेश में वर्तमान सिन्ध, पश्चिमी राजपूताना, गुजरात और नर्मदा के बेसिन के कुछ भाग पड़ते हैं। सिन्ध, गुजरात और वलभी तीन राज्य अपरान्तक के अन्तर्गत थे। अपरान्तक की राजधानी सुप्पारक नगर में थी। वाणिजग्राम, भड़ौच, महाराष्ट्र, नासिक, सूरत और लाट राष्ट्र अपरान्तक प्रदेश में ही पड़ते थे।

§ नगर और ग्राम

भरुकच्छ—यह समुद्र के किनारे स्थित एक बन्दरगाह था। व्यापारी यहीं से नौका द्वारा विदेशों के लिये प्रस्थान करते थे। लंका, यवन देश आदि में जाने के लिये यहीं नौका मिलती थी। सुवर्ण-भूमि (लोअर बर्मा) को भी व्यापारी यहाँ से जाया करते थे। काठियावाड़ प्रदेश का वर्तमान भड़ौच ही प्राचीन भरुकच्छ है।

महाराष्ट्र—वर्तमान मराठा प्रदेश ही महाराष्ट्र है। यह अपर गोदावरी और कृष्णा नदियों के बीच फैला हुआ है। यहाँ पर धर्म प्रचारार्थ महाधर्मरक्षित स्थविर गये थे।

सोवीर—सोवीर राज्य की राजधानी रोरुक नगरी थी। वर्तमान समय में गुजरात प्रदेश के ईदेर को ही सोवीर माना जाता है।

सुप्पारक—यह भी एक बन्दरगाह था। वर्तमान सोपारा ही सुप्पारक है। यह बम्बई से ३७ मील उत्तर और बसीन से ४ मील उत्तर-पश्चिम थाना जिले में स्थित है।

सुरट्ठ—यह एक राष्ट्र था, जिससे होकर सातोदिका नदी बहती थी। वर्तमान कठियावाड़ और गुजरात का अन्य भाग ही सुरट्ठ (=सुराष्ट्र) माना जाता है।

लालरट्ठ—इसे ही लाटराष्ट्र भी कहते हैं। मध्य और दक्षिण गुजरात लालरट्ठ माना जाता है।

§ ४. दक्षिणापथ

दक्षिणापथ की उत्तरी सीमा सतकण्णिक निगम था। आचार्य बुद्धघोष के मतानुसार गंगा से दक्षिण और गोदावरी से उत्तर का सारा विस्तृत प्रदेश दक्षिणापथ या दक्षिण जनपद कहा जाता था। ऐसा जान पड़ता है कि बुद्धकाल में गोदावरी से दक्षिण के प्रदेशों का उत्तर भारतवासियों को ज्ञान न था। यद्यपि लंका को जानते थे, किन्तु वहाँ समुद्र मार्ग से ही आना-जाना होता था। गोदावरी से दक्षिण प्रदेशों का पूर्ण-परिचय अशोककाल से मिलता है।

अस्सक और अवन्ति महाजनपद भी दक्षिणापथ में गिने जाते थे। महागोविन्द सुत्त के अनुसार अवन्ति की राजधानी माहिष्मती थी जो दक्षिणापथ में पड़ती थी। इसीलिये अवन्ति को 'अवन्ति दक्षिणापथ' कहा जाता था। अस्सक राज्य गोदावरी के किनारे था और यह भी दक्षिणापथ के अन्तर्गत था। महाकोशल नामक जनपद भी दक्षिणापथ में था, जिसका वर्णन प्रयाग के अशोक-स्तम्भ पर है। इसे दक्षिण कोशल भी कहा जाता था। वर्तमान बिलासपुर, रायपुर और सम्भलपुर के जिले तथा गञ्जाम के कुछ भाग दक्षिण-कोशल के अन्तर्गत हैं।

§ नगर और ग्राम

अमरावती—इस नगर में पूर्वकाल में बोधिसत्व उत्पन्न हुए थे। यह आधुनिक समय में धरणीकोट नदी के पास अमरावती नाम से विद्यमान है। इसके ध्वंसित स्तूप बहुत प्रसिद्ध हैं।

भोज—रोहितास्व भोजपुत्र ऋषि भोजराष्ट्र के रहने वाले थे। अमरावती जिले के एलिचपुर के दक्षिण-पूर्व ४ मील की दूरी पर स्थित छम्मक को भोज माना जाता है।

दमिल रट्ठ—द्राविड़ राष्ट्र को ही दमिलरट्ठ कहते हैं। इस राष्ट्र का कावेरी पट्टन बन्दरगाह बड़ा प्रसिद्ध नगर था; जो मालावार के आसपास समुद्र के किनारे स्थित था।

कलिङ्ग—कलिंग राष्ट्र इतिहास-प्रसिद्ध कलिंग ही है। इसकी राजधानी दन्तपुर नगरी थी।

वनवासी—रक्षित स्थविर वनवासी में धर्म-प्रचारार्थ भेजे गये थे। उत्तरी कनारा ही वनवासी कहा जाता था। यह तुंगभद्रा और बड़ौदा के मध्य स्थित था। आधुनिक मैसूर के उत्तरी भाग को वनवासी जानना चाहिए।

§ ५. प्राच्य

मध्यमदेश के पूरब प्राच्य देश था। इसकी पश्चिमी सीमा पर कजंगल निगम, अंग और मगध जनपद थे। प्राच्य प्रदेश में वंग जनपद पड़ता था। वंगहार जनपद भी इसका ही नाम था। प्रसिद्ध ताम्रलिप्ति बन्दरगाह प्राच्य प्रदेश में ही था, जहाँ से सुवर्ण भूमि, जावा, लंका आदि के लिए व्यापारी प्रस्थान करते थे। अशोक ने बोधिवृक्ष को इसी बन्दरगाह से लंका भेजा था। वर्तमान समय में मिदनापुर जिले का तामलुक ही प्राचीन ताम्रलिप्ति है। यहाँ एक बहुत बड़ा बौद्ध विश्वविद्यालय भी था। लंका में प्रथम भारतीय उपनिवेश स्थापित करने वाला राजा विजय वंग राष्ट्र के राजा सिंहबाहु का पुत्र था। सम्भवतः उपसेन वंगन्तपुत्र स्थविर वंगराष्ट्र के ही रहने वाले थे। वंग राष्ट्र का वर्धमानपुर भी प्रसिद्ध नगर था। शिलालेखों में वर्धमानभुक्ति के नाम से इसका उल्लेख है। आधुनिक बर्दवान ही वर्धमानपुर माना जाता है।

संक्षेप में बुद्धकालीन भारत का यही भौगोलिक परिचय है।

सारनाथ, बनारस

भिक्षु धर्मरक्षित

सुत्त (=सूत्र)–सूची

पहला खण्ड

सगाथा वर्ग

पहला परिच्छेद

१. देवता संयुत्त

पहला भाग : नल वर्ग

नाम	विषय	पृष्ठ
१. ओघतरण सुत्त	तृष्णा की बाढ़ से पार जाना	१
२. निमोक्ख सुत्त	मोक्ष	२
३. उपनेय्य सुत्त	सांसारिक भोग का त्याग	२
४. अच्चेन्ति सुत्त	सांसारिक भोग का त्याग	२
५. कतिछिन्द सुत्त	पाँच को काटे	३
६. जागर सुत्त	पाँच से शुद्धि	३
७. अप्पटिविदित सुत्त	सर्वज्ञ बुद्ध	४
८. सुसम्मुट्ठ सुत्त	सर्वज्ञ बुद्ध	४
९. नमानकाम सुत्त	मृत्यु के राज्य से पार	४
१०. अरञ्ञ सुत्त	चेहरा खिला रहता है	५

दूसरा भाग : नन्दन वर्ग

नाम	विषय	पृष्ठ
१. नन्दन सुत्त	नन्दन वन	६
२. नन्दति सुत्त	चिन्ता रहित	६
३. नत्थि पुत्तसम सुत्त	अपने ऐसा कोई प्यारा नहीं	७
४. खत्तिय सुत्त	बुद्ध श्रेष्ठ हैं	७
५. सन्तिकाय सुत्त	शान्ति से आनन्द	७
६. निद्दातन्दी सुत्त	निद्रा और तन्द्रा का त्याग	८
७. कुम्म सुत्त	कछुआ के समान रक्षा	८
८. हिरि सुत्त	पाप से लजाना	८
९. कुटि सुत्त	झोपड़ी का भी त्याग	९
१०. समिद्धि सुत्त	काल अज्ञात है, काम-भोगों का त्याग	९

तीसरा भाग : शक्ति वर्ग

नाम	विषय	पृष्ठ
१. सत्ति सुत्त	सत्काय-दृष्टि का प्रहाण	१२

२. कुसती सुत्त	निर्दोष को दोष नहीं लगता	१३
३. जटा सुत्त	जटा कौन सुलझा सकता है ?	१४
४. मनोनिवारण सुत्त	मन को रोकना	१४
५. अरहन्त सुत्त	अर्हत्त्व	१५
६. पज्जोत सुत्त	प्रद्योत	१६
७. सरा सुत्त	नाम रूप का निरोध	१६
८. महद्धन सुत्त	तृष्णा का त्याग	१७
९. चतुचक्क सुत्त	यात्रा ऐसे होगी	१७
१०. एणिजङ्घ सुत्त	दुःख से मुक्ति	१८
चौथा भाग	**: सतुल्लपकायिक वर्ग**	
१. सब्भि सुत्त	सत्पुरुषों का साथ	१९
२. मच्छरी सुत्त	कंजूसी का त्याग	२०
३. साधु सुत्त	दान देना उत्तम है	२१
४. नसन्ति सुत्त	काम नित्य नहीं	२३
५. उज्झानसञ्ञी सुत्त	तथागत बुराइयों से परे हैं	२४
६. सद्धा सुत्त	प्रमाद का त्याग	२५
७. समय सुत्त	भिक्षु सम्मेलन	२६
८. सकलिक सुत्त	भगवान् के पैर में पीड़ा, देवताओं का आगमन	२७
९. पठमपज्जुन्नधीतु सुत्त	धर्म-ग्रहण से स्वर्ग	२८
१०. चुल्लपज्जुन्नधीतु सु	बुद्ध धर्म का सार	२९
पाँचवाँ भाग	**: जलता वर्ग**	
१. आदित्त सुत्त	लोक में आग लगी है	३०
२. किं दद सुत्त	क्या देनेवाला क्या पाता है ?	३०
३. अन्न सुत्त	अन्न सबको प्रिय है	३१
४. एकमूल सुत्त	एक जड़ वाला	३१
५. अनोमनाम सुत्त	सर्व-पूर्ण	३२
६. अच्छरा सुत्त	राह कैसे कटेगी ?	३२
७. वनरोप सुत्त	किनके पुण्य सदा बढ़ते हैं ?	३३
८. इदं हि सुत्त	जेतवन	३३
९. मच्छेर सुत्त	कंजूसी के कुफल	३३
१०. घटीकार सुत्त	बुद्ध-धर्म से ही मुक्ति, अन्य से नहीं	३५
छठाँ भाग	**: जरा वर्ग**	
१. जरा सुत्त	पुण्य चुराया नहीं जा सकता	३७
२. अजरसा सुत्त	प्रज्ञा मनुष्यों का रत्न है	३७
३. मित्त सुत्त	मित्र	३७
४. वत्थु सुत्त	आधार	३८
५. जनेति सुत्त	पैदा होना (१)	३८

६. जनेति सुत्त	पैदा होना (२)	३८
७. जनेति सुत्त	पैदा होना (३)	३८
८. उप्पथ सुत्त	बेराह	३९
९. दुतिया सुत्त	साथी	३९
१०. कवि सुत्त	कविता	३९

सातवाँ भाग : अद्ध वर्ग

१. नाम सुत्त	नाम	४०
२. चित्त सुत्त	चित्त	४०
३. तण्हा सुत्त	तृष्णा	४०
४. संयोजन सुत्त	बन्धन	४१
५. बन्धन सुत्त	फाँस	४१
६. अब्भाहत सुत्त	सताया जाना	४१
७. उड्डित सुत्त	लाँघा गया	४१
८. पिहित सुत्त	छिपा-ढँका	४२
९. इच्छा सुत्त	इच्छा	४२
१०. लोक सुत्त	लोक	४२

आठवाँ भाग : झत्वा वर्ग

१. झत्वा सुत्त	नाश	४३
२. रथ सुत्त	रथ	४३
३. वित्त सुत्त	धन	४३
४. वुट्ठि सुत्त	वृष्टि	४४
५. भीत सुत्त	डरना	४४
६. न जीरति सुत्त	पुराना न होना	४४
७. इस्सर सुत्त	ऐश्वर्य	४५
८. काम सुत्त	अपने को न दे	४६
९. पाथेय्य सुत्त	राह-खर्च	४६
१०. पज्जोत सुत्त	प्रद्योत	४६
११. अरण सुत्त	क्लेश से रहित	४७

दूसरा परिच्छेद

२. देवपुत्त संयुत्त

पहला भाग : प्रथम वर्ग

१. कस्सप सुत्त	भिक्षु-अनुशासन (१)	४८
२. कस्सप सुत्त	भिक्षु-अनुशासन (२)	४८
३. माघ सुत्त	किसके नाश से सुख !	४८
४. मागध सुत्त	चार प्रद्योत	४९

५. दामलि सुत्त	ब्राह्मण कृतकृत्य है	४९
६. कामद सुत्त	सुखद सन्तोष	५०
७. पञ्चालचण्ड सुत्त	स्मृति-लाभ से धर्म का साक्षात्कार	५०
८. तायन सुत्त	शिथिलता न करे	५१
९. चन्दिम सुत्त	चन्द्र-ग्रहण	५२
१०. सुरिय सुत्त	सूर्य-ग्रहण	५२

दूसरा भाग : अनाथपिण्डिक वर्ग

१. चन्दिमस सुत्त	ध्यानी पार जायेंगे	५४
२. वेण्हु सुत्त	ध्यानी मृत्यु के वश नहीं जाते	५४
३. दीघलट्ठि सुत्त	भिक्षु-अनुशासन	५४
४. नन्दन सुत्त	शीलवान् कौन ?	५५
५. चन्दन सुत्त	कौन नहीं डूबता ?	५५
६. वासुदत्त सुत्त	कामुकता का प्रहाण	५६
७. सुब्रह्म सुत्त	चित्त की घबड़ाहट कैसे दूर हो ?	५६
८. ककुध सुत्त	भिक्षु को आनन्द और चिन्ता नहीं	५६
९. उत्तर सुत्त	सांसारिक भोग को त्यागे	५७
१०. अनाथपिण्डिक सुत्त	जेतवन	५८

तीसरा भाग : नानातीर्थ वर्ग

१. सिव सुत्त	सत्पुरुषों की संगति	५९
२. खेम सुत्त	पाप कर्म न करे	५९
३. सेरि सुत्त	दान का महात्म्य	६०
४. घटीकार सुत्त	बुद्धधर्म से ही मुक्ति, अन्य से नहीं	६१
५. जन्तु सुत्त	अप्रमादी को प्रणाम्	६२
६. रोहितस्स सुत्त	लोक का अन्त चलकर नहीं पाया जा सकता, बिना अन्त पाये मुक्ति भी नहीं	६२
७. नन्द सुत्त	समय बीत रहा है	६३
८. नन्दिविसाल सुत्त	यात्रा कैसे होगी ?	६३
९. सुसिम सुत्त	आयुष्मान् सारिपुत्र के गुण	६३
१०. नाना तित्थिय सुत्त	नाना तीर्थों के मत, बुद्ध अगुआ	६४

तीसरा परिच्छेद

३. कोसल संयुत्त

पहला भाग : प्रथम वर्ग

१ दहर सुत्त	चार को छोटा न समझे	६७
२. पुरिस सुत्त	तीन अहितकर धर्म	६८
३. राजरथ सुत्त	सन्त-धर्म पुराना नहीं होता	६९

४. पिय सुत्त — अपना प्यारा कौन ? — ६९
५. अत्तरक्खित सुत्त — अपनी रखवाली — ७०
६. अप्पक सुत्त — निर्लोभी थोड़े ही हैं — ७०
७. अत्थकरण सुत्त — कचहरी में झूठ बोलने का फल दुःखद — ७१
८. मल्लिका सुत्त — अपने से प्यारा कोई नहीं — ७१
९. यञ्ञ सुत्त — पाँच प्रकार के यज्ञ, पीड़ा और हिंसा-रहित यज्ञ ही हितकर — ७२
१०. बन्धन सुत्त — दृढ़ बन्धन — ७२

दूसरा भाग : द्वितीय वर्ग

१. जटिल सुत्त — ऊपरी रूप-रंग से जानना कठिन — ७४
२. पञ्चराज सुत्त — जो जिसे प्रिय है, वही उसे अच्छा है — ७५
३. दोणपाक सुत्त — मात्रा से भोजन करे — ७६
४. पठम संगाम सुत्त — लड़ाई की दो बातें, प्रसेनजित् की हार — ७६
५. दुतिय संगाम सुत्त — अजातशत्रु की हार, लुटेरा लूटा जाता है — ७७
६. धीतु सुत्त — स्त्रियाँ भी पुरुषों से श्रेष्ठ होती हैं — ७८
७. अप्पमाद सुत्त — अप्रमाद के गुण — ७८
८. दुतिय अप्पमाद सुत्त — अप्रमाद के गुण — ७९
९. अपुत्तक सुत्त — कंजूसी न करे — ८०
१०. दुतिय अपुत्तक सुत्त — कंजूसी त्याग कर पुण्य करे — ८१

तीसरा भाग : तृतीय वर्ग

१. पुग्गल सुत्त — चार प्रकार के व्यक्ति — ८३
२. अय्यका सुत्त — मृत्यु नियत है, पुण्य करे — ८४
३. लोक सुत्त — तीन अहितकर धर्म — ८५
४. इस्सत्थ सुत्त — दान किसे दे ? किसे देने में महाफल ? — ८५
५. पब्बतूपम सुत्त — मृत्यु घेरे आ रही है, धर्माचरण करे — ८७

चौथा परिच्छेद

४. मार संयुत्त

पहला भाग : प्रथम वर्ग

१. तपोकम्म सुत्त — कठोर तपश्चरण बेकार — ८९
२. नाग सुत्त — हाथी के रूप में मार का आना — ९०
३. सुभ सुत्त — संयमी मार के वश में नहीं आते — ९०
४. पास सुत्त — बुद्ध मार के जाल से मुक्त — ९०
५. पास सुत्त — बहुजन के हित-सुख के लिये विचरण — ९१

६. सप्प सुत्त	एकान्तवास से विचलित न हो	९२
७. सोप्पसि सुत्त	वितृष्ण बुद्ध	९२
८. आनन्द सुत्त	अनासक्त चिन्तित नहीं	९३
९. आयु सुत्त	आयु की अल्पता	९३
१०. आयु सुत्त	आयु का क्षय	९४

दूसरा भाग : द्वितीय वर्ग

१. पासाण सुत्त	बुद्धों में चञ्चलता नहीं	९५
२. सीह सुत्त	बुद्ध सभाओं में गरजते हैं	९५
३. सकलिक सुत्त	पत्थर से पैर कटना, तीव्र वेदना	९५
४. पतिरूप सुत्त	बुद्ध अनुरोध-विरोध से मुक्त	९६
५. मानस सुत्त	इच्छाओं का नाश	९७
६. पत्त सुत्त	मार का बैल बनकर आना	९७
७. आयतन सुत्त	आयतनों में ही भय	९८
८. पिण्ड सुत्त	बुद्ध को भिक्षा न मिली	९८
९. कस्सक सुत्त	मार का कृषक के रूप में आना	९९
१०. रज्ज सुत्त	सांसारिक लाभों की विजय	१००

तीसरा भाग : तृतीय वर्ग

१. सम्बहुल सुत्त	मार का बहकाना	१०१
२. समिद्धि सुत्त	समृद्धि को डराना	१०२
३. गोधिक सुत्त	गोधिक की आत्महत्या	१०३
४. सत्तवस्सानि सुत्त	मार द्वारा सात साल पीछा किया जाना	१०४
५. मारदुहिता सुत्त	मार कन्याओं की पराजय	१०५

पाँचवाँ परिच्छेद

५. भिक्षुणी संयुत्त

१. आलविका सुत्त	काम-भोग तीर जैसे हैं	१०८
२. सोमा सुत्त	स्त्री-भाव क्या करेगा ?	१०८
३. किसा गोतमी सुत्त	अज्ञानान्धकार का नाश	१०९
४. विजया सुत्त	काम तृष्णा का नाश	१०९
५. उप्पलवण्णा सुत्त	उत्पलवर्णा की ऋद्धिमत्ता	११०
भिक्षुओ! यथार्थतः उन श्रमणों में श्रमणत्व है; और ब्राह्मणों में ब्राह्मणत्व; वे आयुष्मान् श्रमण या ब्राह्मण के परमार्थ को अपने सामने जानकर, साक्षात् कर, और प्राप्त कर विहार करते हैं।

§ ५. कच्चानगोत्त सुत्त (१२. २. ५)

सम्यक् दृष्टि की व्याख्या

श्रावस्ती में।

तब, आयुष्मान् कात्यायनगोत्र जहाँ भगवान् थे वहाँ आये, और भगवान् का अभिवादन कर एक ओर बैठ गये।

एक ओर बैठ, आयुष्मान् कात्यायनगोत्र भगवान् से बोले:—भन्ते ! जो लोग 'सम्यक्-दृष्टि, सम्यक्-दृष्टि' कहा करते हैं यह 'सम्यक्-दृष्टि' है क्या ?

कात्यायन ! संसार के लोग दो अविद्याओं में पड़े हैं—(१)अस्तित्व की अविद्या में, और (२) नास्तित्व की अविद्या में।

कात्यायन ! लोक के समुदय का यथार्थ ज्ञान प्राप्त करने से लोक में जो नास्तित्व बुद्धि है वह मिट जाती है। कात्यायन ! लोक में जो अस्तित्व-बुद्धि है वह मिट जाती है।

कात्यायन ! यह संसार तृष्णा, आसक्ति और ममत्व के मोह में बेतरह जकड़ा है। सो, (आर्य-श्रावक) इस तृष्णा, आसक्ति, मन के लगाने, ममत्व और मोह में नहीं पड़ता है, आत्म भाव में नहीं बँधता है। जो उत्पन्न होता है दुःख ही उत्पन्न होता है, जो रुक जाता है वह दुःख ही रुक जाता है। न मन में कोई कांक्षा रखता है, और न कोई संशय। उसे अपने भीतर ही ज्ञान उत्पन्न हो जाता है। कात्यायन ! इसी को सम्यक्-दृष्टि कहते हैं।

कात्यायन ! 'सभी कुछ विद्यमान है' यह एक अन्त है; 'सभी कुछ शून्य है' यह दूसरा अन्त है। कात्यायन ! बुद्ध इन दो अन्तों को छोड़ सत्य को मध्यम प्रकार से बताते हैं।

अविद्या के होने से संस्कार होते हैं···। इस तरह, सारे दुःख-समूह का समुदय होता है।

उसी अविद्या के बिल्कुल हट और रुक जाने से संस्कार होने नहीं पाते··· । इस तरह, सारा दुःख-समूह रुक जाता है।

§ ६. धम्मकथिक सुत्त (१२. २. ६)

धर्मोपदेशक के गुण

श्रावस्ती में।

तब, कोई भिक्षु जहाँ भगवान् थे वहाँ आया, और भगवान् का अभिवादन कर एक ओर बैठ गया।

एक ओर बैठ, वह भिक्षु भगवान् से बोला—भन्ते ! लोग 'धर्मकथिक, धर्मकथिक' कहा करते हैं। सो 'धर्मकथिक' के क्या गुण हैं ?

भिक्षु ! जो जरामरण के निर्वेद =विराग= निरोध का उपदेश करता है वही अलबत्ता धर्मकथिक कहा जा सकता है।

भिक्षु ! जो जरामरण के निर्वेद =विराग= निरोध के लिये प्रतिपन्न है वही अलबत्ता 'धर्मानुधर्म-प्रतिपन्न' कहा जा सकता है।

भिक्षु ! जो जरामरण के निर्वेद=विराग=निरोध हो जाने से विमुक्त हो गया है, वही अलबत्ता देखते ही देखते निर्वाण पा लेने वाला भिक्षु कहा जा सकता है।

भिक्षु ! जो जाति···, भव···, उपादान ···; तृष्णा ···; वेदना ···; स्पर्श··· षडायतन···, नाम-रूप···, विज्ञान···; संस्कार···; अविद्या के निर्वेद=विराग=निरोध का उपदेश करता है वही अलबत्ता धर्मकथिक कहा जा सकता है।

भिक्षु ! जो अविद्या के निर्वेद=विराग=निरोध के लिये प्रतिपन्न है वही अलबत्ता 'धर्मानुधर्म प्रति-पन्न' कहा जा सकता है।

भिक्षु ! जो जरामरण के निर्वेद =विराग =निरोध हो जाने से विमुक्त हो गया है, वही अलबत्ता देखते ही देखते निर्वाण पा लेने वाला भिक्षु कहा जा सकता है।

§ ७. अचेल सुत्त (१२.२. ७)

प्रतीत्य समुत्पाद, अचेल काश्यप की प्रव्रज्या

ऐसा मैने सुना।

एक समय भगवान् राजगृह के वेलुवन कलन्दक निवाप मे विहार करते थे।

क

तब, भगवान् सुबह में पहन और पात्रचीवर ले राजगृह में भिक्षाटन के लिये पैठे।

नंगा साधु काश्यप ने भगवान् को दूर ही से आते देखा। देखकर, जहाँ भगवान् थे वहाँ गया और भगवान् का सम्मोदन किया; तथा आवभगत और कुशलक्षेम के प्रश्न पूछ कर एक ओर खड़ा हो गया।

एक ओर खड़ा हो, नंगा साधु काश्यप भगवान् से बोला—आप गौतम से मैं एक प्रश्न पूछना चाहता हूँ; क्या आप उसे सुन कर उत्तर देने को तैयार है?

काश्यप! यह प्रश्न पूछने का उचित अवसर नहीं है; अभी नगर में भिक्षाटन के लिये पैठा हूँ।

दूसरी बार भी ..।

तीसरी बार भी ।

काश्यप!...अभी नगर में भिक्षाटन के लिये पैठा हूं।

इस पर, नंगा साधु काश्यप भगवान् से बोला—आप गौतम से मैं कोई बड़ी बात नहीं पूछना चाहता हूं।

काश्यप! तो पूछो जो पूछना चाहते हो।

ख

हे गौतम! क्या दु.ख अपना स्वयं किया[१] होता है?

काश्यप! ऐसी बात नहीं है।

हे गौतम! तो, क्या दुःख पराये का किया होता है?

काश्यप! ऐसी बात नहीं है।

हे गौतम! तो, क्या दुःख अपने स्वयं और पराये के भी करने से होता है?

काश्यप! ऐसी बात नहीं है।

हे गौतम! यदि दु.ख अपने स्वयं और पराये के भी करने से नहीं होता है तो क्या अकारण ही अकस्मात् चला आता है।

काश्यप! ऐसी बात नहीं है।

हे गौतम! तो क्या दु.ख है ही नहीं?

नहीं काश्यप! दुःख है।

तो पता चलता है कि आप गौतम दु.ख को जानते समझते नहीं है।

काश्यप! ऐसी बात नहीं है कि मैं दु.ख को जानता समझता नहीं हूँ। काश्यप! मैं दुःख को सत्यतः जानता और समझता हूँ।

---

१ सयंकत = जीव का अपना स्वयं किया हुआ।

"हे गौतम ! क्या दुःख अपना स्वयं किया होता है?" पूछे जाने पर आप कहते हैं, "काश्यप ! ऐसी बात नहीं है।"

आप कहते हैं, काश्यप ! मैं दुःख को सत्यतः जानता और समझता हूँ।

भगवान् मुझे बतावें कि दुःख क्या है, भगवान् मुझे उपदेश करें कि दुःख क्या है?

काश्यप ! 'जो करता है वही भोगता है' ख्याल कर, यदि कहा जाय कि दुःख अपना स्वयं किया होता है तो शाश्वत वाद हो जाता है।

काश्यप ! 'दूसरा करता है और दूसरा भोगता है' ख्याल कर, यदि संसार के फेर में पड़ा हुआ मनुष्य कहे कि दुःख पराये का किया होता है तो उच्छेद वाद हो जाता है।

कात्यायन ! बुद्ध इन दो अन्तों को छोड़ सत्य को मध्यम प्रकार से बताते हैं। अविद्या के होने से संस्कार होते हैं। इस तरह, सारे दुःख समूह का समुदय होता है।

उसी अविद्या के बिल्कुल हट और रुक जाने से संस्कार होने नहीं पाते। इस तरह, सारा दुःख समूह रुक जाता है।

ग

भगवान् के ऐसा कहने पर नंगा साधु काश्यप भगवान् से बोला—धन्य हैं! भन्ते, आप धन्य हैं!! जैसे उलटे को सलट दे ... वैसे भगवान् ने अनेक प्रकार से धर्म का उपदेश किया। मैं भगवान् की शरण जाता हूँ, धर्म की और भिक्षुसंघ की। भन्ते ! मैं भगवान् के पास प्रव्रज्या पाऊँ, और उपसम्पदा पाऊँ।

काश्यप ! जो दूसरे मत के साधु इस धर्मविनय में प्रव्रज्या और उपसम्पदा चाहते हैं उन्हें चार मास का परिवास* रहना पड़ता है। इस चार मास के परिवास बीतने पर यदि भिक्षुओं को रुचता है तो उसे प्रव्रज्या और उपसम्पदा देकर भिक्षु बना देते हैं। किन्तु, हमें व्यक्ति की विभिन्नता मालूम है।

भन्ते ! यदि, जो दूसरे मत के साधु इस धर्मविनय में प्रव्रज्या और उपसम्पदा चाहते हैं उन्हें चार मास का परिवास रहना पड़ता है, इस चार मास के परिवास बीतने पर यदि भिक्षुओं को रुचता है तो उसे प्रव्रज्या और उपसम्पदा देकर भिक्षु बनाते हैं,—तो मैं चार साल का परिवास रहता हूँ, चार साल के परिवास बीतने पर यदि भिक्षुओं को रुचे तो मुझे प्रव्रज्या और उपसम्पदा देकर भिक्षु बना दें।

नंगा साधु काश्यप ने भगवान् के पास प्रव्रज्या पायी, और उपसम्पदा पायी।

घ

उपसम्पदा पाने के कुछ ही समय बाद आयुष्मान् काश्यप अकेला, एकान्त में अप्रमत्त, आतापी (=क्लेशों को तपाने वाला) और प्रहितात्म हो विहार करते हुये शीघ्र ही उस अनुत्तर ब्रह्मचर्य के परम फल को इसी जन्म में स्वयं जान, साक्षात् कर, और प्राप्त कर विहार करने लगे जिसके लिये कुलपुत्र श्रद्धा पूर्वक घर से बेघर हो प्रव्रजित हो जाते हैं। जाति क्षीण हो गई, ब्रह्मचर्य पूरा हो गया, जो करना था सो कर लिया, अब और कुछ करना बाकी नहीं है—ऐसा जान लिया।

आयुष्मान् काश्यप अर्हतों में एक हुये।

---

* परिवास—इस अवधि में प्रव्रज्या प्रार्थी को सेवा टहल करते हुये भिक्षुओं के साथ रहना होता है। जब भिक्षु उसकी दृढ़ता, आचरण, व्यवहार आदि से संतुष्ट हो जाते हैं तो उसे प्रव्रजित करते हैं।

§ ८. तिम्बरुक सुत्त (१२ २ ८)

सुख दुःख के कारण

श्रावस्ती में।

तब, तिम्बरुक परिव्राजक जहाँ भगवान् थे वहाँ आया। आकर, भगवान् का सम्मोदन किया और आवभगत तथा कुशलक्षेम के प्रश्न पूछने के बाद एक ओर बैठ गया।

एक ओर बैठ कर तिम्बरुक परिव्राजक भगवान् से बोला—

हे गौतम! क्या सुख दुःख अपने आप* हो जाता है?

भगवान् बोले—तिम्बरुक! ऐसी बात नहीं है।

हे गौतम! तो क्या सुख दुःख किसी दूसरे के करने से होता है?

भगवान् बोले—तिम्बरुक! ऐसी बात नहीं है।

हे गौतम! तो क्या सुख दुःख अपने आप भी हो जाता है, और दूसरे के करने से भी होता है?

भगवान् बोले—तिम्बरुक! ऐसी बात नहीं है।

हे गौतम! तो, क्या सुख दुःख न अपने आप और न दूसरे के करने से किन्तु अकारण ही हठात् हो जाता है?

भगवान् बोले—तिम्बरुक! ऐसी बात नहीं है।

हे गौतम! तो क्या सुख दुःख है ही नहीं?

तिम्बरुक! ऐसी बात नहीं है कि सुख दुःख नहीं है, सुख दुःख तो है ही।

तो, पता चलता है कि आप गौतम सुख दुःख को जानते बूझते नहीं हैं।

तिम्बरुक! ऐसी बात नहीं है कि मैं सुख दुःख को नहीं जानता बूझता। तिम्बरुक! मैं सुख दुःख को अच्छी तरह जानता बूझता हूँ।

... तो, हे गौतम! मुझे बतावें कि सुख-दुःख क्या है। हे गौतम! मुझे सुख दुःख का उपदेश करें।

तिम्बरुक! 'जो वेदना है वही (सुख-दुःख की) अनुभूति कराने वाला है' समझ कर तुमने कहा कि सुख-दुःख अपने आप हो जाता है। मैं ऐसा नहीं बताता।

तिम्बरुक! 'वेदना दूसरी ही है, और (सुख दुःख की) अनुभूति कराने वाला दूसरा ही' समझ कर तुमने कहा कि सुख दुःख दूसरे का किया होता है। मैं ऐसा भी नहीं बताता।

तिम्बरुक! बुद्ध इन दो अन्तों को छोड़ मध्यम रीति से सत्य का उपदेश करते हैं।

अविद्या के होने से संस्कार होते ... । इस तरह, सारे दुःख-समूह का समुदय होता है।

उसी अविद्या के बिल्कुल हट और रुक जाने से ... सारा दुःख समूह रुक जाता है।

हे गौतम! आज से जन्म भर मुझे अपना शरणागत उपासक स्वीकार करें।

§ ९. बालपण्डित सुत्त (१२ २ ९)

मूर्ख और पण्डित में अन्तर

श्रावस्ती में।

भिक्षुओ! अविद्या में पड़, तृष्णा, बढ़ाते रहने से ही मूर्ख जनों का चोला खड़ा रहता है। और, यह चोला बाहर और भीतर से नाम-रूप (=पञ्च स्कन्ध) ही है। सो दो दो (=इन्द्रिय और उसका विषय)

* सयंकत = स्वयं वेदना ही सुख दुःख की अनुभूति का कारण होना।

के होने से स्पर्श होता है। यह छः आयतन हैं जिनसे स्पर्श कर मूर्ख सुख-दुःख का अनुभव करता है। अथवा, इन (छः आयतनों) में किसी एक से।

भिक्षुओ! अविद्या में पड़, तृष्णा बढ़ाते रहने से ही पण्डित जनों का भी चोला खड़ा रहता है। और, यह चोला बाहर और भीतर से नाम-रूप (=पञ्च स्कन्ध) ही है। सो, दो दो के होने से स्पर्श होता है। यह छः आयतन हैं जिनसे स्पर्श कर मूर्ख सुख-दुःख का अनुभव करता है। अथवा, इनमें किसी एक से।

भिक्षुओ! तब, मूर्ख और पण्डित में क्या अन्तर=भेद होता है?

भन्ते! भगवान् ही धर्म के गुरु, नायक और उपदेष्टा हैं। भन्ते! अच्छा होता कि भगवान् ही इस प्रश्न को खुलासा करते। भगवान् से सुन-कर भिक्षु धारण करेंगे।

तो, भिक्षुओ! सुनो, अच्छी तरह मन लगाओ, मैं कहता हूँ।

"भन्ते! बहुत अच्छा" कह भिक्षुओं ने भगवान् को उत्तर दिया।

भगवान् बोले—भिक्षुओ! जिस अविद्या और तृष्णा के हेतु मूर्ख जनों का चोला खड़ा रहता है, वह अविद्या और तृष्णा उनकी क्षीण हुई नहीं होती है। सो क्यों? भिक्षुओ! क्योंकि दुःख का बिल्कुल क्षय कर देने के लिये मूर्ख ने ब्रह्मचर्य नहीं पाला। इसलिये मूर्ख एक चोला छोड़कर दूसरा धरता है। इस तरह चोला धरते रह, वह जाति, जरामरण, शोक, रोना-पीटना, दुःख, बेचैनी, परेशानी से नहीं छूटता है। दुःख से नहीं छूटता है—ऐसा मैं कहता हूँ।

भिक्षुओ! जिस अविद्या और तृष्णा के हेतु पण्डित जनों का चोला खड़ा रहता है, वह अविद्या और तृष्णा उनकी क्षीण हो गई होती है। सो क्यों? भिक्षुओ! क्योंकि दुःख का बिल्कुल क्षय कर देने के लिये पण्डित ने ब्रह्मचर्य का पालन किया है। इसलिये, पण्डित एक चोला छोड़ कर दूसरा नहीं धरता इस तरह फिर चोला न धर, वह जाति, जरामरण, शोक-रोना पीटना, दुःख बेचैनी, परेशानी से छूट जाता है। दुःख से छूट जाता है—ऐसा मैं कहता हूँ।

भिक्षुओ! यही ब्रह्मचर्य पालन न करने और करने का अन्तर=भेद मूर्ख और पण्डित में होता है।

§ १०. पचय सुत्त (१२. २. १०)

प्रतीत्य समुत्पाद की व्याख्या

श्रावस्ती में।

भिक्षुओ! मैं प्रतीत्यसमुत्पाद और प्रतीत्य समुत्पन्न धर्मों का उपदेश करूँगा। उसे सुनो, अच्छी तरह मन लगाओ, मैं कहता हूँ।

"भन्ते! बहुत अच्छा" कह, भिक्षुओं ने भगवान् को उत्तर दिया।

भगवान् बोले—भिक्षुओ! प्रतीत्य समुत्पाद क्या है? भिक्षुओ! बुद्ध अवतार लें या नहीं, (यह तो सर्वदा सत्य रहता है कि) जनमने पर बूढ़ा होता है और मर जाता है (= जाति के प्रत्यय से जरामरण होता है)। प्रकृति का यह नियम है कि एक धर्म के होने से दूसरा होता है, उसे बुद्ध भली भाँति बूझते और जानते हैं। उसे भली भाँति बूझ और जानकर बताते हैं = उपदेश करते हैं = जताते हैं = सिद्ध करते हैं = खोल देते हैं = विभाग कर देते हैं = साफ करते हैं, और कहते हैं—

देखो! भिक्षुओ! जाति के होने से जरामरण होता है। भव के होने से जाति होती है। उपादान के होने से भव होता है। तृष्णा के होने से उपादान होता है। वेदना के होने से तृष्णा होती है। स्पर्श के होने से वेदना होती है। षडायतन के होने से स्पर्श होता है। नामरूप के होने से षडायतन होता है। विज्ञान के होने से नामरूप होता है। संस्कारों के होने से विज्ञान होता है। अविद्या के होने से संस्कार होते हैं।—बुद्ध का अवतार हो या नहीं यह नियम सदा बना रहता है।

प्रकृति का यह नियम है कि एक धर्म के होने से दूसरा होता है, उसे बुद्ध भली भाँति बूझते और जानते हैं। भली भाँति बूझ और जानकर बताते हैं = उपदेश करते हैं और कहते हैं—

देखो! भिक्षुओ! अविद्या के होने से संस्कार होते हैं। भिक्षुओ! इसकी सारी सत्यता इसी हेतु—नियम पर निर्भर है।

भिक्षुओ! प्रतीत्य समुत्पन्न धर्म क्या हैं? भिक्षुओ! जरामरण अनित्य है, संस्कृत है, प्रतीत्य समुत्पन्न है, क्षय होनेवाला है, व्यय होनेवाला है, छोड़ दिया जा सकता है, रोक दिया जा सकता है।

भिक्षुओ! जाति ! भव ! उपादान ! तृष्णा ! वेदना ! स्पर्श ! षडायतन ! नाम रूप ! विज्ञान ! संस्कार ! अविद्या अनित्य है, संस्कृत है, प्रतीत्य समुत्पन्न है, क्षय होने वाली है, व्यय होने वाली है, छोड़ दी जा सकती है, रोक दी जा सकती है। भिक्षुओ! इन्हीं को प्रतीत्य समुत्पन्न धर्म कहते हैं।

भिक्षुओ! आर्यश्रावक को यह प्रतीत्य समुत्पाद (का नियम) और प्रतीत्य समुत्पन्न धर्म अच्छी तरह समझ कर स्पष्टतः साक्षात् कर लिये गये होते हैं।

वह पूर्वान्त की मिथ्यादृष्टि में नहीं रहता है, कि—मैं भूतकाल में था, मैं भूतकाल में नहीं था, भूतकाल में क्या था, भूतकाल में मैं कैसा था, भूतकाल में मैं क्या होकर क्या हो गया था?

वह अपरान्त की मिथ्यादृष्टि में भी नहीं रहता है, कि—मैं भविष्य में होऊँगा, मैं भविष्य में नहीं होऊँगा, भविष्य में क्या होऊँगा, भविष्य में कैसा होऊँगा, भविष्य में क्या होकर क्या हो जाऊँगा।

वह प्रत्युत्पन्न (=वर्तमान काल) को लेकर भी अपने भीतर संशय नहीं करता—मैं हूँ, मैं नहीं हूँ, मैं क्या हूँ, मैं कैसा हूँ, मेरा जीव कहाँ से आया है, और कहाँ जायगा।

सो क्यों? भिक्षुओ! क्योंकि आर्यश्रावक को यह प्रतीत्य समुत्पाद और प्रतीत्य समुत्पन्न धर्म अच्छी तरह समझ कर स्पष्टतः साक्षात् कर लिये गये होते हैं।

आहार वर्ग समाप्त।

तीसरा भाग

दशबल-वर्ग

§ १. पठम दसबल सुत्त (१२. ३. १)

बुद्ध सर्वोत्तम कहलाने के अधिकारी

श्रावस्ती में ।

भिक्षुओ ! बुद्ध दशबल और चार वैशारद्य से युक्त हो सर्वोत्तम कहलाने के अधिकारी हैं । सभा में सिंह-नाद करते हैं, ब्रह्मचक्र को प्रवर्तित करते हैं ।

यह रूप है, यह रूप का उगना है, यह रूप का लय हो जाना है । यह वेदना है'' । यह संज्ञा है'''। यह संस्कार है'''। यह विज्ञान है, यह विज्ञान का उगना है, यह विज्ञान का लय हो जाना है ।

सो, एक के होने से दूसरा होता है, एक के उगने से दूसरा उग खड़ा होता है । एक के नहीं होने से दूसरा नहीं होता है, एक के रुक जाने से दूसरा रुक जाता है ।

जो अविद्या के होने से संस्कार होते हैं'''। इस तरह सारे दुःख-समूह का समुदय हो जाता है ।

उसी अविद्या के बिल्कुल हट और रुक जाने से'''। इस तरह, सारा दुःख समूह रुक जाता है ।

§ २. दुतिय दसबल सुत्त (१२. ३. २)

प्रव्रज्या की सफलता के लिए उद्योग

श्रावस्ती में ।

भिक्षुओ ! बुद्ध दशबल और चार वैशारद्य से युक्त हो'' [ऊपर वाले सूत्र की पुनरावृत्ति] इस तरह, सारा दुःख समूह रुक जाता है ।

भिक्षुओ ! मैंने धर्म को साफ साफ कह दिया है=समझा दिया है=खोल दिया है=प्रकाशित कर दिया है=लपेटन काट दिया है ।

भिक्षुओ ! ऐसे ''धर्म में श्रद्धा से प्रव्रजित हुये कुलपुत्र का वीर्य करना सफल होता है ।—चाम, नाड़ी, और हड्डियाँ ही भले शरीर में रह जायँ, मांस और लोहित भले ही सूख जायँ—किन्तु, जो पुरुष के उत्साह, पुरुष के वीर्य और पुरुष के पराक्रम से पाया जा सकता है उसे बिना प्राप्त किये उद्योग से मुँह नहीं मोड़ूँगा ।

भिक्षुओ ! काहिल पुरुष पाप-धर्मों में पड़कर दुःख पूर्ण जीता है; महान् परमार्थ से हाथ धो बैठता है । भिक्षुओ ! और, वीर्यवान् पुरुष पाप-धर्मों से बचा रह, आनन्द-पूर्वक विहार करता है; महान् परमार्थ को पूरा कर लेता है ।

भिक्षुओ ! हीन से अग्र की प्राप्ति नहीं होती, अग्र से ही अग्र की प्राप्ति होती है । भिक्षुओ ! ब्रह्मचर्य पालन करने की श्रद्धा लाओ, सामने बुद्ध मौजूद हैं । इसलिये, हे भिक्षुओ ! वीर्य करो, अप्राप्त की प्राप्ति के लिये, नहीं पहुँचे हुये स्थान पर पहुँचने के लिये, कभी देखी नहीं गई चीज़ को साक्षात् करने के लिये ।

इस तरह, तुम्हारी प्रव्रज्या खाली नहीं जायगी, बल्कि सफल और सिद्ध होगी। जिनका दान किया चीवर, पिण्डपात, शयनासन, ग्लानप्रत्यय भोग करोगे उन्हें बड़ा पुण्य प्राप्त होगा।

भिक्षुओ तुम्हें इसी तरह सीखना चाहिये। भिक्षुओ! अपने हित को ध्यान में रखते हुये सावधान हो उद्योग करो। दूसरों के हित को भी ध्यान में रखते हुये सावधान हो उद्योग करो।

§ ३. उपनिसा सुत्त (१२. ३. ३)

आश्रव-क्षय, प्रतीत्य समुत्पाद

श्रावस्ती में।

भिक्षुओ! मैं जानने और देखते हुये ही आश्रवों के क्षय करने का उपदेश करता हूँ, बिना जाने और देखे नहीं।

भिक्षुओ! क्या जान और देखकर आश्रवों का क्षय होता है? यह रूप है, यह रूप का उगना है, यह रूप का लय हो जाना है। यह वेदना, संज्ञा, संस्कार···०। यह विज्ञान है, यह विज्ञान का उगना है, यह विज्ञान का लय हो जाना है। भिक्षुओ! इसे ही जान और देखकर आश्रवों का क्षय होता है।

भिक्षुओ! क्षय होने पर जो क्षय होने का ज्ञान होता है उसे भी मैं सहेतुक बताता हूँ, अहेतुक नहीं।

भिक्षुओ! क्षय होने के ज्ञान का हेतु क्या है? विमुक्ति ही हेतु है—ऐसा कहना चाहिये। भिक्षुओ! विमुक्ति को भी मैं सहेतुक बताता हूँ, अहेतुक नहीं।

भिक्षुओ! विमुक्ति का हेतु क्या है? वैराग्य हेतु है—ऐसा कहना चाहिये। भिक्षुओ! वैराग्य को भी मैं सहेतुक बताता हूँ, अहेतुक नहीं।

भिक्षुओ! वैराग्य का हेतु क्या है? संसार की बुराइयों को देख उससे भय करना (=निब्बिदा) हेतु है—ऐसा कहना चाहिये। भिक्षुओ! मैं इस भय करने को भी सहेतुक बताता हूँ, अहेतुक नहीं।

भिक्षुओ! इस भय करने का हेतु क्या है? उसका हेतु यथार्थज्ञानदर्शन है—ऐसा कहना चाहिये। भिक्षुओ! यथार्थज्ञानदर्शन को भी मैं सहेतुक बताता हूँ, अहेतुक नहीं।

भिक्षुओ! यथार्थज्ञानदर्शन का हेतु क्या है? उसका हेतु समाधि है—ऐसा कहना चाहिये। भिक्षुओ! समाधि को भी मैं सहेतुक बतता हूँ, अहेतुक नहीं।

भिक्षुओ! समाधि का हेतु क्या है? उसका हेतु सुख है—ऐसा कहना चाहिये। भिक्षुओ! सुख को भी मैं सहेतुक बताता हूँ, अहेतुक नहीं।

भिक्षुओ! सुख का हेतु क्या है? उसका हेतु शान्ति (=प्रश्रब्धि) है—ऐसा कहना चाहिये। भिक्षुओ! शान्ति को भी मैं सहेतुक बताता हूँ, अहेतुक नहीं।

भिक्षुओ! शान्ति का हेतु क्या है? उसका हेतु प्रीति है—ऐसा कहना चाहिये। भिक्षुओ! प्रीति को भी मैं सहेतुक बताता हूँ, अहेतुक नहीं।

भिक्षुओ! प्रीति का हेतु क्या है? उसका हेतु प्रमोद है—ऐसा कहना चाहिये। भिक्षुओ! प्रमोद को भी मैं सहेतुक बताता हूँ, अहेतुक नहीं।

भिक्षुओ! प्रमोद का हेतु क्या है? उसका हेतु श्रद्धा है—ऐसा कहना चाहिये। भिक्षुओ! श्रद्धा को भी मैं सहेतुक बताता हूँ, अहेतुक नहीं।

भिक्षुओ! श्रद्धा का हेतु क्या है? उसका हेतु दुःख है—ऐसा कहना चाहिये। भिक्षुओ! दुःख को भी मैं स[illegible] हूँ [illegible] नहीं।

भिक्षुओ ! दुःख का हेतु क्या है ? उसका हेतु जाति है—ऐसा कहना चाहिये। भिक्षुओ ! जाति को भी मैं सहेतुक बताता हूँ अहेतुक नहीं।

भिक्षुओ ! जाति का हेतु···भव है···।

भिक्षुओ ! भव का हेतु···उपादान है···।

भिक्षुओ ! उपादान का हेतु···तृष्णा है···।

भिक्षुओ ! तृष्णा का हेतु···वेदना है···।

भिक्षुओ ! वेदना का हेतु···स्पर्श है···।

भिक्षुओ ! स्पर्श का हेतु···षडायतन है···।

भिक्षुओ ! षडायतन का हेतु···नामरूप है···।

भिक्षुओ ! नामरूप का हेतु···विज्ञान है···।

भिक्षुओ ! विज्ञान का हेतु···संस्कार है···।

भिक्षुओ ! संस्कार का हेतु···अविद्या है।

भिक्षुओ ! इस तरह अविद्या के होने से संस्कार, संस्कार के होने से विज्ञान, ···नामरूप, ···षडायतन, ···स्पर्श, ···वेदना, ···तृष्णा, ···उपादान, ···भव, ···जाति, ···दुःख, दुःख के होने से श्रद्धा, ···प्रमोद, ···प्रीति, ···प्रश्रब्धि, ···सुख, ···समाधि, ···यथार्थ ज्ञान-दर्शन, ···संसार-भीति, ···वैराग्य, ···वैराग्य से विमुक्ति होती है, विमुक्ति में आश्रवों के क्षय होने का ज्ञान हो जाता है।

भिक्षुओ ! जैसे पहाड़ के ऊपर मूसलधार वृष्टि होने से, जल नीचे की ओर बह कर पर्वत, कन्दरा प्रदर, शाखा सभी को भर देता है। इन्हें भर जाने से नाले बह निकलते हैं। नालों के भर जाने से डोढ़ियाँ भर जाती हैं। डोढ़ियों के भर जाने से, छोटी-छोटी नदियाँ भर जाती हैं। छोटी-छोटी नदियों के भर जाने से बड़ी-बड़ी नदियाँ भर जाती हैं। बड़ी-बड़ी नदियों के भर जाने से समुद्र सागर भी भर जाते हैं।

भिक्षुओ ! इसी तरह, अविद्या के होने से संस्कार, संस्कार के होने से विज्ञान, ···नामरूप, ···षडायतन, ···स्पर्श, ···वेदना, ···तृष्णा, ···उपादान, ···भव, ···जाति, ···दुःख, ···श्रद्धा, ···प्रमोद, ···प्रीति, ···प्रश्रब्धि, ···सुख, ···समाधि, ···यथार्थ ज्ञान-दर्शन, ···संसार-भीति, वैराग्य, वैराग्य के होने से विमुक्ति और विमुक्ति के होने से क्षय होने का ज्ञान।

§ ४. अञ्ञतित्थिय सुत्त (१२. ३. ४)

दुःख प्रतीत्य समुत्पन्न है

राजगृह के वेलुवन में।

तब, आयुष्मान् सारिपुत्र सुबह में पहन और पात्रचीवर ले भिक्षाटन के लिये राजगृह में पैठे।

तब, आयुष्मान् सारिपुत्र के मन में ऐसा हुआ—अभी राजगृह में भिक्षाटन करने के लिये कुछ सबेरा है; तो मैं जाऊँ जहाँ अन्य तैर्थिक परिव्राजकों का आराम है।

तब, आयुष्मान् सारिपुत्र जहाँ अन्य तैर्थिक परिव्राजकों का आराम था वहाँ गये, जाकर उनका सम्मोदन किया और कुशल क्षेम के प्रश्न पूछने के बाद एक ओर बैठ गये।

एक ओर बैठे हुये आयुष्मान् सारिपुत्र को वे अन्य तैर्थिक परिव्राजक बोले—आवुस सारिपुत्र ! कुछ श्रमण और ब्राह्मण कर्मवादी हैं जो दुःख को अपना स्वयं किया हुआ बताते हैं। आवुस सारिपुत्र ! ऐसे भी कुछ श्रमण और ब्राह्मण कर्मवादी हैं जो दुःख को दूसरे का किया हुआ बताते हैं। आवुस सारिपुत्र ! ऐसे भी कुछ श्रमण और ब्राह्मण कर्मवादी हैं जो दुःख को अपना स्वयं किया हुआ और दूसरे का भी किया हुआ बताते हैं।

आवुस सारिपुत्र ! और, ऐसे भी कितने श्रमण और ब्राह्मण कर्मवादी हैं जो दुःख को न अपना स्वयं किया हुआ और न दूसरे का किया हुआ, किन्तु अकारण हठात् हो गया बताते हैं।

आवुस सारिपुत्र ! इस विषय में श्रमण गौतम का क्या कहना है ? क्या कह कर हम श्रमण गौतम के सिद्धान्त को यथार्थतः बता सकते हैं, जिसमें श्रमण गौतम के सिद्धान्त में हम उलटा-पुलटा न कर दें, उनके धर्म के अनुकूल कहें, और, जिसके कहने से कोई सहधार्मिक निन्दा-स्थान को न प्राप्त हो जाय।

आवुस ! भगवान् ने दुःख को प्रतीत्यसमुत्पन्न बतलाया है। किसके प्रत्यय से (=होने से) ? स्पर्श के प्रत्यय से। ऐसा ही कह कर आप भगवान् के सिद्धान्त को यथार्थतः बता सकते हैं, जिससे भगवान् के सिद्धान्त में आप उलटा पुलटा न कर दें; उनके धर्म के अनुकूल कहें,...।

आवुस ! जो कर्मवादी श्रमण या ब्राह्मण दुःख को अपना स्वयं किया हुआ बताते हैं वह भी स्पर्श के प्रत्यय ही से होता है। जो कर्मवादी श्रमण या ब्राह्मण दुःख को अपना स्वयं किया हुआ और दूसरे का भी किया हुआ बताते हैं वह भी स्पर्श के प्रत्यय ही से होता है। जो कर्मवादी श्रमण या ब्राह्मण दुःख को न अपना स्वयं किया हुआ और न दूसरे का किया हुआ, किन्तु अकारण हठात् हो गया बतलाते हैं, वह भी स्पर्श के प्रत्यय ही से होता है।

आवुस ! जो कर्मवादी श्रमण या ब्राह्मण दुःख को अपना स्वयं किया हुआ बताते हैं, वे बिना स्पर्श के ही कुछ अनुभव कर लें—ऐसा सम्भव नहीं। ...। जो श्रमण या ब्राह्मण दुःख को अकारण हठात् हो गया बताते हैं, वे भी बिना स्पर्श के ही कुछ अनुभव कर लें—ऐसा सम्भव नहीं।

ख

आयुष्मान् आनन्द ने अन्य तैर्थिक परिव्राजकों के साथ आयुष्मान् सारिपुत्र को कथा-संलाप करते सुना।

तब, आयुष्मान् आनन्द भिक्षाटन से लौट भोजन कर लेने पर जहाँ भगवान् थे वहाँ गये, और भगवान् का अभिवादन करके एक ओर बैठ गये। एक ओर बैठ, आयुष्मान् आनन्द ने भगवान् को अन्य तैर्थिक परिव्राजकों के साथ आयुष्मान् सारिपुत्र का जो कुछ कथा-संलाप हुआ था उसे ज्यों का त्यों कह सुनाया।

ठीक है आनन्द ! सारिपुत्र ने ठीक ही समझाया है। मैंने दुःख को प्रतीत्यसमुत्पन्न (हेतु के होने से उत्पन्न होनेवाला) बताया है। किसके प्रतीत्य से (=होने से) ? स्पर्श के प्रत्यय से। ऐसा ही कहकर कोई भी मेरे उपदेश को यथार्थतः बता सकता है, ऐसा कहनेवाला मेरे सिद्धान्त में कुछ उलटा पुलटा नहीं करता है। ऐसा कहनेवाला कोई सहधार्मिक बातचीत में निन्दा-स्थान को नहीं प्राप्त करता है।

आनन्द ! जो कर्मवादी श्रमण या ब्राह्मण दुःख को...बताते हैं, वह भी स्पर्श के प्रत्यय ही से होता है।

आनन्द ! जो कर्मवादी श्रमण या ब्राह्मण दुःख को...बताते हैं, वे बिना स्पर्श के ही कुछ अनुभव कर लें ऐसा सम्भव नहीं।

आनन्द ! एक समय मैं इसी राजगृह के वेलुवन कलन्दकनिवाप में विहार कर रहा था। आनन्द ! तब, मैं सुबह में पहन और पात्रचीवर ले भिक्षाटन के लिए राजगृह में पैठा। आनन्द ! तब, मेरे मन में यह हुआ—अभी राजगृह में भिक्षाटन करने के लिए बड़ा सवेरा है, तो मैं जहाँ अन्य तैर्थिक परिव्राजकों का आराम है वहाँ चलूँ।

आनन्द ! तब, मैं जहाँ अन्य तैर्थिक परिव्राजकों का आराम था वहाँ गया, और उनका सम्मोदन किया, तथा कुशल क्षेम के प्रश्न पूछने के बाद एक ओर बैठ गया।

आनन्द ! एक ओर बैठने पर अन्य तैर्थिक परिव्राजकों ने मुझसे पूछा . ..।

" [वही प्रश्नोत्तर जो आयुष्मान् सारिपुत्र के साथ कहा गया है ।]

भन्ते, आश्चर्य है ! अद्भुत है !! कि एक ही पद से सारा अर्थ कह दिया गया। भन्ते ! यदि यही अर्थ विस्तार से कहा जाता तो बड़ा गम्भीर होता, देखने में अत्यन्त गहरा मालूम पड़ता।

तो, आनन्द ! तुम इसे कहो।

ग

भन्ते ! यदि मुझसे कोई पूछे—आवुस आनन्द ! जरामरण का निदान क्या है, समुदय क्या है, उत्पत्ति क्या है, उद्गम क्या है ?—तो मैं ऐसा उत्तर दूँ —आवुस ! जरामरण का निदान जाति है, समुदय जाति है, उत्पत्ति जाति है, उद्गम जाति है। भन्ते ! ऐसे पूछे जाने से मैं ऐसा ही उत्तर दूँ।

...जाति का निदान भव है ...।

... भव का निदान उपादान है ।

उपादान का निदान तृष्णा है ।

तृष्णा का निदान वेदना है ।

... वेदना का निदान स्पर्श है ...।

भन्ते ! यदि मुझ से कोई पूछे—आवुस आनन्द ! स्पर्श का निदान क्या है ...?—तो मैं ऐसा उत्तर दूँ—आवुस ! स्पर्श का निदान षडायतन है... । आवुस ! इन्हीं छः स्पर्शायतनों के बिल्कुल रुक जाने से स्पर्श का होना रुक जाता है। स्पर्श के रुक जाने से वेदना नहीं होती। वेदना के रुक जाने से तृष्णा नहीं होती। तृष्णा के रुक जाने से उपादान नहीं होता। उपादान के रुक जाने से भव नहीं होता। भव के रुक जाने से जाति नहीं होती। जाति के रुक जाने से जरा, मरण, शोक, रोना पीटना, दुःख, बेचैनी, परेशानी सभी रुक जाते हैं। इस तरह, सारा दुःख समूह रुक जाता है। भन्ते ! ऐसे पूछे जाने से मैं ऐसा ही उत्तर दूँ।

§ ५. भूमिज सुत्त (१२. ३. ५)

सुख दुःख सहेतुक है

श्रावस्ती में।

क

तब, आयुष्मान् भूमिज सन्ध्या समय ध्यान से उठ, जहाँ आयुष्मान् सारिपुत्र थे वहाँ गये, और ...कुशलक्षेम के प्रश्न पूछकर एक ओर बैठ गये।

एक ओर बैठ, आयुष्मान् भूमिज आयुष्मान् सारिपुत्र से बोले—आवुस सारिपुत्र ! कुछ श्रमण और ब्राह्मण कर्मवादी हैं जो सुख दुःख को अपना स्वयं किया हुआ मानते हैं। ...जो सुख दुःख को दूसरे का किया हुआ मानते हैं। ...जो सुख दुःख को अपना स्वयं किया हुआ और दूसरे का किया हुआ मानते हैं। ...जो सुख दुःख को अकारण हठात् उत्पन्न हो गया मानते हैं।

आवुस सारिपुत्र ! इस विषय में भगवान् का क्या कहना है ? क्या कह कर हम भगवान् के सिद्धान्त को यथार्थतः बता सकते हैं, जिससे हम भगवान् के सिद्धान्त में कुछ उलटा पुलटा न कर दें, उनके धर्म के अनुकूल कहें, और, जिसके कहने से कोई सहधार्मिक बातचीत में निन्द्य स्थान को न प्राप्त हो जाय।

आवुस ! भगवान् ने सुख-दुःख को प्रतीत्यसमुत्पन्न बताया है। किसके प्रतीत्य से ? स्पर्श के प्रतीत्य से। ऐसा ही कहने वाला भगवान् के सिद्धान्त को यथार्थतः बताता है······।

आवुस ! जो कर्मवादी श्रमण या ब्राह्मण सुख-दुःख को···अकारण हठात् उत्पन्न हो गया मानते हैं वह भी स्पर्श के होने ही से होता है।

···वे बिना स्पर्श के ही कुछ अनुभव कर लें—ऐसा सम्भव नहीं।

ख

आयुष्मान् आनन्द ने आयुष्मान् भूमिज के साथ आयुष्मान् सारिपुत्र के कथासंलाप को सुना।

तब, आयुष्मान् आनन्द जहाँ भगवान् थे वहाँ गये, और भगवान् का अभिवादन करके एक ओर बैठ गये। एक ओर बैठ, आयुष्मान् आनन्द ने भगवान् को आयुष्मान् भूमिज के साथ आयुष्मान् सारिपुत्र का जो कथासंलाप हुआ था सभी ज्यों का त्यों कह सुनाया।

ठीक है आनन्द ! सारिपुत्र ने बड़ा ठीक समझाया। आनन्द ! मैंने सुख-दुःख को प्रतीत्यसमुत्पन्न बताया है। किसके प्रतीत्य से ? स्पर्श के प्रतीत्य से। ऐसा कहने वाला मेरे सिद्धान्त को यथार्थतः बताता है······।

आनन्द ! जो कर्मवादी श्रमण या ब्राह्मण सुख-दुःख को···अकारण हठात् उत्पन्न हो गया मानते हैं वह भी स्पर्श के होने ही से होता है।

···वे बिना स्पर्श के ही कुछ अनुभव कर लें ऐसा सम्भव नहीं।

आनन्द ! शरीर से कोई कर्म करने पर कर्म की चेतना (=will) के हेतु से अपने में सुख-दुःख उत्पन्न होता है। आनन्द ! कोई वचन बोलने पर वाक्चेतना के हेतु से अपने में सुख-दुःख उत्पन्न होता है। आनन्द ! मन से कुछ वितर्क करने पर मनश्चेतना के हेतु से अपने में सुख-दुःख उत्पन्न होता है।

आनन्द ! चाहे अविद्या के कारण जो स्वयं कायसंस्कार इकट्ठा करता है, उसके प्रत्यय से उसे अपने में सुख-दुःख उत्पन्न होता है। आनन्द ! चाहे, जो दूसरे ही कायसंस्कार इकट्ठा करते हैं, उसके प्रत्यय से भी उसे अपने में सुख-दुःख उत्पन्न होता है। आनन्द ! चाहे जान बूझकर जो कायसंस्कार इकट्ठा करता है, उसके प्रत्यय से उसे अपने में सुख-दुःख उत्पन्न होता है। आनन्द ! चाहे बिना जाने बूझे जो कायसंस्कार इकट्ठा करता है, उसके प्रत्यय से उसे अपने में सुख-दुःख उत्पन्न होता है।

आनन्द ! चाहे स्वयं जो वाक्संस्कार इकट्ठा करता है, उसके प्रत्यय से उसे अपने में सुख-दुःख उत्पन्न होता है।

आनन्द ! चाहे स्वयं जो मनःसंस्कार···।···

आनन्द ! इन छः धर्मों में अविद्या लगी हुई है। अविद्या के बिल्कुल हट और रुक जाने से वह कर्म नहीं होता है, जिससे उसे सुख-दुःख उत्पन्न हो। वह वचन, वह मन के वितर्क नहीं होते हैं, जिनसे उसे सुख-दुःख उत्पन्न हों।

उसे वह क्षेत्र ही नहीं रहता है, आधार ही नहीं रहता है, आयतन नहीं रहता, हेतु नहीं रहता; जिसके प्रत्ययसे उसे अपने में सुख-दुःख उत्पन्न हों।

§ ६. उपवान सुत्त (१२. ३. ६)

दुःख समुत्पन्न है

श्रावस्ती में।

तब, आयुष्मान् उपवान जहाँ भगवान् थे वहाँ आये, और भगवान् का अभिवादन करके एक ओर बैठ गये। एक ओर बैठ, आयुष्मान् उपवान भगवान् से बोले—

भन्ते ! कितने श्रमण या ब्राह्मण हैं जो दुःख को स्वयं अपना किया हुआ बताते हैं। ···दूसरे का किया···।···स्वयं अपना किया हुआ भी और दूसरे का किया भी···।···न स्वयं अपना किया हुआ और न दूसरे का किया हुआ, किंतु अकारण हठात् उत्पन्न···।

भन्ते ! इस विषय में भगवान् का क्या कहना है ?···

उपवान ! मैंने दुःख को प्रतीत्यसमुत्पन्न बताया है। किसके प्रत्ययसे ? स्पर्शके प्रत्ययसे।···

उपवान ! जो दुःख को···अकारण हठात् उत्पन्न हुआ मानते हैं, वह भी स्पर्श के होने से ही होता है।

उपवान् !···वे बिना स्पर्श के ही कुछ अनुभव कर लें—ऐसा सम्भव नहीं।

§ ७. पच्चय सुत्त (१२. ३. ७)

कार्य-कारणका सिद्धान्त

श्रावस्ती में।

भिक्षुओ ! अविद्याके होनेसे संस्कार होते हैं।···। इस तरह, सारा दुःख-समूह उठ खड़ा होता है।

भिक्षुओ ! जरामरण क्या है ? जो उन उन जीवोंके उन उन योनियोंमें बूढ़ा हो जाना, पुरनिया हो जाना, दाँतोंका टूट जाना, बाल सफेद हो जाना, झुर्रियाँ पड़ जानी, उमरका खातमा और इन्द्रियोंका शिथिल हो जाना, इसीको कहते हैं जरा। जो उन उन जीवोंके उन उन योनियोंसे खिसक पड़ना, टपक *पड़ना, फट जाना, अन्तर्धान हो जाना, मृत्यु, मरण, कज़ा कर जाना, स्कन्धोंका छिन्न भिन्न हो जाना,* चोलाको छोड़ देना है। इसी को कहते हैं मरण। ऐसी यह जरा और ऐसा यह मरण। भिक्षुओ ! इसीको कहते हैं जरामरण।

जाति के समुदयसे जरामरणका समुदय होता है। जातिके निरोधसे जरामरणका निरोध होता है। यही आर्य-अष्टाङ्गिक-मार्ग जरामरणके निरोधका उपाय है। आर्य-अष्टाङ्गिक मार्ग है—(१) सम्यक् दृष्टि, (२) सम्यक् संकल्प, (३) सम्यक् वाक्, (४) सम्यक् कर्मान्त, (५) सम्यक् आजीव, (६) सम्यक् *व्यायाम, (७) सम्यक् स्मृति, (८) सम्यक् समाधि।*

भिक्षुओ ! जाति, भव, उपादान, तृष्णा, वेदना, स्पर्श, षडायतन, नामरूप, विज्ञान, संस्कार क्या है ?

[देखो—पहला भाग § २ (२)]

अविद्या के समुदय से संस्कार का समुदय होता है। अविद्या के निरोध से संस्कार का निरोध होता है। यही आर्य-अष्टांगिक-मार्ग संस्कार के निरोध करने का उपाय है···।

भिक्षुओ ! जो आर्यश्रावक इस प्रत्यय को जानता है, प्रत्यय के समुदय को जानता है, प्रत्यय के *निरोध को जानता है, प्रत्यय की निरोधगामिनी प्रतिपदा को जानता है—वही आर्य-श्रावक दृष्टिसम्पन्न* कहा जाता है, दर्शनसम्पन्न भी, सद्धर्म को प्राप्त भी, सद्धर्म को देखने वाला भी, शैक्ष्य-ज्ञान से युक्त भी, शैक्ष्य विद्या से युक्त भी, धर्म के स्रोत में आ गया भी, निर्वेधिकप्रज्ञ भी, अमृत के द्वार पर पहुँच कर खड़ा हुआ भी।

§ ८. भिक्खु सुत्त (१२. ३. ८)

कार्य-कारणका सिद्धान्त

श्रावस्ती में।

भिक्षुओ ! यहाँ, भिक्षु जरामरण को जानता है। जरामरण के समुदय को जानता है, जरामरण के निरोध को जानता है। जरामरण की निरोध-गामिनी-प्रतिपदा को जानता है···।

जाति को जानता है···। भव को जानता है···। उपादान को जानता है···। तृष्णा को जानता है···। वेदना को जानता है···। स्पर्श को जानता है···। षडायतन को जानता है···। नामरूप को जानता है···। विज्ञान को जानता है···। संस्कार को जानता है···।

भिक्षुओ ! जरामरण क्या है ? [ऊपर के सूत्र ऐसा]

§ ९. पठम समणब्राह्मण सुत्त (१२. ३. ९)

परमार्थज्ञाता श्रमण ब्राह्मण

श्रावस्ती में ।

क

भिक्षुओ ! जो श्रमण या ब्राह्मण जरामरण···, जाति··, भव···, उपादान··, तृष्णा···, वेदना ···, स्पर्श··, षडायतन··, नामरूप··, विज्ञान··, संस्कार को नहीं जानते हैं, संस्कार के समुदय को नहीं जानते हैं, संस्कार के निरोध को नहीं जानते हैं, संस्कार की निरोधगामिनी प्रतिपदा को नहीं जानते हैं—उन श्रमणों की न तो श्रमणों में गिनती होती है, और न ब्राह्मणों की ब्राह्मणों में । वे आयुष्मान् इसी जन्म में श्रमण या ब्राह्मण के परमार्थ को स्वयं जान, साक्षात् कर, और प्राप्त कर विहार नहीं करते ।

भिक्षुओ ! जो श्रमण या ब्राह्मण जरामरण···संस्कार···की निरोधगामिनी प्रतिपदाको जानते हैं—इन्हीं श्रमणोंकी श्रमणोंमें गिनती होती है, और ब्राह्मणोंकी ब्राह्मणोंमें । वे आयुष्मान् इसी जन्ममें श्रमण या ब्राह्मणके परमार्थको स्वयं जान, साक्षात् कर, और प्राप्त कर विहार करते हैं ।

§ १०. दुतिय समणब्राह्मण सुत्त (१२. ३. १०)

संस्कार-पारंगत श्रमण ब्राह्मण

श्रावस्ती में ।

भिक्षुओ ! जो श्रमण या ब्राह्मण जरामरण···, जाति···, ···संस्कारको नहीं जानते हैं,···समुदय को नहीं जानते हैं,···निरोधको नहीं जानते हैं,···निरोधगामिनी प्रतिपदाको नहीं जानते हैं—वे जरामरण ···संस्कारोंको पारकर लेंगे, ऐसा सम्भव नहीं ।

भिक्षुओ ! जो श्रमण या ब्राह्मण जरामरण···संस्कारको जानते हैं,···समुदयको जानते हैं,··· निरोधको जानते हैं,···निरोधगामिनी प्रतिपदाको जानते हैं—वे जरामरण···संस्कारोंको पार कर लेंगे —ऐसा हो सकता है ।

दशबल वर्ग समाप्त

चौथा भाग

कलार क्षत्रिय वर्ग

§ १. भूतमिदं सुत्त (१२. ४. १)

यथार्थ ज्ञान

ऐसा मैंने सुना ।

एक समय भगवान् श्रावस्ती में अनाथपिण्डिक के जेतवन आराममें विहार करते थे ।

क

वहाँ, भगवान्ने आयुष्मान् सारिपुत्र को आमन्त्रित किया—सारिपुत्र ! अजित के प्रश्न पूछनेमें यह कहा गया था—

जिन्होंने धर्म जान लिया है, जो इस शासन में सीखने योग्य है,
उनके ज्ञान और आचार कहें, हे मारिष ! मैं पूछता हूँ ॥

सारिपुत्र ! इस संक्षेप में कहे गये का कैसे विस्तार से अर्थ समझना चाहिये ?

इस पर आयुष्मान् सारिपुत्र चुप रहे ।

दूसरी बार भी ''।

तीसरी बार भी आयुष्मान् सारिपुत्र चुप रहे ।

ख

सारिपुत्र ! *यह हो गया, तुम देखो । सारिपुत्र ! यह बीत गया, तुम देखो ।*

भन्ते ! यह हो गया, इसे यथार्थतः सम्यक् प्रज्ञा से देखता है । यह हो गया—इसे यथार्थतः सम्यक् प्रज्ञा से देखकर, उसके निर्वेद = विराग = निरोध के लिये यत्नवान् होता है । उसे आहार के हेतु से होते सम्यक् प्रज्ञा से देखता है । इसे आहार के हेतु से होते सम्यक् प्रज्ञा से यथार्थतः देख, आहार के सम्भव के निर्वेद = विराग = निरोध के लिये यत्नवान् होता है । उसके आहार के निरोध से जो हो गया है उसका भी निरोध होना यथार्थतः सम्यक् प्रज्ञा से जान निरोध धर्म के निर्वेद = विराग = निरोध = अनुपादान में विमुक्त हो जाता है । भन्ते ! धर्म इसी तरह जाना जाता है ।

भन्ते ! अजित के प्रश्न पूछने में जो यह कहा गया था—

जिन्होंने धर्म ॥

उस संक्षेप से कहे गये का मैं ऐसे ही विस्तार से अर्थ समझता हूँ ।

ग

ठीक है, सारिपुत्र, ठीक है !! ······निर्वेद=विराग=निरोध=अनुपादान में विमुक्त हो जाता है । [ऊपर जो कहा गया है उसी की पुनरुक्ति]

§ २. कलार सुत्त (१२. ४. २)

प्रतीत्य समुत्पाद, सारिपुत्र का सिंहनाद

श्रावस्ती में।

क

तब, भिक्षु कलारक्षत्रिय जहाँ आयुष्मान् सारिपुत्र थे वहाँ आया। आकर आयुष्मान् सारिपुत्र का सम्मोदन किया, तथा कुशल-क्षेम के प्रश्न पूछ कर एक ओर बैठ गया।

एक ओर बैठ, भिक्षु कलारक्षत्रिय आयुष्मान् सारिपुत्र से बोला—

आवुस सारिपुत्र! भिक्षु मोलियफग्गुन चीवर छोड़ गृहस्थ हो गया है। उस आयुष्मान् ने इस धर्मविनय में आश्वासन नहीं पाया।

क्या आप आयुष्मान् सारिपुत्र ने इस धर्मविनय में आश्वासन पाया है।

आवुस! इसमें मुझे कुछ संदेह नहीं है।

आवुस! भविष्यकाल में।

आवुस! इसकी मुझे विचिकित्सा नहीं है।

तब, भिक्षु कलारक्षत्रिय आसन से उठ जहाँ भगवान् थे वहाँ गया, और भगवान् का अभिवादन कर एक ओर बैठ गया।

एक ओर बैठ, भिक्षु कलारक्षत्रिय भगवान् से बोला, "भन्ते! सारिपुत्र ने जान लिया है कि जाति क्षीण हो गई, ब्रह्मचर्य पूरा हो गया, जो करना था सो कर लिया, अब और कुछ बाकी नहीं बचा है—ऐसा मैं जानता हूँ।"

तब, भगवान् ने किसी भिक्षु को आमन्त्रित किया—हे भिक्षु! सुनो, जाकर सारिपुत्र को कहो कि बुद्ध तुम्हें बुला रहे हैं।

"भन्ते! बहुत अच्छा" कह, वह भिक्षु भगवान् को उत्तर दे, जहाँ आयुष्मान् सारिपुत्र थे वहाँ गया और बोला—आवुस सारिपुत्र! आपको बुद्ध बुला रहे हैं।

"आवुस! बहुत अच्छा" कह, आयुष्मान् सारिपुत्र उस भिक्षु को उत्तर दे जहाँ भगवान् थे वहाँ गये, और भगवान् का अभिवादन करके एक ओर बैठ गये।

ख

एक ओर बैठे हुये आयुष्मान् सारिपुत्र को भगवान् ने कहा—सारिपुत्र! क्या तुमने सचमुच जानकर ऐसा कहा है, कि मैं जानता हूँ कि जाति क्षीण हो गई, ब्रह्मचर्य पूरा हो गया?

भन्ते! मैंने इन बातोंको इस तरह नहीं कहा है।

सारिपुत्र! जिस किसी तरहकी कुलपुत्र दूसरेको कहे, किन्तु कहा हुआ तो कहा हुआ ही हुआ।

भन्ते! तभी तो मैं कहता हूँ कि मैंने इन बातोंको इस तरह नहीं कहा है।

सारिपुत्र! यदि तुमसे कोई पूछे—आवुस सारिपुत्र! क्या जान और देखकर अपने दूसरोंको कहा कि, "जाति क्षीण हो गई, ब्रह्मचर्य पूरा हो गया, जो करना था सो कर लिया, अब और कुछ बाकी नहीं बचा है—ऐसा मैंने जान लिया है?"—तो तुम क्या उत्तर दोगे?

भन्ते! यदि मुझे कोई ऐसा पूछे तो मैं यह उत्तर दूँ:—आवुस! जिस निदान (= हेतु) से जाति होती है उस निदानके क्षय हो जानेसे मैंने जान लिया कि उसका भी क्षय हो गया। यह जानकर

मैंने जान लिया कि—जाति क्षीण हो गई, ब्रह्मचर्य पूरा हो गया, जो करना था सो कर लिया, अब और कुछ बाकी नहीं बचा।

सारिपुत्र! यदि तुमसे कोई ऐसा पूछे—आवुस सारिपुत्र! जातिका क्या निदान है,=क्या उत्पत्ति है,=क्या प्रभव है?—तो तुम क्या उत्तर दोगे?

भन्ते! यदि मुझे कोई ऐसा पूछे तो मैं यह उत्तर दूँ:—आवुस! जातिका निदान भव है।

···भवका निदान उपादान है।

···उपादानका निदान तृष्णा है।

तृष्णाका निदान वेदना है।

सारिपुत्र! यदि तुमसे कोई ऐसा पूछे—आवुस सारिपुत्र! क्या जान और देख लेने से आपको किसी वेदनाके प्रति आसक्ति नहीं होती है?—तो तुम क्या उत्तर दोगे?

भन्ते! यदि मुझे कोई ऐसा पूछे तो मैं यह उत्तर दूँ—आवुस! वेदनायें तीन हैं। कौन सी तीन? (१) सुखा वेदना, (२) दुःखा वेदना, (३) अदुःख-सुखा वेदना। आवुस! यह तीनों वेदनायें अनित्य हैं। "जो अनित्य है वह दुःख है" जान, किसी वेदना के प्रति मुझे आसक्ति नहीं होती है।

ठीक कहा है, सारिपुत्र, ठीक कहा है! इसे संक्षेप में यों भी कहा जा सकता है—जितने अनुभव (=वेदना) हैं, सभी दुःख ही हैं।

सारिपुत्र! यदि तुम से कोई पूछे—किस विमोक्ष के आधार पर आपने दूसरों को कहा कि जाति क्षीण हो गई ··, ऐसा मैंने जान लिया?—तो तुम क्या उत्तर दोगे?

भन्ते! यदि मुझे कोई ऐसा पूछे तो मैं यह उत्तर दूँ—आवुस! भीतर की गाँठों से मैं छूट गया, सारे उपादान क्षीण हो गये; मैं ऐसा स्मृतिमान् होकर विहार करता हूँ कि आश्रव आने नहीं पाते और अपना भी निरादर नहीं होता।

ठीक कहा है, सारिपुत्र, ठीक कहा है! इसे संक्षेप में यों भी कहा जा सकता है—श्रमणों ने जिन आश्रवों का निर्देश किया है उनमें मुझे संदेह बना नहीं है, वे मेरे में प्रहीण हो चुके, मुझे विचिकित्सा भी नहीं रही।

यह कह, भगवान् आसन से उठ विहार में पैठ गये।

ग

भगवान् के जाने के बाद ही आयुष्मान् सारिपुत्र ने भिक्षुओं को आमन्त्रित किया—

आवुसो! भगवान् ने जो मुझे पहला प्रश्न पूछा था वह मुझे विदित नहीं था, इसीलिये कुछ शैथिल्य हुआ। जब भगवान् ने मेरे पहले प्रश्न का अनुमोदन कर दिया, तब मेरे मन में हुआ—

यदि भगवान् मुझे भिन्न-भिन्न शब्दों में भिन्न-भिन्न प्रकार से दिन भर इसी विषय में पूछते रहें तो मैं दिन भर भिन्न-भिन्न शब्दों में भिन्न-भिन्न प्रकार से उन्हें संतोषजनक उत्तर देता रहूँ।

यदि भगवान्···रातभर, रात दिन, दो रात दिन, तीन, चार, पाँच, छः, सात रात दिन इसी विषयमें पूछते रहें तो मैं···उत्तर देता रहूँ।

घ

तब, भिक्षु कलारक्षत्रिय आसनसे उठ, जहाँ भगवान् थे वहाँ गया, और भगवान्का अभिवादन कर एक ओर बैठ गया।

एक ओर बैठ कळारक्षत्रिय भिक्षु भगवान्से बोला—भन्ते ! आयुष्मान् सारिपुत्र ने सिंहनाद किया है कि, आवुसो !...यदि भगवान्... सात रातदिन...इसी विषयमें पूछते रहें तो मैं...उत्तर देता रहूँ।

हे भिक्षु ! सारिपुत्रने (प्रतीत्य समुत्पाद) धर्मको पूरा-पूरा समझ लिया है। यदि मैं...सात रात दिन भी...इसी विषयमें पूछता रहूँ तो वह...उत्तर देता रहेगा।

§ ३. पठम ञाणवत्थु सुत्त (१२. ४. ३)

ज्ञानके विषय

श्रावस्ती में।

भिक्षुओ ! मैं ४४ ज्ञानके विषयोंका उपदेश करूँगा। उसे सुनो, अच्छी तरह मन लगाओ, मैं कहता हूँ।

"भन्ते ! बहुत अच्छा" कह भिक्षुओंने भगवान्को उत्तर दिया।

भगवान् बोले—भिक्षुओ ! ज्ञानके ४४ विषय कौनसे हैं ?

जरामरणका ज्ञान, जरामरणके समुदयका ज्ञान, जरामरणके निरोधका ज्ञान, जरामरणकी निरोध-गामिनी प्रतिपदा का ज्ञान।

५—८ जातिका...।

९—१२ भव...।

१३—१६ उपादान...।

१७—२० तृष्णा...।

२१—२४ वेदना...।

२५—२८ स्पर्श...।

२९–३२ षडायतन...।

३३–३६ नामरूप...।

३७–४० विज्ञान...।

४१. संस्कार का ज्ञान, ४२. संस्कार के समुदय का ज्ञान, ४३. संस्कार के निरोध का ज्ञान, और ४४. संस्कार की निरोधगामिनी प्रतिपदा का ज्ञान।

भिक्षुओ ! यही ४४ ज्ञान के विषय कहे जाते हैं।

भिक्षुओ ! जरामरण क्या है ?...[देखो बुद्धवर्ग, पहला भाग, § २ (२)]

भिक्षुओ ! जाति के समुदय से जरामरण का समुदय होता है; जाति के निरोध से जरामरण का निरोध होता है। जरामरण की निरोधगामिनी प्रतिपदा यही अष्टांगिक मार्ग है, जो कि (१) सम्यक् दृष्टि, (२) सम्यक् संकल्प, (३) सम्यक् वाक् (४) सम्यक् कर्मान्त, (५) सम्यक् आजीव, (६) सम्यक् व्यायाम, (७) सम्यक् स्मृति, (८) सम्यक् समाधि।

भिक्षुओ ! जो आर्य श्रावक इस तरह जरामरण को जान लेता है, जरामरण के समुदय को जान लेता है, जरामरण के निरोध को जान लेता है, जरामरण की निरोधगामिनी प्रतिपदा को जान लेता है; यही उसका धर्म-ज्ञान है। जो इस धर्म को देख लेता है, जान लेता है, पहुँच चुकता है, प्राप्त कर लेता है, यथार्थतः अवगाहन कर लेता है, वही अतीत और अनागत में अन्वय ग्रहण करता है।

अतीत काल में जिन श्रमण या ब्राह्मण ने जरामरण को...जाना है, उनने इसी तरह जाना है जैसा मैं कह रहा हूँ।

भविष्य में जो श्रमण या ब्राह्मण जरामरण को...जानेंगे, वे इसी तरह जानेंगे जैसा मैं कह रहा हूँ। यह परम्परा का ज्ञान है।

भिक्षुओ ! जिन आर्य श्रावकों को (१) धर्म का ज्ञान, और (२) परम्परा का ज्ञान परिशुद्ध हो जाता है, वे आर्य श्रावक दृष्टि-सम्पन्न कहे जाते हैं, दर्शन सम्पन्न, धर्म में पहुँचे हुये, धर्मद्रष्टा, शैक्ष्य ज्ञान से युक्त, शैक्ष्य विद्या से युक्त, धर्म-स्रोतापन्न, आर्य निर्वेधिकप्रज्ञ, और अमृत के द्वार पर पहुँच कर खड़े होने वाले कहे जाते हैं।

भिक्षुओ ! जाति..., भव..., उपादान..., तृष्णा..., वेदना..., स्पर्श..., षडायतन..., नाम-रूप..., विज्ञान..., संस्कार...।

§ ४. दुतिय ञाणवत्थु सुत्त (१२. ४. ४)

ज्ञान के विषय

श्रावस्ती में।

भिक्षुओ ! मैं ७७ ज्ञान के विषयों का उपदेश करूँगा। उसे सुनो...।

भिक्षुओ ! ७७ ज्ञान के विषय कौन से हैं ?

(१) जाति के प्रत्यय से जरामरण होने का ज्ञान, (२) जाति के नहीं होने से जरामरण के नहीं होने का ज्ञान, (३) अतीत काल में भी जाति के प्रत्यय से जरामरण हुआ करता था इसका ज्ञान, (४) अतीत काल में भी जाति के नहीं होने से जरामरण नहीं होता था इसका ज्ञान, ५–६ भविष्य में भी,... और (७) जिन धर्मों की स्थिति का ज्ञान है वे भी क्षय होने वाले, व्यय होने वाले, छूटने वाले और रुक जाने वाले हैं—इसका ज्ञान।

२. भव के प्रत्यय से जाति होने का ज्ञान...।
३. उपादान के प्रत्यय से भव...।
४. तृष्णा के प्रत्यय से उपादान...।
५. वेदना के प्रत्यय से तृष्णा...।
६. स्पर्श के प्रत्यय से वेदना...।
७. षडायतन के प्रत्यय से स्पर्श...।
८. नामरूप के प्रत्यय से षडायतन...।
९. विज्ञान के प्रत्यय से नामरूप...।
१०. संस्कार के प्रत्यय से विज्ञान...।
११. अविद्या के प्रत्यय से संस्कारों के होने का ज्ञान...।

भिक्षुओ ! यही ७७ ज्ञान के विषय कहे गये हैं।

§ ५. पठम अविज्जा पच्चया सुत्त (१२. ४. ५)

अविद्या ही दुःखों का मूल है

श्रावस्ती में।

भिक्षुओ ! अविद्या के प्रत्यय (=होने) से संस्कार होते हैं। संस्कारों के प्रत्यय से विज्ञान होता है...। इस तरह, सारा दुःख-समूह उठ खड़ा होता है।

ऐसा कहने पर एक भिक्षु ने भगवान् को यह कहा—

भन्ते ! जरामरण क्या है; और जरामरण किसको होता है ?

भगवान् बोले—ऐसा पूछना ही गलत है। भिक्षु ! जो ऐसा कहे कि "जरामरण क्या है; और जरामरण किसको होता है", अथवा जो ऐसा कहे कि "जरामरण दूसरी ही चीज है और ...

जरामरण होता है" तो इन दोनों का अर्थ एक है, केवल शब्द ही भिन्न हैं। भिक्षु ! जो जीव है वही शरीर है, या जीव दूसरा है और शरीर दूसरा—ऐसी दृष्टि रखनेवाले का ब्रह्मचर्यवास सफल नहीं हो सकता है। भिक्षु ! इन दोनों अन्तों को छोड़ बुद्ध मध्य से धर्म का उपदेश करते हैं, कि जाति के प्रत्यय से जरामरण होता है।

भन्ते ! जाति क्या है, और किसकी जाति होती है ?

भगवान् बोले—ऐसा पूछना ही गलत है।...[जैसा ऊपर कहा गया है] भिक्षु ! इन दोनों अन्तों को छोड़ बुद्ध मध्य से धर्म का उपदेश करते हैं, कि भव के प्रत्यय से जाति होती है।

...उपादान के प्रत्यय से भव।

... तृष्णा के प्रत्यय से उपादान।

... वेदना के प्रत्यय से तृष्णा।

... स्पर्श के प्रत्यय से वेदना।

...षडायतन के प्रत्यय से स्पर्श।

...नामरूप के प्रत्यय से षडायतन।

...विज्ञान के प्रत्यय से नामरूप।

...संस्कारों के प्रत्यय से विज्ञान।

...अविद्या के प्रत्यय से संस्कार।

भिक्षु ! उसी अविद्या के बिल्कुल हट और रुक जाने से जो कुछ भी गड़बड़ी और उलटी पलटी है, कि—जरामरण क्या है और जरामरण होता है किसको, अथवा, जरामरण दूसरी चीज है और किसी दूसरे को जरामरण होता है, अथवा, जो जीव है वही शरीर है, और जीव दूसरा है और शरीर दूसरा—सभी छट जाती है, निर्मूल हो जाती है, फिर भी उगने लायक नहीं रहती है।

जाति... संस्कार सभी छूट जाती है...।

§ ६. दुतिय अविज्जा पच्चया सुत्त (१२. ४. ६)

अविद्या ही दुःखों का मूल है

श्रावस्ती में।

भिक्षुओ ! अविद्या के प्रत्यय से संस्कार होते हैं।...। इस तरह, सारा दुःख-समूह उठ खड़ा होता है।

भिक्षुओ ! यदि कोई पूछे कि जरामरण क्या है, और जरामरण होता किसको है। अथवा, यह कि जरामरण कुछ दूसरी ही चीज है और किसी दूसरे ही चीज को जरामरण होता है, तो भिक्षुओ, दोनों का एक ही अर्थ है।

भिक्षुओ ! जो जीव है वही शरीर है, अथवा जीव दूसरा है और शरीर दूसरा—ऐसी मिथ्यादृष्टि होने से ब्रह्मचर्य वास नहीं हो सकता है।

भिक्षुओ ! इन दोनों अन्तों को छोड़ बुद्ध मध्य से धर्म का उपदेश करते हैं...।

भिक्षुओ ! यदि कोई पूछे कि जाति क्या है...।

...भव क्या है...।

...उपादान क्या है...।

...तृष्णा क्या है...।

...वेदना क्या है...।

...र्श ... है...।

···षडायतन क्या है···।

··नामरूप क्या है···।

···विज्ञान क्या है ।

···संस्कार क्या है···। भिक्षुओ ! इन दोनों अन्तों को छोड़ बुद्ध मध्य से धर्म का उपदेश करते हैं; कि, अविद्या के प्रत्यय से संस्कार होते हैं।

भिक्षुओ ! उसी अविद्या के बिल्कुल हट और रुक जाने से जो कुछ गड़बड़ी और उलटी पलटी है, कि—जरामरण क्या है, और जरामरण होता है किसको, अथवा, जरामरण दूसरी चीज है···—सभी हट जाती है।

जाति···संस्कार·· सभी हट जाती है।

§ ७. न तुम्ह सुत्त (१२. ४. ७)

शरीर अपना नहीं

श्रावस्ती में।

भिक्षुओ ! यह काया न तुम्हारी अपनी है, और न दूसरे किसी की। भिक्षुओ ! यह पूर्व कर्मों के फलस्वरूप, चेतना और वेदना से युक्त, प्रत्ययों के होने से उत्पन्न है।

भिक्षुओ ! आर्यश्रावक इसे ठीक प्रतीत्यसमुत्पाद का ही ठीक से मनन करता है।

इस तरह, इसके होने से यह होता है, इसके उत्पाद से यह उत्पन्न हो जाता है। इसके नहीं होने से यह नहीं होता है, इसके निरोध से यह निरुद्ध हो जाता है।

अविद्या के प्रत्यय से संस्कार···।

उसी अविद्या के बिल्कुल हट और रुक जाने से··।

§ ८. पठम चेतना सुत्त (१२. ४. ८)

चेतना और संकल्प के अभाव में मुक्ति

श्रावस्ती में।

भिक्षुओ ! जो चेतना करता है, किसी काम को करने का संकल्प करता है, किसी काम में लग जाता है, वह विज्ञान की स्थिति बनाये रखने का आलम्बन होता है। विज्ञान के बने रहने से, बढ़ते रहने से, भविष्य में बार-बार जन्म लेता है। भविष्य में बार बार जन्म लेने से जरामरण, शोक··· बना रहता है। इस तरह, सारा दु:ख-समूह उठ खड़ा होता है।

भिक्षुओ ! जो चेतना नहीं करता है, संकल्प नहीं करता है, किन्तु काम में लग जाता है, वह भी विज्ञान की स्थिति बनाये रखने का आलम्बन होता है। विज्ञान के बने रहने, बढ़ते रहने से, भविष्य में बार-बार जन्म लेता है। भविष्य में बार बार जन्म लेने से जरामरण शोक·· बना रहता है। इस तरह, सारा दु:ख-समूह उठ खड़ा होता है।

भिक्षुओ ! जो चेतना नहीं करता है, संकल्प नहीं करता है, और न किसी काम में लगता है, वह विज्ञान की स्थिति बनाये रखने का आलम्बन नहीं होता है। विज्ञान के बने नहीं रहने से, बढ़ते नहीं रहने से भविष्य में बार-बार जन्म नहीं लेता है। भविष्य में जन्म नहीं होने से जरामरण, शोक से छूट जाता है। इस तरह, सारा दु:ख-समूह रुक जाता है।

§ ९. दुतिय चेतना सुत्त (१२. ४. ९)

चेतना और संकल्प के अभाव में मुक्ति

श्रावस्ती में।

भिक्षुओ ! जो चेतना करता है, सकल्प करता है, किसी काम में लग जाता है, वह विज्ञान की स्थिति बनाये रखने का आलम्बन होता है। आलम्बन होने से विज्ञान जमा रहता है। विज्ञान के जमे रहने और बढ़ते रहने से नाम रूप उगते रहते हैं।

नाम रूप के होने से षडायतन होता है। षडायतन के होने से स्पर्श होता है। वेदना।·· तृष्णा।·· उपादान।·· भव।···जाति।·· जरामरण··।

भिक्षुओ ! जो चेतना नहीं करता है, सकल्प नहीं करता है, किन्तु काम में लगा रहता है, वह विज्ञान की स्थिति में बनाये रखने का आलम्बन होता है। आलम्बन होने से विज्ञान जमा रहता है। विज्ञान के जमे रहने और बढ़ते रहने से नाम रूप उगते रहते हैं।

··जरामरण··सारा दु ख समूह उठ खड़ा होता है।

भिक्षुओ ! जो चेतना नहीं करता, सकल्प नहीं करता, और न उसमें लगा रहता है, वह विज्ञान की स्थिति बनाये रखने का आलम्बन नहीं होता है। आलम्बन नहीं होने से विज्ञान सहारा नहीं पाता। विज्ञान के सहारा न पाने से नाम रूप नहीं उगते।

नाम रूप के रुक जाने से षडायतन नहीं होता। इस तरह, सारा दु ख समूह रुक जाता है।

§ १०. ततिय चेतना सुत्त (१२. ४. १०)

चेतना और संकल्प के अभाव में मुक्ति

श्रावस्ती में।

भिक्षुओ ! जो चेतना करता है, संकल्प करता है, किसी काम में लग जाता है, वह विज्ञान की स्थिति बनाये रखने का आलम्बन होता है। आलम्बन होने से विज्ञान जमा रहता है।

विज्ञान के जमे रहने और बढ़ने से झुकाव (=नति) होता है। झुकाव होने से भविष्य में गति होती है। भविष्य में गति होने से मरना-जीना होता है। मरना जीना होने से जाति, जरामरण,··। इस तरह सारा दु ख समूह उठ खड़ा होता है।

भिक्षुओ ! जो चेतना नहीं करता, संकल्प नहीं करता, किन्तु किसी काम में लगा रहता है, वह भी विज्ञान की स्थिति बनाये रखने का आलम्बन होता है। इस तरह सारा दु ख समूह उठ खड़ा होता है।

भिक्षुओ ! जो चेतना नहीं करता, सकल्प नहीं करता, काम में नहीं लगा रहता, वह विज्ञान की स्थिति बनाये रखने का आलम्बन नहीं होता है। आलम्बन नहीं होने से विज्ञान जमा नहीं रहता है और बढ़ने नहीं पाता।

विज्ञान के न जमे रहने और न बढ़ते रहने से झुकाव (=नति) नहीं होता है। झुकाव नहीं होने से भविष्य में गति भी नहीं होती। गति नहीं होने से जीना मरना नहीं होता।·· सारा दु ख-समूह रुक जाता है।

कलार क्षत्रिय वर्ग समाप्त।

पाँचवाँ भाग

गृहपति वर्ग

§ १. पठम पञ्चवेरभय सुत्त (१२. ५. १)

पाँच वैर-भय की शान्ति

श्रावस्ती में।

क

तब, अनाथपिण्डिक गृहपति जहाँ भगवान् थे वहाँ आया, और भगवान् का अभिवादन कर एक ओर बैठ गया।

एक ओर बैठे हुए अनाथपिण्डिक गृहपति से भगवान् बोले—गृहपति ! जब आर्य श्रावक के पाँच वैर-भय शान्त हो जाते हैं, चार स्रोतापत्ति के अंगों से युक्त हो जाता है, आर्य ज्ञान प्रज्ञा से अच्छी तरह देख और समझ लिया गया होता है, तो वह यदि चाहे तो अपने को ऐसा कह सकता है—मेरा निरय क्षीण हो गया, मेरी तिरश्चीन योनि क्षीण हो गई, मेरी प्रेत-योनि क्षीण हो गई, मेरा अपाय और दुर्गति में पड़ना क्षीण हो गया। मैं स्रोतापन्न हो गया हूँ, मैं मार्ग से च्युत नहीं हो सकता, परम ज्ञान को प्राप्त कर लेना मेरा निश्चय है।

कौन से पाँच वैर भय शान्त हो जाते हैं ?

गृहपति ! जो प्राणी हिंसा है, प्राणी हिंसा करने से जो इसी जन्म में, या दूसरे जन्म में भय और वैर बढ़ाता है, चित्त में दुःख और दौर्मनस्य भी बढ़ाता है, सो भय और वैर प्राणी हिंसा से विरत रहने वाले को शान्त हो जाते हैं।

गृहपति !... सो भय और वैर चोरी करने से विरत रहने वाले को शान्त हो जाता है।

गृहपति !...सो भय और वैर मिथ्याचार... , मृषा भाषण , नशीले वस्तुओं के सेवन करने से विरत रहने वाले को शान्त हो जाता है।

यही पाँच वैर भय शान्त हो जाते हैं।

ख

किन चार स्रोतापत्ति के अंगों से युक्त होता है ?

गृहपति ! जो आर्य श्रावक बुद्ध के प्रति अचल श्रद्धालु होता है—वे भगवान् अर्हत्, सम्यक् सम्बुद्ध, विद्याचरण से सम्पन्न, सुगति को पाये, लोकविद्, अनुत्तर, पुरुषों को दमन करने वाले, देवता और मनुष्यों को राह दिखाने वाले भगवान् बुद्ध।

गृहपति ! जो आर्य श्रावक धर्म के प्रति अचल श्रद्धालु होता है—भगवान् का धर्म स्वाख्यात है, सांदृष्टिक है, (=इसी जन्म में फल देने वाला है), अकालिक (=बिना देरी के फल देने वाला है), लोगों को बुला बुला कर दिखाया जानेवाला है (=एहिपस्सिक), निर्वाण तक ले जाने वाला है, विज्ञों के द्वारा अपने भीतर ही (=प्रत्यात्म) अनुभव किया जानेवाला है।

गृहपति ! जो आर्य-श्रावक संघ के प्रति अचल श्रद्धालु होता है—भगवान् का श्रावक संघ सुमार्ग पर आरूढ़ है, सीधे मार्ग पर आरूढ़ है, ज्ञान के मार्ग पर आरूढ़ है, अच्छी तरह से मार्ग पर आरूढ़ हैं। जो यह पुरुषों का चार जोड़ा, आठ जने, यही भगवान् का श्रावक-संघ है। यही श्रावक-संघ निमंत्रित करने के योग्य है, सत्कार करने के योग्य है, दान देने के योग्य है, प्रणाम करने के योग्य है, लोक का अनुत्तर पुण्य-क्षेत्र है।

सुन्दर शीलों से युक्त होता है; अखण्ड, अछिद्र, अमल, निर्दोष, छुटा हुआ, विज्ञों से प्रशंसित, समाधि के अनुकूल शीलों से।

इन चार स्रोतापत्ति के अंगों से युक्त होता है।

प्रज्ञा से अच्छी तरह देखा और जाना इसका आर्य-ज्ञान क्या है ?

गृहपति ! आर्य-श्रावक प्रतीत्यसमुत्पाद की ही ठीक से भावना करता है। इसके होने से यह होता है'''इस तरह, सारा दुःख समुदाय रुक जाता है।

यही प्रज्ञा से अच्छी तरह देखा और जाना इसका आर्य ज्ञान होता है।'' '' '''

§ २. दुतिय पञ्चवेरभय सुत्त (१२. ५. २)

पाँच वैर भय की शान्ति

श्रावस्ती में।

तब, कुछ भिक्षु जहाँ भगवान् थे वहाँ'।

भगवान् बोले— '''[ऊपर वाले सूत्र के समान ही]।

§ ३. दुक्ख सुत्त (१२. ५. ३)

दुःख और उसका लय

श्रावस्ती में।

भिक्षुओ ! मैं दुःख के समुदय और लय हो जाने के विषय में उपदेश करूँगा। उसे सुनो'''।

क

भिक्षुओ ! दुःख का समुदय क्या है ?

चक्षु और रूपों के होने से चक्षु-विज्ञान पैदा होता है। तीनों का मिलना स्पर्श है। स्पर्श के होने से वेदना'''। भिक्षुओ ! इसी तरह दुःख का समुदय होता है।

श्रोत्र और शब्दों के होने से'''। घ्राण और गन्धों के होने से'''। जिह्वा और रसों के होने से'''। काया और स्पृष्टव्यों के होने से'''।

मन और धर्मों के होने से मनोविज्ञान पैदा होता है। तीनों का मिलना स्पर्श है। स्पर्श के होने से वेदना होती है'''। भिक्षुओ ! यही दुःख का समुदय है।

ख

भिक्षुओ ! दुःख का लय हो जाना (=अस्तंगमः) क्या है ?

चक्षु और रूपों के होने से चक्षु-विज्ञान पैदा होता है। तीनों का मिलना स्पर्श है। स्पर्श के होने से वेदना होती है। वेदना के होने से तृष्णा होती है।

उसी तृष्णा को बिल्कुल हट और रोक देने से उपादान नहीं होता। उपादान के रुक जाने से भव नहीं होता।…। *इस तरह, सारा दुःख-समूह रुक जाता है।*

भिक्षुओ! यही दुःख का लय हो जाना है।

श्रोत्र और शब्द…*मन और धर्मों के होने से*…। *इस तरह, सारा दुःख-समूह रुक जाता है।*…

§ ४. लोक सुत्त (१२. ५. ४)

लोक की उत्पत्ति और लय

श्रावस्ती में।

भिक्षुओ! लोक के समुदय और लय हो जाने के विषय में उपदेश करूँगा।…

क

भिक्षुओ! लोक का समुदय क्या है?

चक्षु और रूपों के होने से…[पूर्ववत्] *भिक्षुओ! यही लोक का समुदय है।*

ख

…भिक्षुओ! यही लोक का लय हो जाना है।

§ ५. आतिका सुत्त (१२. ५. ५)

कार्य कारण का सिद्धान्त

ऐसा मैंने सुना।

एक समय भगवान् आतिक में गिञ्जकावसथ में विहार कर रहे थे।

क

तब, एकान्त में ध्यान करते हुये भगवान् ने इस प्रकार धर्म का उपदेश दिया—

चक्षु और रूपों के होने से चक्षुविज्ञान पैदा होता है। तीनों का मिलना स्पर्श है। स्पर्श के होने से वेदना होती है। वेदना के होने से तृष्णा होती है…। इस तरह सारा दुःख-समूह उठ खड़ा होता है।

श्रोत्र और शब्दों के होने से…, मन और धर्मों के होने से…।

चक्षु और रूपों के होने से चक्षुविज्ञान पैदा होता है। तीनों का मिलना स्पर्श है। स्पर्श के होने से वेदना होती है। वेदना के होने से तृष्णा होती है।

उसी तृष्णा के बिल्कुल हट और रुक जाने से उपादान नहीं होता। उपादान के रुक जाने से भव नहीं होता। …इस तरह सारा दुःख-समूह रुक जाता है।

श्रोत्र और शब्दों के होने से…, मन और धर्मों के होने से…।

ख

उस समय कोई भिक्षु भगवान् के पास खड़ा होकर सुन रहा था।

भगवान् ने उसे पास में खड़ा हो सुनते देखा। देखकर, उस भिक्षु को कहा—भिक्षु! तुमने सुना जिस प्रकार मैंने धर्म को कहा?

भन्ते! जी हाँ।

भिक्षु! इसी प्रकार धर्म को सीखो। भिक्षु! इसी प्रकार धर्म को पूरा करो। भिक्षु! इसी प्रकार यह धर्म अर्थवान् होता है। ब्रह्मचर्य-वास का यह मूल-उपदेश है।

§ ६. अञ्ञतर सुत्त (१२. ५. ६)

मध्यम मार्ग का उपदेश

श्रावस्ती में।

तब, कोई ब्राह्मण जहाँ भगवान् थे वहाँ आया। आकर,...कुशल क्षेम के प्रश्न पूछने के बाद एक ओर बैठ गया।

एक ओर बैठ कर वह ब्राह्मण भगवान् से बोला—हे गौतम! क्या जो करता है वही भोगता है?

ब्राह्मण! ऐसा कहना कि 'जो करता है वही भोगता है' एक अन्त है।

हे गौतम! क्या करता है कोई दूसरा और भोगता है कोई दूसरा?

हे ब्राह्मण! ऐसा कहना कि, "करता है कोई दूसरा और भोगता है कोई दूसरा" दूसरा अन्त है। ब्राह्मण! इन दोनों अन्तों को छोड़ बुद्ध मध्यम से धर्म का उपदेश करते हैं।

अविद्या के होने से संस्कार होते हैं...।

उसी अविद्या के बिल्कुल हट और रुक जाने से...।

ऐसा कहने पर वह ब्राह्मण भगवान् से बोला—...मुझे अपना शरणागत उपासक स्वीकार करें।

§ ७. जानुस्सोणि सुत्त (१२. ५. ७)

मध्यम-मार्ग का उपदेश

श्रावस्ती में।

तब, जानुश्रोणि ब्राह्मण जहाँ भगवान् थे वहाँ आया, और कुशल क्षेम के प्रश्न पूछ कर एक ओर बैठ गया।

एक ओर बैठ, जानुश्रोणि ब्राह्मण भगवान् से बोला—हे गौतम! क्या सभी कुछ है?

हे ब्राह्मण! ऐसा कहना कि "सभी कुछ है" एक अन्त है।

हे गौतम! क्या सभी कुछ नहीं है?

हे ब्राह्मण! ऐसा कहना कि, "सभी कुछ नहीं है" दूसरा अन्त है। ब्राह्मण! इन दोनों अन्तों को छोड़ बुद्ध मध्यम मार्ग से ...[ऊपर के सूत्र जैसा]

§ ८. लोकायत सुत्त (१२. ५. ८)

लौकिक मार्गों का त्याग

श्रावस्ती में।

तब, लोकायतिक ब्राह्मण...एक ओर बैठ, भगवान् से बोला—हे गौतम! क्या सभी कुछ है?

हे ब्राह्मण! ऐसा कहना कि, "सभी कुछ है" पहली लौकिक बात है।

हे गौतम! क्या सभी कुछ नहीं है?

हे ब्राह्मण! ऐसा कहना कि, "सभी कुछ नहीं है" दूसरी लौकिक बात है[१]

हे गौतम ! क्या सभी कुछ एकत्व (=अद्वैत) है ?

हे ब्राह्मण ! ऐसा कहना कि "सभी कुछ एकत्व ही है" तीसरी लौकिक बात है ।

हे गौतम ! क्या सभी कुछ नाना है ?

हे गौतम ! "सभी कुछ नाना है" ऐसा कहना चौथी लौकिक बात है । ब्राह्मण ! इन अन्तों को छोड़ बुद्ध मध्यम से⋯ ।

§ ९. पठम अरियसावक सुत्त (१२. ५. ९)

आर्यश्रावक को प्रतीत्यसमुत्पाद में सन्देह नहीं

श्रावस्ती में ।

भिक्षुओ ! पण्डित आर्यश्रावक को ऐसा संदेह नहीं होता—पता नहीं कि क्या होने से क्या होता है ? किसके उत्पन्न होने से क्या उत्पन्न होता है ? किसके होने से संस्कार होते हैं ?⋯किसके होने से जरामरण होता है ?

भिक्षुओ ! पंडित आर्यश्रावक को यह ज्ञान तो प्राप्त ही होता है—इसके होने से यह होता है⋯ जाति के होने से जरामरण होता है । वह जानता है कि लोक का समुदय इस प्रकार होता है ।

भिक्षुओ ! पंडित आर्यश्रावक को ऐसा संदेह नहीं होता—पता नहीं, किसके रुक जाने से क्या नहीं होता ?⋯किसके रुक जाने से जरामरण नहीं होता ?

भिक्षुओ ! पंडित आर्यश्रावक को तो यह प्रतीत्य समुत्पाद का ज्ञान प्राप्त ही होता है—इसके रुक जाने से यह नहीं होता⋯जाति के रुक जाने से जरामरण नहीं होता है । वह जानता है कि लोक का निरोध इस प्रकार है ।

भिक्षुओ ! क्योंकि वह लोक के समुदय और निरुद्ध होने को यथार्थतः जानता है, इसीलिये आर्यश्रावक दृष्टिसम्पन्न कहा जाता है⋯⋯⋯।

§ १०. दुतिय अरियसावक सुत्त (१२. ५. १०)

आर्यश्रावक को प्रतीत्यसमुत्पाद में सन्देह नहीं

⋯[ऊपर वाले सूत्र के समान ही]

गृहपति वर्ग समाप्त ।

छठाँ भाग

वृक्ष वर्ग

§ १. परिविमंसा सुत्त (१२. ६. १)

सर्वशः दुःख क्षय के लिए प्रतीत्यसमुत्पाद का मनन

ऐसा मैंने सुना।

एक समय भगवान् श्रावस्ती में अनाथपिण्डिक के जेतवन आराम में विहार करते थे।

वहाँ भगवान् ने भिक्षुओं को आमन्त्रित किया—भिक्षुओ!

'भदन्त!' कहकर भिक्षुओं ने भगवान् को उत्तर दिया।

भगवान् बोले—भिक्षुओ! सर्वशः दुःख के क्षय के लिये विचार करते हुए भिक्षु कैसे विचार करे?

भन्ते! धर्म के आधार, नायक तथा अधिष्ठाता भगवान् ही हैं। अच्छा होता कि भगवान् ही इस कहे हुये का अर्थ बताते। भगवान् से सुन कर भिक्षु धारण करेंगे।

तो, भिक्षुओ! सुनो, अच्छी तरह मन लगाओ, मैं कहता हूँ।

"भन्ते! बहुत अच्छा" कह भिक्षुओं ने भगवान् को उत्तर दिया।

भगवान् बोले—भिक्षुओ! भिक्षु विचार करते हुये विचार करता है—जो जरामरण इत्यादि अनेक प्रकार से नाना दुःख लोक में उत्पन्न होते हैं, उनका निदान क्या है, समुदय क्या है, उत्पत्ति क्या है, प्रभव क्या है? किसके होने से जरामरण होता है? किसके नहीं होने से जरामरण नहीं होता है?

विचार करते हुये वह इस प्रकार जान लेता है—जो जरामरण इत्यादि अनेक प्रकार से नाना दुःख लोक में उत्पन्न होते हैं, उनका निदान जाति है…। जाति के होने से जरामरण होता है। जाति के नहीं होने से जरामरण नहीं होता है।

वह जरामरण को जान लेता है, जरामरण के समुदय, निरोध,…प्रतिपदा को जान लेता है। वह इस प्रकार धर्म के सच्चे मार्ग पर आरूढ़ हो जाता है।

भिक्षुओ! वह भिक्षु सर्वशः दुःख क्षय के लिये, जरामरण के निरोध के लिये प्रतिपन्न होता है।

इसके बाद भी विचार करते हुये विचार करता है—भव…, उपादान…, तृष्णा…, वेदना…, स्पर्श…, षडायतन…, नामरूप…, विज्ञान…, संस्कार का निदान क्या है…?

वह विचार करते हुये यह जान लेता है… संस्कार का निदान अविद्या है…। अविद्या के होने से संस्कार होते हैं। अविद्या के नहीं होने से संस्कार नहीं होते हैं।

वह संस्कारों को जान लेता है, समुदय, निरोध,…प्रतिपदा को जान लेता। इस प्रकार वह धर्म के सच्चे मार्ग पर आरूढ़ होता है…।

भिक्षुओ! अविद्या में पड़ा हुआ पुरुष पुण्य-कर्म करता है, तब, पुण्य का विज्ञान उसे होता है। अपुण्य (= पाप) कर्म करता है, तब, अपुण्य का विज्ञान उसे होता है। वह अचल-कर्म (= आनञ्ज)* करता है, तब, अचल फलदायी विज्ञान उसे होता है।

---

* चार अरूप समापत्तियाँ आनञ्ज (=अचल कर्म) कही जाती हैं।

भिक्षुओ ! जब भिक्षु की अविद्या प्रहीण हो जाती है और विद्या उत्पन्न होती है, तो वह न तो पुण्य—कर्म करता है न पाप कर्म, और न अचल-कर्म (कोई भी संस्कार नहीं होने देता है)। कोई भी संस्कार न करते, कोई चेतना न करते, लोक में कहीं भी आसक्त नहीं होता है। सर्वथा अनासक्त होने से उसे कहीं भय नहीं होता, वह अपने भीतर ही निर्वाण पा लेता है। जाति क्षीण हो गई, ब्रह्मचर्य पूरा हो गया, जो करना था सो कर लिया, अब और कुछ बाकी नहीं है—ऐसा जान लेता है।

यदि उसे सुख-वेदना का अनुभव होता है तो जानता है कि यह अनित्य है, चाहने योग्य नहीं है, स्वाद लेने योग्य नहीं है। यदि उसे दुःख-वेदना, अदुःख असुख वेदना तो जानता है कि यह अनित्य है···।

यदि उसे सुख-वेदना, दुःख वेदना, या अदुःख-असुख वेदना होती है तो उसमें वह आसक्त नहीं होता।

जब वह ऐसा अनुभव करता है कि काया का या जीवन का अन्त हो रहा है तो वह उस बात से सचेत रहता है। शरीर छूटने और जीवन का अन्त हो जाने पर सारी वेदनायें यहीं शान्त, बेकार और ठंडी हो जायेंगी। शरीर छूट जाते हैं—ऐसा जानता है।

भिक्षुओ ! जैसे, कुम्हार के आँवा से निकालकर गरम बर्तन कोई ऊपर रख दे तो उसकी सारी गर्मी निकल जाती है और बर्तन ठंडा हो जाता है, वैसे ही···शरीर छूट जाते हैं—ऐसा जानता है।

भिक्षुओ ! तो क्या क्षीणाश्रव भिक्षु पुण्य, अपुण्य या अचल संस्कार इकट्ठा करेगा ?

नहीं भन्ते !

सर्वशः संस्कारों के न होने से, संस्कारों का निरोध हो जाने से, उसे विज्ञान होगा ?

नहीं भन्ते !

···सर्वशः जाति के न होने से, जाति का निरोध हो जाने से, उसे जरामरण होगा ?

नहीं भन्ते !

ठीक है, भिक्षुओ, ठीक है ! ऐसी ही बात है, अन्यथा नहीं। भिक्षुओ ! इस पर श्रद्धा करो, सन्देह छोड़ो, कांक्षा और विचिकित्सा को हटाओ। यही दुःखों का अन्त है।

§ २. उपादान सुत्त (१२. ६. २)

सांसारिक आकर्षणों में बुराई देखने से दुःख का नाश

श्रावस्ती में।

भिक्षुओ ! संसार के आकर्षक धर्मों में आसक्त होने से तृष्णा बढ़ती है। तृष्णा के होने से उपादान होता है।···इस तरह, सारा दुःख समूह उठ खड़ा होता है।

भिक्षुओ ! आग की भारी ढेर में दस, बीस, तीस, या चालीस भार लकड़ियाँ भी देकर कोई जलावे। कोई पुरुष रह रह कर यदि उसमें सूखी घास डालता रहे, गोंयठे डालता रहे, लकड़ियाँ डालता रहे, तो सभी जल जाती हैं। भिक्षुओ ! इसी तरह, कोई महा अग्निस्कन्ध आहार पड़ते रहने के कारण बराबर जलता रहेगा।

भिक्षुओ ! ठीक उसी तरह, संसार के आकर्षक धर्मों में आसक्त होने से तृष्णा बढ़ती है। तृष्णा के होने से उपादान होता है।···इस तरह, सारा दुःख समूह उठ खड़ा होता है।

भिक्षुओ ! संसार के आकर्षक धर्मों में बुराई ही बुराई देखने से तृष्णा रुक जाती है। तृष्णा रुक जाने से उपादान रुक जाता है।···इस तरह, सारा दुःखसमूह रुक जाता है।

भिक्षुओ ! ···यदि कोई पुरुष रह-रह कर उस अग्निस्कन्ध में सूखी घासें न डाले, गोंयठे न

डाले, लकड़ियाँ न डाले, तो वह अग्निस्कन्ध पहले के आहार समाप्त हो जाने और नये न पाने के कारण बुझ कर ठंढा हो जायगा।

भिक्षुओ ! उसी प्रकार, संसार के आकर्षक धर्मों में बुराई ही बुराई देखने से···सारा दुःख-समूह रुक जाता है।

§ ३. पठम सञ्ञोजन सुत्त (१२. ६. ३)

आस्वाद-त्याग से तृष्णा का नाश

श्रावस्ती में।

बन्धन में डालनेवाले धर्मों में आस्वाद लेते हुए विहार करने से तृष्णा बढ़ती है। तृष्णा के होने से उपादान होता है। ···इस तरह, सारा दुःख समूह उठ खड़ा होता है।

भिक्षुओ ! तेल और बत्ती के होने से (=के प्रतीत्य से) तेल प्रदीप जलता रहता है; उस प्रदीप में कोई पुरुष रह रह कर तेल डालता जाय और बत्ती उसकाता जाय, तो वह आहार पाते रहने से बहुत काल तक जलता रहेगा।

भिक्षुओ ! वैसे ही, बन्धन में डालने वाले धर्मों में आस्वाद लेते हुये विहार करने से तृष्णा बढ़ती है। तृष्णा के होने से उपादान होता है।···इस तरह, सारा दुःख-समूह उठ खड़ा होता है।

···भिक्षुओ ! उस प्रदीप में कोई पुरुष रह रह कर न तो तेल डाले और न बत्ती उसकावे, तो वह प्रदीप पहले के सभी आहार समाप्त हो जाने पर नये न पाने के कारण बुझ जायगा।

भिक्षुओ ! वैसे ही, बन्धन में डालने वाले धर्मों में बुराई ही बुराई देखते हुये विहार करने से तृष्णा नहीं बढ़ती है। ··इस तरह, सारा दुःख-समूह रुक जाता है।

§ ४. दुतिय सञ्ञोजन सुत्त (१२. ६. ४)

आस्वाद-त्याग से तृष्णा का नाश

श्रावस्ती में।

भिक्षुओ ! तेल और बत्ती के होने से तेल-प्रदीप जलता रहता है ! कोई पुरुष उस प्रदीप में रह रह कर तेल डालता जाय, और बत्ती उसकाता जाय, तो वह आहार पाते रहने से बहुत काल तक जलता रहेगा।

···[ऊपर के सूत्र जैसा]

§ ५. पठम महारुक्ख सुत्त (१२. ६. ५)

तृष्णा महावृक्ष है

श्रावस्ती में

भिक्षुओ ! संसार के आकर्षक धर्मों में आसक्त होने से तृष्णा बढ़ती है। तृष्णा के होने से उपादान···।

भिक्षुओ ! कोई महावृक्ष हो। उसके जो मूल नीचे या अगल बगल फैले हों, सभी ऊपर रस भेजते हों। इस तरह, वह महावृक्ष आहार पाते रहने के कारण चिरकाल तक रह सकता है।

भिक्षुओ ! वैसे ही, संसार के आकर्षक धर्मों में ···।

भिक्षुओ ! कोई महावृक्ष हो। तब, कोई पुरुष कुदाल और टोकरी लेकर आये। वह उस वृक्ष के मूल को काटे, मूल को काट कर उसके नीचे सुरंग खोद दे, और वृक्ष के सभी मूलसोई को काट कर निकाल दे। वह वृक्ष को काट कर टुकड़े-टुकड़े कर दे। फिर, टुकड़ों को भी चीर डाले। चीर कर, छोटी चैली

निकाल दे। चैली को धूप और हवा में सुखा कर जला दे। जला कर कोयला बना दे। कोयले और राख को या तो हवा में उड़ा दे या नदी की धार में बहा दे। भिक्षुओ! इस तरह वह महावृक्ष उन्मूल हो जाय, उसका फिर प्ररोह नहीं हो।

भिक्षुओ! वैसे ही, संसार के आकर्षक धर्मों में केवल बुराई देखने से तृष्णा रुक जाती है। तृष्णा के रुक जाने से उपादान नहीं होता है।''। इस तरह सारा दु:ख समूह रुक जाता है।

§ ६. दुतिय महारुक्ख सुत्त (१२. ६. ६)

तृष्णा महावृक्ष है

श्रावस्ती में।

'''[ऊपर के सूत्र जैसा]

§ ७. तरुण सुत्त (१२. ६. ७)

तृष्णा तरुणवृक्ष के समान है

श्रावस्ती में।

भिक्षुओ! बन्धन में डालने वाले धर्मों में आस्वाद देखते हुये विहार करने से तृष्णा बढ़ती है। तृष्णा के होने से उपादान होता है।'''

भिक्षुओ! कोई तरुणवृक्ष हो। कोई पुरुष समय समय पर उसके थाल्ह को फुल्का बनाता रहे, खाद देता रहे, और पानी पटाता रहे। भिक्षुओ! इस प्रकार वह वृक्ष आहार पाकर फुनगे, बढ़े और खूब फैल जाय।

भिक्षुओ! वैसे ही,'''आस्वाद देखते हुये विहार करने से तृष्णा बढ़ती है'''।

भिक्षुओ! कोई तरुणवृक्ष हो। तब, कोई पुरुष कुदाल और टोकरी लेकर आये''।

भिक्षुओ! वैसे ही, बन्धन में डालनेवाले धर्मों में बुराई ही बुराई देखते हुये विहार करने से तृष्णा नहीं बढ़ती। तृष्णा के रुक जाने से उपादान नहीं होता। इस तरह, सारा दु:ख समूह रुक जाता है।

§ ८. नामरूप सुत्त (१२. ६. ८)

सांसारिक आस्वाद-दर्शन से नामरूप की उत्पत्ति

श्रावस्ती में।

भिक्षुओ! बन्धन में डालने वाले धर्मों में आस्वाद देखते हुये विहार करने से नाम रूप उठते हैं।

'[महावृक्ष की उपमा देकर ऊपर वाले सूत्र के समान]

§ ९. विञ्ञाण सुत्त (१२. ६. ९)

सांसारिक आस्वाद दर्शन से विज्ञान की उत्पत्ति

श्रावस्ती में।

भिक्षुओ! बन्धन में डालने वाले धर्मों में आस्वाद देखते हुये विहार करने से विज्ञान उठता है।

'' [ऊपर वाले सूत्र के समान]

§ १०. निदान सुत्त (१२. ६. १०)

प्रतीत्यसमुत्पाद की गम्भीरता

एक समय, भगवान् कुरु-जनपद में कस्मासदम्म नामक कुरुओं के कस्बे में विहार करते थे।

तब, आयुष्मान् आनन्द जहाँ भगवान् थे वहाँ गये, और भगवान् का अभिवादन कर एक ओर बैठ गये।

एक ओर बैठ, आयुष्मान् आनन्द भगवान् से बोले :—भन्ते ! आश्चर्य है, अद्भुत है ! भन्ते ! *प्रतीत्यसमुत्पाद कितना गम्भीर है ! देखने में कितना गूढ़ मालूम होता है ! किन्तु, मुझे यह बिल्कुल साफ* मालूम होता है।

आनन्द ! ऐसा मत कहो, ऐसा मत कहो। यह प्रतीत्यसमुत्पाद बड़ा गम्भीर और गूढ़ है ! आनन्द ! इसी धर्म को ठीक-ठीक नहीं जानने और समझने के कारण यह प्रजा उलझाई हुई धागे की गुण्डी जैसी, गाँठ और बन्धनों वाली, मूँज की झाड़ी जैसी हो अपाय में पड़ दुर्गति को प्राप्त होती है; संसार से छूटने नहीं पाती है।

आनन्द ! संसार के आकर्षक धर्मों में आसक्त होने से तृष्णा बढ़ती है। [महावृक्ष की उपमा पूर्ववत्]

वृक्षधर्म समाप्त

सातवाँ भाग

महा वर्ग

§ १. पठम अस्सुतवा सुत्त (१२. ७. १)

चित्त बन्दर जैसा है

ऐसा मैंने सुना।

एक समय भगवान् श्रावस्ती में अनाथपिण्डिक के जेतवन आराम में विहार करते थे।

भिक्षुओ! अज्ञ पृथक्जन भी अपने इस चातुर्महाभूतिक''' शरीर से ऊब जाय, विरक्त हो जाय, और छूटने की इच्छा करे।

सो क्यों? क्योंकि, इस चातुर्महाभूतिक शरीर में घटना, बढ़ना, लेना और फेंक देना सभी अपनी आँखों से देखता है। इसके कारण, अज्ञ पृथक्जन भी अपने इस चातुर्महाभूतिक शरीर से ऊब जाय, विरक्त हो जाय, छूटने की इच्छा करे।

भिक्षुओ! किन्तु, यह जो चित्त=मन=विज्ञान है उससे पृथक्जन अज्ञ नहीं ऊब जाता, विरक्त होता, और छूटने की इच्छा करता।

सो क्यों? भिक्षुओ! क्योंकि चिरकाल से अज्ञ पृथक्जन, "यह मेरा है, यह मैं हूँ, यह मेरा आत्मा है" के अज्ञान और ममत्व में पड़ा रहा है।'''

भिक्षुओ! अच्छा होता कि अज्ञ पृथक्जन इस शरीर को, न कि चित्त को आत्मा कह कर मानता।

सो क्यों? भिक्षुओ! क्योंकि यह चातुर्महाभूतिक शरीर एक वर्ष भी, दो वर्ष भी'''सौ वर्ष भी, और अधिक भी ठहरा हुआ देखा जाता है। भिक्षुओ! किन्तु, यह चित्त=मन=विज्ञान रात दिन दूसरा ही दूसरा उत्पन्न होता और निरुद्ध होता रहता है।

भिक्षुओ! जैसे जंगल में घूमते हुये बानर एक डाल पकड़ता है, उसे छोड़कर दूसरी डाल पर उछल जाता है—वैसे ही यह चित्त=मन=विज्ञान रात दिन '।

भिक्षुओ! यहाँ, ज्ञानी आर्यश्रावक प्रतीत्यसमुत्पाद का ही ठीक से मनन करता है। इसके होने से यह होता है। इसके नहीं होने से यह नहीं होता है।''' इस तरह, सारा दुःख-समूह रुक जाता है।

भिक्षुओ! इसे देख, ज्ञानी आर्यश्रावक रूप से भी विरक्त रहता है, वेदना से भी विरक्त रहता है; संज्ञा '''; संस्कार'''; विज्ञान '''। इस वैराग्य से वह मुक्त हो जाता है। जाति क्षीण हो गई''' ऐसा जान लेता है।

§ २. दुतिय अस्सुतवा सुत्त (१२. ७. २)

पञ्चस्कन्ध के वैराग्य से मुक्ति

श्रावस्ती में।

'''[ऊपर के सूत्र जैसा]

भिक्षुओ! यहाँ, ज्ञानी आर्यश्रावक प्रतीत्यसमुत्पाद का ही ठीक से मनन करता है। इसके होने से यह होता है; इसके नहीं होने से यह नहीं होता है।'''इस तरह, सारा दुःख समूह रुक जाता है।

भिक्षुओ ! सुखवेदनीय स्पर्श के होने से सुखावेदना पैदा होती है। उसी सुखवेदनीय स्पर्श के निरोध से'''वह सुखावेदना निरुद्ध और शान्त हो जाती है।

भिक्षुओ ! दुःखवेदनीय स्पर्श के होने से'''; अदुःखसुखवेदनीय स्पर्श के होनेसे ' वह'''वेदना निरुद्ध और शान्त हो जाती है।

भिक्षुओ ! दो लकड़ियों में रगड़ खाने से गर्मी पैदा होती है और आग निकल जाती है। उन दो लकड़ियों के अलग-अलग कर देने से वह गर्मी और आग बुझकर ठण्डी हो जाती है।

भिक्षुओ ! वैसे ही, सुखवेदनीय स्पर्श के होने से सुखावेदना पैदा होती है। उसी सुखवेदनीय स्पर्श के निरोध से'''वह सुखवेदना निरुद्ध और शान्त हो जाती है।

भिक्षुओ ! दुःखवेदनीय स्पर्श के होने से ', अदुःखसुखवेदनीय स्पर्श के होने से ।

भिक्षुओ ! इसे देख, ज्ञानी आर्यश्रावक स्पर्श से भी विरक्त रहता है, वेदना''', संज्ञा''', विज्ञान'''। इस वैराग्य से वह मुक्त हो जाता है। जाति क्षीण हो गई'' ऐसा जान लेता है।

§ ३. पुत्तमंस सुत्त (१२. ७. ३)

चार प्रकार के आहार

श्रावस्ती में।

भिक्षुओ ! उत्पन्न हुए प्राणी की स्थिति के लिए, तथा उत्पन्न होनेवालों के अनुग्रह के लिए चार आहार हैं। कौन से चार ? (१) स्थूल या सूक्ष्म कौर के रूप में। (२) स्पर्श। (३) मन की संचेतना। (४) विज्ञान।''' ''

भिक्षुओ ! कौर के रूप का आहार किस प्रकार का समझना चाहिए ?

भिक्षुओ ! दो पति पत्नी कुछ पाथेय लेकर कान्तार के किसी मार्ग में पड़ जाँय। उनके साथ अपना एक प्यारा लाड़ला पुत्र हो। तब, उनका पाथेय धीरे-धीरे समाप्त हो जाय; पास में कुछ न बचे, और कान्तार कुछ तै करना बाकी बचा रहे।

भिक्षुओ ! तब, उन पति पत्नी के मन में यह हो—हम लोगों का पाथेय समाप्त हो गया, पास में कुछ नहीं बचा है। तो, हम लोग अपने इकलौते प्यारे लाड़ले पुत्र को मार, टुकड़े-टुकड़े और बोटी-बोटी कर, इसे खाते हुए बाकी कान्तार को तै करें। तीनों के तीनों ही मर न जायें।

भिक्षुओ ! तब, वे अपने इकलौते प्यारे लाड़ले पुत्र को मार, टुकड़े टुकड़े और बोटी बोटी कर, उसे खाते हुये बाकी कान्तार को तै करें। वे पुत्र-मांस खायें भी, और छाती पीट पीट कर विलाप भी करें—हा पुत्र ! हा पुत्र !

भिक्षुओ ! तो तुम क्या समझते हो, क्या वे इस तरह मद, मण्डन और विभूषण के लिये आहार करते हैं ?

नहीं भन्ते।

भिक्षुओ ! ऐसा ही कौर के रूप का आहार समझना चाहिये। ऐसा समझने से पाँच कामगुणों के राग को पहचान लेता है। पाँच काम-गुणों के राग को पहचान लेने से उसके लिये वह बन्धन नहीं रहता है जिस बन्धन में बँधकर वह फिर जन्म ग्रहण करे।

भिक्षुओ ! स्पर्श के आहार को कैसा समझना चाहिये ?

भिक्षुओ ! छाँछ लगी हुई कोई गाय किसी भीत के सहारे लगकर खड़ी हो; भीत में रहने वाले कीड़े उसे काटें। वह किसी वृक्ष के सहारे लगकर खड़ी हो; वृक्ष में रहने वाले कीड़े उसे काटें। पानी में खड़ी हो'''। आकाश में खड़ी हो'''। भिक्षुओ ! वह गाय जहाँ जहाँ जाकर खड़ी हो वहाँ वहाँ के कीड़े उसे काटें। भिक्षुओ ! स्पर्श के आहार को भी इसी प्रकार का समझना चाहिये।

भिक्षुओ ! स्पर्श के आहार को इस प्रकार समझ लेने से तीनों वेदनायें जान ली जाती हैं । तीनों वेदनाओं को जान लेने से आर्यश्रावक को फिर और कुछ करना बाकी नहीं बचता है—ऐसा मैं कहता हूँ।

भिक्षुओ ! मन की संचेतना के आहार को कैसा समझना चाहिये ?

भिक्षुओ ! किसी पोरसे भर गड्ढे में लपट और धूँवा से रहित लहलहाती हुई आग भरी हो। तब, कोई पुरुष आवे जो जीने की कामना रखता हो, मरना नहीं चाहता हो, सुख पाना चाहता हो, दुःख से दूर रहना चाहता हो। उसे दो बलवान् आदमी एक एक बाँह पकड़ कर उस गड्ढे में ढकेल दें। भिक्षुओ ! तो, उस पुरुष की चेतना, प्रार्थना और प्रणिधि वहाँ से छूटने के लिये ही होगी।

सो क्यों ? भिक्षुओ ! क्योंकि वह जानता है कि इस आग में गिर कर मैं मर जाऊँगा, या मरने के समान दुःख उठाऊँगा। भिक्षुओ ! मन की संचेतना के आहार को ऐसा ही समझना चाहिये—मैं ऐसा कहता हूँ।

भिक्षुओ ! विज्ञान के आहार को कैसा समझना चाहिये ?

भिक्षुओ ! किसी चोर अपराधी को लोग पकड़ कर राजा के पास ले जाँय, और कहें—देव ! यह आप का चोर अपराधी है; इसे जैसी इच्छा हो दण्ड दें। तब, राजा यह कहे—जाओ, इसे पूर्वाह्न समय एक सौ भालों से भोंक दो। उसे लोग पूर्वाह्न समय···भोंक दें।

तब, राजा मध्याह्न समय यह कहे—उस पुरुष की क्या हालत है ?

देव ! वह वैसा ही जीवित है।

तब, राजा फिर कहे—जाओ, उसे मध्याह्न समय भी सौ भाले भोंक दो। लोग भोंक दें।

तब, राजा साँझ को कहे—उस पुरुष की क्या हालत है ?

·· उसे साँझ में भी लोग सौ भाले भोंक दें।

भिक्षुओ ! तो क्या समझते हो, दिन भर में तीन सौ भालों से चुभ कर उसे दु:ख और बेचैनी होगी या नहीं ?

भन्ते ! एक ही भाला से चुभ कर तो बड़ा दु:ख होता है, तीन सौ की तो बात क्या ?

भिक्षुओ ! विज्ञान के आहार को ऐसा ही समझना चाहिये।

भिक्षुओ ! विज्ञान को इस प्रकार जान, नामरूप को पहचान लेता है। नामरूप को पहचान आर्य श्रावक को फिर और कुछ करना बाकी नहीं रहता—मैं ऐसा कहता हूँ।

§ ४. अत्थिराग सुत्त (१२. ७. ४)

चार प्रकार के आहार

श्रावस्ती में।

भिक्षुओ ! उत्पन्न हुये प्राणी की स्थिति के लिये, तथा उत्पन्न होने वालों के अनुग्रह के लिये चार आहार हैं। कौन से चार ? (१) स्थूल या सूक्ष्म कौर के रूप में। (२) स्पर्श। (३) मन की संचेतना। (४) विज्ञान।···

भिक्षुओ ! कौर के रूप के आहार में यदि राग होता है, सुख का आस्वाद होता है, तृष्णा होती है, तो विज्ञान जमता और बढ़ता है।

जहाँ विज्ञान जमता और बढ़ता है वहाँ नामरूप उठता है। जहाँ नामरूप उठता है वहाँ संस्कारों की वृद्धि होती है। जहाँ संस्कारों की वृद्धि होती है वहाँ पुनर्जन्म होता है। जहाँ पुनर्जन्म होता है वहाँ जाति, जरा, मरण होते हैं। भिक्षुओ ! जहाँ जाति, जरा, मरण होते हैं वहाँ शोक, भय, और उपायास (=परेशानी) होते हैं—ऐसा मैं कहता हूँ।

भिक्षुओ ! स्पर्श ··; मन की चेतना ··, विज्ञान के आहार में यदि राग होता है···।

भिक्षुओ ! कोई रंगरेज या चित्रकार रंग, या लाक्षा, या हल्दी, या नील, या मजीठ के होने से अच्छी तरह साफ और चिकना किये फलक पर, या भित्ति पर, या कपडे के टुकडे पर सभी अंगों से युक्त स्त्री या पुरुष का रूप उतार दे।

भिक्षुओ ! वैसे ही, कौर के रूप में आहार में यदि राग होता है। सुख का आस्वाद होता है, " वहाँ शोक, भय और उपायास होते हैं।

भिक्षुओ ! स्पर्श ", मन की सचेतना , विज्ञान के आहार में यदि राग होता है ।

भिक्षुओ ! कौर के रूप के आहार में यदि राग नहीं होता है, सुख का आस्वाद नहीं होता है, तृष्णा नहीं होती है, तो विज्ञान नहीं जमने पाता।

जहाँ विज्ञान जमता और बढ़ता नहीं है, वहाँ नामरूप नहीं उठता। जहाँ नामरूप नहीं उठता है, वहाँ संस्कारों की वृद्धि नहीं होती है। वहाँ शोक, भय और उपायास नहीं होते है—ऐसा मैं कहता हूँ।

भिक्षुओ ! स्पर्श , मन की सचेतना ", विज्ञान के आहार में यदि राग नहीं होता है" तो वहाँ शोक नहीं होते।

भिक्षुओ ! कोई कूटागार या कूटागारशाला हो। उसके उत्तर, दक्षिण और पूर्व में खिड़कियाँ लगी हों। तो, सूर्य के उगने पर किरणें उसमें प्रवेश कर कहाँ पड़ेंगी?

भन्ते ! पश्चिम वाली दीवाल पर।

भिक्षुओ ! यदि पश्चिम में कोई दीवाल न हो तो?

भन्ते ! तो जमीन पर।

भिक्षुओ ! यदि जमीन नहीं हो तो कहाँ पड़ेगी?

भन्ते ! जल पर।

भिक्षुओ ! यदि जल भी नहीं हो तो कहाँ पड़ेंगी?

भन्ते ! कहीं नहीं पड़ेंगी।

भिक्षुओ ! वैसे ही, कौर के रूप के , स्पर्श , मन की सचेतना , विज्ञान के आहार में यदि राग नहीं, आस्वाद नहीं, तृष्णा नहीं, तो विज्ञान जमता और बढ़ता नहीं है। " वहाँ शोक, भय और उपायास नहीं होते हैं—ऐसा मैं कहता हूँ।

§ ५. नगर सुत्त (१२. ७ ५)

आर्य अष्टाङ्गिक मार्ग प्राचीन बुद्ध मार्ग है

श्रावस्ती में।

भिक्षुओ ! बुद्धत्व प्राप्त करने के पहले बोधिसत्व रहते मेरे मन में ऐसा हुआ—हाय ! यह लोक भारी विपत्ति में फँसा है। जनमता है, बुढ़ाता है, मरता है, यहाँ मरकर वहाँ पैदा होता है। और, जरामरण के दुःख से कैसे छुटकारा होगा नहीं जानता है। इस जरामरण के दुःख से मुक्ति का ज्ञान कब होगा?

भिक्षुओ ! तब, मेरे मन में यह हुआ—किसके होने से जरामरण होता है, जरामरण का प्रत्यय क्या है?

भिक्षुओ ! इस पर उचित मनन करने से मुझे ज्ञान का उदय हो गया—जाति के होने से जरामरण होता है, जाति ही जरामरण का प्रत्यय है।

"'भव , उपादान , तृष्णा' , वेदना , स्पर्श , षडायतन ", नामरूप ।

भिक्षुओ ! इस पर उचित मनन करने से मुझे ज्ञान का उदय हो गया—विज्ञान के होने से नामरूप होता है, विज्ञान ही नामरूप का प्रत्यय है।

भिक्षुओ ! तब, मेरे मन में हुआ—किसके होने से विज्ञान होता है, विज्ञान का प्रत्यय क्या है ?

भिक्षुओ ! इस पर उचित मनन करने से मुझे ज्ञान का उदय हो गया—नामरूप के होने से विज्ञान होता है, नामरूप ही विज्ञान का प्रत्यय है।

भिक्षुओ ! तब मेरे मन में यह हुआ—नामरूप से यह विज्ञान लौट जाता है, आगे नहीं बढ़ता। इतने से जनमता है, बुढ़ाता है…। जो नामरूप के प्रत्यय से विज्ञान होता है; विज्ञान के प्रत्यय से नामरूप होता है। नामरूप के प्रत्यय से षडायतन होता है। षडायतन के प्रत्यय से स्पर्श…। इस तरह, सारा दुःख-समूह उठ खड़ा होता है।

भिक्षुओ ! "उठ खड़ा होता है" (=समुदय)=ऐसा पहले कभी नहीं सुने गये धर्मों में चक्षु उत्पन्न हुआ, ज्ञान पैदा हुआ, प्रज्ञा उत्पन्न हुई, विद्या उत्पन्न हुई, आलोक उत्पन्न हुआ।

भिक्षुओ ! तब, मेरे मन में यह हुआ—किसके नहीं होने से जरामरण नहीं होता है, किसका निरोध होने से जरामरण का निरोध होता है।

भिक्षुओ ! इस पर उचित मनन करने से मुझे ज्ञान का उदय हो गया—जाति के नहीं होने से जरामरण नहीं होता है। जाति का निरोध होने से जरामरण का निरोध होता है।

भव…; उपादान…, तृष्णा…; वेदना…; स्पर्श…, षडायतन…; नामरूप…, किसका निरोध होने से नामरूप का निरोध होता है ?

भिक्षुओ ! इस पर उचित मनन करने से मुझे ज्ञान का उदय हो गया—विज्ञान के नहीं होने से नामरूप नहीं होता है, विज्ञान का निरोध होने से नामरूप का निरोध होता है।

…किसके नहीं होने से विज्ञान नहीं होता, किसका निरोध होने से विज्ञान का निरोध हो जाता है ?

…नामरूप के नहीं होने से विज्ञान नहीं होता है, नाम रूप का निरोध होने से विज्ञान का निरोध हो जाता है।

भिक्षुओ ! तब मेरे मन में यह हुआ—मैंने मार्ग का ज्ञान प्राप्त कर लिया, नाम-रूप के निरोध से विज्ञान का निरोध होता है। विज्ञान के निरोध से नाम रूप का निरोध होता है। नाम-रूप के निरोध से षडायतन का निरोध होता है। षडायतन के निरोध से स्पर्श का निरोध होता है।…। इस तरह, सारे दुःख-समूह का निरोध हो जाता है।

भिक्षुओ ! "निरोध, निरोध" ऐसा पहले कभी नहीं सुने गये धर्मों में चक्षु उत्पन्न हुआ, ज्ञान पैदा हुआ…।

भिक्षुओ ! कोई पुरुष जंगल में घूमते हुये एक पुराना मार्ग देखे, पूर्वकाल के लोगों का बनाया, पूर्वकाल के लोगों का इस्तेमाल किया। वह पुरुष उस मार्ग को पकड़ कर आगे जाय, और एक पुराने राजधानी नगर को देखे, जहाँ पूर्वकाल में लोग रहा करते थे, जो आराम, वाटिका, पुष्करिणी, और सुन्दर चहार-दिवाली से युक्त हो।

भिक्षुओ ! तब, वह पुरुष राजा या राजमन्त्री को जाकर कहे—भन्ते ! जानते हैं, मैंने जंगल में घूमते…। भन्ते ! अच्छा होता कि उस नगर को फिर बसावें।

भिक्षुओ ! तब, राजा या राजमन्त्री उस नगर को फिर भी बसावे। वह नगर कुछ काल के बाद बड़ा गुल्जार, समृद्ध, और उन्नतिशील हो जाय।

भिक्षुओ! वैसे ही, मैंने पुराना मार्ग देख लिया है, जिस मार्ग पर पूर्व के सम्यक् सम्बुद्ध चल चुके हैं।

भिक्षुओ ! पूर्व के सम्यक्-सम्बुद्ध से चला गया वह पुराना मार्ग क्या है ? यही आर्य-अष्टांगिक मार्ग; जो सम्यक् दृष्टि… सम्यक् समाधि।…

उस मार्ग पर मैं चला। उस मार्ग पर चलकर मैंने जरामरण को जान लिया, जरामरण के

समुदय को जान लिया, जरामरण के निरोध को जान लिया, जरामरण की निरोधगामिनी प्रतिपदा को जान लिया।

उस मार्ग पर मैंने चला। उस मार्ग पर चलकर मैंने जाति…, भव…, उपादान…, तृष्णा…, वेदना…, स्पर्श…, षडायतन…, नामरूप…, विज्ञान…, संस्कार…।

उसे जान, मैंने भिक्षुओं को, भिक्षुणियों को, उपासकों को और उपसिकाओं को उपदेशा। भिक्षुओ! यही ब्रह्मचर्य इतना समृद्ध और उन्नतिशील है, विस्तारित है, बहुत जनों से भर गया है, मनुष्यों और देवताओं में भली प्रकार से प्रकाशित है।

§ ६. सम्मसन सुत्त (१२. ७. ६)

आध्यात्मिक मनन

ऐसा मैंने सुना।

एक समय भगवान् कुरुजनपद में कम्मासदम्म नामक कुरुओं के कस्बे में विहार करते थे।

…भगवान् बोले—भिक्षुओ! तुम अपने भीतर ही भीतर खूब फेटन फेटो।

ऐसा कहने पर कोई भिक्षु भगवान् से बोला—भन्ते! मैं अपने भीतर ही भीतर खूब फेटन फेटता हूँ।

भिक्षु! कहो तो सही तुम अपने भीतर ही भीतर कैसे फेटन फेटते हो।

भिक्षु ने बतलाया, किन्तु उसके बतलाने से भगवान् का चित्त संतुष्ट नहीं हुआ।

तब, आयुष्मान् आनन्द भगवान् से बोले—हे भगवन्! अब यह समय है—भगवान् इसका उपदेश करें कि अपने भीतर ही भीतर कैसे फेटन फेटा जाता है। भगवान् से सुनकर भिक्षु धारण करेंगे।

तो आनन्द! सुनो, अच्छी तरह मन लगाओ, मैं कहता हूँ।

"भन्ते! बहुत अच्छा" कह, भिक्षुओं ने भगवान् को उत्तर दिया।

भगवान् बोले—भिक्षुओ! अपने भीतर ही भीतर भिक्षु खूब फेटन फेटता है—यह जो जरामरण इत्यादि अनेक प्रकार के नाना दुःख लोक में पैदा होते हैं उनका निदान क्या है? उत्पत्ति क्या है? प्रभव क्या है? किसके होने से जरामरण होता है? किसके नहीं होने से जरामरण नहीं होता है?

ऐसा फेटते हुए वह जान लेता है—…यह दुःख उपाधि के निदान…से होते हैं। उपाधि के होने से जरामरण होता है; उपाधि के नहीं होने से जरामरण नहीं होता है। वह जरामरण को जान लेता है। …समुदय, निरोध और …प्रतिपदा को जान लेता है। इस तरह वह धर्म के सच्चे मार्ग पर आरूढ होता है।

भिक्षुओ! वह भिक्षु सर्वशः सम्यक् दुःखक्षय के लिए, तथा जरामरण के निरोध के लिए प्रतिपन्न कहा जाता है।

इसके बाद भी, अपने भीतर ही भीतर फेटन फेटता है—उपाधि (=पञ्च स्कन्ध) का निदान क्या है…?

…उपाधि का निदान…तृष्णा है।…। वह उपाधि को जान लेता है।…

भिक्षुओ! इसके बाद भी अपने भीतर ही भीतर फेटन फेटता है—यह तृष्णा उत्पन्न होती हुई कैसे उत्पन्न होती है और कहाँ लग जाती है?

ऐसा फेटते हुए वह जान लेता है—लोक में जो सुन्दर और लुभावने विषय हैं उन्हीं में तृष्णा उत्पन्न होती है, और उन्हीं में लग जाती है। लोक में चक्षु के विषय सुन्दर और लुभावने हैं; इन्हीं में तृष्णा उत्पन्न होती है और लग जाती है।…

लोक में श्रोत्र…, घ्राण…, जिह्वा…, काया…, मन के विषय सुन्दर और लुभावने हैं; इन्हीं में तृष्णा उत्पन्न होती है और लग जाती है।

भिक्षुओ ! अतीत काल में जिन श्रमण या ब्राह्मणों ने लोक के सुन्दर और लुभावने विषयों को नित्य, सुख, आत्मा, आरोग्य और क्षेम के ऐसा देखा, उनने तृष्णा को बढ़ाया।

जिनने तृष्णा को बढ़ाया उनने उपाधि को बढ़ाया। जिनने उपाधि को बढ़ाया उनने दुःख को बढ़ाया। जिनने दुःख को बढ़ाया वे जाति जरामरण, शोक···से मुक्त नहीं हुए। दुःख से मुक्त नहीं हुए—ऐसा मैं कहता हूँ।

भिक्षुओ ! भविष्य काल में जो श्रमण या ब्राह्मण···।

भिक्षुओ ! वर्तमान काल में जो श्रमण या ब्राह्मण···।

भिक्षुओ ! जैसे, कोई पीने का कटोरा हो; जो रंग, गन्ध और रस से युक्त हो, किन्तु उसमें विष लगा हो। तब, कोई घाम में गर्माया, घमाया, थका, माँदा प्यासा पुरुष आवे। उस पुरुष को कोई कहे—हे पुरुष ! यह तुम्हारे लिए पीने का कटोरा है; जो रंग, गन्ध और रस से युक्त है, किन्तु इसमें विष लगा है। यदि चाहो तो पी सकते हो। पीने से यह रंग, गन्ध और स्वाद में बड़ा अच्छा लगेगा। पीने के बाद उसके कारण या तो मर जाओगे या मरने के समान दुःख भोगोगे। वह पुरुष सहसा बिना कुछ विचार किये उस कटोरे को पी ले, अपने को नहीं रोके। वह उसके कारण मर जाय या मरने के समान दुःख पावे।

भिक्षुओ ! वैसे ही, अतीत काल में जिन श्रमण या ब्राह्मणों ने लोक के सुन्दर और लुभावने···। दुःख से मुक्त नहीं हुए—ऐसा मैं कहता हूँ।

भिक्षुओ ! भविष्य काल···, वर्तमान काल में···।

भिक्षुओ ! अतीतकाल में जिन श्रमण या ब्राह्मणों ने लोक के सुन्दर और लुभावने विषयों को अनित्य, दुःख, अनात्म, रोग, और भय के ऐसा देखा, उनने तृष्णा को छोड़ दिया।

जिनने तृष्णा को छोड़ दिया उनने उपाधि को छोड़ दिया। जिनने उपाधि को छोड़ दिया उनने दुःख को छोड़ दिया। जिनने दुःख को छोड़ दिया वे जाति, जरामरण, शोक···से मुक्त हो गये। वे दुःख से छूट गये—ऐसा मैं कहता हूँ।

भिक्षुओ ! भविष्य में···; वर्तमान काल में···। वे दुःख से छूट गये—ऐसा मैं कहता हूँ।

भिक्षुओ ! जैसे···। यदि चाहो तो पी सकते हो। पीने से यह रंग, गंध और स्वाद में बड़ा अच्छा लगेगा। पीने के बाद उसके कारण या तो मर जाओगे या मरने के समान दुःख भोगोगे।

भिक्षुओ ! तब, उस पुरुष के मन में यह हो—मैं इस प्यास को सुरा से, पानी से, दही-मट्ठा से, लस्सी से, या जौरा के पानी से मिटा सकता हूँ। इस प्याले को मैं न पीऊँ जो बहुत काल तक मेरे अहित और दुःख के लिए हो। वह समझ बूझकर उस कटोरे को छोड़ दे, न पीये। इससे वह न तो मरे और न मरने के समान दुःख पावे।

भिक्षुओ ! वैसे ही, अतीत काल में जिन श्रमण या ब्राह्मणों ने लोक के सुन्दर और लुभावने विषयों को अनित्य, दुःख, अनात्म, रोग और भय के ऐसा देखा, उनने तृष्णा को छोड़ दिया।

···वे दुःख से छूट गये—ऐसा मैं कहता हूँ।

भिक्षुओ ! भविष्य में···; वर्तमान काल में···। वे दुःख से छूट जाते हैं—ऐसा मैं कहता हूँ।

§ ७. नलकलाप सुत्त (१२. ७. ७)

जरामरण की उत्पत्ति का नियम

एक समय आयुष्मान् सारिपुत्र और आयुष्मान् महाकोट्ठित वाराणसी के समीप ऋषिपतन मृगदाय में विहार करते थे।

तब, आयुष्मान् महाकोट्ठित साँझ को ध्यान से उठ जहाँ आयुष्मान् सारिपुत्र थे वहाँ गये, और कुशल क्षेम के प्रश्न पूछकर एक ओर बैठ गये।

एक ओर बैठ, आयुष्मान् महाकोट्ठित आयुष्मान् सारिपुत्र से बोले—आवुस सारिपुत्र! क्या जरामरण अपना स्वयं किया हुआ है, या दूसरे का किया हुआ है, या अपना स्वयं भी और दूसरे का भी किया हुआ है, या न अपना स्वयं और न दूसरे का किया हुआ किन्तु अकारण हठात् उत्पन्न हो गया है?

=आवुस कोट्ठित! इनमें एक भी ठीक नहीं।

=आवुस सारिपुत्र! क्या जाति ''', भव''', उपादान''', तृष्णा''', वेदना''', स्पर्श ''', षडायतन ''', नामरूप'''अपना स्वयं किया हुआ है या अकारण हठात् उत्पन्न हो गया है?

आवुस कोट्ठित! इनमें एक भी ठीक नहीं। किन्तु, विज्ञान के प्रत्यय से नामरूप होता है।

आवुस सारिपुत्र! क्या विज्ञान अपना स्वयं किया हुआ है,'''या अकारण उत्पन्न हुआ है?

आवुस कोट्ठित! इनमें एक भी ठीक नहीं; किन्तु, नामरूप के प्रत्यय से विज्ञान होता है।

तो हम आयुष्मान् सारिपुत्र के कहे का अर्थ इस प्रकार जानें—नामरूप और विज्ञान न तो अपना स्वयं किया हुआ है,'''न अकारण हठात् उत्पन्न हुआ है; किन्तु, विज्ञान के प्रत्यय से नामरूप, और नामरूप के प्रत्यय से विज्ञान होता है।

आवुस सारिपुत्र! इसका अर्थ यों ही न समझना चाहिये?

तो, आवुस! मैं एक उपमा देकर समझाता हूँ, उपमा से कितने विज्ञ पुरुष कहे हुये का अर्थ झट समझ लेते हैं।

आवुस! जैसे, दो नलकलाप (= नरकट के बोझे) एक दूसरे के सहारे लगकर खड़े हों, वैसे ही नामरूप के प्रत्यय से विज्ञान और विज्ञान के प्रत्यय से नामरूप होता है। नामरूप के प्रत्यय से षडायतन होता है।'''इस तरह, सारा दुःख-समूह उठ खड़ा होता है।

आवुस! जैसे, उन दो नलकलापों में एक को खींच लेने से दूसरा गिर पड़ता है; वैसे ही, नामरूप के निरोध से विज्ञान का निरोध और विज्ञान के निरोध से नामरूप का निरोध होता है। नामरूप के निरोध से षडायतन का निरोध होता है। षडायतन के निरोध से स्पर्श का निरोध होता है। '''। इस तरह, सारे दुःख-समूह का निरोध हो जाता है।

आवुस सारिपुत्र! आश्चर्य है, अद्भुत है! आप ने इसे इतना अच्छा समझाया! आप के कहे हुये का हम इन तम प्रकार से अनुमोदन करते हैं।

जो भिक्षु जरामरण के निर्वेद, वैराग्य और निरोध के लिये धर्मोपदेश करता है वही अलबत्ता धर्मकथिक कहा जा सकता है। जो भिक्षु जरामरण के निर्वेद, वैराग्य और निरोध के लिये प्रतिपन्न होता है वही अलबत्ता धर्मानुधर्म-प्रतिपन्न कहा जा सकता है। जो भिक्षु जरामरण के निर्वेद, वैराग्य, निरोध, अनुपादान से विमुक्त हो जाता है वही अलबत्ता दृष्टधर्मनिर्वाण प्राप्त कहा जा सकता है।

जाति''', भव''', उपादान''', तृष्णा''', वेदना''', स्पर्श''', षडायतन''', नामरूप''', विज्ञान ''', संस्कार ''' । '''जो भिक्षु अविद्या के निर्वेद, वैराग्य, निरोध, अनुपादान से विमुक्त हो जाता है वही अलबत्ता दृष्टधर्मनिर्वाण प्राप्त कहा जा सकता है।

§ ८. कोसम्बी सुत्त (१२. ७. ८)

भव का निरोध ही निर्वाण

एक समय आयुष्मान् मूसिल, आयुष्मान् सविट्ठ, आयुष्मान् नारद और आयुष्मान् आनन्द कौशाम्बी के घोषिताराम में विहार करते थे।

क

तब, आयुष्मान् सविट्ठ आयुष्मान् मूसिल से बोले—आवुस मूसिल ! श्रद्धा को छोड़, रुचि को छोड़, अनुश्रव को छोड़, आकारपरिवितर्क को छोड़, दृष्टिनिध्यान क्षान्ति को छोड़, आयुष्मान् मूसिल को क्या अपने भीतर ही ऐसा ज्ञान हो गया है कि जाति के प्रत्यय से जरामरण होता है ?

आवुस सविट्ठ ! श्रद्धा को छोड़···, मैं यह जानता हूँ, मैं यह देखता हूँ कि जाति के प्रत्यय से जरामरण होता है।

आवुस मूसिल ! श्रद्धा को छोड़···, आयुष्मान् मूसिल को क्या अपने भीतर ही ऐसा ज्ञान हो गया है कि भव के प्रत्यय से जाति होती है ?···

··· कि उपादान के प्रत्यय से भव होता है ?···
···कि तृष्णा के प्रत्यय से उपादान होता है ? ·
··· कि वेदना के प्रत्यय से तृष्णा होती है ?···
···कि स्पर्श के प्रत्यय से वेदना होती है ?···
···कि षडायतन के प्रत्यय से स्पर्श होता है ? ··
···कि नामरूप के प्रत्यय से षडायतन होता है ?···
···कि विज्ञान के प्रत्यय से नामरूप होता है ?···
···कि संस्कारों के प्रत्यय से विज्ञान होता है ?···
···कि अविद्या के प्रत्यय से संस्कार होते हैं ? ··

आवुस सविट्ठ ! श्रद्धा को छोड़···, मैं यह जानता हूँ, मैं यह देखता हूँ कि अविद्या के प्रत्यय से संस्कार होते हैं।

आवुस मूसिल ! श्रद्धा को छोड़···, आयुष्मान् मूसिल को क्या अपने भीतर ऐसा ज्ञान हो गया है कि जाति का निरोध होने से जरामरण का निरोध होता है।

आवुस सविट्ठ ! श्रद्धा को छोड़···, मैं यह जानता और देखता हूँ कि जाति का निरोध होने से जरामरण का निरोध होता है ?

··· *भव के निरोध से जाति का निरोध*···। [*प्रतिलोम वश से*]···*अविद्या के निरोध से संस्कारों* का निरोध होता है।

आवुस मूसिल ! श्रद्धा को छोड़···, आयुष्मान् मूसिल को क्या अपने भीतर ऐसा ज्ञान हो गया है कि भव का निरोध होना ही निर्वाण है ?

आवुस सविट्ठ ! श्रद्धा को छोड़···, मैं यह जानता और देखता हूँ कि भव का निरोध होना ही निर्वाण है ?

तो आयुष्मान् मूसिल क्षीणाश्रव अर्हत् हैं।

इस पर आयुष्मान् मूसिल चुप रहे।

ख

तब, आयुष्मान् नारद आयुष्मान् सविट्ठ से बोले—आवुस सविट्ठ ! अच्छा होता कि मुझे भी यह प्रश्न पूछा जाता। मुझसे वह प्रश्न पूछें। मैं आप को इस प्रश्न का उत्तर दूँगा।

···मैं आयुष्मान् नारद को भी वह प्रश्न पूछता हूँ। आयुष्मान् नारद मुझे इस प्रश्न का उत्तर दें।

···[पूर्ववत्]

आवुस सविट्ठ ! श्रद्धा को छोड़…, मैं यह जानता और देखता हूँ कि भव का निरोध होना ही निर्वाण है।

तो आयुष्मान् नारद क्षीणाश्रव अर्हत् है।

आवुस ! मैंने इस यथार्थ ज्ञान को पा लिया है कि भव का निरोध होना ही निर्वाण है, किन्तु मैं क्षीणाश्रव अर्हत् नहीं हूँ।

आवुस ! जैसे, किसी कान्तार मार्ग में एक कुँआ हो। वहाँ न डोर हो न बाल्टी। तब, कोई घाम से गर्माया, घमाया, थका-माँदा प्यासा पुरुष आवे। वह उस कुँआ में झाँके। "पानी है" ऐसा वह जाने, किन्तु वहाँ तक पहुँचने में असमर्थ हो।

आवुस ! वैसे ही, मैंने इस यथार्थ-ज्ञान को पा लिया है कि भव का निरोध होना ही *निर्वाण है, किन्तु मैं क्षीणाश्रव अर्हत् नहीं हूँ।*

ग

ऐसा कहने पर आयुष्मान् आनन्द आयुष्मान् सविट्ठ से बोले—आवुस सविट्ठ ! ऐसा कह कर आप आयुष्मान् नारद को क्या कहना चाहते हैं?

आवुस आनन्द !… मैं आयुष्मान् नारद को कुशल और कल्याण छोड़ कर कुछ दूसरा कहना नहीं चाहता हूँ।

§ ९. उपयन्ति सुत्त (१२. ७. ९)

जरामरण का हटना

ऐसा मैंने सुना।

एक समय भगवान् श्रावस्ती में अनाथपिण्डिक के आराम जेतवन में विहार करते थे।

…*भगवान् बोले—भिक्षुओ ! महासमुद्र बढ़कर महानदियों को बढ़ा देता है।* महानदियाँ बढ़कर छोटी छोटी नदियों (= शाखा नदियों) को बढ़ा देती हैं।…बड़ी बड़ी झाड़ियों को बढ़ा देती हैं।… छोटी-छोटी झाड़ियों को बढ़ा देती हैं।

भिक्षुओ ! इसी तरह, अविद्या बढ़कर संस्कारों को बढ़ा देती है। संस्कार बढ़कर विज्ञान को बढ़ा देते हैं।…जाति बढ़कर जरामरण को बढ़ा देती है।

भिक्षुओ ! महासमुद्र के लौट जाने पर महा नदियाँ लौट जाती हैं।…

भिक्षुओ ! इसी तरह, अविद्या के हट जाने से संस्कार हट जाते हैं। संस्कारों के हट जाने से विज्ञान हट जाता है।…जाति के हट जाने से जरामरण हट जाता है।

§ १०. सुसीम सुत्त (१२. ७. १०)

धर्म-स्वभाव ज्ञान के पश्चात् निर्वाण का ज्ञान

अनित्यता, चोर की तरह साधु हो दुःख भोगता है

ऐसा मैंने सुना।

एक समय भगवान् राजगृह के वेलुवन कलन्दक निवाप में विहार करते थे।

क

उस समय भगवान् का बड़ा सत्कार, = गुरुकार- = सम्मान, = पूजन, = आदर हो रहा था।

भिक्षुसंघ का भी बड़ा सत्कार ।

किन्तु, अन्य तैर्थिकों का सत्कार नहीं होता था। उन्हें चीवर प्राप्त नहीं होते थे।

ख

उस समय सुसीम परिव्राजक परिव्राजकों की एक बड़ी मण्डली के साथ राजगृह में ठहरा हुआ था।

तब, सुसीम परिव्राजक की मण्डली ने सुसीम परिव्राजक को कहा—मित्र सुसीम ! सुनें, आप श्रमण गौतम के पास दीक्षा ले लें। श्रमण गौतम से धर्म सीख कर आवें और हम लोगों को कहें। आप से धर्म सीखकर हम लोग गृहस्थों को उपदेश देंगे। इस तरह, हम लोगों का भी सत्कार होगा, और हम भी चीवर प्राप्त करेंगे।

"मित्र ! बहुत अच्छा" कह, सुसीम परिव्राजक अपनी मण्डली को उत्तर दे, जहाँ आयुष्मान् आनन्द थे वहाँ गया, और कुशल क्षेम के प्रश्न पूछकर एक ओर बैठ गया।

ग

एक ओर बैठ, सुसीम परिव्राजक आयुष्मान् आनन्द से बोला—आवुस आनन्द ! मैं इस धर्म-विनय में ब्रह्मचर्य पालन करना चाहता हूँ।

तब, आयुष्मान् आनन्द सुसीम परिव्राजक को ले जहाँ भगवान् थे वहाँ गये, और भगवान् का अभिवादन कर एक ओर बैठ गये।

एक ओर बैठ, आयुष्मान् आनन्द भगवान् से बोले—सुसीम परिव्राजक ऐसा कहता है कि आवुस आनन्द ! मैं इस धर्मविनय में ब्रह्मचर्य पालन करना चाहता हूँ।

आनन्द ! तो सुसीम को प्रव्रजित करो।

सुसीम परिव्राजक ने भगवान् के पास प्रव्रज्या और उपसम्पदा पाई।

उस समय कुछ भिक्षुओं ने भगवान् के पास ऐसा स्वीकार कर लिया था—जाति क्षीण हो गई, ब्रह्मचर्य पूरा हो गया, जो करना था सो कर लिया, अब और कुछ नहीं बचा, ऐसा जान लिया।

घ

आयुष्मान् सुसीम ने इसे सुना कि कुछ भिक्षुओं ने भगवान् के पास ऐसा स्वीकार कर लिया है।

तब, आयुष्मान् सुसीम जहाँ वे भिक्षु थे वहाँ गये, और कुशल-क्षेम के प्रश्न पूछकर और बैठ गये।

एक ओर बैठ, आयुष्मान् सुसीम उन भिक्षुओं से बोले—क्या यह सच्ची बात है कि आयुष्मान ने भगवान् के पास ऐसा स्वीकार कर लिया है ?

हाँ, आवुस !

आयुष्मानों ने यह जानते और देखते हुये क्या अनेक प्रकार की ऋद्धियों को प्राप्त कर लिया है ? एक होकर भी बहुत हो जाते हैं ? बहुत होकर भी एक हो जाते हैं ? क्या आप प्रगट होते और लुप्त हो जाते हैं ? क्या आप दीवाल, हाता, पहाड़ के आर पार बिना लगे सीधे चले जा सकते हैं, जैसे आकाश में ? पृथ्वी में भी क्या आप डुबकियाँ लगा सकते हैं जैसे पानी में ? जल के तल पर भी क्या आप चल सकते हैं, जैसे पृथ्वी के ऊपर ? आकाश में भी क्या आप पलथी लगाकर उड़ सकते हैं, जैसे पक्षी ? चाँद सूरज जैसे तेजवान् को भी क्या आप हाथ से छू सकते हैं ? ब्रह्मलोक तक भी क्या आप अपने शरीर से वश में कर सकते हैं ?

आवुस, नहीं।

आप आयुष्मान् ऐसा जानते और देखते हुये क्या दिव्य अलौकिक विशुद्ध श्रोत्रधातु से दिव्य और मानुष, तथा दूर और निकट के शब्दों को सुन सकते हैं ?

आवुस ! नहीं सुन सकते है।

आप आयुष्मान् ऐसा जानते और देखते हुये क्या दूसरे जीवों और पुरुषों के चित्त को अपने चित्त से जान लेते हैं ? सराग चित्त को सराग चित्त है, ऐसा जान लेते हैं ? वीतराग चित्त को वीतराग चित्त है, ऐसा जान लेते हैं ? द्वेष···मोह वाले चित्त को · वैसा जान लेते हैं ? संक्षिप्त···, विक्षिप्त···, महान्···, अमहान्···, सोत्तर···, अनुत्तर···, समाहित···, असमाहित···, विमुक्त···, अविमुक्त चित्त को वैसा-वैसा जान लेते हैं ?

आवुस, नहीं।

आप आयुष्मान् ऐसा जानते और देखते हुये क्या अनेक प्रकार के अपने पूर्व जन्म की बातों को स्मरण करते हैं—जैसे, एक जन्म भी, दो जन्म भी···, पाँच···, दस ··, बीस··, पचास , सौ···, हजार···, लाख ··, । अनेक संवर्त कल्प भी, अनेक विवर्त कल्प भी, अनेक संवर्तविवर्त कल्प भी। वहाँ था; इस नाम का, इस गोत्र का, इस वर्ण का, इस आहार का, ऐसा सुखदुःख भोगने वाला, इतनी आयु वाला। सो वहाँ से मर कर वहाँ उत्पन्न हुआ। वहाँ भी इस नाम का···था। सो, वहाँ से मर कर यहाँ उत्पन्न हुआ हूँ—इस प्रकार क्या आप आकार और उद्देश्य के साथ अनेक प्रकार के अपने पूर्व जन्म की बातों को स्मरण करते हैं।

आवुस, नहीं।

आप आयुष्मान् ऐसा जानते और देखते हुये क्या दिव्य अलौकिक विशुद्ध चक्षु से सत्त्वों को—मरते, जन्मते, हीन, प्रणीत, सुन्दर, कुरूप, अच्छी गति को प्राप्त, दुर्गति को प्राप्त, अपने कर्म के अनुसार अवस्था को पाये—देखते हैं ? ये जीव शरीर, वचन और मन से दुराचार करने वाले हैं, आर्य पुरुषों की निन्दा करने वाले हैं, मिथ्या दृष्टि वाले हैं, मिथ्या दृष्टि में पड़ कर आचरण करने वाले हैं—जो मरने के बाद नरक में उत्पन्न हो कर दुर्गति को प्राप्त होंगे ? ये जीव शरीर, वचन, और मन से सदाचार करने वाले हैं···, जो मरने के बाद स्वर्ग में उत्पन्न हो कर सुगति को प्राप्त होंगे ? इस प्रकार, क्या जीवों को मरते, जन्मते, हीन, प्रणीत, सुन्दर, कुरूप, अच्छी गति को प्राप्त, दुर्गति को प्राप्त, अपने कर्म के अनुसार अवस्था को पाये—देखते हैं ?

आवुस, नहीं।

आप आयुष्मान् ऐसा जानते और देखते हुये क्या उस शान्त विमोक्ष रूप के परे अरूप जो हैं उन्हें शरीर से स्पर्श करते विहार करते हैं ?

आवुस, नहीं।

क्या आयुष्मानों का स्वीकार करना ठीक होते हुये भी आप ने इन (अलौकिक) धर्मों को नहीं पाया है ?

नहीं आवुस, यह नहीं है।

तो कैसे यह सम्भव है।

आवुस सुसीम ! हम लोग प्रज्ञा-विमुक्त हैं।

आयुष्मानों के इस संक्षेप से कहे गये का हम विस्तार से अर्थ नहीं समझते हैं। कृपा कर के आप लोग ऐसा कहें कि आयुष्मानों के इस संक्षेप से कहे गये का हम विस्तार से अर्थ जान लें।

आवुस सुसीम ! आप जान लें या न जान लें, किन्तु हम लोग प्रज्ञाविमुक्त हैं।

ङ

तब, आयुष्मान् सुसीम आसन से उठ जहाँ भगवान् थे वहाँ गये, और भगवान् का अभिवादन कर एक ओर बैठ गये। एक ओर बैठ, आयुष्मान् सुसीम ने उन भिक्षुओं के साथ जो कथा-संलाप हुआ था सभी भगवान् को कह सुनाया।

सुसीम ! पहले धर्म के स्वभाव का ज्ञान होता है, पीछे निर्वाण का ज्ञान।

भगवान् के इस संक्षेप से कहे गये का हम विस्तार से अर्थ नहीं समझते हैं। कृपा कर भगवान् ऐसा कहें कि भगवान् के इस संक्षेप से कहे गये का हम विस्तार से अर्थ जान लें।

सुसीम ! तुम जानो या न जानो, किन्तु पहले धर्म के स्वभाव का ज्ञान होता है, पीछे निर्वाण का ज्ञान। सुसीम ! तो क्या समझते हो रूप नित्य है अथवा अनित्य ?

भन्ते ! अनित्य है।

जो अनित्य है वह दुःख है या सुख ?

भन्ते ! दुःख है।

जो अनित्य, दुःख विपरिणामधर्मा है उसे क्या ऐसा समझना ठीक है—यह मेरा है, यह मैं हूँ, यह मेरा आत्मा है ?

नहीं भन्ते !

वेदना नित्य है या अनित्य···।

संज्ञा नित्य है या अनित्य···।

संस्कार नित्य है या अनित्य···।

विज्ञान नित्य है या अनित्य···।

जो अनित्य, दुःख, विपरिणामधर्मा है उसे क्या ऐसा समझना ठीक है—यह मेरा है, यह मैं हूँ, यह मेरा आत्मा है ?

नहीं भन्ते !

सुसीम ! तो, जो कुछ अतीत, अनागत या वर्तमान् के रूप हैं—आध्यात्म या बाह्य, स्थूल या सूक्ष्म, हीन या प्रणीत, दूरस्थ या निकटस्थ—सभी न मेरे हैं, न हम हैं, और न हमारे आत्मा हैं।

सुसीम ! जो कुछ अतीत अनागत या वर्तमान के वेदना··, संज्ञा ··, संस्कार···, विज्ञान हैं··· सभी न मेरे हैं, न हम हैं, और न हमारे आत्मा है। इस बात का यथार्थ रूप में अच्छी तरह साक्षात्कार कर लेना चाहिये।

सुसीम ! ऐसा देखते हुये ज्ञानी आर्यश्रावक का चित्त रूप से हट जाता है, वेदना से हट जाता है, संज्ञा से हट जाता है, विज्ञान से हट जाता है। चित्त के हट जाने पर वैराग्य उत्पन्न होता है। वैराग्य से विमुक्त हो जाता है। विमुक्त हो जाने पर विमुक्त हो गया ऐसा ज्ञान होता है। जाति क्षीण हुई, ब्रह्मचर्य पूरा हो गया, जो करना था सो कर लिया, अब और कुछ बाकी नहीं बचा—ऐसा जान लेता है।

सुसीम ! तुम देखते हो कि जाति के प्रत्यय से जरामरण होता है ?

हाँ भन्ते !

सुसीम ! तुम देखते हो कि भव के प्रत्यय से जाति होती है ?

हाँ भन्ते !

·· सुसीम ! तुम देखते हो अविद्या के प्रत्यय से संस्कार होते हैं ?

हाँ भन्ते।

सुसीम ! देखते हो कि जाति का निरोध होने से जरामरण का निरोध होता है ?

हाँ भन्ते !

···सुसीम ! देखते हो कि अविद्या का निरोध होने से संस्कारों का निरोध हो जाता है·।

हाँ भन्ते ।

सुसीम ! क्या तुमने ऐसा जानते और देखते हुये अनेक प्रकार की ऋद्धियों को प्राप्त कर लिया है ? कि एक हो कर बहुत हो जाना··[जिन्हें सुसीम ने उन भिक्षुओं से पूछा था]

नहीं भन्ते !

सुसीम ! ऐसा कहना भी और इस धर्मों को न पा लेना भी—सुसीम ! यही हमने किया है ।

च

तब, आयुष्मान् सुसीम भगवान् के चरणों पर शिर से प्रणाम् करके बोले—बाल, मूढ़, अकुशल के ऐसा मुझ से अपराध हो गया कि मैंने ऐसे धर्म-विनय में चोर के ऐसा प्रव्रजित हुआ। भन्ते ! भगवान् के पास मैं अपना अपराध स्वीकार करता हूँ, सो भगवान् मुझे क्षमा कर दें। भविष्य में ऐसा नहीं करूँगा ।

सुसीम ! ·· तुमने ठीक में बड़ा अपराध किया है ।

सुसीम ! जैसे, लोग किसी चोर या दोषी को पकड़ कर राजा के पास ले जायें और कहें—देव ! यह आपका चोर दोषी है; आप जैसा चाहें इसे दण्ड दें। तब, राजा कहे—जाओ, इसके हाथों को पीछे करके रस्सी से कस कर बाँध दो, माथा मुड़ दो, चिल्लाते और ढोल पीटते इसे एक गली से दूसरी गली, और एक चौराहे से दूसरे चौराहे ले जाते हुए दक्खिन के फाटक से निकाल कर नगर के दक्खिन ओर इसका सिर काट दो।···उसे लोग वैसे ही ले जाकर उसका सिर काट दें।

सुसीम ! तो, क्या समझते हो, उस पुरुष को उससे दुःख, बेचैनी होगी या नहीं ?

भन्ते ! अवश्य होगी।

सुसीम ! उस पुरुष को दुःख हो या नहीं हो, किन्तु जो चोर की तरह इस धर्म विनय में प्रव्रजित होते हैं उन्हें अधिकाधिक दुःख भोगना होता है। वह नरक में पड़ता है।

सुसीम ! जो तुम अपने अपराध को अपराध समझ स्वीकार कर रहे हो इसलिये हम क्षमा कर देते हैं। सुसीम ! आर्य-विनय में वसकी वृद्धि ही है जो अपने अपराध का धर्मानुकूल प्रायश्चित कर लेता है और भविष्य में न करने का संकल्प कर लेता है।

महावर्ग समाप्त

आठवाँ भाग

श्रमण-ब्राह्मण वर्ग

§ १. पच्चय सुत्त (१२. ८. १)

परमार्थज्ञाता श्रमण-ब्राह्मण

ऐसा मैंने सुना ।

एक समय भगवान् श्रावस्ती में अनाथपिण्डिक के जेतवन आराम में विहार करते थे ।

···भगवान् बोले—भिक्षुओ ! जो श्रमण या ब्राह्मण जरामरण को नहीं जानते हैं, जरामरण के समुदय को नहीं जानते हैं, जरामरण के निरोध को नहीं जानते हैं, जरामरण की निरोधगामिनी प्रतिपदा को नहीं जानते हैं, उन श्रमणों में न तो श्रामण्य है और ब्राह्मणों में ब्राह्मण्य । वे आयुष्मान् श्रमण या ब्राह्मण के परमार्थ को इसी जन्म में स्वयं जान, साक्षात् कर, और प्राप्त कर विहार नहीं करते हैं ।

भिक्षुओ ! जो श्रमण या ब्राह्मण जरामरण को...जानते हैं, उन्हीं श्रमणों में श्रामण्य और ब्राह्मणों में ब्राह्मण्य है । वे आयुष्मान् श्रमण या ब्राह्मण के परमार्थ को इसी जन्म में स्वयं जान...कर विहार करते हैं ।

§ २–१०. पच्चय सुत्त (१२. ८. २–१०)

परमार्थज्ञाता श्रमण-ब्राह्मण

श्रावस्ती ' जेतवन में ।

जाति को नहीं जानता है·· ।
भव को नहीं जानता है···।
उपादान को नहीं जानता है···।
तृष्णा को नहीं जानता है···।
वेदना को नहीं जानता है·· ।
स्पर्श को नहीं जानता है·· ।
षडायतन को नहीं जानता है···।
नामरूप को नहीं जानता है···।
विज्ञान को नहीं जानता है···।

§ ११. पच्चय सुत्त (१२. ८. ११)

परमार्थज्ञाता श्रमण-ब्राह्मण

संस्कार को नहीं जानता है···।

श्रमण-ब्राह्मण वर्ग समाप्त ।

नवाँ भाग

अन्तर-पेय्याल

§ १. सत्था सुत्त (१२. ९. १)

यथार्थज्ञान के लिए बुद्ध की खोज

भिक्षुओ ! जरामरण को न जानते हुए, न देखते हुए, जरामरण के यथार्थ ज्ञान के लिए बुद्ध की खोज करनी चाहिये। समुदय, निरोध और प्रतिपदा के यथार्थ ज्ञान के लिए बुद्ध की खोज करनी चाहिए। यह पहला सूत्रान्त है।

सभी में इसी भाँति समझ लेना चाहिए।

भिक्षुओ ! जाति को न जानते हुए ।

भिक्षुओ ! भव , उपादान , तृष्णा , वेदना , स्पर्श , षडायतन , नामरूप , विज्ञान , संस्कार को न जानते हुए बुद्ध की खोज करनी चाहिये।

§ २. सिक्खा सुत्त (१२. ९. २)

यथार्थज्ञान के लिए शिक्षा लेना

भिक्षुओ ! जरामरण को न जानते हुए . जरामरण के यथार्थ ज्ञान के लिये शिक्षा लेनी चाहिये।

...[ऊपर के सूत्र के समान ही। "बुद्ध की खोज करनी चाहिये" के स्थान पर "शिक्षा लेनी चाहिये"]

§ ३. योग सुत्त (१२. ९. ३)

यथार्थज्ञान के लिए योग करना

...योग करना चाहिये।

§ ४. छन्द सुत्त (१२. ९. ४)

यथार्थज्ञान के लिए छन्द करना

.. छन्द करना चाहिये।

§ ५. उस्सोल्हि सुत्त (१२. ९. ५)

यथार्थज्ञान के लिए उत्साह करना

...उत्साह करना चाहिये।

§ ६. अप्पटिवानिय सुत्त (१२. ९. ६)

यथार्थज्ञान के लिए पीछे न लौटना

...पीछे न लौटना चाहिये।

§ ७. आतप्प सुत्त (१२. ९. ७)

यथार्थज्ञान के लिए उद्योग करना

...उद्योग करना चाहिये।

§ ८. विरिय सुत्त (१२. ९. ८)

यथार्थ ज्ञान के लिए वीर्य करना

...वीर्य करना चाहिये।

§ ९. सातच्च सुत्त (१२. ९. ९)

यथार्थ ज्ञान के लिए सतत परिश्रम करना

...अध्यवसाय करना चाहिये।

§ १०. सति सुत्त (१२. ९. १०)

यथार्थ ज्ञान के लिए स्मृति करना

...स्मृति करनी चाहिये।

§ ११. सम्पजञ्ञ सुत्त (१२. ९. ११)

यथार्थ ज्ञान के लिए संप्रज्ञ रहना

...संप्रज्ञ रहना चाहिये।

§ १२. अप्पमाद सुत्त (१२. ९. १२)

यथार्थ ज्ञान के लिए अप्रमादी होना

...अप्रमाद करना चाहिये।

अन्तर पेय्याल वर्ग समाप्त।

दशवाँ भाग

अभिसमय वर्ग

§ १. नखसिख सुत्त (१२. १०. १)

स्रोतापन्न के दुःख अत्यल्प हैं

ऐसा मैंने सुना।

एक समय भगवान् श्रावस्ती में अनाथपिण्डिक के जेतवन आराम में विहार करते थे।

तब, भगवान् ने अपने नख के ऊपर एक बालू का कण रख, भिक्षुओं को आमन्त्रित किया—भिक्षुओ! क्या समझते हो, कौन बड़ा है, यह बालू का छोटा कण जिसे मैंने अपने नख पर रख लिया है, या महापृथ्वी ?

भन्ते! महापृथ्वी ही बहुत बड़ी है; भगवान् ने जिस बालू-कण को अपने नख पर रख लिया है वह तो बड़ा अदना है। यह महापृथ्वी का…लाखवाँ भाग भी नहीं है।

भिक्षुओ! वैसे ही, दृष्टिसम्पन्न ज्ञानी आर्यश्रावक का वह दुःख बड़ा है जो क्षीण हो गया = कट गया; जो बचा है वह तो अत्यन्त अल्पमात्र है। पूर्व के क्षीण हो गये=कट गये उस दुःख स्कन्ध के सामने यह बचा हुआ दुःख जो अधिक से अधिक सात जन्मों तक रह सकता है,… लाखवाँ भाग भी नहीं है।

भिक्षुओ! धर्म का ज्ञान हो जाना इतना बड़ा परमार्थ का है; धर्म-चक्षु का प्रतिलाभ इतना बड़ा परमार्थ का है।

§ २. पोक्खरणी सुत्त (१२. १०. २)

स्रोतापन्न के दुःख अत्यल्प हैं

श्रावस्ती… जेतवन… में।

भिक्षुओ! पचास योजन लम्बी, पचास योजन चौड़ी और पचास योजन गहरी पानी से लबालब भरी कोई पुष्करिणी हो, कि जिसके किनारे बैठ कर कौआ भी पानी पी सकता हो। तब, कोई पुरुष उस पुष्करिणी से कुशाग्र से कुछ पानी निकाल ले।

भिक्षुओ! तो क्या समझते हो, कुशाग्र में आये जलकण में अधिक पानी है या पुष्करिणी में ?

भन्ते! कुशाग्र में आये जलकण से पुष्करिणी का पानी अत्यन्त अधिक है; यह तो उसका लाखवाँ भाग भी नहीं ठहरता है।

भिक्षुओ! वैसे ही, दृष्टिसम्पन्न ज्ञानी आर्यश्रावक…[ऊपर के सूत्र के ऐसा ही]

§ ३. सम्भेज्जउदक सुत्त (१२. १०. ३)

महानदियों के संगम से तुलना

श्रावस्ती…जेतवन में।

भिक्षुओ ! जैसे, जहाँ महानदियों का संगम होता है—जैसे गंगा, यमुना, अचिरवती, सरभू, मही नदियों का—वहाँ से कोई पुरुष दो या तीन बूँद पानी निकाल ले।

भिक्षुओ ! तो क्या समझते हो...[ऊपर के सूत्र जैसा]

§ ४. सम्भेज्जउदक सुत्त (१२. १०. ४)

महानदियों के संगम से तुलना

श्रावस्ती'''जेतवन'''में।

भिक्षुओ ! जैसे, जहाँ महानदियों का संगम होता है...वहाँ का जल सूख कर खतम हो जाय, केवल कुछ बूँद बच जायँ।

भिक्षुओ ! तो क्या समझते हो...।

§ ५. पठवी सुत्त (१२. १०. ५)

पृथ्वी से तुलना

श्रावस्ती ' जेतवन ' में।

भिक्षुओ ! कोई पुरुष बैर के बराबर पृथ्वी पर सात गोलियाँ फेंक दे। तो ' कौन बड़ा है, बैर के बराबर सात गोलियाँ या महापृथ्वी''' ?

'''[पूर्ववत्]

§ ६. पठवी सुत्त (१२. १०. ६)

पृथ्वी से तुलना

श्रावस्ती'''जेतवन'''में।

भिक्षुओ ! जैसे महापृथ्वी नष्ट हो जाय, खतम हो जाय, बैर के बराबर सात गोलियों को छोड़कर।...

§ ७. समुद्द सुत्त (१२. १०. ७)

समुद्र से तुलना

श्रावस्ती'' जेतवन'''में।

भिक्षुओ ! जैसे, कोई पुरुष महासमुद्र से दो या तीन पानी के बूँद निकाल ले...।

§ ८. समुद्द सुत्त (१२. १०. ८)

समुद्र से तुलना

श्रावस्ती'''जेतवन'''में।

भिक्षुओ ! जैसे, महासमुद्र सूख कर खतम हो जाय, दो या तीन पानी के बूँद छोड़कर। भिक्षुओ ! तो क्या समझते हो'''।

§ ९. पब्बत सुत्त (१२. १०. ९)

पर्वत की उपमा

श्रावस्ती'''जेतवन'' में।

भिक्षुओ ! जैसे, कोई पुरुष पर्वतराज हिमालय से सात सरसों के बराबर कंकड़ ले ले। भिक्षुओ ! तो क्या समझते हो···।

§ १०. पब्बत सुत्त (१२. १०. १०)

पर्वत की उपमा

श्रावस्ती ··जेतवन···में।

भिक्षुओ ! जैसे, पर्वतराज हिमालय नष्ट हो जाय, खतम हो जाय, सात सरसों के बराबर कंकड़ छोड़कर। भिक्षुओ ! तो क्या समझते हो···।

§ ११. पब्बत सुत्त (१२. १०. ११)

पर्वत की उपमा

श्रावस्ती·· जेतवन·· में।

भिक्षुओ ! जैसे, पर्वतराज सुमेरु से कोई पुरुष सात मूँग के बराबर कंकड़ फेंक दे। भिक्षुओ ! तो क्या समझते हो, पर्वतराज सुमेरु बड़ा होगा या वे सात मूँग के बराबर कंकड़ ?

भन्ते ! पर्वतराज सुमेरु ही उन सात मूँग के बराबर कंकड़ों से बड़ा होगा। वे तो इसका··· लाखवाँ भाग नहीं हो सकते।

भिक्षुओ ! वैसे ही, दृष्टिसम्पन्न ज्ञानी आर्य श्रावक का वह दुःख बड़ा है जो क्षीण हो गया=कट गया; जो बचा है वह तो अत्यन्त अल्पमात्र है। पूर्व के क्षीण हो गये=कट गये उस दुःख स्कन्ध के सामने वह बचा हुआ दुःख, जो अधिक से अधिक सात जन्मों तक रह सकता है·· लाखवाँ भाग भी नहीं है।··

अभिसमय संयुत्त समाप्त

दूसरा परिच्छेद

१२. धातु-संयुत्त

पहला भाग

नानात्व वर्ग

(आध्यात्म पञ्चक)

§ १. धातु सुत्त (१२. १. १)

धातु की विभिन्नता

श्रावस्ती'' जेतवन'''में।

भिक्षुओ ! धातु के नानात्व पर उपदेश करूँगा। उसे सुनो, अच्छी तरह मन लगाओ, मैं कहता हूँ।

"भन्ते ! बहुत अच्छा" कह, भिक्षुओं ने भगवान् को उत्तर दिया।

भगवान् बोले—भिक्षुओ ! धातु का नानात्व क्या है ?

चक्षुधातु, रूपधातु, चक्षुविज्ञान धातु। श्रोत्रधातु, शब्दधातु, श्रोत्रविज्ञान धातु। घ्राणधातु, गन्धधातु, घ्राणविज्ञान धातु। जिह्वा धातु, रसधातु, जिह्वाविज्ञानधातु। कायधातु, स्प्रष्टव्य धातु, काय-विज्ञानधातु। मनोधातु, मनोविज्ञानधातु।

भिक्षुओ ! इसी को धातुनानात्व कहते हैं।

§ २. सम्फस्स सुत्त (१२. १. २)

स्पर्श की विभिन्नता

श्रावस्ती'''जेतवन'' में।

भिक्षुओ ! धातुनानात्व के होने से स्पर्शनानात्व होता है।

भिक्षुओ ! धातुनानात्व क्या है ?

चक्षुधातु, श्रोत्रधातु, घ्राणधातु।

भिक्षुओ ! धातुनानात्व के होने से स्पर्शनानात्व कैसे उत्पन्न होता है ?

भिक्षुओ ! चक्षुधातु के होने से चक्षुसंस्पर्श उत्पन्न होता है।'' श्रोत्रसंस्पर्श उत्पन्न होता है।''' घ्राणसंस्पर्श उत्पन्न होता है।'''जिह्वासंस्पर्श उत्पन्न होता है।'''कायसंस्पर्श उत्पन्न होता है।'' मन:-संस्पर्श उत्पन्न होता है।

भिक्षुओ ! इस प्रकार, धातुनानात्व के होने से स्पर्शनानात्व उत्पन्न होता है।

§ ३. नो चेतं सुत्त (१२. १. ३)

धातु विभिन्नता से स्पर्श विभिन्नता

श्रावस्ती'''जेतवन'''में।

भिक्षुओ ! धातुनानात्व के होने से स्पर्शनानात्व उत्पन्न होता है; यह नहीं कि स्पर्शनानात्व के होने से धातुनानात्व उत्पन्न हो।

भिक्षुओ ! धातुनानात्व क्या है ? चक्षुधातु''' मनोधातु। भिक्षुओ ! इसी को कहते हैं धातुनानात्व।

भिक्षुओ ! धातुनानात्व के होने से स्पर्शनानात्व कैसे होता है; और यह नहीं कि स्पर्शनानात्व के होने से धातुनानात्व हो ?

भिक्षुओ ! चक्षुधातु के होने से चक्षुसंस्पर्श उत्पन्नहोता है; चक्षुसंस्पर्श के होने से चक्षुधातु उत्पन्न नहीं होता।'''। मनोधातु के संस्पर्श होने से मनःसंस्पर्श उत्पन्न होता है; मनःसंस्पर्श के होने से मनोधातु उत्पन्न नहीं होता।

भिक्षुओ ! इसी प्रकार, धातुनानात्व के होने से स्पर्शनानात्व उत्पन्न होता है; स्पर्शनानात्व के होने से धातुनानात्व नहीं होता है।

§ ४. पठम वेदना सुत्त (१३. १. ४)

वेदना की विभिन्नता

श्रावस्ती'''जेतवन''' में।

भिक्षुओ ! धातुनानात्व के होने से स्पर्शनानात्व उत्पन्न होता है। स्पर्शनानात्व के होने से वेदना-नानात्व उत्पन्न होता है।

भिक्षुओ ! धातुनानात्व क्या है ? चक्षुधातु''', मनोधातु।'''

भिक्षुओ ! धातुनानात्व के होने से स्पर्शनानात्व कैसे उत्पन्न होता है; और स्पर्शनानात्व के होने से वेदनानानात्व कैसे उत्पन्न होता है ?

भिक्षुओ ! चक्षुधातु के होने से चक्षु-संस्पर्श उत्पन्न होता है। चक्षु-संस्पर्श के होने से चक्षु-संस्पर्शजा वेदना उत्पन्न होती है।'''। मनोधातु के होने से मनःसंस्पर्श उत्पन्न होता है। मनःसंस्पर्श के होने से मनःसंस्पर्शजा वेदना उत्पन्न होती है।

भिक्षुओ ! इसी तरह, धातुनानात्व के होने से स्पर्शनानात्व उत्पन्न होता है। स्पर्शनानात्व के होने से वेदनानानात्व उत्पन्न होता है।

§ ५. दुतिय वेदना सुत्त (१३. १. ५)

वेदना की विभिन्नता

श्रावस्ती'''जेतवन'''में।

*भिक्षुओ ! धातुनानात्व के होने से स्पर्शनानात्व उत्पन्न होता है। स्पर्शनानात्व के होने से वेदना-*नानात्व उत्पन्न होता है। वेदना-नानात्व के होने से स्पर्शनानात्व नहीं होता है। स्पर्शनानात्व के होने से धातुनानात्व नहीं होता है।

भिक्षुओ ! धातुनानात्व क्या है ? चक्षु''', मन'''।

भिक्षुओ ! धातुनानात्व के होने से स्पर्शनानात्व कैसे उत्पन्न होता है; स्पर्शनानात्व के होने से वेदना-नानात्व उत्पन्न होता है; वेदनानानात्व के होने से स्पर्शनानात्व उत्पन्न नहीं होता; स्पर्शनानात्व के होने से धातुनानात्व नहीं होता है ?

भिक्षुओ ! चक्षुधातु के होने से चक्षुसंस्पर्श उत्पन्न होता है। चक्षुसंस्पर्श के होने से चक्षुसंस्पर्शजा वेदना उत्पन्न होती है। चक्षुसंस्पर्शजा वेदना के होने से चक्षुसंस्पर्श नहीं होता है। चक्षुसंस्पर्श के होने चक्षुधातु उत्पन्न नहीं होता।

भिक्षुओ ! श्रोत्रधातु ' मनोधातु ' ।

भिक्षुओ ! इसी तरह, धातुनानात्व के होने से स्पर्शनानात्व उत्पन्न होता है; स्पर्शनानात्व के होने से वेदनानानात्व उत्पन्न होता है। वेदनानानात्व के होने से स्पर्शनानात्व उत्पन्न नहीं होता है; स्पर्श नानात्व के होने से धातुनानात्व नहीं होता है।

(बाह्य पञ्चक)

§ ६. धातु सुत्त (१३. १. ६)

धातु की विभिन्नता

श्रावस्ती'' जेतवन में।

भिक्षुओ ! धातुनानात्व के विषय में उपदेश करूँगा। उसे सुनो, अच्छी तरह मन लगाओ, मैं कहता हूँ।'''

भिक्षुओ ! धातुनानात्व क्या है ? रूपधातु, शब्दधातु, गन्धधातु, रसधातु, स्प्रष्टव्यधातु और धर्मधातु।

भिक्षुओ ! इसी को कहते हैं धातुनानात्व।

§ ७. सञ्ञा सुत्त (१३ १ ७)

संज्ञा की विभिन्नता

श्रावस्ती'''जेतवन'''में।

भिक्षुओ ! धातुनानात्व के होने से संज्ञानानात्व उत्पन्न होता है। संज्ञानानात्व के होने से संकल्पनानात्व उत्पन्न होता है। संकल्पनानात्व के होने से छन्दनानात्व उत्पन्न होता है। छन्दनानात्व के होने से हृदय में तरह-तरह की* लगन पैदा होती है। तरह-तरह की लगन पैदा होने से (उसकी पूर्ति के लिये) तरह-तरह के यत्न होते हैं।

भिक्षुओ ! धातुनानात्व क्या है ? रूपधातु ' धर्मधातु'' ।

भिक्षुओ ! कैसे' तरह तरह की लगन पैदा होने से (उसकी पूर्ति के लिये) तरह तरह के यत्न होते हैं ?

भिक्षुओ ! रूपधातु के होने से रूपसंज्ञा उत्पन्न होती है। रूपसंज्ञा के होने से रूपसंकल्प उत्पन्न होता है।'''। रूप में तरह-तरह की लगन पैदा होने से (उसकी पूर्ति के लिये) तरह तरह के यत्न होते हैं ?

'' धर्मधातु के होने से'''।

भिक्षुओ ! इसी तरह, धातुनानात्व के होने से संज्ञानानात्व होता है।...

§ ८. नो चेतं सुत्त (१३. १. ८)

धातु की विभिन्नता से संज्ञा की विभिन्नता

श्रावस्ती ' जेतवन'' में।

''''' तरह-तरह के यत्न होने से तरह-तरह की लगन पैदा नहीं होती है। तरह-तरह की लगन

---

* परिळाहनानत्त=किसी चीज के पाने के लिये हृदय में एक लगन।

पैदा होने से छन्दनानात्व उत्पन्न नहीं होता। छन्दनानात्व के होने से संकल्पनानात्व उत्पन्न नहीं होता। सकल्पनानात्व के होने से सज्ञानानात्व नहीं होता। संज्ञानानात्व के होने से धातुनानात्व नहीं होता।

भिक्षुओ ! धातुनानात्व क्या है ? रूपधातु ''धर्मधातु' ।

भिक्षुओ ! कैसे ' धातुनानात्व के होने से सज्ञानानात्व उत्पन्न होता है ' ? और [प्रतिलोमवश से यह ठीक नहीं होता है]'' संज्ञानानात्व के होने से धातुनानात्व नहीं होता है ?

भिक्षुओ ! रूपधातु के होने से रूप सज्ञा उत्पन्न होती है। ' रूप में तरह-तरह की लगन पैदा होने से (उसकी पूर्ति के लिये) तरह-तरह के यत्न होते हैं। तरह-तरह के यत्न होने से तरह-तरह की लगन पैदा नहीं होती है। ''सज्ञानानात्व के होने से धातुनानात्व उत्पन्न नहीं होता है।

शब्दधातु '', गन्धधातु '', रसधातु '', स्प्रष्टव्यधातु''', धर्मधातु ।

भिक्षुओ ! इसी तरह धातुनानात्व के होने से सज्ञानानात्व उत्पन्न होता है। ' और,'''सज्ञा नानात्व के होने से धातुनानात्व नहीं होता है।

§ ९. पठम फस्स सुत्त (१३. १. ९)

विभिन्न प्रकार के लाभ के कारण

श्रावस्ती'''जेतवन'''में।

भिक्षुओ ! धातुनानात्व के होने से सज्ञानानात्व उत्पन्न होता है। सज्ञानानात्व के होने से सकल्पनानात्व उत्पन्न होता है। सकल्पनानात्व के होने से स्पर्शनानात्व उत्पन्न होता है। स्पर्शनानात्व के होने से वेदनानानात्व उत्पन्न होता है। वेदनानानात्व के होने से छन्दनानात्व उत्पन्न होता है। छन्दनानात्व के होने से हृदय में तरह तरह की लगन पैदा होती है। तरह तरह की लगन पैदा होने से तरह-तरह के यत्न होते हैं। तरह तरह के यत्न होने से तरह-तरह के लाभ होते हैं।

भिक्षुओ ! धातुनानात्व क्या है ? रूपधातु'' धर्मधातु'''।

भिक्षुओ ! कैसे ' तरह तरह की लगन पैदा होने से तरह-तरह के यत्न होते हैं ?

भिक्षुओ ! रूपधातु के होने से रूपसज्ञा उत्पन्न होती है। रूपसज्ञा के होने से रूपसंकल्प उत्पन्न होता है। रूपसकल्प के होने से रूपसंस्पर्श उत्पन्न होता है। रूपसंस्पर्श के होने से रूपसंस्पर्शजा वेदना होती है। रूपसंस्पर्शजा वेदना के होने से रूपछन्द उत्पन्न होता है। रूपछन्द के होने से रूप में तरह-तरह की लगन पैदा होती है। रूप में तरह-तरह की लगन पैदा होने से तरह तरह के यत्न होते हैं। रूप में तरह तरह के यत्न होने से रूप के तरह तरह के लाभ होते हैं।

शब्द धातु ' धर्मधातु ।

भिक्षुओ ! इसी तरह, धातुनानात्व के होने से सज्ञा नानात्व उत्पन्न होता है। । तरह-तरह के यत्न होने से तरह तरह के लाभ होते हैं।

§ १०. दुतिय फस्स सुत्त (१३. १. १०)

धातु की विभिन्नता से ही संज्ञा की विभिन्नता

श्रावस्ती'''जेतवन'' में।

भिक्षुओ ! धातुनानात्व के होने से सज्ञानानात्व उत्पन्न होता है। संज्ञानानात्व के होने से संकल्पनानात्व उत्पन्न होता है।'''स्पर्श ।...वेदना...। . छन्द...।...लगन...।...यत्न...।...लाभ...। .. तरह-तरह के लाभ होने से तरह-तरह के यत्न नहीं होते। . [इसी तरह प्रतिलोमवश से]। संज्ञानानात्व के होने से धातुनानात्व उत्पन्न नहीं होता।

भिक्षुओ ! धातुनानात्व क्या है ? रूप   धर्म . ।

भिक्षुओ ! कैसे धातुनाना व के होने स सज्ञानानात्व उत्पन्न होता ह ।   । सज्ञानानात्व के होने से धातुनानात्व उत्पन्न नहीं होता ?

भिक्षुओ ! रूपधातु के होने स रूपसज्ञा उत्पन्न होती है ।

श दधातु   धर्मधातु ..।

भिक्षुओ ! इसी तरह, धातुनानात्व क होने से सज्ञानानात्व उत्पन्न होता ह ।   । सज्ञानानात्व के होने स धातुनानात्व उत्पन्न नहीं होता ।

नानात्ववर्ग समाप्त ।

दूसरा भाग

द्वितीय वर्ग

§ १. सत्तिमं सुत्त (१३. २. १)

सात धातुयें

श्रावस्ती...जेतवन...में।

भिक्षुओ! धातु यह सात हैं।

कौन से सात? (१) आभाधातु, (२) शुभधातु, (३) आकाशानन्त्यायतन धातु, (४) विज्ञानानन्त्यायतन धातु, (५) आकिंचन्यायतन धातु, (६) नैवसंज्ञानासंज्ञायतन धातु, (७) संज्ञावेदयितनिरोध धातु।

भिक्षुओ! यही सात धातु हैं।

ऐसा कहने पर एक भिक्षु भगवान् से बोला—भन्ते! किस प्रत्यय से यह सात धातु जाने जाते हैं?

भिक्षु! जो आभाधातु है वह अन्धकार के प्रत्यय से जाना जाता है। जो शुभधातु है वह अशुभ के प्रत्यय से जाना जाता है। जो आकाशानन्त्यायतन-धातु है वह रूप के प्रत्यय से जाना जाता है। जो विज्ञानानन्त्यायतन धातु है वह आकाशानन्त्यायतन के प्रत्यय से जाना जाता है। जो आकिञ्चन्यायतन धातु है वह विज्ञानानन्त्यायतन के प्रत्यय से जाना जाता है। जो नैवसंज्ञानासंज्ञायतन-धातु है वह आकिंचन्यायतन के प्रत्यय से जाना जाता है। जो संज्ञावेदयितनिरोध-धातु है वह निरोध के प्रत्यय से जाना जाता है।

भन्ते! इन सात धातुओं की प्राप्ति कैसे होती है?

भिक्षु! जो आभाधातु, शुभधातु, आकाशानन्त्यायतन-धातु, विज्ञानानन्त्यायतन-धातु, आकिञ्चन्यायतन-धातु हैं उनकी प्राप्ति संज्ञा से होती है।

भिक्षु! जो नैवसंज्ञानासंज्ञायतन-धातु है वह संस्कारों के बिल्कुल अवशिष्ट हो जाने से प्राप्त होता है।

भिक्षु! जो संज्ञावेदयितनिरोध-धातु है वह निरोध के हो जाने से प्राप्त होता है।

§ २. सनिदान सुत्त (१३. २. २)

कारण से ही कार्य

श्रावस्ती...जेतवन...में।

भिक्षुओ! कामवितर्क किसी निदान से ही होता है, बिना निदान के नहीं। व्यापादवितर्क किसी निदान से ही होता है, बिना निदान के नहीं। विहिंसावितर्क किसी निदान से ही होता है, बिना निदान के नहीं।

भिक्षुओ! कैसे...?

भिक्षुओ ! कामधातु के प्रत्यय से कामसंज्ञा उत्पन्न होती है। कामसंज्ञा के प्रत्यय से कामसंकल्प उत्पन्न होता है। कामसंकल्प के प्रत्यय से कामछन्द उत्पन्न होता है। कामछन्द के प्रत्यय से काम की ओर एक लगन पैदा होती है। काम की ओर एक लगन पैदा होने के प्रत्यय से काम की प्राप्ति के लिये यत्न होता है। भिक्षुओ ! काम की प्राप्ति के लिये यत्न करते रह अविद्वान् पृथक् जन तीन जगह मिथ्या प्रतिपन्न होता है—शरीर से, वचन से और मन से।

भिक्षुओ ! व्यापादधातु के प्रत्यय से व्यापादसंज्ञा उत्पन्न होती है···।

भिक्षुओ ! विहिंसाधातु के प्रत्यय से विहिंसासंज्ञा उत्पन्न होती है···।

भिक्षुओ ! जैसे, कोई पुरुष जलती हुई एक लुकारी को सूखी घासों की ढेर पर फेंक दे। उसे हाथ या पैर से शीघ्र ही पीट कर बुझा न दे। भिक्षुओ ! इस प्रकार, घास लकड़ी में रहने वाले प्राणी बड़ी विपत्ति में पड़ जायें, मर जायें।

भिक्षुओ ! वैसे ही, जो श्रमण या ब्राह्मण पैदा बुरी बुरी संज्ञा को शीघ्र ही छोड़ नहीं देता, दूर नहीं कर देता ···बिल्कुल उड़ा नहीं देता है, वह इसी जन्म में दुःखपूर्वक विहार करता है, विघातपूर्वक, उपायासपूर्वक, परिलाहपूर्वक। शरीर छोड़ मरने के बाद उसे बड़ी दुर्गति प्राप्त होती है।

भिक्षुओ ! निदान से ही नैष्कर्म्य वितर्क (= त्याग वितर्क) उत्पन्न होता है, बिना निदान के नहीं। निदान से ही अव्यापादवितर्क उत्पन्न होता है, बिना निदान के नहीं। निदान से ही अविहिंसा-वितर्क उत्पन्न होता है, बिना निदान के नहीं।

भिक्षुओ ! यह कैसे ?

भिक्षुओ ! नैष्कर्म्यधातु (= संसार का त्याग) के प्रत्यय से नैष्कर्म्यसंज्ञा उत्पन्न होती है।··· नैष्कर्म्य-संकल्प···।···नैष्कर्म्य-छन्द···।···लगन···।···यत्न···। भिक्षुओ ! नैष्कर्म्य का यत्न करते हुये विद्वान् आर्यश्रावक तीन जगह सम्यक् प्रतिपन्न होता है—शरीर से, वचन से, मन से।

भिक्षुओ ! अव्यापादधातु···, अविहिंसाधातु···।

भिक्षुओ ! जैसे, कोई पुरुष जलती हुई एक लुकारी को सूखी घासों की ढेर पर फेंक दे। उसे हाथ या पैर से शीघ्र ही पीटकर बुझा दे। भिक्षुओ ! इस प्रकार, घास लकड़ी में रहनेवाले प्राणी विपत्ति में न पड़ जायँ, न मर जायँ।

भिक्षुओ ! वैसे ही जो श्रमण या ब्राह्मण पैदा हुई बुरी संज्ञा को शीघ्र ही छोड़ देता है=दूर कर देता है=बिल्कुल उड़ा देता है, वह इसी जन्म में सुखपूर्वक विहार करता है, विघातरहित, उपायासरहित, परिलाहरहित। शरीर छोड़ मरने के बाद उसकी अच्छी गति होती है।

§ ३. गिञ्जकावसथ सुत्त (१३. २. ३)

धातु के कारण ही संज्ञा, दृष्टि तथा वितर्क की उत्पत्ति

एक समय भगवान् ञातिकों के साथ गिञ्जकावसथ में विहार करते थे।

···भगवान् बोले—भिक्षुओ ! धातु के प्रत्यय से संज्ञा उत्पन्न होती है, वितर्क उत्पन्न होता है।

ऐसा कहने पर, आयुष्मान् श्रद्धालु कात्यायन भगवान् से बोले :—भन्ते ! बुद्धत्व न प्राप्त किये हुये लोगों में जो दृष्टि होती है वह कैसे जानी जाती है ?

कात्यायन ! यह जो अविद्या-धातु है सो एक बड़ी धातु है।

कात्यायन ! हीन धातु के प्रत्यय से हीन संज्ञा, हीन दृष्टि, हीन वितर्क, हीन चेतना, हीन अभिलाषा, हीन प्रणिधि, हीन पुरुष, हीन वचन उत्पन्न होते हैं। वह हीन बातें करता है, हीन उपदेश

लकड़ियों से बनी हुई शाला—अट्ठकथा।

देता है, हीन प्रज्ञापन करता है, हीन पक्ष की स्थापना करता है, हीन विवरण देता है, हीन विभाग करता है, हीन समझता है। उसकी उत्पत्ति भी हीन होती है—ऐसा म कहता हूँ।

कात्यायन ! मध्यम धातु के प्रत्यय के मध्यम सज्ञा । उसकी उत्पत्ति भी मध्यम होती है—ऐसा मैं कहता हूँ।

कात्यायन ! उत्तम धातु के प्रत्यय से उत्तम सज्ञा "। उसकी उत्पत्ति भी उत्तम होती है—ऐसा मैं कहता हूँ।

§ ४. हीनाधिमुत्ति सुत्त (१३ २. ४)

धातुओं के अनुसार ही मेलजोल का होना

श्रावस्ती जेतवन म।

भिक्षुओ ! धातु से सत्व सिलसिला म चलते और मिलते हे। हीन प्रवृत्तिवाले सत्व हीन प्रवृत्तियों के साथ ही सिलसिला म चलते और मिलते हैं। कल्याण (= अच्छी) प्रवृत्तिवाले सत्व कल्याण प्रवृत्तियों के साथ ही सिलसिला में चलते और मिलते हैं।

भिक्षुओ ! अतीतकाल मे भी धातु ही से सत्व सिलसिला म चलते रहे और मिलते रहे।

भिक्षुओ ! अनागतकाल म भी ।

भिक्षुओ ! इस समय में भी ।

§ ५ चङ्कमं सुत्त (१३. २. ५)

धातु के अनुसार ही सत्वा में मेलजोल का होना

एक समय भगवान् राजगृह मे गृद्धकूट पर्वत पर विहार करते थे।

उस समय आयुष्मान् सारिपुत्र कुछ भिक्षुओं के साथ भगवान् स कुछ ही दूर पर चंक्रमण कर रहे थे।

आयुष्मान् महामोद्गल्यायन , महाकाश्यप , अनुरुद्ध , पुण्ण मन्तानिपुत्र , उपालि आनन्द , देवदत्त भी कुछ भिक्षुओं के साथ भगवान् से कुछ ही दूर पर चंक्रमण कर रहे थे।

तब, भगवान् ने भिक्षुओं को आमन्त्रित किया —

भिक्षुओ ! तुम सारिपुत्रको कुछ भिक्षुओं के साथ चंक्रमण करते देखते हो न ?

हाँ भन्ते।

भिक्षुओ ! वे सभी भिक्षु बड़े प्रज्ञावाले है।

भिक्षुओ ! तुम मौद्गल्यायन को कुछ भिक्षुओं के साथ चंक्रमण करते देखते हो न ?

हाँ, भन्ते।

भिक्षुओ ! वे सभी भिक्षु बड़े ऋद्धिवाले ह।

भिक्षुओ ! तुम काश्यप को कुछ भिक्षुओं के साथ चंक्रमण करते देखते हो न ?

हाँ भन्ते।

भिक्षुओ ! वे सभी भिक्षु धुताङ्ग धारण करनेवाले है।

भिक्षुओ ! तुम अनुरुद्ध को कुछ भिक्षुओं के साथ चंक्रमण करते देखते हो न ?

हाँ भन्ते।

भिक्षुओ ! वे सभी भिक्षु दिव्य चक्षुवाले है।

भिक्षुओ ! तुम पुण्ण मन्तानिपुत्र को कुछ भिक्षुओं के साथ चंक्रमण करते देखते हो न ?

हाँ भन्ते !

भिक्षुओ ! वे सभी भिक्षु बड़े धर्मकथिक हैं।

भिक्षुओ ! तुम उपालि को कुछ भिक्षुओं के साथ चंक्रमण करते देखते हो न ?

हाँ भन्ते !

भिक्षुओ ! वे सभी भिक्षु बड़े विनयधर हैं।

भिक्षुओ ! तुम आनन्द को कुछ भिक्षुओं के साथ चंक्रमण करते देखते हो न ?

हाँ भन्ते !

भिक्षुओ ! वे सभी भिक्षु बहुश्रुत हैं।

भिक्षुओ ! तुम देवदत्त को कुछ भिक्षुओं के साथ चंक्रमण करते देखते हो न ?

हाँ भन्ते !

भिक्षुओ ! वे सभी भिक्षु पापेच्छ हैं।

भिक्षुओ ! धातु से ही सत्व सिलसिला में चलते और मिलते हैं। हीन प्रवृत्तिवाले सत्व हीन प्रवृत्तियों के साथ ही सिलसिला में चलते और मिलते हैं। कल्याण प्रवृत्तिवाले सत्व कल्याण प्रवृत्तियों के साथ ही सिलसिला में चलते और मिलते हैं।

भिक्षुओ ! अतीत में भी···; अनागत में भी···; इस समय भी···।

§ ६. सगाथा सुत्त (१३. २. ६)

धातु के अनुसार ही मेलजोल का होना

श्रावस्ती···जेतवन में···।

क

भिक्षुओ ! धातु से ही सत्व सिलसिला में चलते और मिलते हैं। हीन प्रवृत्तिवाले सत्व हीन प्रवृत्तियों के साथ ही सिलसिला में चलते और मिलते हैं।

भिक्षुओ ! अतीत में भी···; अनागत में भी···; इस समय भी···।

भिक्षुओ ! जैसे, मैला मैले के सिलसिले में चला आता और मिल जाता है। मूत्र मूत्र के···। थूक थूक के···। पीब पीब के···। लहू लहू के···। भिक्षुओ ! वैसे ही,···हीनप्रवृत्तिवाले सत्व हीन-प्रवृत्तियों के साथ ही सिलसिला में चलते और मिलते हैं।

भिक्षुओ ! अतीत में भी···; अनागत में भी···; इस समय भी···।

भिक्षुओ ! धातु से ही सत्व सिलसिले में आते और मिलते हैं। कल्याण प्रवृत्तिवाले सत्व कल्याण प्रवृत्तियों के साथ ही सिलसिले में आते और मिलते हैं।···

भिक्षुओ ! जैसे, दूध दूधके साथ, तेल तेल के साथ, घी घी के साथ, मधु मधु के साथ, तथा गुड़ गुड़ के साथ सिलसिले में आता है और मिलता है।

······भिक्षुओ ! अतीत···, अनागत···, इस समय···।

भगवान् यह बोले। इतना कहकर बुद्ध और भी बोले—

संसर्ग से पैदा हुआ राग का जंगल,
असंसर्ग से काट दिया जाता है;
थोड़ी सी लकड़ी के ऊपर चढ़ कर,
जैसे महासमुद्र में डूब जाता है,

वैसे ही निकम्मे आदमी के साथ रह कर,
साधु पुरुष भी डूब जाता है ॥
इसलिये उसका वर्जन कर देना चाहिये,
जो निकम्मा और वीर्य-रहित पुरुष है।
एकान्त में रहने वाले जो आर्यपुरुष हैं,
प्रहितात्म और ध्यान में रत रहने वाले,
जिनको सदैव उत्साह बना रहता है,
उन पण्डितों का सहवास करे ॥

§ ७. अस्सद्ध सुत्त (१३. २. ७)

धातु के अनुसार ही मेलजोल का होना

श्रावस्ती···जेतवन में···।

क

भिक्षुओ ! धातु से ही ·। श्रद्धारहित पुरुष श्रद्धारहितों के साथ, निर्लज्ज निर्लज्जों के साथ, बेसमझ बेसमझों के साथ, मूर्ख मूर्खों के साथ, निकम्मा निकम्मों के साथ, मूढ़ स्मृतिवाले मूढ़ स्मृतिवाले के साथ तथा दुष्प्रज्ञ दुष्प्रज्ञों के साथ सिलसिले में आते और मेल खाते हैं।

भिक्षुओ ! अतीतकाल में···, अनागतकाल में···, इस समय ।

ख

भिक्षुओ ! धातु से ही ·। श्रद्धालु पुरुष श्रद्धालुओं के साथ,··· [ठीक उसका उलटा] प्रज्ञावान् प्रज्ञावानों के साथ ··।

§ ८. अश्रद्धा मूलक पञ्च (१३. २. ८)

§ ९. निर्लज्ज मूलक चार (१३. २. ९)

§ १०. बेसमझ मूलक तीन (१३. २. १०)

§ ११. अल्पश्रुत (= मूर्ख) होने से दो (१३. २. ११)

§ १२. निकम्मा (१३. २. १२)

[इन सूत्रों में ऊपर की कही गई बातें ही तोड़-मरोड़कर कही गई हैं]

द्वितीय वर्ग समाप्त

तीसरा भाग

कर्मपथ वर्ग

§ १. असमाहित सुत्त (१३. ३. १)

असमाहित का असमाहितों से मेल होना

श्रावस्ती'' जेतवन में'''।

भिक्षुओ ! धातु से सत्व '। श्रद्धारहित श्रद्धारहितों के साथ, निर्लज्ज निर्लज्जों के साथ, बेसमझ बेसमझों के साथ, असमाहित असमाहितों के साथ, दुष्प्रज्ञ दुष्प्रज्ञों के साथ सिलसिले में आते और मिलते हैं।

'''[उलटा]। प्रज्ञावान् प्रज्ञावानों के साथ ''।

§ २. दुस्सील सुत्त (१३. ३. २)

दुःशील का दुःशीलों से मेल होना

श्रावस्ती'''जेतवन में'''।

भिक्षुओ ! धातु से सत्व'''। श्रद्धारहित '', निर्लज्ज''', बेसमझ''', दुःशील दुःशीलों के साथ, दुष्प्रज्ञ ''।

'' [उलटा] ।'''शीलवान् शीलवानों के साथ'''।

§ ३. पञ्चसिक्खापद सुत्त (१३. ३. ३)

बुरे बुरों का साथ करते तथा अच्छे अच्छों का

श्रावस्ती'''जेतवन में '।

भिक्षुओ ! धातु से सत्व'''। हिंसक पुरुष हिंसकों के साथ, चोर चोरों के साथ, छिनाल छिनालों के साथ, झूठे झूठों के साथ, नशाखोर नशाखोरों के साथ सिलसिले में आते और मिलते हैं।

'''[ठीक इसका उलटा ही]। नशा से परहेज करनेवाले पुरुष नशा से परहेज करनेवाले पुरुषों के साथ सिलसिले में आते और मिलते हैं।

§ ४. सत्तकम्मपथ सुत्त (१३. ३. ४)

सात कर्मपथ वालों में मेलजोल का होना

श्रावस्ती'''जेतवन में'''।

भिक्षुओ ! धातु से सत्व'''। हिंसक पुरुष'', चोर''', छिनाल''', झूठे''', चुगलखोर चुगलखोरों के साथ, गप्पी गप्पियों के साथ सिलसिले में आते और मिलते हैं।

'''। गप्प से परहेज करनेवाले गप्प से परहेज करनेवालों के साथ'''।

§ ५. दसकम्मपथ सुत्त (१३. ३. ५)

दस कर्मपथवालों में मेलजोल का होना

श्रावस्ती जेतवन में"।

भिक्षुओ ! धातु से सत्व"'। हिंसक '', चोर ', छिनाल''', झूठे''', चुगलखोर''', रूखे वचन कहनेवाले '', गप्पी''', लोभी''', व्यापन्नचित्त''', मिथ्या दृष्टि ''।

§ ६. अट्ठङ्गिक सुत्त (१३. ३. ६)

अष्टाङ्गिकों में मेलजोल का होना

श्रावस्ती ' जेतवन में'''।

भिक्षुओ ! धातु से सत्व'''। मिथ्यादृष्टिवाले'''। मिथ्या संकल्पवाले''', मिथ्या वचनवाले''', मिथ्या कर्मान्तवाले''', मिथ्या जीविकावाले''', मिथ्या व्यायामवाले ', मिथ्या स्मृतिवाले''', मिथ्या समाधिवाले पुरुष मिथ्या समाधिवाले पुरुषों के साथ सिलसिले में आते और मिलते हैं।

'' [उलटा]। सम्यक् समाधिवाले पुरुष सम्यक् समाधिवाले पुरुषों के साथ''।

§ ७. दसङ्ग सुत्त (१३ ३ ७)

दशाङ्गों में मेलजोल का होना

श्रावस्ती' जेतवन में '''।

भिक्षुओ ! धातु से सत्व'''। ' [ऊपर के आठ में दो और जोड दिये गये हैं]। मिथ्या ज्ञान-वाले '', मिथ्या विमुक्तिवाले'''।

'''[उलटा]।

कर्मपथ वर्ग समाप्त

चौथा भाग

चतुर्थ वर्ग

§ १. चतु सुत्त (१३. ४. १)

चार धातुयें

श्रावस्ती···जेतवन···में ।

भिक्षुओ ! धातु चार हैं ! कौन से चार ? (१) पृथ्वीधातु, (२) आपो धातु, (३) तेजो धातु और (४) वायुधातु ।

भिक्षुओ ! यही चार धातु हैं ।

§ २. पुब्ब सुत्त (१३. ४. २)

पूर्वज्ञान, धातुओं के आस्वाद और दुष्परिणाम

श्रावस्ती... ।

भिक्षुओ ! बुद्धत्व प्राप्त करने के पहले, बोधिसत्व रहते ही, मेरे मन में यह हुआ—पृथ्वीधातु का आस्वाद क्या है, आदिनव (= दोष) क्या है, और निःसरण (= मुक्ति) क्या है ?

भिक्षुओ ! तब, मेरे मन में यह हुआ—पृथ्वीधातु से जो सुख और चैन होता है वह पृथ्वीधातु का आस्वाद है । जो पृथ्वी में अनित्य, दुःख और विपरिणाम धर्म हैं वह पृथ्वीधातु का आदिनव है । जो पृथ्वीधातु के प्रति छन्दराग को दबाना और हटा देना है यही पृथ्वीधातु का निःसरण (= मुक्ति) है ।

जो आपोधातु के प्रत्ययसे···; जो तेजोधातु के प्रत्यय से···; जो वायुधातु के प्रत्यय से ·· ।

भिक्षुओ ! जबतक इन पृथ्वीधातु के आस्वाद, आदिनव और निःसरण का यथाभूत ज्ञान मुझे प्राप्त नहीं हुआ था, तब तक मैंने—देवताओं के साथ, मार के साथ, ब्रह्मा के साथ—इस लोक में देवता, मनुष्य, ब्राह्मण और श्रमणों के बीच ऐसा दावा नहीं किया कि मुझे अनुत्तर सम्यक् सम्बुद्धत्व प्राप्त हुआ है ।

भिक्षुओ ! जब, इनका··· ज्ञान प्राप्त हो गया, तभी मैंने··· ऐसा दावा किया··· ।

मुझे ऐसा ज्ञान = दर्शन उत्पन्न हो गया कि अवश्य ही मेरे चित्त की विमुक्ति हो गई । यही अन्तिम जन्म है, और अब पुनर्जन्म होने का नहीं ।

§ ३. अचरि सुत्त (१३. ४. ३)

धातुओं के आस्वादन में विचरण करना

श्रावस्ती···।

भिक्षुओ ! पृथ्वीधातु में आस्वाद ढूँढ़ते हुये मैंने विचरण किया । पृथ्वीधातु का जो आस्वाद है

वहाँ तक मै पहुँच गया। पृथ्वी धातु का जहाँ तक आस्वाद है मैंने प्रज्ञा से देख लिया। भिक्षुओ! पृथ्वी धातु में आदिनव···।

भिक्षुओ! पृथ्वीधातु के निःसरण को ढूँढ़ते हुये मैंने विचरण किया। पृथ्वीधातु का जो निःसरण है वहाँ तक मैं पहुँच गया। जिससे पृथ्वीधातु का निःसरण होता है मैंने प्रज्ञा से देख लिया।

·· [इसी तरह, आपोधातु, तेजोधातु और वायुधातु के साथ भी]

भिक्षुओ! जबतक, इन चार धातुओं के आस्वाद, आदिनव और निःसरण का यथाभूत ज्ञान मुझे प्राप्त नहीं हुआ था; तब तक मैंने ' ऐसा दावा नहीं किया कि मुझे अनुत्तर सम्यक् सम्बुद्धत्व प्राप्त हुआ है।

भिक्षुओ! जब, इनका ' ज्ञान प्राप्त हो गया, तभी मैंने···ऐसा दावा किया···।

मुझे ऐसा ज्ञान=दर्शन उत्पन्न हो गया कि अवश्य ही मेरे चित्त की विमुक्ति हो गई। यही अन्तिम जन्म है और अब पुनर्जन्म होने को नहीं।

§ ४. नो चेदं सुत्त (१३. ४. ४)

धातुओं के यथार्थ ज्ञान से ही मुक्ति

श्रावस्ती···।

भिक्षुओ! यदि पृथ्वीधातु में आस्वाद नहीं होता, तो प्राणी पृथ्वीधातु में रक्त नहीं होते। *भिक्षुओ! क्योंकि पृथ्वीधातु में आस्वाद है, इसीलिये प्राणी पृथ्वीधातु में रक्त होते हैं।*

भिक्षुओ! यदि पृथ्वीधातु में आदिनव नहीं होते तो प्राणी पृथ्वीधातु से उचटते नहीं। भिक्षुओ! क्योंकि पृथ्वीधातु में आदिनव हैं, इसीलिये प्राणी पृथ्वीधातु से उचट जाते हैं।

भिक्षुओ! यदि पृथ्वीधातु से निःसरण (= मुक्ति) नहीं होता तो प्राणी पृथ्वीधातु से मुक्त नहीं होते। भिक्षुओ! क्योंकि पृथ्वीधातु से निःसरण होता है, इसीलिये प्राणी पृथ्वीधातु से मुक्त हो जाते हैं।

···[इसी तरह, आपोधातु, तेजोधातु और वायुधातु के साथ भी]

भिक्षुओ! जब तक इन चार धातुओं के आस्वाद, आदिनव और निःसरण को लोग यथाभूत नहीं जान लेते हैं, तब तक वे···इस लोक से नहीं छूटते हैं······।

भिक्षुओ! जब, लोग इनको यथाभूत जान लेते हैं, तब वे··· इस लोक से छूट जाते हैं तथा विमुक्त चित्त से विहार करते हैं।

§ ५. दुक्ख सुत्त (१३. ४. ५)

धातुओं के यथार्थ ज्ञान से मुक्ति

श्रावस्ती···।

भिक्षुओ! यदि पृथ्वीधातु में केवल दुःख ही दुःख होता,···और सुख से बिल्कुल शून्य, तो प्राणी पृथ्वीधातु में रक्त नहीं होते। भिक्षुओ! क्योंकि पृथ्वीधातु में सुख है,···दुःख का अभाव है, इसीलिये प्राणी पृथ्वीधातु में रक्त होते हैं।

···[इसी तरह आपोधातु, तेजोधातु और वायुधातु के साथ भी]

भिक्षुओ! यदि पृथ्वीधातु में केवल सुख ही सुख होता,···और दुःख से बिल्कुल शून्य, तो पृथ्वीधातु से विरक्त नहीं होते। भिक्षुओ! क्योंकि पृथ्वीधातु में दुःख है···सुख का अभाव है, इसीलिये प्राणी पृथ्वीधातु से विरक्त होते हैं।

···[इसी तरह आपोधातु, तेजोधातु और वायुधातु के साथ भी]

§ ६. अभिनन्दन सुत्त (१३. ४. ६)

धातुओं की विरक्ति से ही दुःख से मुक्ति

श्रावस्ती ।

क

भिक्षुओ ! जो पृथ्वीधातु में आनन्द उठाता है वह दुःख का स्वागत करता है। जो दुःख का स्वागत करता है। वह दुःख से मुक्त नहीं हुआ है—ऐसा मैं कहता हूँ।

…आपोधातु…, तेजोधातु…, वायुधातु… ।

ख

भिक्षुओ ! जो पृथ्वीधातु से विरक्त रहता है वह दुःख का स्वागत नहीं करता। जो दुःख का स्वागत नहीं करता है, वह दुःख से विमुक्त हो गया—ऐसा मैं कहता हूँ।

§ ७. उप्पाद सुत्त (१३. ४. ७)

धातु-निरोध से ही दुःख निरोध

श्रावस्ती…।

भिक्षुओ ! जो पृथ्वीधातु का होना, रहना और लय हो जाना है (=उत्पाद, स्थिति, अभिनिर्वृत्ति), वह दुःख ही का प्रादुर्भाव है, रोग तथा जरामरण का ही होना और रहना है।

…आपोधातु…; तेजोधातु…; वायुधातु…।

भिक्षुओ ! जो पृथ्वीधातु का निरोध=व्युपशम=अस्त हो जाना है, वह दुःख का ही निरोध है, रोग तथा जरामरण का ही व्युपशम और अस्त हो जाना है।

§ ८. पठम समणब्राह्मण सुत्त (१३. ४. ८)

चार धातुयें

श्रावस्ती…।

भिक्षुओ ! धातु चार हैं। कौन से चार ? पृथ्वीधातु, आपोधातु, तेजोधातु, वायुधातु।

भिक्षुओ ! जो श्रमण या ब्राह्मण इन चार भूतों के आस्वाद, आदिनव और निःसरण को यथाभूत नहीं जानते हैं, न तो उन श्रमणों में श्रामण्य है और न ब्राह्मणों में ब्राह्मण्य। वे आयुष्मान् श्रमण या ब्राह्मण के परमार्थ को इसी जन्म में स्वयं जान साक्षात् कर और प्राप्त कर विहार नहीं करते हैं।

भिक्षुओ ! जो…यथाभूत जानते हैं… वे प्राप्त कर विहार करते हैं।

§ ९. दुतिय समणब्राह्मण सुत्त (१३. ४. ९)

चार धातुयें

श्रावस्ती…।

…। जो श्रमण या ब्राह्मण इन चार धातुओं के समुदय, अस्तगम, आस्वाद, आदिनव, निःसरण को यथाभूत नहीं जानते हैं…[ऊपर के ऐसा]।

§ १०. ततिय समणब्राह्मण सुत्त (१३. ४. १०)

चार धातुयें

श्रावस्ती···।

भिक्षुओ ! जो श्रमण या ब्राह्मण पृथ्वीधातु के समुदय को नहीं जानते हैं, पृथ्वीधातु के निरोध को नहीं जानते हैं; पृथ्वीधातु की निरोधगामिनी प्रतिपदा को नहीं जानते हैं··· ।

अपोधातु···; तेजोधातु··; वायुधातु··।

भिक्षुओ! जो··· जानते हैं··।

चतुर्थ वर्ग समाप्त

धातु संयुत्त समाप्त

तीसरा परिच्छेद

१४. अनमतग्ग-संयुत्त

प्रथम वर्ग

§ १. तिणकट्ठ सुत्त (१४. १. १)

संसार के प्रारम्भ का पता नहीं, घास लकड़ी की उपमा

ऐसा मैंने सुना।

एक समय भगवान् श्रावस्ती में अनाथपिण्डिक के आराम जेतवन में विहार करते थे।

वहाँ, भगवान् ने भिक्षुओं को आमन्त्रित किया—हे भिक्षुओ!

"भदन्त" कहकर भिक्षुओं ने भगवान् को उत्तर दिया।

भगवान् बोले—इस संसार का प्रारम्भ (= आदि) निर्धारित नहीं किया जा सकता है। अविद्या में पड़े, तृष्णा के बन्धन से बँधे, चलते-फिरते सत्त्वों की पूर्वकोटि जानी नहीं जाती।

भिक्षुओ! जैसे, कोई पुरुष सारे जम्बूद्वीप के घास, लकड़ी, डाली और पत्ते को तोड़ कर एक जगह जमा कर दे, और चार-चार अंगुली भर के टुकड़े करके फेंकता जाय—यह मेरी माता हुई; यह मेरी माता की माता हुई—यों यह माता का सिलसिला समाप्त नहीं होगा, किन्तु यह सारे जम्बूद्वीप के घास, लकड़ी, डाली और पत्ते समाप्त हो जायेंगे।

सो क्यों? भिक्षुओ! क्योंकि, इस संसार का प्रारम्भ निर्धारित नहीं किया जा सकता है। अविद्या में पड़े···सत्त्वों की पूर्वकोटि जानी नहीं जाती।

भिक्षुओ! चिरकाल से दुःख, पीड़ा और अनर्थ हो रहे हैं, श्मशान भरता जा रहा है।

भिक्षुओ! अतः तुम्हें सभी संस्कारों से विरक्त हो जाना चाहिये, राग नहीं करना चाहिये, विमुक्त हो जाना चाहिये।

§ २. पठवी सुत्त (१४. १. २)

संसार के प्रारम्भ का पता नहीं, पृथ्वी की उपमा

श्रावस्ती···।

भिक्षुओ! इस संसार का प्रारम्भ···।

भिक्षुओ! जैसे, कोई पुरुष सारी महापृथ्वी को बेर के बराबर करके फेंकता जाय—यह मेरा पिता, यह मेरे पिता का पिता—तो उसके पिता के पिता का सिलसिला समाप्त नहीं होगा, महापृथ्वी समाप्त हो जायगी।

···[ऊपर के ऐसा]।

§ ३. अस्सु सुत्त (१४. १. ३)

संसार के प्रारम्भ का पता नहीं, आँसू की उपमा

श्रावस्ती···।

भिक्षुओ! इस संसार का प्रारम्भ···।

§ १०. ततिय समणब्राह्मण सुत्त (१३. ४. १०)

चार धातुयें

श्रावस्ती…।

भिक्षुओ ! जो श्रमण या ब्राह्मण पृथ्वीधातु के समुदय को नहीं जानते हैं ; पृथ्वीधातु के निरोध को नहीं जानते हैं ; पृथ्वीधातु की निरोधगामिनी प्रतिपदा को नहीं जानते हैं… ।

अपोधातु… ; तेजोधातु… ; वायुधातु… ।

भिक्षुओ ! जो… जानते हैं… ।

चतुर्थ वर्ग समाप्त

धातु-संयुत्त समाप्त

§ ६. सासप सुत्त (१४. १. ६)

कल्प की दीर्घता

श्रावस्ती ।

...एक ओर बैठ, वह भिक्षु भगवान् से बोला—भन्ते ! कल्प कितना बड़ा होता है ?

...भगवान् बोले—हाँ, उपमा की जा सकती है। भिक्षु ! जैसे, लोहे से घिरा एक नगर हो—योजन भर लम्बा, योजन भर चौड़ा, योजन भर ऊँचा—जो थोप-थोप कर सरसों से भर दिया गया हो। कोई पुरुष उससे एक-एक सौ वर्ष के बाद एक-एक सरसों निकाल ले। भिक्षु ! तो, इस प्रकार वह सरसों की ढेर शीघ्र ही समाप्त हो जायगी किन्तु एक कल्प नहीं पूरने पायगा।

...[ऊपर के ऐसा]।

§ ७. सावक सुत्त (१४. १. ७)

बीते हुए कल्प अगण्य हैं

श्रावस्ती...।

तब, कुछ भिक्षु जहाँ भगवान् थे वहाँ आये और भगवान् का अभिवादन करके एक ओर बैठ गये। एक ओर बैठ वह भिक्षु भगवान् से बोले—भन्ते ! अभी तक कितने कल्प बीत चुके हैं ?

... भन्ते ! क्या उपमा करके कुछ समझा जा सकता है ?

भगवान् बोले—हाँ, उपमा की जा सकती है। भिक्षुओ ! सौ वर्षों की आयुवाले चार श्रावक हों। वे प्रतिदिन एक-एक लाख कल्पों का स्मरण करें। भिक्षुओ ! वे केवल कल्पों का स्मरण ही करते जायें। तब, सौ वर्ष की आयु समाप्त होने पर वे चारों मर जायें।

इस प्रकार, अधिक कल्प बीत गये हैं। उनकी गिनती नहीं की जा सकती है।...

... [ऊपर के ऐसा]

§ ८. गङ्गा सुत्त (१४. १. ८)

बीते हुए कल्प अगण्य हैं

राजगृह वेलुवन...में।

... एक ओर बैठ, वह ब्राह्मण भगवान् से बोला, हे गौतम ! अभी तक कितने कल्प बीत चुके हैं ?

... भगवान् बोले—हाँ ब्राह्मण ! उपमा की जा सकती है। ब्राह्मण ! जैसे, जहाँ से गङ्गा नदी निकलती है और जहाँ समुद्र में गिरती है उसके बीच में कितने बालुकण हैं, उनकी गिनती नहीं की जा सकती है।

ब्राह्मण ! इतने अधिक कल्प बीत चुके हैं। ... उनकी गिनती नहीं की जा सकती है।

सो क्यों ? ब्राह्मण ! क्योंकि इस संसार का प्रारम्भ निश्चित नहीं किया जा सकता है। अविद्या में पड़े, तृष्णा के बन्धन में बँधे, जीते मरते सत्त्वों की पूर्वकोटि जानी नहीं जाती।

ब्राह्मण ! इतने चिरकाल से दुःख, पीड़ा और विपत्ति का अनुभव हो रहा है, श्मशान भरता जा रहा है। ब्राह्मण ! अतः, सभी संस्कारों से विरक्त रहना चाहिये, विमुक्त हो जाना चाहिये।

ऐसा कहने पर वह ब्राह्मण भगवान् से बोला—हे गौतम ! आप धन्य हैं ! आज से जन्म भर के लिये मुझे अपना शरणागत उपासक स्वीकार करें।

भिक्षुओ ! क्या समझते हो, जो चिरकाल से जनमते मरते, अप्रिय के संयोग और प्रियके वियोग से रोते हुये लोगों के अश्रु अधिक गिरे हैं, वह अधिक है या चारों महासमुद्र के जल ?

भन्ते ! भगवान् के बताये धर्म को जैसा हम जानते हैं, उससे तो यही पता चलता है कि जो··· अश्रु गिरे हैं वही चारों महासमुद्र के जलमें अधिक है।

सच है, भिक्षुओ, सच है ! तुमने मेरे बताये धर्म को ठीक से जान लिया है।······ ··

भिक्षुओ ! चिरकाल से तुम माता की मृत्यु, पुत्र की मृत्यु, पुत्री की मृत्यु, परिवार के अनर्थ, भोग की हानि, और रोग के दुःख का अनुभव करते आ रहे हो ·····जो···अश्रु गिरे हैं वही···अधिक हैं।

सो क्यों ? भिक्षुओ ! इस संसार का प्रारम्भ···।

भिक्षुओ ! अतः, तुम्हें सभी संस्कारों से विरक्त हो जाना चाहिये, राग नहीं करना चाहिये। विमुक्त हो जाना चाहिये।

§ ४. खीर सुत्त (१४. १. ४)

संसार के प्रारम्भ का पता नहीं, दूध की उपमा

भिक्षुओ ! इस संसार का प्रारम्भ···।

भिक्षुओ ! तुम क्या समझते हो, जो चिरकाल से जनमते मरते रह, माता का दूध पीया गया है, वह अधिक है या चारों महासमुद्र का जल ?

भन्ते ! भगवान् के बताये धर्म को जैसा हम जानते हैं, ···जो·· माता का दूध पीया गया है वही चारों महासमुद्र के जल से अधिक है।

सच है भिक्षुओ ! ···[ऊपर के ऐसा]

§ ५. पब्बत्त सुत्त (१४. १. ५)

कल्प की दीर्घता

श्रावस्ती···।

तब कोई भिक्षु जहाँ भगवान् थे वहाँ आया और भगवान् का अभिवादन कर एक ओर बैठ गया। एक ओर बैठ, वह भिक्षु भगवान् से बोला—भन्ते एक कल्प कितना बड़ा होता है ?

भिक्षु ! कल्प बहुत बड़ा होता है। उसकी गिनती नहीं की जा सकती है कि इतने वर्ष, या इतने सौ वर्ष या इतने हजार वर्ष, या इतने लाख वर्ष।

भन्ते ! उपमा करके कुछ समझा जा सकता है ?

भगवान् बोले—उपमा करके हाँ, कुछ समझा जा सकता है। भिक्षु ! जैसे, एक योजन लम्बा, एक योजन चौड़ा और एक योजन ऊँचा एक महान् पर्वत हो—बिल्कुल ठोस, जिसमें कोई बिल भी न हो। उसे कोई पुरुष सौ-सौ वर्ष के बाद काशी के रेशम से एक-एक बार पोंछे। भिक्षुओ ! इस प्रकार वह पर्वत शीघ्र ही समाप्त हो जायगा, किन्तु एक कल्प भी नहीं पुरने पायगा।

भिक्षु ! कल्प ऐसा दीर्घ होता है। ऐसे··· लाखों कल्प बीत चुके।

सो क्यों ? क्योंकि संसार का प्रारम्भ···।

§ ६. सासप सुत्त (१४. १. ६)

कल्प की दीर्घता

श्रावस्ती…।

…एक ओर बैठ, वह भिक्षु भगवान् से बोला—भन्ते ! कल्प कितना बड़ा होता है ?

…भगवान् बोले—हाँ, उपमा की जा सकती है। भिक्षु ! जैसे, लोहे से घिरा एक नगर हो—योजन भर लम्बा, योजन भर चौड़ा, योजन भर ऊँचा—जो थोप-थोप कर सरसों से भर दिया गया हो। कोई पुरुष उससे एक-एक सौ वर्ष के बाद एक-एक सरसों निकाल ले। भिक्षु ! तो, इस प्रकार वह सरसों की ढेर शीघ्र ही समाप्त हो जायगी किन्तु एक कल्प नहीं पूरने पायगा।

…[ऊपर के ऐसा]।

§ ७. सावक सुत्त (१४. १. ७)

बीते हुए कल्प अगण्य हैं

श्रावस्ती…।

तब, कुछ भिक्षु जहाँ भगवान् थे वहाँ आये और भगवान् का अभिवादन करके एक ओर बैठ गये। एक ओर बैठ वह भिक्षु भगवान् से बोले—भन्ते ! अभी तक कितने कल्प बीत चुके हैं ?

… भन्ते ! क्या उपमा करके कुछ समझा जा सकता है ?

भगवान् बोले—हाँ, उपमा की जा सकती है। भिक्षुओ ! सौ वर्षों की आयुवाले चार श्रावक हों। वे प्रतिदिन एक-एक लाख कल्पों का स्मरण करें। भिक्षुओ ! ये केवल कल्पों का स्मरण ही करते जायँ। तब, सौ वर्ष की आयु समाप्त होने पर वे चारों मर जायँ।

इस प्रकार, अधिक कल्प बीत गये हैं। उनकी गिनती नहीं की जा सकती है।…

… [ऊपर के ऐसा]

§ ८. गङ्गा सुत्त (१४. १. ८)

बीते हुए कल्प अगण्य हैं

राजगृह…वेलुवन…में।

… एक ओर बैठ, वह ब्राह्मण भगवान् से बोला, हे गौतम ! अभी तक कितने कल्प बीत चुके हैं ?

… भगवान् बोले—हाँ ब्राह्मण ! उपमा की जा सकती है। ब्राह्मण ! जैसे, जहाँ से गङ्गा नदी निकलती है और जहाँ समुद्र में गिरती है उसके बीच में कितने बालुकण हैं…उनकी गिनती नहीं की जा सकती है।

ब्राह्मण ! इतने अधिक कल्प बीत चुके हैं।… उनकी गिनती नहीं की जा सकती है।

सो क्यों ? ब्राह्मण ! क्योंकि इस संसार का प्रारम्भ निश्चित नहीं किया जा सकता है। अविद्या में पड़े, तृष्णा के बन्धन में बँधे, जीते मरते सत्त्वों की पूर्वकोटि जानी नहीं जाती।

ब्राह्मण ! इतने चिरकाल से दुःख, पीड़ा और विपत्ति का अनुभव हो रहा है, श्मशान भरता जा रहा है। ब्राह्मण ! अतः, सभी संस्कारों से विरक्त रहना चाहिये, विमुक्त हो जाना चाहिये।

ऐसा कहने पर वह ब्राह्मण भगवान् से बोला:—हे गौतम ! आप धन्य हैं ! आज से जन्म भर के लिये मुझे अपना शरणागत उपासक स्वीकार करें।

९. दण्ड सुत्त (१४. १. ९)

संसार के प्रारम्भ का पता नहीं

श्रावस्ती…।

भिक्षुओ ! इस संसार का प्रारम्भ निश्चित नहीं…।…।

भिक्षुओ ! जैसे, ऊपर फेंकी गई लाठी अपने ही कभी तो मूल से, कभी मध्य से, और कभी अग्र-भाग से गिर पड़ती है। वैसे ही, अविद्या में पड़े, तृष्णा के बन्धन में बँधे, जीते मरते सत्त्व कभी तो इस लोक से उस लोक में पड़ते हैं और कभी उस लोक से इस लोक में।

सो क्यों ? " भिक्षुओ ! अतः, सभी संस्कारों से विरक्त रहना चाहिये, विमुक्त हो जाना चाहिये।

§ १०. पुग्गल सुत्त (१४. १. १०)

संसार के प्रारम्भ का पता नहीं

" राजगृह में गृद्धकूट पर्वत पर "।

" भिक्षुओ ! इस संसार का प्रारम्भ निश्चित नहीं । भिक्षुओ ! कल्प भर भिन्न-भिन्न योनि में पैदा होनेवाले एक ही पुरुष की हड्डियाँ कहीं एक जगह इकट्ठी की जायँ—और वह नष्ट नहीं हों—तो उनकी ढेर वेपुल्ल पर्वत के समान हो जाय।

सो क्यों ? " भिक्षुओ ! अतः, सभी संस्कारों से विरक्त रहना चाहिये, विमुक्त हो जाना चाहिये।

भगवान् यह बोले। इतना कहकर बुद्ध फिर भी बोले—

> एक पुरुष तो पहाड़-सा एक ढेर लग जाय,
> महर्षि ने ऐसा कहा—की कल्प भर की हड्डियाँ यदि जमा की जायें।
> जैसा यह महान् वेपुल्ल पर्वत है,
> गृद्धकूट के उत्तर, मगधों का गिरिव्रज ॥
> जो आर्यसत्यों को सम्यक् प्रज्ञा से देख लेता है,
> दुःख, दुःखसमुदय, दुःख का अन्त कर देना,
> आर्य अष्टांगिक मार्ग, जिससे दुःख से मुक्ति होती है,
> अधिक से अधिक सात बार जन्म लेकर
> दुःखों का अन्त कर देना है,
> सभी बन्धनों को क्षीण कर ॥

प्रथम वर्ग समाप्त।

द्वितीय वर्ग

§ १. दुग्गत सुत्त (१४. २. १)

दुःखी के प्रति सहानुभूति करना

श्रावस्ती…।

…भिक्षुओ ! इस संसार का प्रारम्भ… ।

भिक्षुओ ! यदि किसी को अत्यन्त दुर्गति में पड़े देखो तो सोचो—इस दीर्घकाल में हमने भी कभी न कभी इस अवस्था को भी प्राप्त कर लिया होगा ।

सो क्यों ? …विमुक्त हो जाना चाहिये ।

§ २. सुखित सुत्त (१४. २. २)

सुखी के प्रति सहानुभूति करना

श्रावस्ती…।

…भिक्षुओ ! इस संसार का प्रारम्भ… ।

भिक्षुओ ! यदि किसी को खूब सुख करते देखो तो सोचो—इस दीर्घकाल में हमने भी कभी न कभी इस सुख को भोगा होगा ।

सो क्यों ? … विमुक्त हो जाना चाहिये ।

§ ३. तिंसति सुत्त (१४. २. ३)

आदि का पता नहीं, समुद्रों के जल से खून ही अधिक

राजगृह… वेलुवन में…।

तब, पावा के रहने वाले तीस भिक्षु सभी आरण्यक, सभी पिण्डपातिक, सभी पांसुकूलिक, सभी तीन ही चीवर धारण करने वाले, सभी संयोजन (=बन्धन) में पड़े हुए ही—जहाँ भगवान् थे वहाँ आये, और भगवान् का अभिवादन कर एक ओर बैठ गये ।

तब, भगवान् के मन में यह हुआ—ये… भिक्षु सभी संयोजन में पड़े हुये ही हैं । तो, मैं इन्हें ऐसा धर्मोपदेश दूँ कि इसी आसन पर बैठे बैठे इनका चित्त आश्रवों से विमुक्त और उपादान रहित हो जाय ।

तब, भगवान् ने भिक्षुओं को आमन्त्रित किया—हे भिक्षुओ !

"भदन्त !" कह कर भिक्षुओं ने भगवान् को उत्तर दिया ।

भगवान् बोले :—भिक्षुओ ! संसार का प्रारम्भ निश्चित नहीं किया जा सकता है । अविद्या में पड़े, तृष्णा के बन्धन में बँधे, जीते मरते सत्वों की पूर्वकोटि जानी नहीं जाती ।

भिक्षुओ ! क्या समझते हो, जो चिरकाल से जीते मरते लोगों के सिर कटने से खून बहा है वह अधिक है या चारों महासमुद्र का जल ?

भन्ते ! भगवान् के बताये धर्म को जैसा हम जानते हैं, उससे तो यही मालूम होता है कि… खून ही अधिक बहा है।

सच है, भिक्षुओ, सच है ! तुम मेरे उपदेश किये गये धर्म को ठीक से जानते हो।……

भिक्षुओ ! चिरकाल से गौवों के सिर कटने से जो खून बहा है वह चारों समुद्र के जल से अधिक है।

…भैंस…; भेंड़ा…; बकरी…; मृग…; कुक्कुर…; सूअर…। लुटेरों ने जो लोगों के सिर काट कर खून बहाया है…; छिनालों ने …।

सो क्यों ?…विमुक्त हो जाना चाहिये।

भगवान् यह बोले। भिक्षुओं ने संतुष्ट मन से भगवान् के कहे का अभिनन्दन किया।

इस उपदेश के दिये जाने पर उन पावा के तीस भिक्षुओं का चित्त विमुक्त हो गया, उपादान-रहित हो गया।

§ ४. माता सुत्त (१४. २. ४)

माता न हुए सत्व असम्भव

श्रावस्ती…।

…भिक्षुओ ! इस संसार का प्रारम्भ…।

भिक्षुओ ! ऐसा कोई सत्व मिलना मुश्किल है जो चिरकाल में कभी न कभी माता न हो चुका हो।

सो क्यों ? …विमुक्त हो जाना चाहिये।

§ ५–९. पिता सुत्त (१४. २. ५–९)

पिता न हुए सत्व असम्भव

…जो चिरकाल में कभी न कभी पिता, भाई, बहन, बेटा, बेटी…।

§ १०. वेपुल्लपब्बत सुत्त (१४. २. १०)

वेपुल्ल पर्वत की प्राचीनता, सभी संस्कार अनित्य हैं

… राजगृह में गृद्धकूट पर्वत पर …।

…भगवान् बोले—भिक्षुओ ! इस संसार का प्रारम्भ…। भिक्षुओ ! बहुत ही पूर्वकाल में इस वेपुल्ल पर्वत का नाम पाचीनवंश पड़ा था। उस समय मनुष्य तिवर कहे जाते थे। इन तिवर मनुष्यों का आयुप्रमाण चालीस हजार वर्षों तक का था। भिक्षुओ ! वे तिवर मनुष्य पाचीनवंश पर्वत पर चार दिनों में चढ़ते थे, और चार दिनों में नीचे उतरते थे।

भिक्षुओ ! उस समय अर्हत् सम्यक् सम्बुद्ध भगवान् ककुसन्ध लोक में उत्पन्न हुये थे। उनके विधुर और संजीव नाम के दो अग्रश्रावक थे।

भिक्षुओ ! देखो, इस पर्वत का वह नाम लुप्त हो गया। वे मनुष्य सभी के सभी खतम हो गये। वे भगवान् भी परिनिर्वाण को प्राप्त हुये।

भिक्षुओ ! संस्कार इतने अनित्य हैं, अध्रुव हैं, चलायमान हैं। भिक्षुओ ! अतः, सभी संस्कारों से विरक्त रहना चाहिये, विमुक्त हो जाना चाहिये।

× × ×

भिक्षुओ ! बहुत ही पूर्वकाल में इस वेपुल्ल पर्वत का नाम वंकक पड़ा था। उस समय मनुष्य रोहितस्स कहे जाते थे।···आयुप्रमाण तीस हजार वर्षों का था। वे रोहितस्स मनुष्य वंकक पर्वत पर तीन दिनों में चढ़ते थे और तीन दिनों में उतरते थे।

···भगवान् कोणागमन··· । ·भिय्यो और सुत्तर नाम के दो अग्रश्रावक·· ।

···विमुक्त हो जाना चाहिये।

× × ×

···पर्वत का सुपस्स नाम पड़ा था।·· मनुष्य सुप्पिय कहे जाते थे। · बीस हजार वर्षों का आयुप्रमाण ·· । · दो दिन में चढ़ते ·· थे।

···भगवान् काश्यप।···तिस्स और भारद्वाज नाम के दो अग्रश्रावक थे।

···विमुक्त हो जाना चाहिये।

× × ×

भिक्षुओ ! इस समय इस पर्वत का नाम वेपुल्ल पड़ा है। ये मनुष्य मागध कहे जाते हैं। भिक्षुओ ! मागध मनुष्यों का आयुप्रमाण बहुत घटकर कम हो गया है। जो बहुत जीता है वह सौ वर्ष, उसके कुछ कम या अधिक भी जीता है। मागध मनुष्य वेपुल्ल पर्वत पर अल्प काल ही में चढ़ जाते हैं और उतर भी आते हैं।

भिक्षुओ ! इस समय, अर्हत् सम्यक् सम्बुद्ध मैं ही लोक में उत्पन्न हुआ हूँ। मेरे सारिपुत्र और मौद्गल्यायन दो अग्रश्रावक हैं।

भिक्षुओ ! एक समय आयेगा कि इस पर्वत का यह नाम लुप्त हो जायगा। ये मनुष्य भी मर जायेंगे। मैं भी परिनिर्वाण को प्राप्त हो जाऊँगा।

भिक्षुओ ! संस्कार इतने अनित्य हैं, अध्रुव हैं, चलायमान हैं। भिक्षुओ ! अतः सभी संस्कारों से विरक्त रहना चाहिये, विमुक्त हो जाना चाहिये।

भगवान् यह बोले। यह कहकर बुद्ध फिर भी बोले—

पाचीनवंश तिवरोंका, रोहितोंका वंकक,
सुप्पियों का सुपस्स, और मागधों का वेपुल्ल ॥
सभी संस्कार अनित्य हैं, उत्पन्न और व्यय होनेवाले,
उत्पन्न होकर निरुद्ध हो जाते हैं, उनका शान्त हो जाना ही सुख है ॥

द्वितीय वर्ग समाप्त

अनमतग्ग संयुत्त समाप्त।

चौथा परिच्छेद

१५. काश्यप-संयुत्त

§ १. सन्तुट्ठ सुत्त (१५ १)

प्राप्त चीवर आदि से सन्तुष्ट रहना

श्रावस्ती ।

भिक्षुओ ! काश्यप जैसे तैसे चीवर से सतुष्ट रहता है । जैसे तैसे चीवर से सतुष्ट रहने की प्रशसा करता है । चीवर के लिये अनुचित अन्वेषण मे नहीं लगता है । चीवर नहीं प्राप्त होने से खिन्न नहीं होता है, और मिलने से बिना बहुत ललचाये=विभोर हुये=लोभ किये, उसके आदिनव (= दोष) को देखते हुये, मुक्ति की प्रज्ञा के साथ उस चीवर का भोग करता है ।

भिक्षुओ ! काश्यप जैसे तैसे पिण्डपात शयनासन , ग्लान प्रत्यय भैषज्य परिष्कार से ''।

भिक्षुओ ! इसलिये तुम्हे भी ऐसा ही सीखना चाहिये —जस तैसे चीवर से सतुष्ट रहूँगा । ' सतुष्ट रहने की प्रशसा करूँगा । चीवर के लिये अनुचित अन्वेषण में नहीं लगूँगा । । मुक्ति की प्रज्ञा के साथ उस चीवर का भोग करूँगा । पिण्डपात । शयनासन । ग्लान प्रत्यय । भिक्षुओ ! तुम्हें ऐसा ही सिखना चाहिये ।

भिक्षुओ ! काश्यप, अथवा उसी के समान किसी दूसरे को दिखाकर तुम्हे उपदेश करूँगा । उपदेश पाकर तुम्हें ठीक वैसा ही वर्तना चाहिये ।

§ २ अनोत्तापी सुत्त (१५. २)

आतापी और ओत्तापी को ही ज्ञान प्राप्ति

ऐसा मैंने सुना ।

एक समय आयुष्मान् महाकाश्यप और आयुष्मान् सारिपुत्र वाराणसी के पास ऋषिपतन मृगदाय मे विहार करते थे ।

तब, आयुष्मान् सारिपुत्र साँझ को ध्यान से उठ जहाँ आयुष्मान् महाकाश्यप थे वहाँ गये, और कुशल क्षेम के प्रश्न पूछकर एक ओर बैठ गये ।

एक ओर बैठ, आयुष्मान् सारिपुत्र आयुष्मान् महाकाश्यप से बोले —आवुस काश्यप ! यह कहा जाता है कि अनातापी (= जो अपने क्लेशों को नहीं तपाता है) और अनोत्तापी (= जो क्लेशा के उठने पर सावधान नहीं रहता है) परम ज्ञान, निर्वाण, अनुत्तर योगक्षेम को नहीं पा सकता है । आतापी और ओत्तापी ही परम ज्ञान ' को पा सकता है ।

आवुस ! यह कैसे ?

क

आवुस ! भिक्षु, अनुत्पन्न पाप अकुशल धर्म उत्पन्न होकर अनर्थ करेंगे, इसके लिये आताप नहीं करता है । उत्पन्न पाप अकुशल धर्म प्रहीण नहीं होने से अनर्थ करेंगे, इसके लिये आताप नहीं

करता है। मेरे अनुत्पन्न कुशल धर्म उत्पन्न नहीं होने से अनर्थ करेंगे, इसके लिये आताप नहीं करता है। मेरे उत्पन्न कुशल धर्म नष्ट होते हुये अनर्थ करेंगे, इसके लिये आताप नहीं करता है।

आवुस ! इस प्रकार वह अनातापी होता है।

ख

आवुस ! कैसे कोई अनोत्तापी होता है ?

आवुस ! भिक्षु, अनुत्पन्न पाप अकुशल धर्म उत्पन्न होकर अनर्थ करेंगे, इसके लिये उत्ताप नहीं करता है।…[ऊपर के ऐसा]

आवुस ! इस तरह, अनातापी और अनोत्तापी परम-ज्ञान, निर्वाण, अनुत्तर योगक्षेम को नहीं पा सकता है।

ग—घ

[उलटा करके]

आवुस ! इस तरह, आतापी और ओत्तापी ही परम-ज्ञान…को पा सकता है।

§ ३. चन्दोपम सुत्त (१५. ३)

चाँद की तरह कुलों में जाना

श्रावस्ती…।

भिक्षुओ ! चाँद की तरह कुलों में जाओ। अपने शरीर और चित्त को समेटे, सदा नये अनजान के ऐसा, अप्रगल्भ हुये।

भिक्षुओ ! जैसे कोई पुरुष पुराने कूयें, बीहड़ पर्वत, खतरनाक नदी को देखकर अपने शरीर और मन को समेटे रहता है, वैसे ही भिक्षुओ ! चाँद की तरह कुलों में जाओ। अपने शरीर और चित्त को समेटे, सदा नये अनजान के ऐसा, अप्रगल्भ हुए।

भिक्षुओ ! काश्यप कुलों में चाँद की तरह जाता है…।

× × ×

भिक्षुओ ! तुम क्या समझते हो, कैसा भिक्षु कुलों में जाने के लायक है ?

भन्ते ! धर्म के आधार भगवान् ही हैं, धर्म के नायक और आश्रय भगवान् ही हैं। अच्छा हो कि भगवान् ही इस कहे गये का अर्थ बताते। भगवान् से सुनकर भिक्षु धारण करेंगे।

तब, भगवान् ने आकाश में हाथ फेरा। भिक्षुओ ! जैसे, यह हाथ आकाश में नहीं लगता है, नहीं फँसता है = नहीं बझता है, वैसे ही जिस भिक्षु का चित्त कुलों में जाकर भी नहीं लगता = नहीं फँसता = नहीं बझता है। जो लाभकामी हैं वे लाभ करें, जो पुण्यकामी हैं वे पुण्य करें। जैसे अपने लाभ से सन्तुष्ट और प्रसन्न होता है, वैसे ही दूसरों के भी लाभ से। भिक्षुओ ! ऐसा ही भिक्षु कुलों में जाने के लायक है।

भिक्षुओ ! काश्यप का चित्त कुलों में जाने पर नहीं लगता है=नहीं फँसता है=नहीं बझता है…।

\+ + + +

भिक्षुओ ! तुम क्या समझते हो, किस भिक्षु की धर्मदेशना अपरिशुद्ध होती है, और किस भिक्षु की परिशुद्ध ?

…भगवान् से सुनकर भिक्षु धारण करेंगे।

भगवान् बोले —भिक्षुओ ! जो भिक्षु मन में ऐसा करके धर्मदेशना करता है—अहो ! लोग मेरी धर्मदेशना को सुनें, सुनकर प्रसन्न हों, और प्रसन्न होकर मेरे सामने अपनी प्रसन्नता दिखावें—उसकी धर्मदेशना अपरिशुद्ध होती है।

भिक्षुओ ! जो भिक्षु मन में ऐसा करके धर्मदेशना करता है—भगवान् का धर्म स्वाख्यात है, सांदृष्टिक है, अकालिक है, प्रगट है, निर्वाण को ले जानेवाला है, विज्ञों के द्वारा अपने भीतर ही भीतर जानने के योग्य है। अहो ! लोग मेरी धर्मदेशना को सुनें, सुनकर धर्म को जानें, जानकर उसका अभ्यास करें। ऐसे वह उचित रीति से दूसरों को धर्म कहता है। करुणा से, दया से, अनुकम्पा से दूसरों को धर्म कहता है। भिक्षुओ ! इस प्रकार के भिक्षु की धर्मदेशना परिशुद्ध होती है।

भिक्षुओ ! काश्यप ऐसे ही चित्त से धर्मदेशना करता है…।

भिक्षुओ ! …वैसा ही तुम्हें भी वर्तना चाहिये।

§ ४. कुलूपग सुत्त (१५. ४)

कुलों में जाने योग्य भिक्षु

श्रावस्ती …।

भिक्षुओ ! तो क्या समझते हो, कैसा भिक्षु कुलों में जाने के योग्य है, और कैसा भिक्षु नहीं ?

भिक्षुओ ! जो भिक्षु इस चित्त से कुलों में जाता है—मुझे दे ही, ऐसा नहीं कि न दे, बहुत दें, थोड़ा नहीं, बढ़िया ही दे, घटिया नहीं, शीघ्र ही दे, देर न लगावे, सत्कारपूर्वक ही दे, बिना सत्कार के नहीं।

भिक्षुओ ! …यदि उसे नहीं देते हैं, थोड़ा देते हैं…तो उसे बड़ा दुःख होता है, बेचैनी होती है। भिक्षुओ ! वह भिक्षु कुलों में जाने के योग्य नहीं है।

… भिक्षुओ ! … यदि उसे नहीं देते हैं, थोड़ा देते हैं …, तो उसे दुःख नहीं होता है।

भिक्षुओ ! वह भिक्षु कुलों में जाने के योग्य है।

भिक्षुओ ! काश्यप कुलों में इसी चित्त से जाता है …, उसे दुःख नहीं होता है।…

भिक्षुओ ! वैसा ही तुम्हें भी वर्तना चाहिये।

§ ५. जिण्ण सुत्त (१५. ५)

आरण्यक होने के लाभ

राजगृह वेलुवन में …।

…एक ओर बैठे आयुष्मान् महाकाश्यप से भगवान् बोले —काश्यप ! तुम बहुत बूढ़े हो गये हो, यह रूखा पांसुकूल तुम्हें पहना न जाता होगा। इसलिये, तुम गृहस्थों के दिये गये चीवर को पहनो, निमन्त्रण के भोजन का भोग करो, और मेरे पास रहो।

भन्ते ! मैं बहुत काल से आरण्यक हूँ और आरण्यक होने की प्रशंसा करता हूँ। पिण्डपातिक …। पांसुकूलिक …। तीन चीवरों को धारण करनेवाला …। अल्पेच्छ …। सन्तुष्ट …। एकान्तवासी…। असंसृष्ट…। उत्साहशील …।

काश्यप ! किस उद्देश्य से तुम बहुत काल से आरण्यक हो, और आरण्यक रहने की प्रशंसा करते हो… ?

भन्ते ! दो उद्देश्य से …। एक तो स्वयं इस जन्म में सुखपूर्वक विहार करने के लिये, और दूसरे

भविष्य में होनेवाली जनता के प्रति अनुकम्पा करके, कि कहीं वे भ्रम में न पड़ जायें।—जो बुद्ध के श्रावक थे वे बहुत काल से आरण्यक थे "। पिण्डपातिक थे"'उत्साहशील थे "—ऐसा जान वे भी उचित मार्ग पर आवेंगे जिससे उनका चिरकाल तक हित और सुख होगा।

भन्ते ! इन्हीं दो उद्देश्यों से"।

ठीक है, काश्यप ठीक है ! तुम बहुतों के हित के लिये, बहुतों के सुख के लिये, लोक पर अनुकम्पा करने के लिये, देव और मनुष्यों के परमार्थ के लिये, हित के लिये, और सुख के लिये ऐसा कर रहे हो।

काश्यप ! तो, तुम रूखे पांसुकूल चीवर धारण करो, पिण्डपात के लिये चरो, आरण्य में रहो।

§ ६. पठम ओवाद सुत्त (१५. ६)

धर्मोपदेश सुनने के लिए अयोग्य भिक्षु

"'राजगृह वेलुवन में"'।

"'एक ओर बैठे हुये आयुष्मान् महाकाश्यप को भगवान् बोले:—काश्यप ! भिक्षुओं को उपदेश दो। काश्यप ! भिक्षुओं को धर्मोपदेश करो। चाहे हम या तुम भिक्षुओं को उपदेश दें, धर्मोपदेश करें।

भन्ते ! इस समय भिक्षु उपदेश ग्रहण करने के योग्य नहीं हैं, इस समय उन्हें उपदेश देना ठीक नहीं। उपदेश को वे स्वीकार और सत्कार नहीं करेंगे। भन्ते ! इस समय मैंने आनन्द के अनुचर भिक्षु भण्ड और अनुरुद्ध के अनुचर भिक्षु अभिञ्जिक को आपस में कहते सुना है—भिक्षु ! देखें, कौन बहुत बोलता है, कौन बढ़िया बोलता है, कौन अधिक देर तक बोलता है ?

तब, भगवान् ने किसी भिक्षु को आमन्त्रित किया—हे भिक्षु ! सुनो, मेरी ओर से जाकर"' भिक्षु भण्ड, और" अभिञ्जिक को कहो कि "बुद्ध आयुष्मानों को बुला रहे हैं"।

"भन्ते ! बहुत अच्छा" कह, वह भिक्षु भगवान् को उत्तर दे जहाँ वे भिक्षु थे वहाँ गया, और बोला—बुद्ध आयुष्मानों को बुला रहे हैं।

"आवुस ! बहुत अच्छा" कह, वे उस भिक्षु को उत्तर दे जहाँ भगवान् थे वहाँ गये, और भगवान् का अभिवादन कर एक ओर बैठ गये।

एक ओर बैठे हुये उन भिक्षुओं से भगवान् बोले—भिक्षुओ ! क्या यह सच है कि तुम आपस में ऐसी बातें कर रहे थे कि, 'देखें ! कौन बहुत बोलता है, कौन बढ़िया बोलता है, कौन अधिक देर तक बोलता है।'

हाँ भन्ते !

भिक्षुओ ! क्या मैंने तुम्हें ऐसा धर्म सिखाया है, कि तुम भिक्षुओ ! आपस में ऐसी बातें करो"' कौन अधिक देर तक बोलता है ?

नहीं भन्ते !

भिक्षुओ ! जब तुम जानते हो कि मैंने ऐसा धर्म नहीं बताया है, तो तुम निकम्मे आदमी क्या जानबूझ इस स्वाख्यात धर्मविनय में प्रव्रजित होकर ऐसी बातें करते हो ' "कौन अधिक देर तक बोलता है' ?

तब, वे भिक्षु भगवान् के चरणों पर शिर टेककर बोले—बाल, मूढ़, पापी के जैसा हमलोगों ने यह अपराध किया है, कि इस स्वाख्यात धर्मविनय में प्रव्रजित होकर ऐसी बातें कर रहे थे"। भन्ते ! भविष्य में ऐसा अपराध न होगा, कृपया भगवान् क्षमा-प्रदान करें।

"'भिक्षुओ ! जो तुम अपना दोष समझकर स्वीकार करते हो, तो मैं क्षमा कर देता हूँ।

भिक्षुओ ! इस आर्य विनय में यह वृद्धि ही है जो अपने दोष को जानकर स्वीकार कर लेता है, और भविष्य में फिर ऐसा न करने की शिक्षा लेता है।

§ ७ दुतिय ओवाद सुत्त (१५. ७)

धर्मोपदेश सुनने के लिए अयोग्य भिक्षु

'''राजगृह वेलुवन में '।

'''एक ओर बैठे हुये आयुष्मान् महाकाश्यप से भगवान् बोले—काश्यप ! भिक्षुओं को उपदेश दो ।

भन्ते ! इस समय भिक्षु उपदेश ग्रहण करने के योग्य नहीं '। भन्ते ! जिस किसी को कुशल धर्मों में श्रद्धा नहीं है। ह्री'''. अपत्रपा ', वीर्य प्रज्ञा'' नहीं है। रात दिन कुशल धर्मों में उनकी अवनति ही होती जाती है, उन्नति नहीं।

भन्ते ! पुरुष अश्रद्धालु होवे, यह परिहानि है, अह्रीक ' अपत्रपा-रहित ', काहिल, दुष्प्रज्ञ, क्रोधी ', वैरी यह परिहानि ही है। भन्ते ! उपदेश देनेवाले भिक्षु भी नहीं हो यह परिहानि है।

भन्ते ! जिन पुरुष को श्रद्धा, ह्री, अपत्रपा, वीर्य, प्रज्ञा कुशल धर्मों में है, उनकी दिन रात कुशल धर्मों में वृद्धि ही होती है, परिहानि नहीं।

भन्ते ! जैसे, शुक्लपक्ष का जो चाँद है वह रात दिन वर्ण, शोभा, आभा और आरोहपरिणाह में बढ़ता ही जाता है। भन्ते ! वैसे ही, जिसे श्रद्धा ' है ।

भन्ते ! पुरुष श्रद्धालु होवे यह अपरिहानि है, ह्रीक , अपत्रपायुक्त , उत्साहशील ', प्रज्ञावान् ', क्रोध-रहित''', वैर रहित ' यह अपरिहानि है। उपदेश देनेवाले भिक्षु हों यह भी अपरिहानि है।

ठीक है, काश्यप, ठीक है।

काश्यप ! जैसे, कृष्ण पक्ष का चाँद रात-दिन वर्ण से हीन होता जाता है, वैसे ही जिसे कुशल धर्मों में श्रद्धा नहीं है, ह्री नहीं है, प्रज्ञा नहीं है, उसे दिन रात कुशल धर्मों में परिहानि ही होती है, वृद्धि नहीं।

' [काश्यप के कहे गये की पुनरावृत्ति]

§ ८. ततिय ओवाद सुत्त (१५. ८)

धर्मोपदेश सुनने के लिए अयोग्य भिक्षु

'''राजगृह वेलुवन में '।

भन्ते ! इस समय भिक्षु उपदेश ग्रहण करने के योग्य नहीं ।

काश्यप ! तो भी, पूर्वकाल में स्थविर भिक्षु आरण्यक थे, और आरण्यक होने के प्रशंसक ।' पिण्डपातिक ' ! पांसुकूलिक ''। तो, जो ऐसे भिक्षु होते थे उन्हीं को स्थविर धर्मासन पर निमन्त्रित करते थे—भिक्षु जी, आवें, कौन इतना भद्र और शिक्षाकामी होगा ! भिक्षुजी, आवें, इस आसन पर बैठें।

काश्यप ! तो नये भिक्षुओं के मन में यह होता था —जो भिक्षु आरण्यक है उन्हीं को स्थविर धर्मासन पर निमन्त्रित करते हैं '। इसलिये वे भी वैसा ही आचरण करते थे, जो चिरकाल तक उनके हित और सुख के लिये होता था।

काश्यप ! इस समय स्थविर भिक्षु आरण्यक नहीं हैं, और आरण्यक होने के प्रशंसक '। तब,

जो भिक्षु यशस्वी है, और चीवर इत्यादि जिन्हें बहुत प्राप्त होते रहते हैं, उन्हीं को स्थविर भिक्षु धर्मासन पर निमन्त्रित करते हैं···। वे वैसा करते हैं, जो चिरकाल तक उनके अहित और दुःख के लिये होता है।

काश्यप ! जिसे उचित कहनेवाले कहते हैं:—वे ब्रह्मचारी ब्रह्मचर्य व्रत के उपद्रव में पड़ गये, गिर गये।···

§ ९. झानाभिञ्ञा सुत्त (१५. ९)

ध्यान-अभिज्ञा में काश्यप बुद्ध-तुल्य

श्रावस्ती···।

भिक्षुओं ! जब मैं चाहता हूँ, कामों से रहित हो, अकुशल धर्मों से रहित हो, सवितर्क सविचार विवेकज प्रीति-सुखवाले प्रथम ध्यान को प्राप्त होकर विहार करता हूँ।—भिक्षुओ ! काश्यप भी··· प्रथम ध्यान को प्राप्त···।

भिक्षुओ ! जब मैं चाहता हूँ, वितर्क विचार के शान्त हो जाने से आध्यात्म सम्प्रसाद, चित्त की एकाग्रता से युक्त, समाधिज प्रीति सुखवाले द्वितीय ध्यान को प्राप्त होकर विहार करता हूँ—भिक्षुओ ! काश्यप भी···द्वितीय ध्यान को प्राप्त···।

भिक्षुओ ! जब मैं चाहता हूँ तो प्रीति के हट जाने से उपेक्षा के साथ विहार करता हूँ, स्मृतिमान् और संप्रज्ञ हो काया से सुख का अनुभव करते हुये। जिसे आर्यपुरुष कहते हैं कि, उपेक्षा के साथ स्मृतिमान् हो सुख से विहार करता है इस तीसरे ध्यान को प्राप्त कर सुख से विहार करता हूँ।—भिक्षुओ ! काश्यप भी···तीसरे ध्यान को प्राप्त···।

भिक्षुओ ! जब मैं चाहता हूँ, सुख और दुःख के प्रहाण से, पूर्व ही सौमनस्य और दौर्मनस्य के अस्त हो जाने से, अदुःख, असुख, उपेक्षा से स्मृति-पारिशुद्धिवाले चतुर्थ ध्यान को प्राप्त कर विहार करता हूँ।—भिक्षुओ ! काश्यप भी···चौथे ध्यान को प्राप्त···।

भिक्षुओ ! जब मैं चाहता हूँ, सर्वथा रूपसंज्ञाओं के समतिक्रमण से, प्रतिघ संज्ञाओं के अस्त हो जाने से, नानात्व संज्ञाओं के अमनसिकार से, आकाश अनन्त है—ऐसा आकाशानन्त्यायतन को प्राप्त कर विहार करता हूँ।—भिक्षुओ ! काश्यप भी···।

भिक्षुओ ! जब मैं चाहता हूँ, सर्वथा आकाशानन्त्यायतन का समतिक्रमण कर 'विज्ञान अनन्त है' ऐसा विज्ञानन्त्यायतन को प्राप्त कर विहार करता हूँ—भिक्षुओ ! काश्यप भी···।

भिक्षुओ ! जब मैं चाहता हूँ, सर्वथा विज्ञानन्त्यायतन का समतिक्रमण कर 'कुछ नहीं है' ऐसा आकिञ्चन्यायतन को प्राप्त कर विहार करता हूँ।—भिक्षुओ ! काश्यप भी···।

भिक्षुओ ! जब मैं चाहता हूँ, सर्वथा आकिञ्चन्यायतन का समतिक्रमण कर नैवसंज्ञानासंज्ञायतन को प्राप्त कर विहार करता हूँ।—भिक्षुओ ! काश्यप भी···।

भिक्षुओ ! जब मैं चाहता हूँ, सर्वथा नैवसंज्ञानासंज्ञायतन का समतिक्रमण कर संज्ञावेदयित निरोध को प्राप्त कर विहार करता हूँ—भिक्षुओ ! काश्यप भी···।

भिक्षुओ ! जब मैं चाहता हूँ, अनेक प्रकार की ऋद्धियों का अनुभव करता हूँ—एक होकर बहुत हो जाता हूँ···[देखो पृष्ठ २४३]।—भिक्षुओ ! काश्यप भी···।

भिक्षुओ ! मैं आश्रवों के क्षीण हो जाने से, आश्रव-रहित चेतोविमुक्ति और प्रज्ञाविमुक्ति को इसी जन्म में स्वयं जान, साक्षात्कार कर और प्राप्त कर विहार करता हूँ।—भिक्षुओ ! काश्यप भी आश्रवों के क्षीण हो जाने से, आश्रव रहित चेतोविमुक्ति और प्रज्ञाविमुक्ति को इसी जन्म में स्वयं जान, साक्षात्कार कर और प्राप्त कर विहार करता है।

§ १०. उपस्सय सुत्त (१५. १०)

थुल्लतिस्सा भिक्षुणी का संघ से वहिष्कार

ऐसा मैंने सुना।

एक समय आयुष्मान् काश्यप श्रावस्ती में अनाथपिण्डिक के आराम जेतवन में विहार करते थे।

क

तब, आयुष्मान् आनन्द पूर्वाह्णसमय पहन और पात्रचीवर ले जहाँ आयुष्मान् महाकाश्यप थे वहाँ गये। जाकर आयुष्मान् महाकाश्यप से बोले—भन्ते काश्यप! जहाँ भिक्षुणिओं का स्थान है वहाँ चलें।

आवुस आनन्द! आप जावें, आपको बहुत काम-धाम रहता है।

दूसरी बार भी ''।

तीसरी बार '। तब, आयुष्मान् महाकाश्यप पहन और पात्रचीवर ले आयुष्मान् आनन्द को पीछे लिये जहाँ भिक्षुणियों का स्थान था वहाँ गये। जाकर बिछे आसन पर बैठ गये।

ख

तब, कुछ भिक्षुणियाँ जहाँ आयुष्मान् महाकाश्यप थे वहाँ गईं, जाकर आयुष्मान् महाकाश्यप का अभिवादन कर एक ओर बैठ गईं। एक ओर बैठी हुई उन भिक्षुणिओं को आयुष्मान् महाकाश्यप ने धर्मोपदेशकर दिखा दिया, बता दिया, और उनके धार्मिक भावों को उद्बुद्ध कर दिया। धर्मोपदेश कर आयुष्मान् महाकाश्यप आसन से उठकर चले गये।

तब, थुल्लतिस्सा भिक्षुणी असन्तुष्ट होकर असंतोष के शब्द कहने लगी—क्या आर्य महाकाश्यप को आर्य वेदेहमुनि आनन्द के सामने धर्मोपदेश करना अच्छा था? जैसे, कोई सूई बेचनेवाला किसी सूई बनानेवाले के पास सूई बेचने को जाय, वैसे ही आर्य महाकाश्यप ने आर्य आनन्द के सामने धर्मोपदेश करने का साहस किया है।

आयुष्मान् महाकाश्यप ने थुल्लतिस्सा भिक्षुणी को ऐसा कहते सुना।

ग

तब, आयुष्मान् महाकाश्यप आयुष्मान् आनन्द से बोले—आवुस आनन्द! क्या मैं सूई बेचनेवाला हूँ और आप सूई बनानेवाले, या मैं सूई बनानेवाला हूँ और आप सूई बेचनेवाले?

भन्ते काश्यप! यह मूर्ख स्त्री है, इसे क्षमा कर दें।

आनन्द! ठहरें, संघ आपके विषय में और चर्चा न करे।

आवुस आनन्द! आप क्या समझते हैं?

क्या भगवान् ने आपके विषय में भिक्षुसंघ के सामने उपस्थित किया था कि—भिक्षुओ! जब मैं चाहता हूँ,'' प्रथम ध्यान को प्राप्त कर विहार करता हूँ—और आनन्द भी'''प्रथम ध्यान को प्राप्त कर विहार करता है?

नहीं भन्ते!

आवुस! मेरे विषय में भगवान् ने भिक्षुसंघ के सामने ऐसा उपस्थित किया था '।

[नवों ध्यानावस्थाओं के विषय में ऐसा समझ लेना चाहिये]

आवुस ! यह समझा जा सकता है कि सात हाथ का ऊँचा हाथी डेढ़ हाथ के तालपत्र में छिप जाय; किन्तु यह सम्भव नहीं कि मेरी छ अभिज्ञायें छिप जायँ ।

घ

थुल्लतिस्सा भिक्षुणी धर्म से च्युत हो गई ।

§ ११. चीवर सुत्त (१५. ११)

आनन्द 'कुमार' जैसे, थुल्लनन्दा का संघ से बहिष्कार

एक समय आयुष्मान् महाकाश्यप राजगृह में वेलुवन कलन्दक निवाप में विहार करते थे ।

क

उस समय आयुष्मान् आनन्द दक्षिणागिरि में भिक्षुओं के एक बड़े संघ के साथ चारिका कर रहे थे ।

उस समय आयुष्मान् आनन्द के तीस अनुचर भिक्षु जो विशेष कर कुमार थे, शिक्षा को छोड़ कर गृहस्थ हो गये थे ।

ख

तब, आयुष्मान् आनन्द दक्षिणागिरि में यथेष्ठ चारिका कर, राजगृह के वेलुवन में जहाँ आयुष्मान् महाकाश्यप थे वहाँ पधारे, और आयुष्मान् महाकाश्यप का अभिवादन कर एक ओर बैठ गये ।

एक ओर बैठे आयुष्मान् आनन्द को आयुष्मान् महाकाश्यप बोले:—आवुस आनन्द ! किस उद्देश्य से भगवान् ने कुलों में 'त्रिकभोजन' की प्रज्ञप्ति दी है ?

भन्ते काश्यप ! तीन उद्देश्य से···। बुरे लोगों के निग्रह के लिये, शीलवन्त भिक्षुओं के आराम के लिये, कि पापेच्छ लोग पक्ष लेकर कहीं संघ में फूट पैदा न कर दें, और कुलों की भलाई के लिये ।···

आवुस आनन्द ! तो, आप क्यों इन नये भिक्षुओं के साथ चारिका करते हैं, जो असंयमी, पेटू, और सुस्तकड़ हैं ? मालूम होता है कि आप शस्य और कुलों को नष्ट करते हुये विचरते हैं । आवुस आनन्द ! आप की यह नई मण्डली घट रही है, कमती जा रही है । यह नया कुमार मात्रा को नहीं जानता है ।

भन्ते काश्यप ! मेरे बाल भी पक चले, किंतु आज तक आयुष्मान् महाकाश्यप के 'कुमार' कहकर पुकारे जाने से नहीं छूटे हैं ।

आवुस आनन्द ! इसी से तो मैं कहता हूँ,·· यह नया कुमार मात्रा को नहीं जानता है ।

ग

थुल्लनन्दा भिक्षुणी ने सुना कि आर्य महाकाश्यप ने आर्य वेदेहमुनि आनन्द को "कुमार" कहकर धत्ता बताया है ।

तब, थुल्लनन्दा भिक्षुणी असंतुष्ट होकर असंतोष के वचन कहने लगी:—आयुष्मान् महाकाश्यप, जो पहले अन्य तैर्थिक रह चुके हैं, आर्य आनन्द को 'कुमार' कहकर धत्ता बताने का कैसे साहस करते हैं ?

आयुष्मान् महाकाश्यप ने थुल्लनन्दा भिक्षुणी को ऐसा कहते सुना ।

तब, आयुष्मान् महाकाश्यप आयुष्मान् आनन्द से बोले:—आवुस आनन्द ! थुल्लनन्दा भिक्षुणी का सहसा ऐसा कहना उचित नहीं। आवुस ! जब मैं शिर दाढ़ी मुड़वा, काषाय वस्त्र पहन, घर से बेघर हो प्रव्रजित हो गया हूँ, और उन अर्हत् सम्यक सम्बुद्ध भगवान् को छोड़ किसी दूसरे को गुरु नहीं मानता हूँ।

आवुस ! पहले, घरवासी रहते मेरे मन में यह हुआ—घर में रहना बड़ा झंझट है, गंदा है, और प्रव्रज्या खुला आकाश-सा है। घर में रहते हुये बिल्कुल शुद्ध, पूर्ण, शङ्खलिखित-सा ब्रह्मचर्य पालन करना बड़ा कठिन है। तो, क्यों न मैं शिर दाढ़ी मुड़वा, काषायवस्त्र पहन, घर से बेघर होकर प्रव्रजित हो जाऊँ !

आवुस ! तब, मैं गुदड़ी का एक चीवर बना, जो लोक में अर्हत् हैं उनके उद्देश्य से शिर दाढ़ी मुड़वा, काषाय वस्त्र पहन, घर से बेघर होकर प्रव्रजित हो गया।

सो मैंने इस प्रकार प्रव्रजित हो, रास्ते में जाते हुये, राजगृह और नालन्दा के बीच बहुपुत्र चैत्य पर भगवान् को बैठे हुये देखा। देखकर मेरे मन में हुआ—यदि मैं किसी गुरु को देखूँ तो भगवान् ही को देखूँ, सुगत और सम्यक् सम्बुद्ध।

आवुस ! सो, मैंने वहीं भगवान् के चरणों पर गिर कर कहा—भगवान् मेरे गुरु हैं, मैं आपका श्रावक हूँ।

आवुस ! ऐसा कहने पर भगवान् मुझसे बोले—काश्यप ! जो इस प्रकार के चित्त से समन्नागत श्रावक को बिना जाने कह दे कि 'जानता हूँ', बिना देखे कह दे कि 'देखता हूँ', उसका शिर टूट टूट कर गिर जाय। काश्यप ! मैं जानकर कहता हूँ कि 'जानता हूँ', देखकर कहता हूँ कि 'देखता हूँ'।

काश्यप ! इसलिये, तुम्हें ऐसा सीखना चाहिये—स्थविरों में, नये लोगों में, और मध्यम में ही अपत्रपा प्रत्युपस्थित होगी। ···

काश्यप ! इसलिये, तुम्हें ऐसा सीखना चाहिये—कुशलोपसहित जो धर्म सुनूँगा, सभी को पूछ-कर, मन में ला, एकाग्रचित्त से सुनूँगा।······

काश्यप ! इसलिये, तुम्हें ऐसा सीखना चाहिये—अत्यन्त लाभकारी कायगतास्मृति मुझसे कभी भी छूटने न पायगी।······

तब, भगवान् मुझे ऐसा उपदेश दे, आसन से उठकर चले गये।

आवुस ! सात दिनों तक मैं बिना मुक्त हुये ही राष्ट्रपिण्ड का भोग करता रहा। आठवें दिन मुझे दिव्य ज्ञान उत्पन्न हो गया।

\+ + + +

आवुस ! तब, भगवान् रास्ते से हट, एक वृक्ष के नीचे गये।

आवुस ! तब, मैंने अपनी गुदड़ी के संघाटी को चौपेत कर बिछा दिया और भगवान् से कहा—भन्ते ! भगवान् इस पर बैठें, जो चिरकाल तक मेरे हित और सुख के लिये हो।

भगवान् बिछे आसन पर बैठ गये।

आवुस ! बैठ कर भगवान् मुझसे बोले : काश्यप ! तुम्हारी यह गुदड़ी की संघाटी तो बहुत मुलायम है।

भन्ते ! मुझपर अनुकम्पा करके भगवान् इस संघाटी को स्वीकार करें।

काश्यप ! तुम मेरे टाट जैसे रूखे पुराने पांसुकूल को धारण करोगे ?

भन्ते ! हाँ, धारण करूँगा।

आवुस ! सो, मैंने भगवान् को अपनी संघाटी दे दी और उनके पांसुकूल को अपने धारण कर लिया।

आवुस ! कोई यह ठीक ही कह सकता है—यह भगवान् का पुत्र, मुखसे उत्पन्न, धर्म से उत्पन्न, धर्म से निर्मित, धर्मदायाद है जो उनके टाट जैसे रूखे पांसुकूल को धारण करता है।

आवुस ! जब मैं चाहता हूँ,...प्रथम ध्यान···को प्राप्त कर विहार करता हूँ।

आवुस ! मैं आश्रवों के क्षीण हो जाने से, आश्रव रहित चेतोविमुक्ति और प्रज्ञाविमुक्ति को इसी जन्म में स्वयं जान, साक्षात्कार कर और प्राप्तकर विहार करता हूँ।

आवुस !···मेरी छः अभिज्ञायें नहीं छिप सकतीं।

घ

थुल्लनन्दा भिक्षुणी धर्म से च्युत हो गई।

§ १२. परम्मरण सुत्त (१५. १२)

अव्याकृत, चार आर्यसत्य

एक समय आयुष्मान् महाकाश्यप और आयुष्मान् सारिपुत्र वाराणसी के पास ऋषिपतन मृगदाय में विहार करते थे।

तब, आयुष्मान् सारिपुत्र सांझ को ध्यान से उठ जहाँ आयुष्मान् महाकाश्यप थे वहाँ गये, और कुशल क्षेम के प्रश्न पूछकर एक ओर बैठ गये।

एक ओर बैठ, आयुष्मान् सारिपुत्र आयुष्मान् महाकाश्यप से बोले—आवुस काश्यप ! क्या जीव मरने के बाद रहता है ?

आवुस ! भगवान् ने ऐसा नहीं बतलाया है कि जीव मरने के बाद रहता है।

आवुस ! तो क्या जीव मरने के बाद नहीं रहता ?

आवुस ! भगवान् ने ऐसा भी नहीं बतलाया है कि जीव मरने के बाद नहीं रहता है।

आवुस ! तो क्या···होता भी है, नहीं भी होता है···; न होता है, न नहीं होता है··· ।

आवुस ! भगवान् ने इसे क्यों नहीं बताया है ?

आवुस ! क्योंकि, यह न तो परमार्थ के लिये है, न ब्रह्मचर्य का साधक है, न निर्वेद के लिये है, न विराग के लिये है, न निरोध के लिये है, न शान्ति के लिये है, न ज्ञान के लिये है, न सम्बोधि के लिये है, और न निर्वाण के लिये है। इसीलिये भगवान् ने इसे नहीं बताया।

आवुस ! तो, भगवान् ने क्या बताया है ?

आवुस ! यह दुःख है—ऐसा भगवान् ने बताया है। यह दुःख समुदय···; निरोध···; निरोध-गामिनी प्रतिपदा है—ऐसा भगवान् ने बताया है ?

आवुस ! भगवान् ने इसे क्यों बताया है ?

आवुस ! क्योंकि, यही परमार्थ का साधक है, ब्रह्मचर्य का साधक है, निर्वेद के लिये है···निर्वाण के लिये है। इसी से भगवान् ने इसे बताया है।

§ १३. सद्धम्मपतिरूपक सुत्त (१५. १३)

नकली धर्म से सद्धर्म का लोप

ऐसा मैंने सुना।

एक समय भगवान् श्रावस्ती में अनाथपिंडिक के आराम जेतवन में विहार करते थे।

तब, आयुष्मान् महाकाश्यप जहाँ भगवान् थे वहाँ आये, और भगवान् का अभिवादन कर एक ओर बैठ गये।

एक ओर बैठ, आयुष्मान् महाकाश्यप भगवान् से बोले :—भन्ते ! क्या हेतु है, क्या प्रत्यय है कि पहले अल्प ही शिक्षापद थे और (उस पर भी) बहुतों ने अर्हत् पद पा लिया था ? भन्ते ! क्या हेतु है, क्या प्रत्यय है कि इस समय शिक्षापद बहुत हैं और कम अर्हत्-पद पर प्रतिष्ठित हैं ?

काश्यप ! ऐसा ही होता है—सत्वों के हीन होने, और सद्धर्म के क्षय होने पर बहुत शिक्षापद होते हैं, और अल्प भिक्षु अर्हत्-पद पर प्रतिष्ठित होते हैं।

काश्यप ! तब तक सद्धर्म का लोप नहीं होता है जब तक कोई दूसरा नकली धर्म उठ खड़ा नहीं होता। जब कोई नकली धर्म उठ खड़ा होता है तो सद्धर्म का लोप हो जाता है। काश्यप ! जैसे, तब तक सच्चे सोने का लोप नहीं होता जब तक नकली तैयार होने नहीं लगता''' वैसे ही।

काश्यप ! पृथ्वीधातु, सद्धर्म को लुप्त नहीं करता; न आपोधातु, न तेजोधातु, और न वायुधातु। किंतु, यहीं वे मूर्ख लोग उत्पन्न होते हैं जो सद्धर्म को लुप्त कर देते हैं। काश्यप ! जैसे अधिक भार से नाव डूब जाती है वैसे धर्म डूब नहीं जाता।

काश्यप ! ऐसे पाँच कारण हैं जिनसे सद्धर्म नष्ट होकर लुप्त हो जाता है। कौन से पाँच ?

(१) काश्यप ! भिक्षु, भिक्षुणी, उपासक, उपासिकायें बुद्ध के प्रति गौरव नहीं करतीं, उनका ख्याल नहीं करतीं हैं। (२) धर्म के प्रति'''। (३) संघ के प्रति'''। (४) शिक्षा के प्रति'''। (५) समाधि के प्रति'''।

काश्यप ! यही पाँच कारण हैं जिनसे सद्धर्म नष्ट हो कर लुप्त हो जाता है।

काश्यप ! ऐसे पाँच कारण हैं, जिनसे सद्धर्म ठहरा रहता है, क्षीण और लुप्त नहीं होता।

(१)'' बुद्ध के प्रति गौरव'''। (२) धर्म के प्रति'''। (३) संघ के प्रति'''। (४) शिक्षा के प्रति'''। (५) समाधि के प्रति'''।

काश्यप ! यही पाँच कारण हैं, जिनसे सद्धर्म ठहरा रहता है, क्षीण और लुप्त नहीं होता।

काश्यप-संयुत्त समाप्त।

पाँचवाँ परिच्छेद

१६. लाभसत्कार-संयुत्त

पहला भाग

प्रथम वर्ग

§ १. दारुण सुत्त (१६. १. १)

लाभसत्कार दारुण है

ऐसा मैंने सुना।

एक समय भगवान् श्रावस्ती में अनाथपिण्डिक के आराम जेतवन में विहार करते थे।

…भगवान् बोले—भिक्षुओ! अनुत्तर निर्वाण की प्राप्ति के मार्ग में लाभसत्कार बड़ा दारुण है, कटु है, तीखा है, विघ्नकर है।

भिक्षुओ! इसलिये, तुम्हें ऐसा सीखना चाहिये कि—लाभ, सत्कार, प्रशंसा आदि को छोड़ दूँगा, उन्हें मन में ठहरने नहीं दूँगा।

भिक्षुओ! तुम्हें ऐसा ही सीखना चाहिये।

§ २. बालिस सुत्त (१६. १. २)

लाभसत्कार दारुण है, बंशी की उपमा

श्रावस्ती…जेतवन में…।

भिक्षुओ! अनुत्तर निर्वाण की प्राप्ति के मार्ग में लाभसत्कार बड़ा दारुण है, कटु है, तीखा है, विघ्नकर है।

भिक्षुओ! जैसे, अंकुसी फेंकनेवाला चारा लगाकर अंकुसी को गहरे पानी में फेंक दे। तब, चारे के लोभ से कोई मछली उसे निगल जाय। भिक्षुओ! इस तरह, वह मछली अंकुसी को निगल कर बड़े दुःख और विपत्ति में पड़ जाती है, मछुआ जो चाहे उससे करता है।

भिक्षुओ! यहाँ अंकुसी फेंकनेवाला मछुवा पापी मार को ही समझना चाहिये; और उसकी अंकुसी यही लाभ, सत्कार, प्रशंसा आदि हैं।

भिक्षुओ! जो भिक्षु लाभादि पाने पर बड़ा खुश होता है और आनन्द उठाता है, वह मार की अंकुसी में फँसा हुआ समझा जाता है। वह दुःख और विपत्ति में पड़ता है। मार उससे जैसा चाहता है करता है।

…इसलिये, भिक्षुओ! तुम्हें ऐसा सीखना चाहिये…।

§ ३. कुम्म सुत्त (१६. १. ३)

लाभादि भयानक हैं, कछुआ और व्याधा की उपमा

श्रावस्ती···।

···भिक्षुओ ! पूर्वकाल में किसी जलाशय में कछुओं का एक परिवार बहुत समय से वास करता था। तब, एक कछुये ने दूसरे कछुये से कहा—प्यारे कछुये ! उस जगह मत जाओ। किन्तु वह कछुआ उस जगह पर चला गया। वहाँ किसी व्याधे ने उसे भाला चलाकर वेध दिया। तब वह कछुआ जहाँ दूसरा कछुआ था वहाँ गया। उस कछुये ने इसे दूर ही से आते देखा। देखकर उसने कहा—प्यारे ! उस स्थान पर गये तो नहीं थे ?

प्यारे ! मैं उस स्थान पर गया था।

प्यारे ! तो तुम भाले से छिद-बिध तो नहीं गये ?

प्यारे ! मैं भाले से छिद-बिध तो नहीं गया हूँ, किन्तु यह धागा मेरे पीछे-पीछे लगा है।

प्यारे कछुये ! तुम छिद गये हो, बिध गये हो। इसी व्याधे से तुम्हारे कितने बाप दादे फँसाकर मार दिये गये हैं। जाओ, तुम अब मेरे काम के नहीं रहे।

भिक्षुओ ! यहाँ व्याधा पापी मार को ही समझना चाहिये।···भाला यही लाभादि है। धागा संसारमें स्वाद लेना और राग करना है।

···[ऊपर के ऐसा]

§ ४. दीघलोमी सुत्त (१६. १. ४)

लम्बे बाल वाले भेंड़े की उपमा

श्रावस्ती···जेतवन में···।

···भिक्षुओ ! जैसे, लम्बे-लम्बे बाल वाला कोई भेंड़ा कँटीली झाड़ी में पैठ जाय। वह इधर-उधर लग जाय, फँस जाय, बझ जाय, बड़ी विपत्ति में पड़ जाय।

भिक्षुओ ! वैसे ही कितने भिक्षु लाभादि में पड़कर क्लिष्ट चित्त से सुबह में पहन और पात्र चीवर ले गाँव या कस्बे में भिक्षाटन के लिये पैठता है। वह इधर-उधर लग जाता है, फँस जाता है, बझ जाता है।

··· [पूर्ववत्]

§ ५. एलक सुत्त (१६. १. ५)

लाभसत्कार से आनन्दित होना अहितकर है

···भिक्षुओ ! जैसे मैला खानेवाला कोई पिल्लू मैला से लथपथ सना हो, और उसके सामने मैले की एक ढेर पड़ी हो। इससे वह अपने को दूसरे पिल्लुओं से बड़ा समझे:—मैं मैला खानेवाला पिल्लू मैला से लथपथ सना हूँ, और मेरे सामने मैले की एक ढेर पड़ी है।

भिक्षुओ ! वैसे ही,···भिक्षाटन के लिये पैठता है। वह वहाँ भोजन करके दूसरे दिन के लिये भी निमन्त्रित होता है, और उसका पात्र पूरा होता है।

वह आराम में जाकर भिक्षुओं के सामने गर्व के साथ कहता है—मैंने भोजन कर लिया, दूसरे दिन के लिये भी निमन्त्रित हूँ, और मेरा पात्र भी पूरा है। मैं चीवरादि का लाभ करनेवाला हूँ। ये दूसरे अभागे अल्पपुण्य भिक्षु चीवरादि का लाभ नहीं करते।

"वह भिक्षु लाभादिकों पर फूल जाता है और दूसरे शीलवन्त भिक्षुओं को नीचा समझता है। भिक्षुओ! उस मूर्ख भिक्षु का यह चिरकाल तक अहित और दुःख के लिये होता है।

…। ऐसा सीखना चाहिये।

§ ६. असनि सुत्त (१६. १. ६)

बिजली की उपमा और लाभसत्कार

श्रावस्ती…।

भिक्षुओ! बिजली के गिरने की उपमा उस शैक्ष्य भिक्षु से दी जाती है जिसका मन लाभादि में फँसता है।

भिक्षुओ! लाभादि को ही बिजली का गिरना समझना चाहिये।

…ऐसा सीखना चाहिये।

§ ७. दिड्ढ सुत्त (१६. १. ७)

विषैला तीर

श्रावस्ती…।

विषैले तीर से चुभे पुरुष की उपमा उस शैक्ष्य भिक्षु से दी जाती है जिसका चित्त लाभादि में फँस जाता है।

…ऐसा सीखना चाहिये।

§ ८. सिगाल सुत्त (१६. १. ८)

रोगी शृगाल की उपमा

श्रावस्ती…।

…भिक्षुओ! रात के भिनसारे में तुमने शृगालों को रव करते सुना है?

हाँ भन्ते!

भिक्षुओ! वह शृगाल बूढ़ा, उक्कण्णक नामक रोग से पीड़ित हो न तो एकान्त में चैन पाता है, न वृक्ष के नीचे और न खुली जगह में। जहाँ-जहाँ जाता है, जहाँ-जहाँ खड़ा रहता है, जहाँ-जहाँ बैठता है और जहाँ-जहाँ लेटता है वहाँ-वहाँ बड़ा दुःख भोगता है।

भिक्षुओ! वैसे ही, कितने भिक्षु लाभादि में चित्त फँसा कर न तो शून्यागार न वृक्ष के नीचे और न खुली जगह में रमते हैं। जहाँ जहाँ जाते हैं…दुख उठाते हैं।

…ऐसा सीखना चाहिये।

§ ९. वेरम्ब सुत्त (१६. १. ९)

इन्द्रियों में संयम रखना, वेरम्ब वायु की उपमा

…भिक्षुओ! ऊपर आकाश में वेरम्ब नामकी एक हवा चलती है। इसके बीच में जो पक्षी पड़ता है वह फेंका जाता है। उस पक्षी के पैर, पांख, शिर और शरीर सभी अलग अलग हो जाते हैं।

भिक्षुओ! वैसे ही…भिक्षाटन के लिये पैठता है। उसके शरीर, वचन और मन अरक्षित रहते हैं। स्मृति और इन्द्रियों का संयम नहीं रहता है।

यह वहाँ किसी स्त्री को देखता है जो अपने अंगों को ठीक से ढँकी न हो। उसे देख उसके चित्त में राग चला आता है। चित्त में राग चले आने से वह शिक्षा को छोड़ गृहस्थ हो जाता है। तब, दूसरे लोग उसके चीवर को, पात्र को, आसन को और सूईदानी को उठा-उठा कर ले जाते हैं। वेरम्भ हवा में पड़े पक्षी की तरह।

··· ऐसा सीखना चाहिए।

§ १०. सगाथा सुत्त (१६. १. १०)

लाभसत्कार दारुण है

श्रावस्ती···।

भिक्षुओ! अनुत्तर निर्वाण की प्राप्ति के मार्ग में लाभसत्कार बड़ा दारुण है, कटु है, तीखा है, विघ्नकर है।

भिक्षुओ! मैं देखता हूँ कि कितने लोग सत्कार में अपने चित्त को फँसा कर मरने के बाद नर्क में उत्पन्न हो दुर्गति को प्राप्त होते हैं।

भिक्षुओ! मैं देखता हूँ कि कितने लोग असत्कार में चित्त को लगा कर मरने के बाद नरक में उत्पन्न हो दुर्गति को प्राप्त होते हैं।

भिक्षुओ! मैं देखता हूँ कि कितने लोग असत्कार और सत्कार में चित्त लगाकर...दुर्गति को प्राप्त होते हैं।

भिक्षुओ! अनुत्तर निर्वाण की प्राप्ति के मार्ग में लाभसत्कार इतना दारुण है, कटु है, तीखा है, विघ्नकर है।

भिक्षुओ! इसलिए, ऐसा सीखना चाहिए कि—लाभ, सत्कार, प्रशंसा को छोड़ दूँगा, उन्हें मन में ठहरने नहीं दूँगा।

भगवान् यह बोले। इतना कहकर बुद्ध फिर भी बोले—

जो सत्कार या असत्कार के मिलने पर,
अप्रमाद से विहार करते हुए समाधि को नहीं डिगाता है।
उस ध्यान में तत्पर, सूक्ष्म दृष्टि रखनेवाले को,
सत्पुरुष 'उपादान-क्षीण होकर रमण करनेवाला' कहते हैं॥

प्रथम वर्ग समाप्त।

दूसरा भाग

द्वितीय वर्ग

§ १. पठम पाती सुत्त (१६. २. १)

लाभसत्कार की भयंकरता

श्रावस्ती…।

भिक्षुओ ! …लाभसत्कार बड़ा दारुण … है।

भिक्षुओ ! मैंने एक समय एक पुरुष के चित्त को अपने चित्त से जान लिया.—यह भिक्षु सोने की थाली में भरे हुये रजत-चूर्ण के लिये भी जान-बूझ कर झूठ नहीं बोलेगा।

उसी पुरुष को मैंने आगे चलकर लाभसत्कार के लिये जान-बूझ कर झूठ बोलते देखा।

…इसलिये, ऐसा सीखना चाहिये।

§ २. दुतिय पाती सुत्त (१६. २. २)

लाभसत्कार की भयंकरता

श्रावस्ती…।

" भिक्षुओ ! मैंने एक समय एक पुरुष के चित्त को अपने चित्त से जान लिया—यह भिक्षु चाँदी की थाली में भरे हुये सुवर्ण-चूर्ण के लिये भी जान बूझकर झूठ नहीं बोलेगा।

उसी पुरुष को…।

§ ३–१०. सिङ्गी सुत्त (१६. २. ३–१०)

लाभसत्कार की भयंकरता

३. " सुवर्ण-निष्क के लिये भी जान-बूझकर झूठ नहीं…।
४. …एक सौ सुवर्ण निष्क के लिये भी…।
५. …निष्कों की एक ढेर के लिये भी…।
६. " निष्कों की सौ ढेर के लिये भी…।
७. " जातरूप से भरी हुई सारी पृथ्वी के लिये भी…।
८. …संसार की किसी भी वस्तु के लिये…।
९. …प्राणों के निकल जाने पर भी…।
१०. सबसे सुन्दरी स्त्री के लिये भी…।

द्वितीय वर्ग समाप्त।

तीसरा भाग

तृतीय वर्ग

§ १. मातुगाम सुत्त (१६. ३. १)

लाभसत्कार दारुण है

श्रावस्ती…।

…लाभसत्कार दारुण… है।

भिक्षुओ! एकान्त में कोई अकेली स्त्री भी जिसके चित्त को लुभाने में असमर्थ होती है, उसका चित्त लाभ, सत्कार और प्रशंसा में फँस जाता है।

…ऐसा सीखना चाहिए।

§ २. कल्याणी सुत्त (१६. ३. २)

लाभसत्कार दारुण है

…एकान्त में सुन्दरी स्त्री भी…।

§ ३. पुत्त सुत्त (१६. ३. ३)

लाभसत्कार में न फँसना, बुद्ध के आदर्श श्रावक

श्रावस्ती…।

…लाभसत्कार दारुण…है।

भिक्षुओ! श्रद्धालु उपासिका अपने इकलौते लाड़ले पुत्र को इस तरह सिखाये दे—तात! वैसा बनना जैसा चित्र गृहपति या आलवक हत्थक है।

भिक्षुओ! क्योंकि मेरे गृहस्थ श्रावकों में यही दो आदर्श माने जाते हैं।

—तात! यदि तुम घर से बेघर हो जाओ तो वैसा ही बनना जैसे सारिपुत्त और मौद्गल्यायन हैं।

भिक्षुओ! क्योंकि मेरे भिक्षु श्रावकों में यही दो आदर्श माने जाते हैं।

—तात! अप्रमत्त होकर शिक्षा का पालन करते हुए लाभादि के फेर में मत फँसना। लाभादि के फेर में फँसने से यह तुम्हारे विघ्न के लिए होगा।

…ऐसा सीखना चाहिए।

§ ४. एकधीता सुत्त (१६. ३. ४)

लाभसत्कार में न फँसना, बुद्ध की आदर्श श्राविकाएँ

श्रावस्ती…।

…लाभसत्कार दारुण…है।

भिक्षुओ! श्रद्धालु उपासिका अपनी इकलौती लाड़ली लड़की को इस तरह सिखाये—बेटी! तुम वैसी होना जैसी की उपासिका खुज्जुत्तरा और वेलुकण्डकिय नन्द माता हैं।

…उपासिका श्राविकाओं में यही दोनों आदर्श हैं।

बेटी ! यदि तुम घर से बेघर हो प्रव्रजित होना तो वैसी होना जैसी कि भिक्षुणी क्षेमा और उत्पलवर्णा हैं।

…भिक्षुणी श्राविकाओं में यही दोनों आदर्श हैं।

…[ऊपर के ऐसा]

§ ५. पठम समणब्राह्मण सुत्त (१६. ३. ५)

लाभसत्कार के यथार्थ दोष-ज्ञान से मुक्ति

श्रावस्ती…।

भिक्षुओ ! जो श्रमण या ब्राह्मण लाभादि के आस्वाद, आदीनव, और निःसरण को यथाभूत नहीं जानते हैं, वे…प्राप्त कर नहीं विहार करते हैं।

भिक्षुओ ! जो…जानते हैं…प्राप्त कर विहार करते हैं।

§ ६. दुतिय समणब्राह्मण सुत्त (१६. ३. ६)

लाभसत्कार के यथार्थ दोष-ज्ञान से मुक्ति

श्रावस्ती…।

भिक्षुओ ! जो श्रमण या ब्राह्मण लाभादि के समुदय, अस्तंगम, आस्वाद, आदीनव और निःसरण को यथाभूत नहीं जानते हैं, वे…प्राप्त कर नहीं विहार करते हैं।

…प्राप्त कर विहार करते हैं।

§ ७. ततिय समणब्राह्मण सुत्त (१६. ३. ७)

लाभसत्कार के यथार्थ निरोध-ज्ञान से मुक्ति

श्रावस्ती…।

भिक्षुओ ! जो…लाभादि के समुदय, निरोध, और निरोधगामिनी प्रतिपदा को नहीं जानते हैं, वे प्राप्त कर नहीं विहार करते हैं।

…प्राप्त कर विहार करते हैं।

§ ८. छवि सुत्त (१६. ३. ८)

लाभसत्कार खाल को छेद देता है

…भिक्षुओ ! लाभादि खाल को छेद देता है, खाल को छेद कर चाम को छेद देता है, मांस, नहारू, हड्डी, मज्जा को छेद देता है।…

§ ९. रज्जु सुत्त (१६. ३. ९)

लाभसत्कार की रस्सी खाल को छेद देती है

श्रावस्ती…।

…लाभसत्कार दारुण…है।

भिक्षुओ ! लाभसत्कार…हड्डी को छेदकर मज्जा में जा लगता है।

भिक्षुओ! जैसे, कोई बलवान् पुरुष एक मजबूत ऊनी धागे से जंघे में लपेट कर घँसे। वह धागा खाल को छेदकर,...हड्डी को छेदकर मज्जा में जा लगे।

वैसे ही...।

§ १०. भिक्खु सुत्त (१६. ३. १०)

लाभसत्कार अर्हत् के लिए भी विघ्नकारक

श्रावस्ती...।

भिक्षुओ! जो भिक्षु क्षीणाश्रव अर्हन् है उसके लिये भी मैं लाभसत्कार को विघ्न बताता हूँ।

ऐसा कहने पर, आयुष्मान् आनन्द भगवान् से बोले—भन्ते! भला, क्षीणाश्रव अर्हत् भिक्षु को लाभसत्कार कैसे विघ्न कर सकता है?

आनन्द! जिसका चित्त बिल्कुल विमुक्त हो चुका है उसके लिये मैं लाभसत्कार को विघ्नकर नहीं बताता।

आनन्द! जो कुछ आतापी, प्रहितात्म, इसी जन्म में सुख विहार को प्राप्त कर लेनेवालों के लिये मैं लाभसत्कार को विघ्नकर बताता हूँ।

आनन्द! निर्वाण प्राप्ति के मार्ग के लिये लाभसत्कार ऐसा दारुण, कटु, तीखा और विघ्नकर है।

आनन्द! इसलिये, तुम्हें ऐसा सीखना चाहिये—लाभ, सत्कार और प्रशंसा को मैं छोड़ दूँगा, उनमें अपने चित्त को फँसने नहीं दूँगा।

आनन्द! तुम्हें ऐसा सीखना चाहिये।

तृतीय वर्ग समाप्त।

चौथा भाग

चतुर्थ वर्ग

१. भिन्दि सुत्त (१६. ४. १)

लाभसत्कार के कारण संघ में फूट

श्रावस्ती···।

·· लाभसत्कार दारुण···है।

लाभसत्कार में फँस और पड़कर देवदत्त ने संघ को फोड़ दिया।

···ऐसा सीखना चाहिए।

§ २. मूल सुत्त (१६. ४. २)

पुण्य के मूल का कटना

···देवदत्त के पुण्य के मूल कट गये।···

§ ३. धम्म सुत्त (१६. ४. ३)

कुशल धर्म का कटना

···देवदत्त के कुशल धर्म कट गये।·

§ ४. सुक्कधम्म सुत्त (१६. ४. ४)

शुक्ल धर्म का कटना

···देवदत्त के शुक्ल धर्म कट गये।··

§ ५. पक्कन्त सुत्त (१६. ४. ५)

देवदत्त के वध के लिए लाभसत्कार का उत्पन्न होना

एक समय देवदत्त के जाने के कुछ ही बाद भगवान् राजगृह में गृद्धकूट पर्वत पर विहार करते थे।

वहाँ, भगवान् ने देवदत्त के विषय में भिक्षुओं को आमन्त्रित किया।

भिक्षुओ! देवदत्त के अपने वध के लिए उसे इतना लाभसत्कार उत्पन्न हुआ है।·· अपनी परिहानि के लिए···।

भिक्षुओ! जैसे, केला का वृक्ष अपने वध और अपनी परिहानि के लिए ही फल देता है, वैसे ही देवदत्त के अपने वध के लिए···।

भिक्षुओ! जैसे, वेणु का वृक्ष अपने वध और अपनी परिहानि के लिए ही फल देता है···।

भिक्षुओ! जैसे नल···।

भिक्षुओ! जैसे, खचरी अपने वध और अपनी परिहानि के लिए ही बच्चा देती है·।

…ऐसा सीखना चाहिये।

भगवान् यह बोले। इतना कह कर बुद्ध फिर भी बोले—

फल केला को मार देता है,
फल वेणु को, फल नल को;
सत्कार कापुरुष को मार देता है,
जैसे अपना गर्भ खचरी को॥

§ ६. रथ सुत्त (१६. ४. ६)

देवदत्त का लाभसत्कार उसकी हानि के लिए

…राजगृह वेलुवन…।

उस समय, कुमार अजातशत्रु सांझ सुबह पाँच सौ रथों को लेकर देवदत्त के उपस्थान के के लिये आया करता था। पाँच सौ पकवान की थालियाँ भेजी जाती थीं।

तब, कुछ भिक्षु जहाँ भगवान् थे वहाँ आये, और भगवान् का अभिवादन कर एक ओर बैठ गये। एक ओर बैठ कर उन भिक्षुओं ने भगवान् को कहा—भन्ते! कुमार अजातशत्रु" थालियाँ भेजी जाती हैं।

भिक्षुओ! देवदत्त के लाभसत्कार की ईर्ष्या मत करो।……इससे कुशल धर्मों में देवदत्त की हानि ही है, वृद्धि नहीं।

भिक्षुओ! जैसे, चण्ड कुत्ते के नाक पर कोई पित्त काट दे, उससे कुत्ता और भी चण्ड हो उठे, वैसे ही, जब तक कुमार अजातशत्रु देवदत्त का उपस्थान इस प्रकार करता रहेगा तब तक कुशल धर्मों में उसकी हानि ही है, वृद्धि नहीं।

…ऐसा सीखना चाहिये।

§ ७. माता सुत्त (१६. ४. ७)

लाभसत्कार दारुण है

श्रावस्ती…।

भिक्षुओ!…लाभसत्कार दारुण "है।

भिक्षुओ! मैं किसी पुरुष के चित्त को अपने चित्त से जान लेता हूँ—यह माता के कारण भी जान-बूझ कर झूठ नहीं बोलेगा। भिक्षुओ! उसी को लाभसत्कार में फँस जानबूझ कर झूठ बोलते देखता हूँ।

…भिक्षुओ! इसलिये, तुम्हें ऐसा सीखना चाहिये—लाभसत्कार को छोड़ दूँगा, लाभसत्कार में अपने चित्त को नहीं फँसने दूँगा।

भिक्षुओ! ऐसा सीखना चाहिये।

§ ८–१३. पिता सुत्त (१६. ४. ८–१३)

लाभसत्कार दारुण है

(८) पिता; (९) भाई; (१०) बहन; (११) पुत्र; (१२) पुत्री; (१३) स्त्री

…[ऊपर के ऐसा]

चतुर्थ वर्ग समाप्त।

छठाँ परिच्छेद

१७. राहुल-संयुत्त

पहला भाग

प्रथम वर्ग

§ १. चक्खु सुत्त (१७. १. १)

इन्द्रियों में अनित्य, दुःख, अनात्म के मनन से विमुक्ति

ऐसा मैंने सुना।

एक समय भगवान् श्रावस्ती में ।

...एक ओर बैठ, आयुष्मान् राहुल भगवान् से बोले—भन्ते ! भगवान् मुझे उपदेश दें कि जिसे सुनकर मैं एकान्त में अकेला अप्रमत्त, आतापी, और प्रहितात्म होकर विहार करूँ।

राहुल ! तो, क्या समझते हो चक्षु नित्य है या अनित्य ?

अनित्य, भन्ते !

जो अनित्य है वह दुःख है अथवा सुख ?

दुःख, भन्ते !

जो अनित्य दुःख और परिवर्तनशील है क्या उसे ऐसा समझना चाहिये—यह मेरा है यह मैं हूँ, यह मेरा आत्मा है ?

नहीं भन्ते !

[वैसे ही]—श्रोत्र ..., घ्राण ..., जिह्वा ..., काया ...; मन ...।

राहुल ! यह जान और सुनकर आर्यश्रावक चक्षु ...से मन को उचटा देता है।

उचटा कर विरक्त हो जाता है। विरक्त रह विमुक्त हो जाता है। विमुक्त होने से विमुक्त हो गया ऐसा ज्ञान हो जाता है। जाति क्षीण हुई, ब्रह्मचर्य पूरा हो गया, जो करना था सो कर लिया, और कुछ बाकी नहीं बचा—ऐसा जान लेता है।

§ २. रूप सुत्त (१७. १. २)

रूप में अनित्य, दुःख, अनात्म के मनन से विमुक्ति

राहुल ! तो क्या समझते हो, रूप ..., शब्द ..., गन्ध ..., रस ..., स्पर्श ..., धर्म नित्य है या अनित्य ?

अनित्य भन्ते !

...[पूर्ववत्]

§ ३. विञ्ञाण सुत्त (१७. १. ३)

विज्ञान में अनित्य, दुःख, अनात्म के मनन से मुक्ति

राहुल ! तो क्या समझते हो, चक्षुविज्ञान···, श्रोत्रविज्ञान···, घ्राणविज्ञान···, जिह्वाविज्ञान···, कायाविज्ञान···, मनोविज्ञान नित्य है या अनित्य ?

अनित्य भन्ते !···

§ ४. सम्फस्स सुत्त (१७. १. ४)

संस्पर्श में अनित्य, दुःख, अनात्म के मनन से मुक्ति

राहुल ! तो क्या समझते हो, चक्षुसंस्पर्श···मनःसंस्पर्श नित्य है या अनित्य ?

अनित्य भन्ते !···

§ ५. वेदना सुत्त (१७. १. ५)

वेदना का मनन

राहुल ! तो क्या समझते हो, चक्षुसंस्पर्शजा वेदना······मनःसंस्पर्शजा वेदना नित्य है या अनित्य ?

अनित्य भन्ते !···

§ ६. सञ्ञा सुत्त (१७. १. ६)

संज्ञा का मनन

राहुल ! तो क्या समझते हो, रूप-संज्ञा···—धर्म-संज्ञा नित्य है या अनित्य ?

अनित्य भन्ते !···

§ ७. सञ्चेतना सुत्त (१७. १. ७)

संचेतना का मनन

राहुल ! तो क्या समझते हो, रूप-संचेतना···—धर्म-संचेतना नित्य है या अनित्य ?

अनित्य भन्ते !···

§ ८. तण्हा सुत्त (१७. १. ८)

तृष्णा का मनन

राहुल ! तो क्या समझते हो, रूप-तृष्णा नित्य है या अनित्य ?

अनित्य भन्ते !···

§ ९. धातु सुत्त (१७. १. ९)

धातु का मनन

राहुल ! तो क्या समझते हो, पृथ्वी-धातु···, आपोधातु···, तेजो-धातु···, वायु-धातु···, आकाश-धातु···, विज्ञान-धातु नित्य है या अनित्य ?

अनित्य भन्ते !···

§ १०. खन्ध सुत्त (१७. १. १०)

स्कन्ध का मनन

राहुल ! तो क्या समझते हो, रूप···, वेदना···, संज्ञा···, संस्कार···, विज्ञान नित्य है या अनित्य ?

अनित्य भन्ते !···

प्रथम वर्ग समाप्त ।

दूसरा भाग

द्वितीय वर्ग

§ १. चक्खु सुत्त (१७. २. १)

चक्षु आदि में अनित्य, दुःख, अनात्म की भावना से मुक्ति

श्रावस्ती ···।

··· एक ओर बैठे हुये आयुष्मान् राहुल से भगवान् बोले—राहुल ! ···चक्षु नित्य है या अनित्य ?

अनित्य भन्ते ! ···

जो अनित्य है वह दुःख है या सुख ?

दुःख भन्ते !

जो अनित्य, दुःख और परिवर्तनशील है उसे क्या यह कहना उचित है कि—यह मेरा है, यह मैं हूँ, यह मेरा आत्मा है ?

नहीं भन्ते !

श्रोत्र···, घ्राण ···, जिह्वा···; काया ···, मन ···।

राहुल ! ऐसा देख और सुनकर आर्यश्रावक इनसे उचटा रहता है। उचटा रह वैराग्य करता है। वैराग्य से विमुक्त हो जाता है। विमुक्त होने से विमुक्त हो गया ऐसा ज्ञान उत्पन्न होता है। जाति क्षीण हुई, ब्रह्मचर्य पूरा हो गया, जो करना था सो कर लिया, और कुछ बाकी नहीं बचा है—ऐसा जान लेता है।

इसी भाँति दश सूत्रान्त कर लेने चाहिये।

§ २–१०. रूप सुत्त (१७. २. २–१०)

अनित्य, दुःख की भावना

श्रावस्ती···।

राहुल ! तो क्या समझते हो रूप ···—धर्म ···; चक्षुविज्ञान···—मनोविज्ञान···, चक्षुसंस्पर्श···—मनःसंस्पर्श···; चक्षुसंस्पर्शजा वेदना ···—मनः संस्पर्शजा वेदना···; रूप संज्ञा···—धर्म संज्ञा···, रूपसंचेतना···—धर्मसंचेतना···; रूपतृष्णा···—धर्मतृष्णा···; पृथ्वी धातु···—विज्ञान धातु···; रूप, वेदना, संज्ञा, संस्कार और विज्ञान नित्य है या अनित्य ?

अनित्य भन्ते।···

§ ११. अनुसय सुत्त (१७. २. ११)

सम्यक् मनन से मानानुशय का नाश

श्रावस्ती···।

···एक ओर बैठ, आयुष्मान् राहुल भगवान् से बोले:—भन्ते ! क्या जान और देख लेने से

विज्ञान-सहित इस शरीर में तथा बाहर के सभी निमित्तों में अहंकार=ममंकार=मानानुशय नहीं होते हैं ?

राहुल ! अतीत, अनागत, या वर्तमान के; आध्यात्म या बाहर के; स्थूल या सूक्ष्म; हीन या प्रणीत; दूर के या निकट के जितने रूप हैं सभी न तो मेरे हैं, न मैं हूँ, न मेरे आत्मा हैं। जो इसे यथाभूत सम्यक् प्रज्ञा से देखता है।

जितनी वेदना, संज्ञा, संस्कार, और विज्ञान हैं सभी न तो मेरे हैं; न मैं हूँ, न मेरे आत्मा है। जो इसे यथाभूत सम्यक् प्रज्ञा से देखता है।

राहुल ! इसे जान और देख लेने से विज्ञान-सहित इस शरीर में तथा बाहर के सभी निमित्तों में अहंकार=ममंकार=मानानुशय नहीं होते हैं।

§ १२. अपगत सुत्त (१७. २. १२)

ममत्व के त्याग से मुक्ति

श्रावस्ती ' ।

···एक ओर बैठ, आयुष्मान् राहुल भगवान् से बोलेः—भन्ते ! क्या जान और देख लेने से विज्ञान-सहित इस शरीर में तथा बाहर के सभी निमित्तों में अहंकार, ममंकार और मान हट जाते हैं, मन शुद्ध, शान्त और विमुक्त हो जाता है ?

राहुल ! अतीत अनागत या वर्तमान के···जितने रूप हैं सभी न तो मेरे हैं न मैं हूँ, न मेरे आत्मा हैं।

···वेदना···; संज्ञा···; संस्कार···, विज्ञान···।

राहुल ! इसे जान और देख लेने से विज्ञान-सहित इस शरीर में तथा बाहर के सभी निमित्तों में अहंकार, ममंकार और मान हट जाते हैं, मन शुद्ध, शान्त और विमुक्त हो जाता है।

राहुल संयुत्त समाप्त।

सातवाँ परिच्छेद

१८. लक्षण-संयुत्त

पहला भाग

प्रथम वर्ग

§ १. अट्ठिपेसि सुत्त (१८. १. १)

अस्थि-कंकाल, गोहत्या का दुष्परिणाम

ऐसा मैंने सुना।

एक समय भगवान् राजगृह में वेलुवन कलन्दक निवाप में विहार करते थे।

उस समय आयुष्मान् लक्षण और आयुष्मान् महामौद्गल्यायन गृद्धकूट पर्वत पर विहार करते थे।

तब, आयुष्मान् महामौद्गल्यायन पूर्वाह्न-समय पहन और पात्रचीवर ले जहाँ आयुष्मान् लक्षण थे वहाँ गये। जाकर आयुष्मान् लक्षण से बोले—आवुस लक्षण ! चलें, राजगृह में भिक्षाटन के लिये पैठें।

'आवुस, बहुत अच्छा' कहकर आयुष्मान् लक्षण ने आयुष्मान् महामौद्गल्यायन को उत्तर दिया।

तब, आयुष्मान् महामौद्गल्यायन ने गृद्धकूट पर्वत से उतरते हुये एक जगह मुसक्रा दिया।

तब, आयुष्मान् लक्षण आयुष्मान् महामौद्गल्यायन से बोले—आवुस ! आप के मुसक्रा देने का क्या हेतु है ?•

आवुस लक्षण ! इस प्रश्न का यह उचित-काल नहीं है। भगवान् के सामने मुझे यह प्रश्न पूछना

तब, आयुष्मान् लक्षण और आयुष्मान् महामौद्गल्यायन भिक्षाटन से लौट भोजन कर लेने के बाद जहाँ भगवान् थे वहाँ गये, और भगवान् का अभिवादन कर एक ओर बैठ गये।

एक ओर बैठ, आयुष्मान् लक्षण आयुष्मान् महामौद्गल्यायन से बोले—आप आयुष्मान् महामौद्गल्यायन ने गृद्धकूट पर्वत से उतरते हुये एक जगह मुसक्रा दिया। सो आपके इस मुसक्रा देने का क्या हेतु था ?

आवुस ! गृद्धकूट पर्वत से उतरते हुये मैंने हड्डियों के एक कंकाल को आकाश मार्ग से जाते देखा। उसे गीध भी, कौए भी, और चील भी झपट झपट कर नोचते थे, खींचते थे, टुकड़े-टुकड़े कर देते थे; और वह आर्तस्वर कर रहा था।

आवुस ! तब, मेरे मन में ऐसा हुआ—बड़ा आश्चर्य है, बड़ा अद्भुत है ! ऐसे भी प्राणी हैं। इस प्रकार का भी आत्मभाव-प्रतिलाभ होता है।

तब, भगवान् ने भिक्षुओं को आमन्त्रित किया—भिक्षुओ ! मेरे श्रावक आँख खोले विहार करते हैं; ज्ञान के साथ विहार करते हैं। मेरे श्रावक इस प्रकार को भी जान लेते हैं, देख लेते हैं, साक्षात्कार कर लेते हैं।

\ भिक्षुओ ! पहले मैंने भी उस सत्व को देखा था, किन्तु किसी को नहीं कहा। यदि मैं कहता तो

शायद दूसरे नहीं मानते। जो मुझे नहीं मानते उनका यह चिरकाल तक अहित और दुःख के लिये होता।

भिक्षुओ ! वह सत्व इसी राजगृह में गोहत्या करने वाला था। इस पाप के फलस्वरूप वह··· लाखों वर्ष तक नरक में पचता रहा। उस कर्मके अवसान में उसने ऐसा आत्मभाव-प्रतिलाभ किया है।

सभी सूत्रों मे इसी तरह।

§ २. गोघातक सुत्त (१८. १. २)

मांसपेशी, गोहत्या का दुष्परिणाम

[इन सब सूत्रों में आयुष्मान् महामौद्गल्यायन उसी प्रकार मुसकराते हैं, जिसकी व्याख्या भगवान् करते हैं—]

···आवुस···मांसपेशी को आकाश से जाते देखा···।

··इसी राजगृह में गोघातक था···।

§ ३. पिण्डसाकुणी सुत्त (१८. १. ३)

पिण्ड और चिड़िमार

मांसपिण्ड को आकाश से जाते देखा·।

इसी राजगृह में चिड़िमार था·।

§ ४. निच्छवोरब्भि सुत्त (१८. १. ४)

खाल उतरा और भेड़ों का कसाई

· खाल उतरे हुये पुरुष को देखा···।

··वह इसी राजगृह में भेड़ों का कसाई था···।

§ ५. असिसूकरिक सुत्त (१८. १. ५)

तलवार और सूअर का कसाई

आवुस ! गृद्धकूट पर्वत से उतरते हुये एक असिलोम (=जिसके रोयें तलवार जैसे हों) पुरुष को आकाश से जाते देखा। वे असि घूम घूम कर उसी के शरीर पर गिरते थे। वह उससे आर्त्तस्वर कर रहा था।

···वह इसी राजगृह में सूअर का कसाई था··।

§ ६. सत्तिमागवी सुत्त (१८. १. ६)

बर्छी-जैसा लोम और बहेलिया

···शक्ति-लोम पुरुष को आकाश से जाते देखा···।

···इसी राजगृह में मृगमार (=बहेलिया) था···।

§ ७. उसुकारणिक सुत्त (१८. १. ७)

बाण-जैसा लोम और अन्यायी हाकिम

···इषुलोम पुरुष को आकाश से जाते देखा···।

·· इसी राजगृह में अन्यायी हाकिम था ··।

§ ८. सूचिसारथी सुत्त (१८ १. ८)

सुई जैसा लोम और सारथी

सूचिलोम पुरुष को ।

इसी राजगृह में सारथि था ।

§ ९. सूचक सुत्त (१८ १ ९)

सुई जैसा लोम और सूचक

सूचिलोम पुरुष को ।

इसी राजगृह में सूचक था ।

§ १० गामकूटक सुत्त (१८ १ १०)

दुष्ट गाँव का पञ्च

कुम्भण्ड पुरुष को आकाश से जाते देखा ।

वह जाते हुये उन अण्डों को कन्धे पर रख कर जाता था, बैठते हुये उन्हीं पर बैठता था। ... वह आर्तस्वर कर रहा था।

...वह इसी राजगृह में दुष्ट गाँव का पञ्च था।

प्रथम वर्ग समाप्त।

दूसरा भाग

द्वितीय वर्ग

§ १. कूपनिमुग्ग सुत्त (१८. २. १)

परस्त्री-गमन करने वाला कुयें में गिरा

…आवुस ! गृद्धकूट पर्वत से उतरते हुये मैंने गूह के कुयें में बिल्कुल डूबे एक पुरुष को देखा।

…वह इसी राजगृह में परस्त्री के पास जाने वाला था…।

§ २. गूथखादी सुत्त (१८. २. २)

गूह खानेवाला दुष्ट ब्राह्मण

…एक पुरुष को देखा जो गूह के कुयें में गिरकर दोनों हाथों से गूह खा रहा था।

भिक्षुओ ! वह सत्व इसी राजगृह में एक ब्राह्मण था। उसने सम्यक् सम्बुद्ध भगवान् काश्यप के शासन रहते भिक्षु-संघ को भोजन के लिये निमन्त्रित कर, एक बर्तन में गूह भर कर कहा:—आप लोग जितनी मरजी खायें और ले भी जायें।

§ ३. निच्छवित्थी सुत्त (१८. २. ३)

खाल उतारी हुई छिनाल स्त्री

…खाल उतारी हुई स्त्री को आकाश से जाती देखा। …वह आर्तस्वर कर रही थी।

…वह इसी राजगृह में बड़ी छिनाल स्त्री थी…।

§ ४. मङ्गुलित्थी सुत्त (१८. २. ४)

रमल फेंकनेवाली मंगुली स्त्री

…दुर्गन्ध से भरी कुरूप स्त्री को देखा…। …आर्तस्वर कर रही थी।

…वह इसी राजगृह में रमल फेंका करती थी…।

§ ५. ओकिलिनी सुत्त (१८. २. ५)

सूखी—सौत पर अंगार फेंकनेवाली

…सूखी, धिपी और बदहवास एक स्त्री को आकाश से जाते देखा। वह आर्तस्वर कर रही थी।

भिक्षुओ ! वह स्त्री कलिङ्ग राजा की पटरानी थी। उसने ईर्ष्या से अपनी सौत के ऊपर एक कड़ाही अंगार फेंक दिया था।

§ ६. सीसछिन्न सुत्त (१८. २. ६)

सिर कटा हुआ डाकू

...बिना शिर के एक कबन्ध को आकाश से जाते देखा। उसकी छाती ही में आँख और मुँह थे।...वह आर्तस्वर कर रहा था।

...वह सत्व इसी राजगृह में हारिक नामक एक डाकू था।

§ ७. भिक्खु सुत्त (१८. २. ७)

भिक्षु

आवुस ! गृद्धकूट पर्वत से उतरते हुये मैंने एक भिक्षु को आकाश से जाते देखा।

उसकी संघाटी लहलहा कर जल रही थी। पात्र भी लहलहा कर जल रहा था। काय-बन्धन भी...। शरीर भी...। वह आर्तस्वर कर रहा था।

भिक्षुओ ! वह सत्व सम्यक् सम्बुद्ध भगवान् काश्यप के कालमें पापभिक्षु था।

§ ८. भिक्खुनी सुत्त (१८. २. ८)

भिक्षुणी

...भगवान् काश्यप के काल में पापभिक्षुणी थी।

§ ९. सिक्खमाना सुत्त (१८. २. ९)

शिक्ष्यमाणा

...भगवान् काश्यप के काल में पापी शिक्ष्यमाणा थी।

§ १०. सामणेर सुत्त (१८. २. १०)

श्रामणेर

... पापी श्रामणेर था।

§ ११. सामणेरी सुत्त (१८. २. ११)

श्रामणेरी

...वह आर्तस्वर कर रही थी। आवुस ! तब मेरे मन में यह हुआ—आश्चर्य है, अद्भुत है। ऐसे भी सत्व होते हैं; ऐसा भी आत्मभाव प्रतिलाभ होता है।

तब भगवान् ने भिक्षुओं को आमन्त्रित किया—भिक्षुओ ! मेरे श्रावक आँख खोलकर विहार करते हैं, ज्ञान के साथ विहार करते हैं कि वे इस प्रकार को भी जान लेते हैं, देख लेते हैं, साक्षात्कार कर लेते हैं।

भिक्षुओ ! पहले भी मैंने उस श्रामणेरी को देखा था, किन्तु किसी से कहा नहीं। यदि मैं कहता तो शायद लोग विश्वास नहीं करते; यह चिरकाल तक उनके अहित और दुःख के लिये होता।

भिक्षुओ ! वह श्रामणेरी सम्यक् सम्बुद्ध भगवान् काश्यप के कालमें पाप-श्रामणेरी थी। वह उस पाप के फल से...लाखों वर्ष नरक में पकती रही। उस कर्म के अवसान में उसने ऐसा आत्मभाव प्रतिलाभ किया है।

द्वितीय वर्ग

लक्षण-संयुत्त समाप्त

आठवाँ परिच्छेद

१९. औपम्य-संयुत्त

§ १. कूट सुत्त (१९. १)

सभी अकुशल अविद्यामूलक हैं

ऐसा मैंने सुना।

एक समय भगवान् श्रावस्ती में अनाथपिण्डिक के आराम जेतवन में विहार करते थे।

भगवान् बोले :—भिक्षुओ ! जैसे, कूटागार के जितने धरण हैं सभी कूट की ओर जाते हैं, कूट पर जा लगते हैं, कूट में जोड़े रहते हैं, कूट में आकर मिल जाते हैं।

भिक्षुओ ! वैसे ही, जितने अकुशल धर्म हैं, सभी अविद्यामूलक, अविद्या में लगे रहने वाले, अविद्या में आकर जुटने और मिलने वाले हैं।

इसलिये, हे भिक्षुओ ! तुम्हें ऐसा सीखना चाहिये—अप्रमत्त होकर विहार करूँगा।

§ २. नखसिख सुत्त (१९. २)

प्रमाद न करना

श्रावस्ती ।

तब अपने नखाग्र पर एक छोटा रज-कण रख कर भगवान् ने भिक्षुओं को आमन्त्रित किया.—भिक्षुओ ! क्या समझते हो, यह छोटा रज-कण बड़ा है या महापृथ्वी ?

भन्ते ! महापृथ्वी बड़ी है; यह रज-कण तो बड़ा अदना है। यह अदना कण महापृथ्वी के किसी भी भाग में नहीं समझा जा सकता है।

भिक्षुओ ! वैसे ही, वे सत्व बड़े अल्प हैं जो मनुष्य-योनि में जन्म लेते हैं। वे सत्व बहुत हैं जो दूसरी योनि में जन्म लेते हैं।

इसलिये, हे भिक्षुओ ! तुम्हें ऐसा सीखना चाहिये—अप्रमत्त होकर विहार करूँगा।

§ ३. कुल सुत्त (१९. ३)

मैत्री-भावना

श्रावस्ती ।

भिक्षुओ ! जैसे, वह कुल जिनमें बहुत स्त्रियाँ और अल्प पुरुष हों, चोर-डाकुओं से सहज में पीड़ित किये जाते हैं।

भिक्षुओ ! वैसे ही, जिस किसी भिक्षु की मैत्री चेतोविमुक्ति अभावित और अनभ्यस्त रहती है वह अमनुष्यों से सहज में पीड़ित किया जाता है।

भिक्षुओ ! जैसे, वह कुल, जिनमें अल्प स्त्रियाँ और अधिक पुरुष हों, चोर-डाकुओं से पीड़ित नहीं किया जाता है।

भिक्षुओ ! वैसे ही, जिस किसी भिक्षु की मैत्री चेतोविमुक्ति भावित और अभ्यस्त रहती है वह अमनुष्यों से पीड़ित नहीं किया जा सकता है।

भिक्षुओ ! इसलिये, तुम्हें ऐसा सीखना चाहिये—मैत्री चेतोविमुक्ति मेरी भावित होगी, अभ्यस्त होगी, अपनी कर ली गई होगी, सिद्ध होगी, अनुष्ठित होगी, परिचित होगी, सुसमारब्ध होगी।

§ ४. ओक्खा सुत्त (१९. ४)

मैत्री-भावना

श्रावस्ती...।

भिक्षुओ ! जो सुबह, दोपहर और साँझ को सौ-सौ ओक्खा[1] का दान दे[2]। और जो... गाय के एक दूहन भर भी मैत्री की भावना करे, तो वही अधिक फल देनेवाला है।

भिक्षुओ ! इसलिये, तुम्हें ऐसा सीखना चाहिये—मैत्री चेतोविमुक्ति मेरी भावित होगी...।

§ ५. सत्ति सुत्त (१९. ५)

मैत्री-भावना

श्रावस्ती...।

भिक्षुओ ! जैसे, कोई तेज धारवाली बर्छी हो। तब, कोई पुरुष आवे—मैं इस तेज धारवाली बर्छी को हाथ और मुक्के से उलट दूँगा, कूट दूँगा, पीट दूँगा। भिक्षुओ ! तो, क्या समझते हो वह पुरुष ऐसा कर सकेगा ?

नहीं भन्ते !

सो क्यों ?

भन्ते ! तेज धारवाली बर्छी को कोई पुरुष हाथ और मुक्के से ऐसा नहीं कर सकता है। बल्कि, उस पुरुष का हाथ ही जख्मी हो जायगा और उसे बड़ा कष्ट भोगना पड़ेगा।

भिक्षुओ ! वैसे ही, जिस किसी भिक्षु की मैत्री चेतोविमुक्ति भावित रहती है, उसे यदि कोई अमनुष्य दबा देना चाहे तो उसी को विपत्ति में पड़कर कष्ट भोगना पड़ेगा।

भिक्षुओ ! इसलिये, तुम्हें ऐसा सीखना चाहिये—मैत्री चेतोविमुक्ति मेरी भावित होगी।

§ ६. धनुग्गह सुत्त (१९. ६)

अप्रमाद के साथ विहरना

श्रावस्ती...।

भिक्षुओ ! जैसे, चार वीर धनुर्धर—शिक्षित, हाथसाफ, अभ्यासी—चारों दिशाओं में खड़े हों।

तब, कोई पुरुष आवे और कहे—मैं इन चारों के छोड़े हुये बाण को पृथ्वी पर गिरने के पहले ही ले आऊँगा।

भिक्षुओ ! तो क्या समझते हो, ऐसी फुर्ती होने से वह बड़ा भारी फुर्तीबाज कहा जा सकेगा ?

भन्ते ! यदि एक ही के छोड़े बाण को पृथ्वी पर गिरने से पहले ले आवे, तो वह सबसे बड़ा फुर्तीबाज कहा जायगा, चारों की बात तो दूर रहे।

भिक्षुओ ! उस पुरुष की जो तेजी है, उससे भी अधिक तेज चाँद-सूरज हैं। भिक्षुओ ! उस...

१. भात पकाने का बहुत बड़ा बर्तन (तौला)—अट्ठकथा।

२. उत्तम भोजन से परिपूर्ण सौ बड़े तौलों का दान करे—अट्ठकथा।

पुरुष की जो तेजी है, चाँद-सूरज की जो तेजी है, चाँद-सूरज के आगे-आगे चलने वाले देवताओं की जो तेजी है, उन सभी से तेज आयुसंस्कार क्षीण हो रहा है।

भिक्षुओ! इसलिये, तुम्हें ऐसा सीखना चाहिये—अप्रमत्त होकर विहार करूँगा।

§ ७. आणी सुत्त (१९. ७)

गम्भीर धर्मों में मन लगाना, भविष्य-कथन

श्रावस्ती…।

भिक्षुओ! पूर्वकाल में दसारहों का आनक नाम का एक मृदंग था।

उस आनक मृदङ्ग में जब कोई छेद हो जाता था तो दसारह लोग उसमें एक खूँटी ठोंक देते थे। धीरे-धीरे, एक ऐसा समय आया कि सारे मृदङ्ग की अपनी पुरानी लकड़ी कुछ भी नहीं रही; सारे का सारा खूटियों का एक ढच्चर बन गया।

भिक्षुओ! भविष्यकाल में भिक्षु ऐसे ही बन जायेंगे। बुद्ध ने जो गम्भीर, गम्भीर अर्थ वाले, लोकोत्तर, शून्यताप्रतिसंयुक्त सूत्र कहे हैं उनके कहे जाने पर कान न देंगे, सुनने की इच्छा न करेंगे, समझने की कोशिश नहीं करेंगे। धर्म को वे सीखने और अभ्यास करने के योग्य नहीं समझेंगे।

जो बाहर के श्रावकों से कहे कविता, सुन्दर अक्षर और सुन्दर व्यञ्जन वाले जो सूत्र बनेंगे उन्हीं के कहे जाने पर कान देंगे, सुनने की इच्छा करेंगे, समझने की कोशिस करेंगे। उन्हीं धर्मों को वे सीखने और अभ्यास करने के योग्य समझेंगे।

भिक्षुओ! इस तरह, बुद्ध ने जिन गम्भीर… सूत्रों को कहा है उनका लोप हो जायगा।

भिक्षुओ! इसलिये, तुम्हें ऐसा सीखना चाहिये—बुद्ध ने जो गम्भीर…सूत्र कहे हैं, उनके कहे जाने पर कान दूँगा, सुनने की इच्छा करूँगा, समझने की कोशिस करूँगा। उसी धर्म को सीखने और अभ्यास करने के योग्य समझूँगा।

§ ८. कलिङ्गर सुत्त (१९. ८)

लकड़ी के बने तख्त पर सोना

ऐसा मैंने सुना।

एक समय भगवान् वैशाली में महावन की कूटागारशाला में विहार करते थे।

…भगवान् बोले—भिक्षुओ! लिच्छवी लकड़ी के बने तख्त पर सोते हैं, अप्रमत्त हो उत्साह के साथ अपने कर्तव्य पूरा करते हैं। मगधराज वैदेहिपुत्र अजातशत्रु उनके विरुद्ध कोई दाँव-पेंच नहीं पा रहा है।

भिक्षुओ! अनागत काल में लिच्छवी लोग बड़े सुकुमार तथा कोमल हाथ पैर वाले होंगे। वे गद्देदार बिछावन पर गुलगुल तकिये लगा दिन चढ़ आने तक सोये रहेंगे। *तब मगधराज* ॰ को उनके विरुद्ध दाँव पेंच मिल जायगा।

भिक्षुओ! इस समय भिक्षु लोग लकड़ी के बने तख्त पर सोते हैं, अपने उद्योग में आतापी और अप्रमत्त होकर विहार करते हैं। पापी मार इनके विरुद्ध कोई दाँव-पेंच नहीं पा रहा है।

भिक्षुओ! अनागत काल में भिक्षु लोग… दिन चढ़ आने तक सोये रहेंगे। उनके विरुद्ध पापी मार को दाँव-पेंच मिल जायगा।

भिक्षुओ! इसलिये, तुम्हें ऐसा सीखना चाहिये—लकड़ी के बने तख्त पर सोऊँगा, अपने उद्योग में आतापी और अप्रमत्त होकर विहार करूँगा।

§ ९. नाग सुत्त (१९. ९)

लालच-रहित भोजन करना

श्रावस्ती···।

उस समय कोई नया भिक्षु कुवेला करके गृहस्थ कुलों में रहा करता था। उसे दूसरे भिक्षुओं ने कहा—आयुष्मान् कुवेला करके गृहस्थ-कुलों में मत रहा करें।

इस पर वह भिक्षु बोला—ये स्थविर भिक्षु गृहस्थ-कुलों में जाया करते हैं, तो भला मुझमें क्या लगा है ?

तब, कुछ भिक्षु जहाँ भगवान् थे वहाँ आये, और भगवान् का अभिवादन करके एक ओर बैठ गये।

एक ओर बैठ, उन भिक्षुओं ने भगवान् को कहा—भन्ते ! एक नया भिक्षु कुवेला करके··· ।···तो भला मुझमें क्या लगा है ?

भिक्षुओ ! बहुत पहले कोई जंगल में एक सरोवर था। कुछ नाग भी वहीं वास करते थे। वे उस सरोवर में पैठ, सूँढ़ से कमल के नाल को उखाड़, अच्छी तरह धो, कीचड़ हटाकर निगल जाते थे। यह उनके वर्ण और बल के लिये होता था। इससे न तो उनकी मृत्यु होती थी और न वे मृत्यु के समान दुःख पाते थे।

भिक्षुओ ! उनकी देखादेखी छोटे छोटे हाथी भी उस सरोवर में पैठ, कमल के नाल को उखाड़, बसे धो, कीचड़ लगे हुए ही निगल जाते थे। वह न तो उनके वर्ण के लिये होता था और न बल के लिये। उसमें वे मर भी जाते थे, और मरने के समान दुःख भी पाते थे।

भिक्षुओ ! वैसे ही, ये स्थविर भिक्षु सुबह में पहन और पात्र चीवर ले भिक्षाटन के लिये गाँव या कस्बे में पैठते हैं; वे वहाँ धर्म का उपदेश करते हैं। उससे गृहस्थों को बड़ी श्रद्धा होती है। जो भिक्षा मिलती है उसका वे लोभरहित हो, उसके आदीनव और निःसरण का ख्याल करते हुये, भोग करते हैं। यह उनके वर्ण और बल के लिये होता है···।

भिक्षुओ ! उनकी देखादेखी नये भिक्षु भी···कस्बे में पैठते हैं।···जो भिक्षा मिलती है उसका वे ललचा हदिया कर भोग करते हैं; उसके आदीनव और निःसरण का कुछ ख्याल नहीं करते। वह न तो उनके वर्ण के लिये होता है, और न बल के लिये।··

भिक्षुओ ! इसलिये, तुम्हें ऐसा सीखना चाहिये—बिना ललचाये हदियाये, तथा आदीनव और निःसरण का ख्याल रख कर भिक्षा का भोग करूँगा।

§ १०. बिलार सुत्त (१९. १०)

संयम के साथ भिक्षाटन करना

श्रावस्ती···।

उस समय कोई नया भिक्षु कुवेला करके गृहस्थ-कुलों में रहा करता था। उसे दूसरे भिक्षुओं ने कहा—आयुष्मान् कुवेला करके गृहस्थ कुलों में मत रहा करें।

भिक्षुओं से कहे जाने पर भी वह भिक्षु नहीं मानता था।

तब कुछ भिक्षु जहाँ भगवान् थे वहाँ गये, और भगवान् का अभिवादन कर एक ओर बैठ गये।

एक ओर बैठकर उन भिक्षुओं ने भगवान् को कहा—भन्ते ! वह भिक्षु नहीं मानता है।

भिक्षुओ ! बहुत पहले कोई बिलार एक गंदौरे के पास चूहे की ताक में बैठा था—जैसे ही चूहा बाहर निकलेगा कि मैं झट उसे पकड़ कर खा जाऊँगा।

भिक्षुओ ! तब, चूहा बाहर निकला। बिलार झपटा मार उसे सहसा निगल गया। चूहे ने उस बिलार की अँतड़ी-पचौनी को काट दिया। उससे वह मृत्यु को प्राप्त हुआ या मृत्यु के समान दुःख को।

भिक्षुओ ! वैसे ही, कितने भिक्षु… गाँव या कस्बे में भिक्षाटन के लिये पैठते हैं—शरीर, वचन और चित्त से असंयत, स्मृतिहीन इन्द्रियों के साथ।

वह वहाँ किसी बेपर्द स्त्री को देखता है। उससे उसके चित्त में जबरदस्त राग उठता है। उससे वह मृत्यु को प्राप्त होता है या मृत्यु के समान दुःख को।

भिक्षुओ ! जो शिक्षा छोड़कर गृहस्थ बन जाता है उसे इस आर्यविनय में मृत्यु ही कहते हैं। भिक्षुओ ! जो मनका ऐसा मैला हो जाता है वह मृत्यु के समान दुःख ही है।

भिक्षुओ ! इसलिये, तुम्हें ऐसा सीखना चाहिये—शरीर, वचन और मन से रक्षित हो, स्मृति-पूर्ण इन्द्रियों से गाँव या कस्बे में भिक्षाटन के लिये पैठूँगा।

§ ११. पठम सिगाल सुत्त (१९. ११)

अप्रमाद के साथ विहरना

श्रावस्ती…।

भिक्षुओ ! रात के भिनसारे तुमने सियारों को रोते सुना है ?

हाँ भन्ते !

भिक्षुओ ! यह जर श्रृगाल उक्कण्णक नामक रोग से पीड़ित होता है। वह जहाँ जहाँ जाता है, खड़ा होता है, बैठता है, या सोता है, वहाँ वहाँ बड़ी ठंडी हवा चलती है।

भिक्षुओ ! कोई शाक्यपुत्र (= भिक्षु) ऐसे आत्मभाव प्रतिलाभ को प्राप्त करते हैं।

भिक्षुओ ! इसलिये, तुम्हें ऐसा सीखना चाहिये—अप्रमत्त होकर विहार करूँगा।

§ १२. दुतिय सिगाल सुत्त (१९. १२)

कृतज्ञ होना

श्रावस्ती…।

…उन सियारों में भी कृतज्ञता है, किन्तु कुछ भिक्षु में नहीं है।

भिक्षुओ ! इसलिये, तुम्हें ऐसा सीखना चाहियेः—मैं कृतज्ञ बनूँगा। अपने प्रति किये गये थोड़े से भी उपकार को नहीं भूलूँगा।

औपम्य संयुत्त समाप्त

नवाँ परिच्छेद

२०. भिक्षु-संयुत्त

§ १. कोलित सुत्त (२०. १)

आर्य मौन-भाव

ऐसा मैंने सुना।

एक समय भगवान् श्रावस्ती में…।

वहाँ आयुष्मान् महामौद्गल्यायन ने भिक्षुओं को आमन्त्रित किया—हे भिक्षुओ!

"आवुस!" कहकर भिक्षुओं ने उत्तर दिया।

आयुष्मान् महामौद्गल्यायन बोले—आवुस! एकान्त में ध्यान करते समय मेरे मन में यह वितर्क उठा—आर्य तूष्णी-भाव, आर्य तूष्णी भाव कहा जाता है; सो यह आर्य तूष्णी-भाव क्या है?

आवुस! तब मेरे मन में यह हुआ—भिक्षु वितर्क और विचार के शान्त हो जाने से… द्वितीय ध्यान को प्राप्त कर विहार करता है। यही आर्य तूष्णी भाव है।

आवुस! सो मैं…द्वितीय ध्यान को प्राप्त कर विहार करता हूँ। इस प्रकार विहार करते हुये वितर्क—सहगत संज्ञायें मन में उठती हैं।

आवुस! तब, भगवान् ने ऋद्धि से मेरे पास आकर यह कहा—हे मौद्गल्यायन, हे ब्राह्मण! आर्य तूष्णी-भाव में प्रमाद मत करो। आर्य तूष्णी-भाव में चित्त को स्थिर करो,… चित्त को एकाग्र करो, …चित्त को लगा दो।

आवुस! तब, मैं… द्वितीय ध्यान को प्राप्त कर विहार करने लगा। यदि कोई ठीक में कहे, "गुरु से प्रेरित होकर श्रावक ने महा अभिज्ञा को प्राप्त किया" तो वह ऐसे मेरे ही विषय में कह सकता है।

§ २. उपतिस्स सुत्त (२०. २)

सारिपुत्र को शोक नहीं

श्रावस्ती…।

…सारिपुत्र बोले—आवुस! एकान्त में ध्यान करते समय मेरे मन में ऐसा वितर्क उठा—क्या लोक में ऐसा कुछ है, जिसको विपरिणत होते जान मुझे शोकादि उत्पन्न हों?

आवुस! तब, मेरे मन में ऐसा हुआ—लोक में ऐसा कुछ नहीं है, जिसको विपरिणत होते जान मुझे शोकादि हों।

ऐसा कहने पर आयुष्मान् आनन्द आयुष्मान् सारिपुत्र से बोले—आवुस सारिपुत्र! क्या बुद्ध को भी विपरिणत होते जान आपको शोकादि न होंगे?

आवुस आनन्द! बुद्ध को भी विपरिणत होते जान मुझे शोकादि न होंगे। किन्तु, मेरे मन में ऐसा होगा—ऐसे प्रतापी, महर्द्धिक और महानुभावी, बुद्ध अन्तर्धान मत होवें। यदि भगवान् चिरकाल

तक ठहरें तो वह बहुतों के हित और सुख के लिये, संसार की अनुकम्पा के लिये, तथा देवता और मनुष्यों के अर्थ, हित और सुख के लिये होगा।

सचमुच आयुष्मान् सारिपुत्र से 'अहंकार, ममंकार, और मानानुशय' चिरकाल से उठ गया था। इसीलिये बुद्ध को भी विपरिणत होते जान आयुष्मान् सारिपुत्र को शोकादि नहीं होते।

§ ३. घट सुत्त (२०. ३)

अग्रश्रावकों की परस्पर स्तुति, आरब्ध-वीर्य

श्रावस्ती···।

उस समय आयुष्मान् सारिपुत्र और आयुष्मान् महामौद्गल्यायन राजगृह के वेलुवन कलन्दक-निवाप में एक ही जगह विहार करते थे।

तब, आयुष्मान् सारिपुत्र साँझ को ध्यान से उठ जहाँ आयुष्मान् महामौद्गल्यायन थे वहाँ गये, और कुशल क्षेम के प्रश्न पूछ कर एक ओर बैठ गये।

एक ओर बैठ आयुष्मान् सारिपुत्र आयुष्मान् महामौद्गल्यायन से बोले.—आवुस मौद्गल्यायन! आपकी इन्द्रियाँ विप्रसन्न हैं; मुख-वर्ण सतेज और परिशुद्ध है। क्या आज आयुष्मान् महामौद्गल्यायन ने शान्त विहार से विहार किया है?

आवुस! आज मैंने ओलारिक विहार से विहार किया है; और धार्मिक कथा भी हुई है।

किसके साथ धार्मिक कथा हुई है?

आवुस! भगवान् के साथ।

आवुस! भगवान् तो बहुत दूर श्रावस्ती में···विहार कर रहे हैं। क्या आप भगवान् के पास ऋद्धि से गये थे, या भगवान् ही आपके पास आये थे?

आवुस! न तो ऋद्धि से मैं भगवान् के पास गया था, और न भगवान् मेरे पास आये थे। किन्तु, जहाँ भगवान् हैं वहाँ तक मुझे दिव्य चक्षु और श्रोत्र उत्पन्न हुये। वैसे ही जहाँ मैं हूँ वहाँ तक भगवान् को दिव्य चक्षु और श्रोत्र उत्पन्न हुये।

आयुष्मान् महामौद्गल्यायन की भगवान् के साथ क्या धर्मकथा हुई?

आवुस! मैंने भगवान् से यह कहा—भन्ते! आरब्धवीर्य, आरब्धवीर्य कहा जाता है; सो आरब्धवीर्य कैसे होता है?

आवुस! ऐसा कहने पर भगवान् हमसे बोले—मौद्गल्यायन! भिक्षु इस प्रकार आरब्धवीर्य हो विहार करता है—त्वचा, नहारू और हड्डी ही भले बच जायँ; शरीर में मांस और लोहित भी भले ही सूख जायँ; किन्तु, पुरुष के उत्साह, वीर्य और पराक्रम से जो पाया जा सकता है उसे बिना पाये विश्राम नहीं लूँगा।···मौद्गल्यायन! इसी तरह आरब्धवीर्य होता है।

आवुस! भगवान् के साथ मेरी यही धर्मकथा हुई।

आवुस! जैसे पर्वतराज हिमालय के सामने पत्थर कंकड़ों की एक ढेर अदनी है, वैसे ही आयुष्मान् सारिपुत्र महामौद्गल्यायन के सामने हमारी अवस्था है। आयुष्मान् महामौद्गल्यायन बड़े ऋद्धिवाले, महानुभावी हैं; यदि चाहें तो कल्प भर भी ठहर सकते हैं।

आवुस! जैसे नमक के एक बड़े घड़े के सामने नमक का एक छोटा कण अदना है, वैसे ही हम आयुष्मान् सारिपुत्र के सामने हैं।

भगवान् ने भी आयुष्मान् सारिपुत्र की अनेक प्रकार से प्रशंसा की है—

प्रज्ञा में सारिपुत्र की तरह, शील में और उपशम में,

[illegible]

इस तरह, इन महानागों ने एक दूसरे के सुभाषित का अनुमोदन किया ।

§ ४. नव सुत्त (२०. ४)

शिथिलता से निर्वाण की प्राप्ति नहीं

श्रावस्ती ' ।

उस समय कोई नया भिक्षु भिक्षाटन से लौट भोजन कर लेने पर विहार में पैठकर अल्पोत्सुक चुपचाप बैठ रहता था । भिक्षुओं को चीवर बनाने में सहायता नहीं करता था ।

तब, कुछ भिक्षु जहाँ भगवान् थे वहाँ आये, और भगवान् का अभिवादन कर एक ओर बैठ गये ।

'' भन्ते ! ''वह भिक्षुओं को चीवर बनाने में सहायता नहीं करता है ।

तब, भगवान् ने एक भिक्षु को आमन्त्रित किया—हे भिक्षु ! जाकर उस भिक्षु को मेरी ओर से कहो, "आवुस ! बुद्ध आपको बुला रहे हैं ।"

'' तब, वह भिक्षु जहाँ भगवान् थे वहाँ आया, और भगवान् का अभिवादन करके एक ओर बैठ गया ।

एक ओर बैठे हुये उस भिक्षु से भगवान् बोले—भिक्षु ! क्या तुम सच में' सहायता नहीं करते हो ?

भन्ते ! मैं भी अपना काम करता हूँ ।

तब, भगवान् ने उसके चित्त को अपने चित्त से जान भिक्षुओं को आमन्त्रित किया—भिक्षुओ ! तुम इस भिक्षु से मत रूठो । यह भिक्षु इसी जन्म में सुख पूर्वक विहार करने वाले चार आभिचैतसिक ध्यानों को जब जैसे चाहता है प्राप्त कर लेता है । यह इसी जन्म में ब्रह्मचर्य के उस परम फल को जान, साक्षात् कर, और प्राप्त कर विहार करता है, जिसके लिये कुलपुत्र अच्छी तरह घर से बेघर हो प्रव्रजित हो जाते हैं ।

भगवान् यह बोले । यह कहकर बुद्ध फिर भी बोले—

> शिथिलता करने से, अल्प शक्ति से,
> यह निर्वाण नहीं प्राप्त होता, सभी दुःखों से छुड़ा देनेवाला ।
> यह नवजवान भिक्षु, यह उत्तम पुरुष,
> अन्तिम देह धारण करता है, मार को बिल्कुल जीत कर ।

§ ५. सुजात सुत्त (२०. ५)

बुद्ध द्वारा सुजात की प्रशंसा

श्रावस्ती ' ।

तब, आयुष्मान् सुजात जहाँ भगवान् थे वहाँ आये ।

भगवान् ने आयुष्मान् सुजात को दूर ही से आते देखा । देखकर भिक्षुओं को आमन्त्रित किया – भिक्षुओ ! दोनों तरह से कुलपुत्र शोभता है । जो यह अभिरूप = दर्शनीय = प्रासादिक = अत्यन्त सौन्दर्य से युक्त है; यह इसी जन्म में ब्रह्मचर्य के उस परम फल को जान, साक्षात् कर, और प्राप्त कर विहार करता है, जिसके लिये कुलपुत्र अच्छी तरह घर से बेघर हो प्रव्रजित हो जाते हैं ।

''' यह कह बुद्ध फिर भी बोले—

> यह भिक्षु शोभता है, ऋजुभूत चित्त से,
> सभी बन्धनों से अलग होकर छूट गया है,

अनुपादान के लिये निर्वाण पा लिया है,
अन्तिम देह धारण करता है, मार को बिल्कुल जीतकर ॥

§ ६. भद्दिय सुत्त (२० ६)

शरीर से नहीं, ज्ञान से बड़ा

श्रावस्ती ।

तब, आयुष्मान् लकुण्टक भद्दिय जहाँ भगवान् थे वहाँ आये ।

भगवान् ने आयुष्मान् लकुण्टक भद्दिय को दूर ही से आते देखा । देखकर भिक्षुओं को आमन्त्रित किया—भिक्षुओ ! इस छोटे, कुरूप, मन मारे हुये भिक्षु को आते देखते हो ?

हाँ भन्ते !

भिक्षुओ ! यह भिक्षु बड़ी ऋद्धिवाला, बड़ा तेजस्वी है । जिन समापत्तियों को इस भिक्षु ने पा लिया है वे सुलभ नहीं हैं । वह इसी जन्म में ब्रह्मचर्य के उस अन्तिम फल को'' ।

यह कहकर बुद्ध फिर भी बोले—

हंस, क्रौंच, और मयूर, हाथी और चितकबरे मृग,
सभी सिंह से डरते हैं, शरीर में कोई तुल्यता नहीं ॥
इसी प्रकार, मनुष्यों में, कम उम्र का भी यदि प्रज्ञावान् हो,
तो वह वैसे ही महान् होता है, शरीर से कोई बालक नहीं होता ॥

§ ७. विसाख सुत्त (२०. ७)

धर्म का उपदेश करे

ऐसा मैंने सुना ।

एक समय भगवान् वैशाली में महावन की कूटागारशाला में विहार करते थे ।

उस समय आयुष्मान् विसाख पाञ्चालपुत्र ने उपस्थानशाला में भिक्षुओं को धर्मोपदेश कर दिखा दिया, बता दिया भद्र वचनों से, उचित रीति से, बिना किसी कर्कशता से, परमार्थ को बताते हुये, विषय पर ही कहते हुये ।

तब, भगवान् साँझ को ध्यान से उठ जहाँ वह उपस्थानशाला थी वहाँ गये, और बिछे आसन पर बैठ गये ।

बैठकर भगवान् ने भिक्षुओं को आमन्त्रित किया—भिक्षुओ ! उपस्थानशाला में भिक्षुओं को कौन धर्मोपदेश कर रहा था ?

भन्ते ! आयुष्मान् विसाख पाञ्चालपुत्र'''।

तब, भगवान् ने आयुष्मान् विसाख को आमन्त्रित किया —ठीक है, विसाख ! तुमने बड़ा अच्छा किया कि भिक्षुओं को धर्मोपदेश कर रहे थे ।

'''यह कहकर बुद्ध फिर भी बोले—

नहीं कहने से भी लोग जान लेते हैं, मूर्खों में मिले हुये पण्डित को,
उसके कहने पर जान लेते हैं, अमृत पद का उपदेश करते हुये ॥
धर्म को कहे, प्रकाशित करे, ऋषियों के ध्वजा को धारण करे,
सुभाषित ही ऋषियों का ध्वजा है, धर्म ही उनका ध्वजा है ॥

§ ८. नन्द सुत्त (२०. ८)

नन्द को उपदेश

श्रावस्ती···।

तब, भगवान् के मौसेरे भाई आयुष्मान् नन्द सींटे और सिजिल किये चीवर को पहन, आँख में अञ्जन लगा, सुन्दर पात्र लिये जहाँ भगवान् थे वहाँ आये, और भगवान् का अभिवादन कर एक ओर बैठ गये।

एक ओर बैठे हुये आयुष्मान् नन्द से भगवान् बोले—नन्द ! श्रद्धापूर्वक घर से बेघर हो प्रव्रजित हुये तुम जैसे कुलपुत्र के लिये यह उचित नहीं कि सींटे और सिजिल किये चीवर को पहनो, आँख में अञ्जन लगाओ, और सुन्दर पात्र धारण करो।

नन्द ! तुम्हें तो उचित था कि आरण्य में रहते; पिण्ड-पातिक और पांसुकूलिक हो कामों में अनपेक्षित रहते।

···यह कहकर बुद्ध फिर भी बोलेः—

कब मैं नन्द को देखूँगा,
आरण्य में रहते, पांसुकूलिक,
भिक्षा से जीवन निबाहते,
कामों में अनपेक्षित !

तब, उसके बाद आयुष्मान् नन्द आरण्य में रहने लगे; पिण्डपातिक और पांसुकूलिक हो गये कामों में अनपेक्षित होकर विहार करने लगे।

§ ९. तिस्स सुत्त (२०. ९)

नहीं बिगड़ना उत्तम

श्रावस्ती···।

तब भगवान् के फुफेरे भाई आयुष्मान् तिस्स जहाँ भगवान् थे वहाँ आये, और भगवान् का अभिवादन कर एक ओर बैठ गये—दुःखी, उदास, आँसू टपराते।

तब, भगवान् आयुष्मान् तिस्स से बोलेः—तिस्स ! तुम एक ओर बैठे दुःखी, उदास और आँसू क्यों टपरा रहे हो ?

भन्ते ! भिक्षुओं ने आपस में मिलकर मेरी नकल की है, और मुझे बनाया है।

तिस्स ! तुम तो भले ही दूसरों को कहना चाहो, किन्तु उनकी सह नहीं सकते।

तिस्स ! श्रद्धापूर्वक घर से बेघर हो प्रव्रजित हुये तुम जैसे कुलपुत्र के लिये यह उचित नहीं कि अपने तो भले दूसरों को कहना चाहो, किन्तु उनकी सह नहीं सको। यदि तुम दूसरों को कहते हो तो उनकी तुम्हें सहना भी चाहिये।

···यह कह कर बुद्ध फिर भी बोलेः—

बिगड़ते क्यों हो, मत बिगड़ो,
तिस्स ! तुम्हारा नहीं बिगड़ना ही अच्छा है,
क्रोध, मान, और माया को दबाने ही के लिये,
तिस्स ! तुम ब्रह्मचर्य का आचरण करते हो ॥

§ १०. थेरनाम सुत्त (२०. १०)

अकेला रहने वाला कौन ?

एक समय भगवान् राजगृह में...।

उस समय स्थविर नाम का कोई भिक्षु अकेला रहता था और अकेले रहने का प्रशंसक था। वह अकेला ही गाँव में भिक्षाटन के लिये पैठता था; अकेला ही लौटता था, अकेला ही एकान्त में बैठता था, और अकेला ही चंक्रमण करता था।

तब, कुछ भिक्षु जहाँ भगवान् थे वहाँ आये, और भगवान् का अभिवादन कर एक ओर बैठ गये।

एक ओर बैठ कर उन भिक्षुओं ने भगवान् को कहाः—भन्ते ! यह भिक्षु...अकेला ही चंक्रमण करता है।

तब भगवान् ने एक भिक्षु को आमन्त्रित किया...।

एक ओर बैठे हुये आयुष्मान् स्थविर को भगवान् बोलेः—क्या सच है कि...तुम अकेले ही रहते और उसकी प्रशंसा करते हो ?

हाँ भन्ते !

स्थविर ! तुम अकेला ही कैसे रहते और उसकी प्रशंसा किया करते हो ?

भन्ते ! मैं अकेला ही गाँव में भिक्षाटन के लिये पैठता हूँ, अकेला ही चंक्रमण करता हूँ। भन्ते इस तरह मैं अकेला रहता हूँ और अकेले रहने की प्रशंसा करता हूँ।

स्थविर ! इसे मैं अकेला रहना नहीं बताता। यथार्थ में अकेले कैसे रहा जाता है उसे सुनो, अच्छी तरह मन लगाओ, मैं कहता हूँ।...

स्थविर ! जो बीत गया वह प्रहीण हुआ; जो अभी अनागत है उसकी बात छोड़ो; वर्तमान में जो छन्द-राग है उसे जीत लो। स्थविर ! ऐसे ही, यथार्थ में अकेला रहा जाता है।

...यह कह कर बुद्ध फिर भी बोलेः—

सर्वाभिभू, सर्वविद्, पण्डित,
सभी धर्मों में अनुपलिप्त,
सर्वत्यागी, तृष्णा के क्षीण हो जाने से विमुक्त;
ऐसे ही नर को मैं अकेला रहने वाला कहता हूँ॥

§ ११. कप्पिन सुत्त (२०. ११)

आयुष्मान् कप्पिन के गुणों की प्रशंसा

श्रावस्ती...।

तब, आयुष्मान् महाकप्पिन जहाँ भगवान् थे वहाँ आये।

भगवान् ने आयुष्मान् कप्पिन को दूर ही से आते देखा। देख कर भिक्षुओं को आमन्त्रित कियाः—भिक्षुओ ! तुम इस गोरे, पतले, ऊँचे नाक वाले भिक्षु को आते देखते हो ?

हाँ भन्ते !

भिक्षुओ ! यह भिक्षु बड़ी ऋद्धिवाला, बड़ा अनुभाव वाला है। जिन समापत्तियों को इसने पा लिया है वे सुलभ नहीं हैं। इसने ब्रह्मचर्य के उस अन्तिम फलको...।

...यह कह कर भगवान् फिर भी बोलेः—

मनुष्यों में, क्षत्रिय श्रेष्ठ है जो गोत्र ... क ... है

विद्याचरण से सम्पन्न, देव-मनुष्यों में श्रेष्ठ हैं ॥
दिनमें सूर्य तपता है, रात में चाँद शोभता है,
सन्नद्ध हो क्षत्रिय तपता है, ब्राह्मण ध्यान से तपता है,
और, सदा ही दिनरात, अपने तेज से बुद्ध तपते हैं ॥

§ १२. सहाय सुत्त (२०. १२)

दो ऋद्धिमान भिक्षु

श्रावस्ती ।

तब, आयुष्मान् महाकप्पिन के दो अनुचर मित्र भिक्षु जहाँ भगवान् थे वहाँ आये ।

भगवान् ने उन दोनों को दूर ही से आते देखा । देख कर भिक्षुओं को आमन्त्रित किया :— भिक्षुओ ! इन दोनों को आते देखते हो ?

हाँ भन्ते !

ये दोनों भिक्षु बड़ी ऋद्धिवाले और बड़े अनुभाव वाले हैं ।

यह कह कर भगवान् फिर भी बोले :—

ये भिक्षु आपस में मित्र हैं, चिरकाल से साथी हैं,
सद्धर्म को उनने पा लिया है, कप्पिन के द्वारा,
बुद्ध के धर्म में सिखाये गये हैं, जो आर्य प्रवेदित है,
अन्तिम देह को धारण करते हैं, मार को बिल्कुल जीत कर ॥

भिक्षु-संयुत्त समाप्त ।

निदान वर्ग समाप्त

तीसरा खण्ड

खन्ध वर्ग

पहला परिच्छेद

२१. खन्ध-संयुत्त

मूल पण्णासक

पहला भाग

नकुलपिता वर्ग

§ १. नकुलपिता सुत्त (२१. १. १. १)

चित्त का आतुर न होना

ऐसा मैंने सुना।

एक समय भगवान् भर्ग (देश) में सुसुमारगिरि के भेसकला वन मृगदाव में विहार करते थे।

तब, गृहपति नकुलपिता जहाँ भगवान् थे वहाँ आया, और एक ओर बैठ गया।

एक ओर बैठ गृहपति नकुलपिता भगवान् से बोला—भन्ते ! मैं जीर्ण = वृद्ध = महल्लक = पुरनिया = आयु प्राप्त = हारे शरीर वाला हूँ, न जाने कब मर जाऊँ। भन्ते ! मुझे भगवान् और मनो भावनीय भिक्षुओं के दर्शन प्राप्त करने का बराबर अवकाश नहीं मिलता है। भन्ते ! भगवान् मुझे उपदेश दें, जो चिरकाल तक मेरे हित और सुख के लिये हो।

गृहपति, सच है ! तुम्हारा शरीर हार गया है, तुम्हारी आयु पुर गई है, तुम जीर्ण हो गये हो। गृहपति ! जो ऐसे शरीर को धारण करते मुहूर्त भर भी आरोग्य की आशा करता है वह मूर्ख छोड़ कर और क्या है ? गृहपति ! इसलिये, तुम्हें ऐसा सीखना चाहिये—मेरा शरीर भले ही आतुर हो जाय, किन्तु चित्त आतुर होने नहीं पायगा।

तब, गृहपति नकुलपिता भगवान् के कहे का अभिनन्दन और अनुमोदन कर, आसन से उठ, भगवान् का अभिवादन और प्रदक्षिणा कर, जहाँ आयुष्मान् सारिपुत्र थे वहाँ गया, और उनका अभिवादन कर एक ओर बैठ गया।

एक ओर बैठे गृहपति नकुलपिता से आयुष्मान् सारिपुत्र बोले—गृहपति ! तुम्हारी इन्द्रियाँ प्रसन्न दीख रही हैं, मुखवर्ण सतेज और परिशुद्ध है। क्या तुम्हें आज भगवान् से धर्मकथा सुनने को मिली है ?

भला और क्या भन्ते ! अभी ही मैं भगवान् के धर्मोपदेशरूपी अमृत से अभिषिक्त किया गया हूँ।... भगवान् ने कहा—गृहपति ! तुम्हें ऐसा सीखना चाहिये—मेरा शरीर भले ही आतुर हो जाय, किन्तु चित्त आतुर होने नहीं पायगा।

गृहपति ! इसके आगे की बात भगवान् से पूछने को तुम्हें नहीं सूझी ?—भन्ते ! कैसे शरीर के आतुर होने पर चित्त आतुर होता है ? भन्ते ! कैसे शरीर के आतुर होने पर चित्त आतुर नहीं होता है ?

भन्ते ! मैं बड़ी दूर से भी इस कहे गये के अर्थ को समझने के लिये आयुष्मान् सारिपुत्र के पास आऊँ। अच्छा हो, आयुष्मान् सारिपुत्र ही इसका अर्थ बताते।

गृहपति! तो सुनो, अच्छी तरह मन लगाओ, मैं कहता हूँ।

"भन्ते! बहुत अच्छा" कह, गृहपति नकुलपिता ने आयुष्मान् सारिपुत्र को उत्तर दिया।

आयुष्मान् सारिपुत्र बोलेः—गृहपति! कैसे शरीर के आतुर हो जाने पर चित्त भी आतुर हो जाता है? गृहपति! कोई पृथक्जन, अविद्वान्, आर्यों को न देखने वाला, आर्यधर्म को नहीं जानने वाला, आर्य-धर्म में विनीत नहीं हुआ, सत्पुरुषों को न देखनेवाला, सत्पुरुषों के धर्म को नहीं जानने-वाला, सत्पुरुषों के धर्म में विनीत नहीं हुआ, रूप को अपनापन की दृष्टि से देखता है; या रूपवान् को अपना; या अपने में रूप को; या रूप में अपने को देखता है। मैं रूप हूँ; मेरा रूप है—ऐसा मन में लाता है। वह जिस रूप को अपने में और अपना समझता है वह विपरिणत हो जाता है, बदल जाता है। उस रूप के विपरिणत और अन्यथा हो जाने से उसे शोक, रोना-पीटना, दुःख, दौर्मनस्य और उपायास होते हैं।

वेदना को अपनापन की दृष्टि से देखता है···।

संज्ञाओं···; संस्कारों को···; विज्ञान को अपनापन की दृष्टि से देखता है; या विज्ञान को अपना; या अपने में विज्ञान को; या विज्ञान में अपने को देखता है। मैं विज्ञान हूँ; मेरा विज्ञान है—ऐसा मन में लाता है। वह जिस विज्ञान को अपने में और अपना समझता है वह विपरिणत हो जाता है, अन्यथा हो जाता है। उस विज्ञान के विपरिणत और अन्यथा हो जाने से उसे शोक, रोना-पीटना, दुःख, दौर्मनस्य और उपायास होते हैं।

गृहपति! इसी तरह, शरीर के आतुर हो जाने पर चित्त भी आतुर हो जाता है।

गृहपति! कैसे शरीर के आतुर हो जाने पर चित्त आतुर नहीं होता है?

गृहपति! कोई विद्वान् आर्यश्रावक, आर्यों को देखने वाला, आर्यों के धर्म को जानने वाला, आर्यों के धर्म में सुविनीत,···सत्पुरुषों के धर्म में सुविनीत होता है। वह रूप को अपनापन की दृष्टि से नहीं देखता है; या रूप को अपना; या अपने में रूप को; या रूप में अपने को नहीं देखता है। मैं रूप हूँ; मेरा रूप है—ऐसा मन में नहीं लाता है। तब, उस रूप के विपरिणत और अन्यथा हो जाने से उसे शोकादि नहीं होते।

वेदना को···; संज्ञा को···; संस्कारों को···; विज्ञान को अपनापन की दृष्टि से नहीं देखता है···। तब, उस विज्ञान के विपरिणत और अन्यथा हो जाने से उसे शोकादि नहीं होते।

गृहपति! इसी तरह, शरीर के आतुर हो जाने पर चित्त आतुर नहीं होता है।

आयुष्मान् सारिपुत्र यह बोले। गृहपति नकुलपिता ने सन्तुष्ट होकर आयुष्मान् सारिपुत्र के कहे का अभिनन्दन किया।

§ २. देवदह सुत्त (२१. १. १. २)

गुरु की शिक्षा, छन्द-राग का दमन

ऐसा मैंने सुना।

एक समय भगवान् शाक्यों के देश में देवदह[1] नामक शाक्यों के कस्बे में विहार करते थे।

तब, कुछ पश्चिम की ओर जाने वाले भिक्षु जहाँ भगवान् थे वहाँ आये, और भगवान्‌का अभि-वादन कर एक ओर बैठ गये।

एक ओर बैठ, वे भिक्षु भगवान् से बोलेः—भन्ते! हम पश्चिम देश में जाना चाहते हैं, पश्चिम देश में निवास करने की हमारी इच्छा है।

---

१. राजाओं के मंगलह्रद के पास बसा हुआ नगर 'देवदह' कहा जाता था और आसपास का निगम भी इसी नाम से प्रसिद्ध था—अट्ठकथा।

भिक्षुओ ! सारिपुत्र से तुमने छुट्टी ले ली है ?

नहीं भन्ते ! सारिपुत्र से हमने छुट्टी नहीं ली है।

भिक्षुओ ! सारिपुत्र से छुट्टी ले लो। सारिपुत्र भिक्षुओं में पण्डित है, सब्रह्मचारियों का अनुग्राहक है।

"भन्ते ! बहुत अच्छा" कह, उन भिक्षुओं ने भगवान् को उत्तर दिया।

उस समय आयुष्मान् सारिपुत्र भगवान् के पास ही किसी एलगला[२] नामक गुल्म के नीचे बैठे थे।

तब, वे भिक्षु भगवान् के भाषित का अनुमोदन और अभिनन्दन कर, आसन से उठ भगवान् को अभिवादन और प्रदक्षिणा कर, जहाँ आयुष्मान् सारिपुत्र थे वहाँ गये। आकर, आयुष्मान् सारिपुत्र से कुशल क्षेम के प्रश्न पूछ एक ओर बैठ गये।

एक ओर बैठ, वे भिक्षु आयुष्मान् सारिपुत्र से बोले:—भन्ते ! हम पश्चिम देश में जाना चाहते हैं, पश्चिम देश में निवास करने की हमारी इच्छा है। हमने बुद्ध से छुट्टी ले ली है।

आवुस ! नाना देश में घूमने वाले भिक्षु को तरह तरह के प्रश्न करने वाले मिलते हैं—क्षत्रिय पण्डित भी, ब्राह्मण पण्डित भी, गृहस्थ पण्डित भी, श्रमण पण्डित भी। आवुस ! पण्डित मनुष्य पूछेंगे, "आयुष्मानों के गुरु की क्या शिक्षा है, क्या उपदेश है ?" आयुष्मानों ने क्या धर्म का अच्छी तरह अध्ययन कर लिया है, अच्छी तरह ग्रहण कर लिया है, अच्छी तरह मनन कर लिया है, अच्छी तरह धारण कर लिया है—

जिसमें आप भगवान् के धर्म को ठीक-ठीक कह सकें, कुछ उलटा-पुलटा न कर दें, धर्मानुकूल ही बोलें, बातचीत करने में किसी सदोष स्थान पर नहीं पहुँच जायँ ?

आवुस ! इस कहे गये का अर्थ जानने के लिये हम दूर से भी आयुष्मान् सारिपुत्र के पास आवें। इसका अर्थ आप आयुष्मान् सारिपुत्र ही कहते तो अच्छा था।

आवुस ! तो सुनें, अच्छी तरह मन लगावें, मैं कहता हूँ।

"आवुस ! बहुत अच्छा" कह, भिक्षुओं ने आयुष्मान् सारिपुत्र को उत्तर दिया।

आयुष्मान् सारिपुत्र बोले:—आवुस ! पण्डित मनुष्य आप से पूछेंगे, "आयुष्मानों के गुरु की क्या शिक्षा है, क्या उपदेश है ?" आवुस ! ऐसा पूछे जाने पर आप यों उत्तर देंगे—छन्दराग को दमन करना हमारे गुरु की शिक्षा है।

आवुस ! ऐसा उत्तर देने पर भी, ऐसे पण्डित लोग हैं जो आगे का प्रश्न पूछेंगे, "आयुष्मानों के गुरु छन्दराग को कैसे दमन करने का उपदेश देते हैं ?" आवुस ! ऐसा पूछे जाने पर आप यों उत्तर देंगे—रूप में छन्दराग का दमन करना हमारे गुरु की शिक्षा है; वेदना में…; संज्ञा में…; संस्कारों में…; विज्ञान में…।

आवुस ! ऐसा उत्तर देने पर भी ऐसे पण्डित लोग हैं जो आगे का प्रश्न पूछेंगे, "आयुष्मानों के गुरु रूप में क्या दोष देखकर उसमें छन्दराग को दमन करने का उपदेश देते हैं ?" वेदना…; संज्ञा…; संस्कार…; विज्ञान…। आवुस ! ऐसा पूछे जाने पर आप यों उत्तर देंगे—जिसको रूप में राग लगा हुआ है, छन्द लगा हुआ है, प्रेम लगा हुआ है, प्यास लगी हुई है, लगन लगी हुई है, तृष्णा लगी हुई है, उसे रूप के विपरिणत और अन्यथा हो जाने से शोकादि उत्पन्न होते हैं। वेदना…; संज्ञा…; संस्कार…; विज्ञान…। हमारे गुरु रूप में इसी दोष को देखकर उसमें छन्दराग को दमन करने

२. वृक्षों का मण्डप। यह मण्डप पानी वाले प्रदेश में था। उसके नीचे ईंटों का एक बंगला सा बना दिया गया था, जो बड़ा ही शीतल था—अट्ठकथा।

का उपदेश देते हैं। वेदना...; संज्ञा...; संस्कार...; विज्ञान में छन्दराग को दमन करने का उपदेश देते हैं।

आवुस ! ऐसा उत्तर देने पर भी ऐसे पण्डित हैं जो आगे का प्रश्न पूछेंगे, "आयुष्मानों के गुरु ने क्या लाभ देखकर रूप में छन्द-राग को दमन करने का उपदेश दिया है ? वेदना...; संज्ञा...; संस्कार...; विज्ञान...?" आवुस ! ऐसा पूछे जाने पर आप यों उत्तर देंगे—रूप में जो विगतराग, विगतछन्द, विगतप्रेम, विगतपिपास, विगतपरिलाह, और विगततृष्ण है, उसे रूप के विपरिणत और अन्यथा हो जाने से शोकादि नहीं होते। वेदना...; संज्ञा...; संस्कार; विज्ञान...। इसी लाभ को देख-कर, हमारे गुरु ने रूप में, वेदना में, संज्ञा में, संस्कारों में, विज्ञान में छन्दराग को दमन करने का उपदेश दिया है।

आवुस ! अकुशल धर्मों के साथ विहार करनेवाला इसी जन्म में यदि सुख से विहार करता, उसे विघात, परिलाह या उपायास नहीं होते; शरीर छूट कर मरने के बाद उसकी गति अच्छी होती; तो भगवान् अकुशल धर्मों का प्रहाण नहीं बताते।

आवुस ! क्योंकि अकुशल धर्मों के साथ विहार करने से इसी जन्म में दुःख से विहार करता है, उसे विघात, परिलाह और उपायास होते हैं, तथा शरीर छूट कर मरने के बाद दुर्गति को प्राप्त होता है, इसी से भगवान् ने अकुशल धर्मों का प्रहाण बताया है।

आवुस ! कुशल धर्मों के साथ विहार करने से यदि इसी जन्म में दुःख से विहार करता...तो भगवान् कुशल धर्मों का सञ्चय करना नहीं बताते।

आवुस ! क्योंकि कुशल धर्मों के साथ विहार करने से इसी जन्म में सुख से विहार करता है, उसे विघातादि नहीं होते, तथा शरीर छूट कर मरने के बाद उसकी गति अच्छी होती है, इसी से भग-वान् ने कुशल-धर्मों का सञ्चय करना बताया है।

आयुष्मान् सारिपुत्र यह बोले। संतुष्ट होकर उन भिक्षुओं ने आयुष्मान् सारिपुत्र के कहे का अभिनन्दन किया।

§ ३. पठम हालिद्दिकानि सुत्त (२१. १. १. ३)

मागन्दिय-प्रश्न की व्याख्या

ऐसा मैंने सुना।

एक समय आयुष्मान् महाकात्यायन अवन्ती में कुररघर के ऊँचे पर्वत पर विहार करते थे।

तब, गृहपति हालिद्दिकानि जहाँ आयुष्मान् महाकात्यायन थे वहाँ आया, और उनका अभि-वादन कर एक ओर बैठ गया। एक ओर बैठ, गृहपति हालिद्दिकानि आयुष्मान् महाकात्यायन से बोला-भन्ते ! भगवान् ने अट्ठकवर्गिक मागन्दिय-प्रश्न में कहा है—

> घर को छोड़ बेघर घूमनेवाला,
> मुनि गाँव में लगाव-बझाव न करते हुये,
> कामों से रिक्त, कहीं अपनापन न जोड़,
> किसी मनुष्य से कुछ झंझट नहीं करता है॥

भन्ते ! भगवान् ने जो यह संक्षेप से कहा है उसका विस्तार-पूर्वक कैसे अर्थ समझना चाहिये ?

गृहपति ! रूपधातु विज्ञान का घर है। रूपधातु के रूप में बँधा हुआ विज्ञान घर में रहनेवाला कहा जाता है। गृहपति ! वेदनाधातु विज्ञान का घर है। वेदनाधातु के राग में बँधा हुआ विज्ञान घर में रहने वाला कहा जाता है। गृहपति ! संज्ञाधातु विज्ञान का घर है। संज्ञाधातु के राग में बँधा हुआ

विज्ञान घर में रहने वाला कहा जाता है । गृहपति ! संस्कारधातु विज्ञान का घर है । संस्कारधातु के राग में बँधा हुआ विज्ञान घर में रहने वाला कहा जाता है ।

गृहपति ! इसी तरह कोई घर में रहने वाला कहा जाता है ।

गृहपति ! कोई बेघर कैसे होता है ?

गृहपति ! जो रूपधातु के प्रति छन्द=राग=नन्दि=तृष्णा=उपादान तथा चित्त के अधिष्ठान, अभिनिवेश और अनुशय हैं, सभी बुद्ध में प्रहीण=उच्छिन्नमूल=शिर कटे तालवृक्ष के ऐसा=मिटे=भविष्य में कभी उठ न सकने वाले हुये रहते हैं । इसीलिये, बुद्ध बेघर कहे जाते हैं ।

गृहपति ! जो वेदनाधातु के प्रति···; संज्ञाधातु के प्रति···; संस्कारधातु के प्रति···। इसीलिये बुद्ध बेघर कहे जाते हैं ।

गृहपति ! ऐसे ही कोई बेघर होता है ।

गृहपति ! कैसे कोई निकेतसारी होता है ?

गृहपति ! जो रूप निमित्त के निकेत में फँसकर बँध गया है वह निकेतसारी कहा जाता है । जो शब्दनिमित्त···; गन्धनिमित्त···; रसनिमित्त···; स्पर्शनिमित्त···; धर्मनिमित्त···।

गृहपति ! कैसे कोई अनिकेतसारी होता है ?

गृहपति ! जो रूप निमित्त के निकेत में फँसकर बँध जाता है, वह बुद्ध में प्रहीण=उच्छिन्नमूल =शिर कटे तालवृक्ष के ऐसा=मिटे=भविष्य में कभी उठ न सकने वाले हुये रहते हैं । इसीलिये, बुद्ध अनिकेतसारी कहे जाते हैं । शब्द···; गन्ध···; रस···; स्पर्श···; धर्म···।

गृहपति ! गाँव में लगाव-बझाव करने वाला कैसे होता है ?

गृहपति ! कोई (भिक्षु) गृहस्थों से संसृष्ट होकर विहार करता है; उनके आनन्द में आनन्द मनाता है; उनके शोक में शोकित होता है; उनके सुख-दुःख में सुखी-दुःखी होता है; उनके काम-काज आ पड़ने पर अपने भी जुट जाता है । गृहपति ! इसी तरह, गाँव में लगाव-बझाव करने वाला होता है ।

गृहपति ! कैसे गाँव में लगाव-बझाव करने वाला नहीं होता है ?

गृहपति ! कोई (भिक्षु) गृहस्थों से असंसृष्ट होकर विहार करता है; उनके आनन्द में आनन्द नहीं मनाता; उनके शोक में शोकित नहीं होता; उनके सुख-दुःख में सुखी-दुःखी नहीं होता; उनके काम-काज आ पड़ने पर अपने भी जुट नहीं जाता है । गृहपति ! इसी तरह, गाँव में लगाव-बझाव करने वाला नहीं होता है ।

गृहपति ! कैसे कोई कामों से अरिक्त होता है ?

गृहपति ! कोई कामों में अविगतराग होता है, अविगतछन्द=अविगतप्रेम=अविगतपिपास=अविगत-परिलाह=अविगततृष्ण होता है । गृहपति ! इसी तरह, कोई कामों से अरिक्त होता है ।

गृहपति ! कैसे कोई कामों से रिक्त होता है ?

गृहपति ! कोई कामों में विगतराग होता है; विगतछन्द=विगतप्रेम=विगतपिपास=विगतपरिलाह=विगततृष्ण होता है । गृहपति ! इसी तरह कोई कामों से रिक्त होता है ।

गृहपति ! कैसे कोई कहीं अपनापन जोड़ता है ?

गृहपति ! किसी के मन में ऐसा होता है—अनागतकाल में मैं इस रूप का होऊँ, इस वेदना··· विज्ञान का होऊँ । गृहपति ! इसी तरह कोई अपनापन जोड़ता है ।

गृहपति ! कैसे कोई कहीं अपनापन नहीं जोड़ता है ?

गृहपति ! किसी के मन में ऐसा नहीं होता है—अनागतकाल में मैं इस रूप का होऊँ, इस वेदना···विज्ञान का होऊँ । गृहपति ! इसी तरह, कोई अपनापन नहीं जोड़ता है ।

गृहपति ! कैसे कोई किसी मनुष्य से झंझट करता है ?

गृहपति ! कोई इस प्रकार कहता है—तुम इस धर्मविनय को नहीं जानते हो, मैं इस धर्मविनय को जानता हूँ, तुम इस धर्मविनय को क्या जानोगे ! तुम मिथ्या मार्ग पर आरूढ़ हो, मैं सुमार्गपर आरूढ़ हूँ । जो पहले कहना चाहिये था उसे पीछे कहा; जो पीछे कहना चाहिये था उसे पहले ही कह दिया । मेरा कहना विषयानुकूल है, तुम्हारा कहना तो विषयान्तर हो गया । जो तुमने इतना कहा सभी उलट गया । तुम्हारे विरुद्ध तर्क दे दिया गया है; अब, छूटने की कोशिश करो । तुम तो पकड़ा गये, यदि ताकत है तो निकलो । गृहपति ! इसी तरह, कोई किसी मनुष्य से झंझट करता है ।

गृहपति ! कैसे कोई किसी मनुष्य से झंझट नहीं करता है ।

गृहपति ! कोई इस प्रकार नहीं कहता है—तुम इस धर्मविनय को नहीं जानते हो, मैं इस धर्मविनय को जानता हूँ···। गृहपति ! इसी तरह, कोई किसी मनुष्य से झंझट नहीं करता है ।

गृहपति ! यही भगवान् ने अट्ठकवर्गिक मागन्दिय प्रश्न में कहा है—

घर को छोड़ बेघर घूमने वाला,
मुनि गाँव में लगाव-बझाव न करते हुये,
कामों से रिक्त, कहीं अपनापन न जोड़,
किसी मनुष्य से कुछ झंझट नहीं करता है ।

गृहपति ! भगवान् ने जो यह संक्षेप से कहा है उसका विस्तारपूर्वक ऐसे ही अर्थ समझना चाहिये ।

§ ४. दुतिय हालिद्दिकानि सुत्त (२१. १. १. ४)

शक्र-प्रश्न की व्याख्या

ऐसा मैंने सुना ।

एक समय आयुष्मान् महाकात्यायन अवन्ती में कुररघर के ऊँचे पर्वत पर विहार करते थे ।

तब,·· एक ओर बैठ, गृहपति हालिद्दिकानि आयुष्मान् महाकात्यायन से बोला:—भन्ते ! भगवान् ने यह शक्र-प्रश्न में कहा है:—

"जो श्रमण या ब्राह्मण तृष्णा के क्षय से विमुक्त हो गये हैं,
उन्होंने अपना कर्तव्य पूरा कर लिया है, उन्होंने परम—
योग-क्षेम पा लिया है, वे ही सत्यतः ब्रह्मचारी हैं,
उन्होंने उच्चतम स्थान को पा लिया है, तथा देवताओं और,
मनुष्यों में वे ही श्रेष्ठ हैं ।"

भन्ते ! भगवान् के इस संक्षेप से कहे गये का विस्तारपूर्वक अर्थ कैसे समझना चाहिये ।

गृहपति ! रूपधातु के प्रति जो छन्द=राग=आनन्द=तृष्णा=उपादान, तथा चित्त के अधिष्ठान, अभिनिवेश और अनुशय हैं, उनके क्षय=विराग=निरोध=त्याग से चित्त विमुक्त कहा जाता है ।

गृहपति ! वेदना-धातुके प्रति·· ; संज्ञा-धातु· ; संस्कार-धातु···; विज्ञान-धातु···।

गृहपति ! यही भगवान् ने शक्र-प्रश्न में कहा है जो श्रमण या ब्राह्मण तृष्णा के क्षयसे···।"

गृहपति ! भगवान् के इस संक्षेप से कहे गये का विस्तारपूर्वक अर्थ ऐसे ही समझना चाहिये ।

§ ५. समाधि सुत्त (२१. १. १. ५)

समाधि का अभ्यास

ऐसा मैंने सुना ।

···भिक्षुओ ! समाधि का अभ्यास करो । भिक्षुओ ! समाहित होकर भिक्षु यथार्थ को जान लेता

है। किसके यथार्थ को जान लेता है? रूप के उगने और डूबने के। वेदना के उगने और डूबने के। सञ्ज्ञा के ' । संस्कारों के''' । विज्ञान के''' ।

भिक्षुओ! रूप का उगना क्या है? वेदना''' ; सञ्ज्ञा''' ; संस्कार'' ; विज्ञान का उगना क्या है?

भिक्षुओ! (कोई) आनन्द मनाता है, आनन्द के शब्द कहता है, उसमें डूब जाता है। किससे आनन्द मनाता है'' ?

रूप से आनन्द मनाता है, आनन्द के शब्द कहता है, उसमें डूब जाता है। इससे वह रूप में आसक्त हो जाता है। रूप में जो यह आसक्त होना है वही उपादान है। उस उपादान के प्रत्यय से भव होता है। भव के प्रत्यय से जाति होती है। जाति के प्रत्यय से जरा, मरण'''होते हैं। इस तरह सारा दु:ख समूह उठ खड़ा होता है।

वेदना से''' ; संज्ञा से ''; संस्कारों से '' , विज्ञान से आनन्द मनाता है'' । इस तरह सारा दु:ख समूह उठ खड़ा होता है।

भिक्षुओ! रूप, वेदना, संज्ञा, संस्कार, विज्ञान यही उगना है।

भिक्षुओ! रूप, वेदना, संज्ञा, संस्कार, विज्ञान का डूब जाना क्या है?

ो! (कोई) न तो आनन्द मनाता है, न आनन्द के शब्द कहता है, और न उसमें डूब से न तो आनन्द मनाता है'''?

न तो आनन्द मनाता है, न आनन्द के शब्द कहता है, और न उसमें डूब जाता है। उसकी जो आसक्ति है वह निरुद्ध हो जाती है। आसक्ति के निरुद्ध हो जाने से उपादान उपादान के निरुद्ध हो जाने से भव नहीं होता।'''। इस तरह, सारा दु:ख समूह रुक

ासे '', संज्ञा से '', संस्कार से''', विज्ञान से । इस तरह, सारा दु:ख समूह रुक

ो! यही रूप का डूब जाना है, वेदना का डूब जाना है, संज्ञा का डूब जाना है, संस्कारों का विज्ञान का डूब जाना है।

§ ६. पटिसल्लान सुत्त (२१. १. १. ६)

ध्यान का अभ्यास

ती'' ।

ो! ध्यान के अभ्यास में लग जाओ। भिक्षुओ! ध्यानस्थ हो भिक्षु यथार्थ को जान लेता ार्थ को जान लेता है?

उगने और डूबने के यथार्थ को। वेदना ''; सञ्ज्ञा''', संस्कार ' ; विज्ञान ' ।

[ऊपर वाले सूत्र के समान]

§ ७. पठम उपादान परितस्सना सुत्त (२१. १. १. ७)

उपादान और परितस्सना

श्रावस्ती'''।

भिक्षुओ! उपादान और परितस्सना के विषय में उपदेश करूँगा। अनुपादान और अपरितस्सना के विषय में उपदेश करूँगा। उसे सुनो, अच्छी तरह मनमें लाओ, मैं कहता हूँ।

"भन्ते! बहुत अच्छा" कह भिक्षुओं ने भगवान् को उत्तर दिया।

भगवान् बोले—भिक्षुओ ! उपादान और परितस्सना कैसे होती है ?

भिक्षुओ ! कोई अविद्वान् पृथक्जन'' रूप को अपना समझता है; अपने को रूपवाला समझता है; अपने में रूप, या रूप में अपने को समझता है। तब, वह रूप विपरिणत तथा दूसरा ही हो जाता है। रूप के विपरिणत तथा दूसरा ही हो जाने से रूपविपरिणामानुवर्ती विज्ञान होता है। उसे रूपविपरिणामानुपरिवर्तजा परितस्सना के होने से चित्त उसमें बझ जाता है। चित्त के बझ जाने से उसे उत्रास, दुःख, अपेक्षा और परितस्सना होती है।

भिक्षुओ !'''वेदना को अपना समझता है'''। संज्ञा को अपना समझता है''। संस्कारों को अपना समझता है'''।'''विज्ञान को अपना समझता है'''।

भिक्षुओ ! इसी तरह, उपादान और परितस्सना होती है।

भिक्षुओ ! अनुपादान और अपरितस्सना कैसे होती है ?

भिक्षुओ ! कोई विद्वान् आर्यश्रावक'''रूपको अपना नहीं समझता है; अपने को रूपवाला नहीं समझता है; अपने में रूप, या रूप में अपने को नहीं समझता है। तब, वह रूप विपरिणत तथा दूसरा ही हो जाता है। रूप के विपरिणत तथा दूसरा ही हो जाने से रूपविपरिणामानुवर्ती विज्ञान नहीं होता है। रूपविपरिणामानुपरिवर्तजा धर्म की उत्पत्ति से उसका चित्त परितस्सना में नहीं बझता है। चित्त के नहीं बझने से उसे उत्रास, दुःख, अपेक्षा परितस्सना नहीं होती है।

भिक्षुओ !'''वेदना'''; संज्ञा'''; संस्कार'''; विज्ञान को अपना नहीं समझता है''।

भिक्षुओ ! इसी तरह, अनुपादान और अपरितस्सना होती है।

§ ८. दुतिय उपादान परितस्सना सुत्त (१२. १. १. ८)

उपादान और परितस्सना

श्रावस्ती'''।

'''भिक्षुओ ! उपादान और परितस्सना कैसे होती है ?

भिक्षुओ ! कोई अविद्वान् पृथक्जन रूप को "यह मेरा है; यह मैं हूँ; यह मेरा आत्मा है" समझता है। उसका वह रूप विपरिणत तथा अन्यथा हो जाता है। रूप के विपरिणत तथा अन्यथा हो जाने से उसे शोक, परिदेव, दुःख, दौर्मनस्य और उपायास होते हैं।

भिक्षुओ !'''वेदना को'''; संज्ञा को'''; संस्कार को''; विज्ञान को'''।

भिक्षुओ ! इसी तरह, उपादान और परितस्सना होती है।

भिक्षुओ ! अनुपादान और अपरितस्सना कैसे होती है ?

भिक्षुओ ! कोई विद्वान् आर्यश्रावक रूपको "यह मेरा है; यह मैं हूँ; यह मेरा आत्मा है" नहीं समझता है। उसका वह रूप विपरिणत तथा अन्यथा हो जाता है। रूप के विपरिणत तथा अन्यथा हो जाने से उसे शोक, परिदेव, दुःख, दौर्मनस्य, और उपायास नहीं होते हैं।

'''वेदना'''; संज्ञा'''; संस्कार'''; विज्ञान'''।

भिक्षुओ ! इसी तरह अनुपादान और अपरितस्सना होती है।

§ १०. पठम अतीतानागत सुत्त (२१. १. १. ९)

भूत और भविष्यत्

श्रावस्ती'''।

'''भगवान् बोले—भिक्षुओ ! रूप अतीत और अनागत में अनित्य है; वर्तमान का कहना क्या!

भिक्षुओ ! इसे जानकर विद्वान् आर्यश्रावक अतीत के रूप में अनपेक्ष रहता है, अनागत रूपका अभिनन्दन नहीं करता, वर्तमान रूप के निर्वेद, विराग और निरोध के लिये यत्नवान् रहता है।

…वेदना…; संज्ञा…; संस्कार…; विज्ञान…।

§ १०. दुतिय अतीतानागत सुत्त (२१. १. १. १०)

भूत और भविष्यत्

श्रावस्ती…।

…भगवान् बोले—भिक्षुओ ! रूप अतीत और अनागत में दुःख है, वर्तमान का कहना क्या? भिक्षुओ ! इसे जानकर विद्वान् आर्यश्रावक अतीत के रूप में अनपेक्ष रहता है; अनागत रूप का अभिनन्दन नहीं करता; वर्तमान रूप के निर्वेद, विराग और निरोध के लिये यत्नवान् रहता है।

…वेदना…; संज्ञा…; संस्कार…; विज्ञान…।

§ ११. ततिय अतीतानागत सुत्त (२१. १. १. ११)

भूत और भविष्यत्

श्रावस्ती…।

…भगवान् बोले—भिक्षुओ ! रूप अतीत और अनागत में अनात्म है, वर्तमान का कहना क्या? … [पूर्ववत्]

नकुलपितावर्ग समाप्त

दूसरा भाग

अनित्य वर्ग

§ १. अनिच्च सुत्त (२१. १. २. १)

अनित्यता

ऐसा मैंने सुना।

…श्रावस्ती…।

…भगवान् बोले :—भिक्षुओ ! रूप अनित्य है, वेदना अनित्य है, संज्ञा अनित्य है, विज्ञान अनित्य है।

भिक्षुओ ! इसे जानकर विद्वान् आर्यश्रावक को रूप से भी निर्वेद होता है, वेदना से भी निर्वेद होता है, संज्ञा से भी निर्वेद होता है, संस्कारों से भी निर्वेद होता है, विज्ञान से भी निर्वेद होता है। निर्वेद होने से विरक्त हो जाता है; वैराग्य से विमुक्त हो जाता है। विमुक्त हो जाने से विमुक्त हो गया ऐसा ज्ञान होता है। विमुक्त हो जाने से पूरा हो गया, जो करना था सो कर लिया गया, अब कुछ बाकी नहीं बचा—ऐसा जान लेता है।

§ २. दुक्ख सुत्त (२१. १. २. २)

दुःख

श्रावस्ती…।

– भिक्षुओ ! रूप दुःख है, वेदना दुःख है, संज्ञा दुःख है, संस्कार दुःख है, विज्ञान दुःख है।

भिक्षुओ ! इसे जान कर…।

§ ३. अनत्त सुत्त (२१. १. २. ३)

अनात्मा

श्रावस्ती…।

…भिक्षुओ ! रूप अनात्म है…।

भिक्षुओ ! इसे जान कर…।

§ ४. पठम यदनिच्च सुत्त (२१. १. २. ४)

अनित्यता के गुण

श्रावस्ती…।

…भिक्षुओ ! रूप अनित्य है। जो अनित्य है वह दुःख है। जो दुःख है वह अनात्म है। जो अनात्म है वह न तो मेरा, न मैं, न मेरा आत्मा है। इसे यथार्थतः प्रज्ञापूर्वक देखना चाहिये।

वेदना…; संज्ञा…; संस्कार…; विज्ञान अनित्य है…।
भिक्षुओ ! इसे जानकर विद्वान् आर्यश्रावक…जाति क्षीण हुई…ऐसा जान लेता है।

§ ५. दुतिय यदनिच्च सुत्त (२१. १. २. ५)

दुःख के गुण

श्रावस्ती…।
…भिक्षुओ ! रूप दुःख है। जो दुःख है वह अनात्म है।
…[शेष पूर्ववत्]

§ ६. ततिय यदनिच्च सुत्त (२१. १. २. ६)

अनात्म के गुण

श्रावस्ती…।
…भिक्षुओ ! रूप अनात्म है।
…[शेष पूर्ववत्]

§ ७. पठम हेतु सुत्त (२१. १. २. ७)

हेतु भी अनित्य है

श्रावस्ती…।
…भिक्षुओ ! रूप अनित्य है। रूप की उत्पत्ति के जो हेतु और प्रत्यय हैं वे भी अनित्य हैं। भिक्षुओ ! अनित्य से उत्पन्न होकर रूप नित्य कैसे हो सकता है !
[इसी तरह वेदना, संज्ञा, संस्कार और विज्ञान के विषय में]
भिक्षुओ ! इसे जान कर विद्वान् आर्यश्रावक…जाति क्षीण हुई…ऐसा जान लेता है।

§ ८. दुतिय हेतु सुत्त (२१. १. २. ८)

हेतु भी दुःख है

श्रावस्ती…।
…भिक्षुओ ! रूप दुःख है। रूप की उत्पत्ति के जो हेतु और प्रत्यय हैं वे भी दुःख हैं। भिक्षुओ ! दुःख से उत्पन्न होकर रूप सुख कैसे हो सकता है !
[इसी तरह वेदना, संज्ञा, संस्कार, और विज्ञान के विषय में]
भिक्षुओ ! इसे जानकर विद्वान् आर्यश्रावक…जाति क्षीण हुई…ऐसा जान लेता है।

§ ९. ततिय हेतु सुत्त (२१. १. २. ९)

हेतु भी अनात्म है

श्रावस्ती…।
…भिक्षुओ ! रूप अनात्म है। रूप की उत्पत्ति के जो हेतु और प्रत्यय हैं वे भी अनात्म हैं। भिक्षुओ ! अनात्म से उत्पन्न हो कर रूप आत्मा कैसे हो सकता है।

…[पूर्ववत्]

§ १०. आनन्द सुत्त (२१. १. २. १०)

निरोध किसका ?

श्रावस्ती…।

तब, आयुष्मान् आनन्द जहाँ भगवान् थे वहाँ आये, और भगवान् का अभिवादन कर एक ओर बैठ गये।

एक ओर बैठ, आयुष्मान् आनन्द भगवान् से बोले :—भन्ते ! लोग 'निरोध, निरोध' कहा करते हैं। भन्ते ! किन धर्मोंका निरोध निरोध कहा जाता है ?

आनन्द ! रूप अनित्य है, संस्कृत है, प्रतीत्यसमुत्पन्न है, क्षयधर्मा है, व्ययधर्मा है, निरोधधर्मा है। उसी के निरोध से निरोध कहा जाता है।

वेदना…; संज्ञा…; संस्कार…; विज्ञान…; उसीके निरोध से निरोध कहा जाता है।

आनन्द ! इन्हीं धर्मों के निरोध से निरोध कहा जाता है।

अनित्य वर्ग समाप्त।

तीसरा भाग

भार वर्ग

§ १. भार सुत्त (२१ १. ३. १)

भार को उतार फेंकना

श्रावस्ती ।

भिक्षुओ ! भार के विषय में उपदेश करूँगा भारहार के विषय में, भार उठाने के विषय में और भार उतार देने के विषय में। उसे सुनो ।

भिक्षुओ ! भार क्या है ?

इन पाँच उपादान स्कन्धों को कहना चाहिये। किन पाँच ? जो यह, रूप उपादान स्कन्ध, वेदना-उपादान-स्कन्ध, संज्ञा उपादान स्कन्ध, संस्कार उपादान स्कन्ध, और विज्ञान उपादान स्कन्ध हैं। भिक्षुओ ! इसी को भार कहते हैं।

भिक्षुओ ! भारहार क्या है ? पुरुष को ही कहना चाहिये। जो यह आयुष्मान् इस नाम और इस गोत्र के हैं। भिक्षुओ ! इसी को भारहार कहते हैं।

भिक्षुओ ! भार का उठाना क्या है ? जो यह तृष्णा, पुनर्जन्म करानेवाली, आसक्ति और राग-वाली, यहाँ वहाँ लग जानेवाली है। जो यह काम तृष्णा, भव तृष्णा, विभव तृष्णा है। भिक्षुओ ! इसी को भार का उठाना कहते हैं।

भिक्षुओ ! भार का उतार देना क्या है ? उसी तृष्णा का जो बिल्कुल विराग=निरोध=त्याग=प्रतिनिःसर्ग=मुक्ति=अनालय है। भिक्षुओ ! इसी को कहते हैं भार का उतार देना।

भगवान् यह बोले। यह कह कर बुद्ध फिर भी बोले —

ये पाँच स्कन्ध भार हैं,
पुरुष भारहार है,
भार का उठाना लोक में दुःख है,
भार का उतार देना सुख है ॥१॥
भार के बोझे को उतार,
दूसरा भार नहीं लेता है,
तृष्णा को जड़ से उखाड़,
दुःखमुक्त निर्वाण पा लेता है ॥२॥

§ २. परिञ्ञा सुत्त (२१ १ ३ २)

परिज्ञेय और परिज्ञा की व्याख्या

श्रावस्ती ।

भिक्षुओ ! परिज्ञेय धर्म और परिज्ञान के विषय में उपदेश करूँगा। उसे सुनो ।

भिक्षुओ ! परिज्ञेय धर्म क्या है ? भिक्षुओ ! रूप परिज्ञेय धर्म है, वेदना परिज्ञेय धर्म है, संज्ञा

परिज्ञेय धर्म है, संस्कार परिज्ञेय धर्म है, विज्ञान परिज्ञेय धर्म है। भिक्षुओ! इन्हीं को परिज्ञेय धर्म कहते हैं।

भिक्षुओ! परिज्ञा क्या है? भिक्षुओ! जो राग-क्षय और मोह-क्षय है उसी को परिज्ञा कहते हैं।

§ ३. अभिजान सुत्त (२१. १. ३. ३)

रूप को समझे विना दुःख का क्षय नहीं

श्रावस्ती…।

" भिक्षुओ! रूप को विना समझे, जाने, त्याग किये तथा उससे विरक्त हुये कोई दुःखों का क्षय नहीं कर सकता है।

…वेदना…; संज्ञा…; संस्कार…; विज्ञान को विना समझे, जाने, त्याग किये तथा उससे विरक्त हुये कोई दुःखों का क्षय नहीं कर सकता है।

भिक्षुओ! रूप को समझ, जान, त्याग उससे विरक्त हो कोई दुःखों का क्षय कर सकता है।

" वेदना…; संज्ञा…; संस्कार…; विज्ञान को समझ, जान, त्याग कर तथा उससे विरक्त हो कोई दुःखों का नाश कर सकता है।

§ ४. छन्दराग सुत्त (२१. १. ३. ४)

छन्दराग का त्याग

श्रावस्ती…।

…भिक्षुओ! रूपमें जो छन्दराग है उसे छोड़ दो। इस तरह, वह रूप प्रहीण हो जायगा, उच्छिन्न-मूल, कटे हुये शिर वाले ताड़वृक्ष के समान, अनभाव किया हुआ, फिर भी कभी न उग सकने वाला।

" वेदना…; संज्ञा…; संस्कार… ; विज्ञान में जो छन्दराग है उसे छोड़ दो…।

§ ५. पठम अस्साद सुत्त (२१. १. ३. ५)

रूपादि का आस्वाद

श्रावस्ती…।

…भिक्षुओ! बुद्धत्व प्राप्त करने के पहले, बोधिसत्व रहते ही, मेरे मनमें यह हुआ:—रूपका आस्वाद क्या है, दोष क्या है, छुटकारा क्या है? वेदना…संज्ञा…? संस्कार…? विज्ञान…?

भिक्षुओ! तब, मेरे मनमें यह हुआ:—रूप के प्रत्यय से जो सुख और सौमनस्य होता है वही रूप का आस्वाद है। रूप जो अनित्य, दुःख, विपरिणामधर्मा है वह रूप का दोष (= आदीनव) है। जो रूप के प्रति छन्दराग को दबा देना, प्रहीण करना है वही रूप से छुटकारा है।

[वेदना, संज्ञा, संस्कार और विज्ञान के साथ भी ऐसे ही]

भिक्षुओ! जब तक मैंने इन पाँच उपादान-स्कन्धों के आस्वाद को आस्वाद के तौर पर, दोष को दोष के तौर, और छुटकारे को छुटकारे के तौर पर यथार्थतः नहीं जान लिया था, तब तक……इस लोक में अनुत्तर सम्यक् सम्बुद्धत्व प्राप्त करने का दावा नहीं किया।

भिक्षुओ! जब मैंने…यथार्थतः जान लिया, तभी…इस लोक में अनुत्तर सम्यक् सम्बुद्धत्व प्राप्त करने का दावा किया।

मुझे ऐसा ज्ञान = दर्शन उत्पन्न हुआ—मेरा चित्त ठीक में विमुक्त हो गया, यही अन्तिम जाति है, अब पुनर्जन्म होने का नहीं।

§ ६. दुतिय अस्साद सुत्त (२१. १. ३. ६)

आस्वाद की खोज

श्रावस्ती···।

···भिक्षुओ ! मैंने रूप के आस्वाद की खोज की। रूप का जो आस्वाद है उसे समझ लिया। जहाँ तक रूप का आस्वाद है उसे प्रज्ञा से अच्छी तरह देख लिया।

भिक्षुओ ! मैंने रूप के दोष की खोज की। रूप का जो दोष है उसे समझ लिया। जहाँ तक रूप का दोष है उसे प्रज्ञा से अच्छी तरह देख लिया।

भिक्षुओ ! मैंने रूप के छुटकारे की खोज की। रूपका जो छुटकारा है उसे समझ लिया। जहाँ तक रूप का छुटकारा है उसे प्रज्ञा से अच्छी तरह देख लिया।

[वेदना, संज्ञा, संस्कार, और विज्ञान के साथ भी ऐसे ही]

भिक्षुओ ! जब तक मैंने इन पाँच उपादान स्कन्धों के आस्वाद को आस्वाद के तौर पर···

···यही अन्तिम जाति है, अब पुनर्जन्म होने का नहीं।

§ ७. ततिय अस्साद सुत्त (२१. १. ३. ७)

आस्वाद से ही आसक्ति

श्रावस्ती···।

···भिक्षुओ ! यदि रूप में आस्वाद नहीं होता तो सत्त्व रूप में आसक्त नहीं होते। भिक्षुओ ! क्योंकि रूप में आस्वाद है इसीलिये सत्त्व रूप में आसक्त होते हैं।

भिक्षुओ ! यदि रूप में दोष नहीं होता तो सत्त्व रूप से निर्वेद (= विराग) को प्राप्त नहीं होते। भिक्षुओ ! क्योंकि रूप में दोष है, इसलिये सत्त्व से निर्वेद को प्राप्त होते हैं।

भिक्षुओ ! यदि रूप से छुटकारा नहीं होता तो सत्त्व रूप से मुक्त नहीं होते। भिक्षुओ ! क्योंकि रूप से छुटकारा होना है, इसलिये सत्त्व रूप से मुक्त होते हैं।

[वेदना, संज्ञा, संस्कार, विज्ञान के साथ भी ऐसे ही]

भिक्षुओ ! जब तक सत्त्वों ने इन पाँच उपादान-स्कन्धों के आस्वाद को आस्वाद के तौर पर, दोष को दोष के तौर पर, और छुटकारे को छुटकारे के तौर पर यथार्थतः नहीं जान लिया तब तक···वे नहीं निकले=छूटे=मुक्त हुये तथा मर्यादा रहित चित्त से विहार किये।

भिक्षुओ ! जब सत्त्वों ने···यथार्थतः जान लिया तब···वे निकल गये=छूट गये=मुक्त हुये तथा मर्यादा रहित चित्त से विहार किये।

§ ८. अभिनन्दन सुत्त (२१. १. ३. ८)

अभिनन्दन से दुःख की उत्पत्ति

श्रावस्ती···।

···भिक्षुओ ! जो रूप का अभिनन्दन करता है वह दुःख का ही अभिनन्दन करता है। जो दुःख का अभिनन्दन करता है वह दुःख से मुक्त नहीं हुआ है—ऐसा मैं कहता हूँ।

···वेदना···; संज्ञा···; संस्कार···; जो विज्ञान का अभिनन्दन करता है···।

भिक्षुओ ! और, जो रूप का अभिनन्दन नहीं करता है वह दुःख का अभिनन्दन नहीं करता है। जो दुःख का अभिनन्दन नहीं करता है वह दुःख से मुक्त हो गया—ऐसा मैं कहता हूँ।

··· वेदना···; संज्ञा···; संस्कार···; जो विज्ञान का अभिनन्दन नहीं करता है···।

§ ९. उप्पाद सुत्त (२१. १. ३. ९)

रूप की उत्पत्ति दुःख का उत्पाद है

श्रावस्ती…।

…भिक्षुओ ! रूप के जो उत्पाद, स्थिति, पुनर्जन्म, और प्रादुर्भाव हैं वे दुःख के उत्पाद रोगों की स्थिति, और जरामरण के प्रादुर्भाव हैं।

…वेदना…; संज्ञा…; संस्कार…; विज्ञान के जो उत्पाद, स्थिति…।

भिक्षुओ ! जो रूप का निरोध, व्युपशम, तथा जरामरण का अस्त हो जाना है।

…वेदना…; संज्ञा…; संस्कार…; विज्ञान…।

§ १०. अघमूल सुत्त (२१. १. ३. १०)

दुःख का मूल

श्रावस्ती…।

…भिक्षुओ ! दुःख के विषय में उपदेश करूँगा, तथा दुःख के मूल के विषय में। उसे सुनो…।

भिक्षुओ ! दुःख क्या है ?

भिक्षुओ ! रूप दुःख है। वेदना दुःख है। संज्ञा दुःख है। संस्कार दुःख है। विज्ञान दुःख है। भिक्षुओ ! इसी को दुःख कहते हैं।

भिक्षुओ ! दुःख का मूल क्या है ?

जो यह तृष्णा, पुनर्भव कराने वाली, आसक्ति और राग से युक्त, वहाँ वहाँ आनन्द खोजने वाली। जो यह, काम-तृष्णा, भव-तृष्णा, विभव-तृष्णा। भिक्षुओ ! इसी को दुःख का मूल कहते हैं।

§ ११. पभंगु सुत्त (२१. १. ३. ११)

क्षणभंगुरता

श्रावस्ती…।

…भिक्षुओ ! भङ्गुर के विषय में उपदेश करूँगा, और अभङ्गुर के विषय में।

भिक्षुओ ! क्या भङ्गुर है और क्या अभङ्गुर ? भिक्षुओ ! रूप भङ्गुर है। जो उसका निरोध = व्युपशम = अस्त हो जाना है वह अभङ्गुर है।

…वेदना…; संज्ञा…; संस्कार…; विज्ञान…।

भार वर्ग समाप्त।

चौथा भाग

न तुम्हाक वर्ग

§ १. पठम न तुम्हाक सुत्त (२१. १. ४. १)

जो अपना नहीं है, उसका त्याग

श्रावस्ती··· ।

···भिक्षुओ ! जो तुम्हारा नहीं है उसे छोड़ दो । उसका प्रहीण हो जाना तुम्हारे हित और सुख के लिये होगा ।

भिक्षुओ ! तुम्हारा क्या नहीं है ?

भिक्षुओ ! रूप तुम्हारा नहीं है, उसे छोड़ दो । उसका प्रहीण हो जाना तुम्हारे हित और सुख के लिये होगा ।

·· वेदना···; संज्ञा ··; संस्कार , विज्ञान ·· ।

भिक्षुओ ! जैसे, कोई आदमी इस जेतवन के तृण, काष्ठ, शाखा और पत्ते को ले जाय, या जला दे, या जो मरजी करे । तो क्या तुम्हारे मन में ऐसा होगा—यह आदमी हमें ले जा रहा है । या जला रहा है, या जो मरजी कर रहा है ?

नहीं भन्ते !

सो क्यों ?

भन्ते ! क्योंकि,यह हमारा आत्मा, आत्मनीय नहीं है ।

भिक्षुओ ! इसी तरह, रूप तुम्हारा नहीं है । उसे छोड़ दो । उसका प्रहीण हो जाना तुम्हारे हित और सुख के लिये होगा ।

···वेदना···; संज्ञा···; संस्कार·· ; विज्ञान तुम्हारा नहीं है, उसे छोड़ दो···।

§ २. दुतिय न तुम्हाक सुत्त (२१ १. ४. २)

जो अपना नहीं है, उसका त्याग

श्रावस्ती···।

···[ठीक ऊपरवाले के जैसा; जेतवन का दृष्टान्त नहीं]

§ ३. पठम भिक्खु सुत्त (२१. १. ४. ३)

अनुशय के अनुसार समझा जाना

श्रावस्ती··· ।

क

तब, कोई भिक्षु जहाँ भगवान् थे वहाँ आया, और भगवान् का अभिवादन कर एक ओर बैठ गया । एक ओर बैठ कर वह भिक्षु भगवान् से बोला:—

भन्ते ! भगवान् मुझे संक्षेप से धर्म का उपदेश करें; कि मैं भगवान् के धर्म को सुनकर अकेला, एकान्त में, अप्रमत्त, संयमशील तथा प्रहितात्म होकर विहार करूँ।

हे भिक्षु ! जिसका जैसा अनुशय रहता है वह वैसा ही समझा जाता है; जैसा अनुशय नहीं रहता है वैसा नहीं समझा जाता है।

भगवन् ! समझ गया ! सुगत ! समझ गया।

हे भिक्षु ! मेरे इस संक्षेप से कहे गये का तुमने विस्तार से अर्थ कैसे समझा ?

भन्ते ! यदि रूप का अनुशय होता है तो वह वैसा ही समझा जाता है। यदि वेदना का…; संज्ञा का…; संस्कारों का…; विज्ञान का…।

भन्ते ! यदि (किसी को) रूप का अनुशय नहीं होता है तो वह वैसा नहीं समझा जाता है। यदि वेदना का…; संज्ञा का…; संस्कारों का…; विज्ञान का…। भगवान् के इस संक्षेप से कहे गये का मैं ऐसे ही विस्तार से अर्थ समझता हूँ।

ठीक है भिक्षु, ठीक है ! मेरे इस संक्षेप से कहे गये का तुमने ठीक में विस्तार से अर्थ समझ लिया। … मेरे इस संक्षेप से कहे गये का ऐसे ही विस्तार से अर्थ समझना चाहिये।

तब, वह भिक्षु भगवान् के कहे का अभिनन्दन और अनुमोदन कर आसन से उठ भगवान् को अभिवादन और प्रदक्षिणा कर चला गया।

ख

तब उस भिक्षु ने अकेला, एकान्त में अप्रमत्त, संयमशील तथा प्रहितात्म हो विहार करते हुये शीघ्र ही ब्रह्मचर्य के उस अनुत्तर अन्तिम फल को इसी जन्म में स्वयं जान, देख और पा लिया, जिसके लिये कुलपुत्र श्रद्धा से सम्यक् घर से बेघर हो कर प्रव्रजित हो जाते हैं। जाति क्षीण हुई, ब्रह्मचर्य सफल हो गया, जो करना था सो कर लिया, अब और कुछ बाकी नहीं रहा—ऐसा जान लिया।

वह भिक्षु अर्हतों में एक हुआ।

§ ४. दुतिय भिक्खु सुत्त (२१. १. ४. ४)

अनुशय के अनुसार मापना

श्रावस्ती…।

कोई भिक्षु जहाँ भगवान् थे वहाँ आया, और भगवान् का अभिवादन कर एक ओर बैठ गया। एक ओर बैठ कर वह भिक्षु भगवान् से बोला :—

भन्ते ! भगवान् मुझे संक्षेप से धर्म का उपदेश करें, कि मैं भगवान् के धर्म को सुन कर अकेला, एकान्त में, अप्रमत्त, संयमशील तथा प्रहितात्म होकर विहार करूँ।

हे भिक्षु ! जिसका जैसा अनुशय रहता है वह वैसा ही मापता है। जो जैसा मापता है वह वैसा ही समझा जाता है।

…[ऊपर वाले सूत्र के समान ही]

वह भिक्षु अर्हतों में एक हुआ।

§ ५. पठम आनन्द सुत्त (२१. १. ४. ५)

किनका उत्पाद, व्यय और विपरिणाम ?

श्रावस्ती…।

…एक ओर बैठे आयुष्मान् आनन्द से भगवान् बोले, "आनन्द ! यदि तुमसे कोई पूछे, आवुस

आनन्द ! किन धर्मों का उत्पाद जाना जाता है, व्यय, जाना जाता है, तथा स्थित हुओं का अन्यथात्व जाना जाता है।" आनन्द ! ऐसा पूछे जाने पर तुम क्या उत्तर दोगे ?

भन्ते !"" ऐसा पूछे जाने पर मैं यों उत्तर दूँगा :—

आवुस ! रूप का उत्पाद जाना जाता है, व्यय जाना जाता है, तथा स्थित हुये का अन्यथात्व जाना जाता है। वेदना का "; संज्ञा का"'; संस्कारों का"'; विज्ञान का" । आवुस ! इन्हीं धर्मों का उत्पाद जाना जाता है"'। भन्ते ! ऐसा पूछे जाने पर मैं यों ही उत्तर दूँगा।

ठीक है, आनन्द, ठीक है ! " ऐसा पूछे जाने पर तुम यों ही उत्तर दोगे।

§ ६. दुतिय आनन्द सुत्त (२१. १. ४. ६)

किनका उत्पाद, व्यय और विपरिणाम ?

श्रावस्ती ।

"'एक ओर बैठे हुये आयुष्मान् आनन्द से भगवान् बोले, "आनन्द ! यदि तुमसे कोई पूछे, आवुस आनन्द ! किन धर्मों का उत्पाद जाना गया है, व्यय जाना गया है तथा स्थित हुये का अन्यथात्व जाना गया है ? किनका"'जाना जायगा ? किनका" जाना जाता है ?, आनन्द ! ऐसा पूछे जाने पर तुम क्या उत्तर दोगे ?"

"'भन्ते ! ऐसा पूछा जाने पर मैं यों उत्तर दूँगा :—

आवुस ! जो रूप अतीत हो गया = निरुद्ध हो गया = विपरिणत हो गया, उसका उत्पाद जाना गया, व्यय जाना गया, स्थित हुये का अन्यथात्व जाना गया। वेदना"'; संज्ञा"'; संस्कार, जो विज्ञान अतीत हो गया"'।

आवुस ! इन्हीं धर्मों का उत्पाद जाना गया है, व्यय जाना गया है, तथा स्थित हुये का अन्यथात्व जाना गया है।

आवुस ! जो रूप अभी उत्पन्न नहीं हुआ है, प्रगट नहीं हुआ है, उसी का उत्पाद जाना जायगा, व्यय जाना जायगा, तथा स्थित हुये का अन्यथात्व जाना जायगा।" वेदना"'; संज्ञा"'; संस्कार"'; जो विज्ञान अभी उत्पन्न नहीं हुआ है"'।

आवुस ! इन्हीं धर्मों का उत्पाद जाना जायगा, व्यय जाना जायगा, तथा स्थित हुये का अन्यथात्व जाना जायगा।

आवुस ! जो रूप अभी उत्पन्न हुआ है, प्रादुर्भूत हुआ है, उसी का उत्पाद जाना जाता है, व्यय जाना जाता है, तथा स्थित हुये का अन्यथात्व जाना जाता है।" वेदना"'; संज्ञा" ; संस्कार"'; विज्ञान"'।

आवुस ! धर्मों का उत्पाद जाना जाता है, व्यय जाना जाता है, तथा स्थित हुये का अन्यथात्व जाना जाता है।

भन्ते ! ऐसा पूछा जाने पर मैं यों ही उत्तर दूँगा।

ठीक है आनन्द, ठीक है ! [सारे की पुनरुक्ति] ऐसा पूछे जाने पर तुम यों ही उत्तर दोगे।

§ ७. पठम अनुधम्म सुत्त (२१. १. ४. ७)

विरक्त होकर विहरना

श्रावस्ती "।

"'भिक्षुओ ! जो भिक्षु धर्मानुधर्म प्रतिपन्न है उसका यह धर्मानुकूल होता है, कि रूप के प्रति विरक्त होकर विहार करे, वेदना"'; संज्ञा"'; संस्कार"'; विज्ञान के प्रति विरक्त होकर विहार करे।

इस प्रकार विरक्त होकर विहार करते हुये वह रूप को जान लेता है, वेदना···; संज्ञा···; संस्कार···; विज्ञान को जान लेता है।

वह रूप···विज्ञान को जानकर रूप से मुक्त हो जाता है, वेदना से मुक्त हो जाता है, संज्ञा से मुक्त हो जाता है, संस्कारों से मुक्त हो जाता है, विज्ञान से मुक्त हो जाता है। जाति, जरा, मरण, शोक, परिदेव, दुःख, दौर्मनस्य, उपायास से मुक्त हो जाता है। दुःख से छूट जाता है—ऐसा मैं कहता हूँ।

§ ८. दुतिय अनुधम्म सुत्त (२१. १. ४. ८)

अनित्य समझना

श्रावस्ती···।

···भिक्षुओ ! जो भिक्षु धर्मानुधर्म प्रतिपन्न है उसका यह धर्मानुकूल होता है, कि रूप को अनित्य समझे···[पूर्ववत्]।

दुःख से छूट जाता है—ऐसा मैं कहता हूँ।

§ ९. ततिय अनुधम्म सुत्त (२१. १. ४. ९)

दुःख समझना

श्रावस्ती···।

···भिक्षुओ ! ···कि रूप को दुःख समझे···।

§ १०. चतुत्थ अनुधम्म सुत्त (२१. १. ४. १०)

अनात्म समझना

श्रावस्ती···।

···भिक्षुओ ! ···कि रूप को अनात्म समझे···।

न तुम्हाक वर्ग समाप्त।

पाँचवाँ भाग

आत्मद्वीप वर्ग

§ १. अत्तदीप सुत्त (२१. १. ५. १)

अपना आधार आप बनना

श्रावस्ती···।

···भिक्षुओ ! अपना आधार आप बनो, अपना शरण आप बनो, किसी दूसरे का शरणागत मत बनो; धर्म ही तुम्हारा आधार है, धर्म ही तुम्हारा शरण है, कुछ दूसरा तुम्हारा शरण नहीं है।

·· इस प्रकार विहार करते हुये तुम्हें ठीक से इसकी परीक्षा करनी चाहिये—शोक, परिदेव, दुःख, दौर्मनस्य और उपायास का जन्म=प्रभव क्या है ?

भिक्षुओ ! इनका जन्म=प्रभव क्या है ?

भिक्षुओ ! कोई अविद्वान् पृथक्जन रूप को अपना करके समझता है, अपने को रूपवान् समझता है, रूप में अपने को समझता है। उसका वह रूप विपरिणत=अन्यथा हो जाता है। रूप के विपरिणत तथा अन्यथा हो जाने से शोकादि उत्पन्न होते हैं।

वेदना को···; संज्ञा को···; संस्कारों को·· ; विज्ञान को अपना करके समझता है···।

भिक्षुओ ! रूप के अनित्यत्व, विपरिणाम, विराग, निरोध को जान कर; जो पहले के रूप थे, और जो अभी रूप हैं सभी अनित्य, दुःख और विपरिणाम-धर्मा हैं, इसे यथार्थतः प्रज्ञापूर्वक देख लेने से जो शोकादि हैं सभी प्रहीण हो जाते हैं। उनके प्रहीण हो जाने से त्रास नहीं होता। त्रास नहीं होने से सुखपूर्वक विहार करता है। सुखपूर्वक विहार करते हुये वह भिक्षु उस अंश में मुक्त कहा जाता है।

···वेदना···; संज्ञा···; संस्कार···; विज्ञान·· , सुखपूर्वक विहार करते हुये वह भिक्षु उस अंश में मुक्त कहा जाता है।

§ २. पटिपदा सुत्त (२१. १. ५. २)

सत्काय की उत्पत्ति और निरोध का मार्ग

श्रावस्ती...।

···भिक्षुओ ! सत्काय की उत्पत्ति तथा सत्काय के निरोध के मार्ग के विषय में उपदेश करूँगा। उसे सुनो···।

भिक्षुओ ! सत्काय की उत्पत्ति का मार्ग क्या है ?

भिक्षुओ ! कोई अविद्वान् पृथक्जन·· रूप को अपना करके समझता है, अपने को रूपवान् समझता है, अपने में रूप को समझता है, रूप में अपने को समझता है।

·· वेदना···; संज्ञा···, संस्कार···; विज्ञान ··।

भिक्षुओ ! इसी को सत्काय की उत्पत्ति का मार्ग कहते हैं। भिक्षुओ ! यही दुःख की उत्पत्ति का मार्ग कहा जाता है, यही समझना चाहिये।

भिक्षुओ ! सत्काय के निरोध का मार्ग क्या है ?

भिक्षुओ ! कोई विद्वान् आर्यश्रावक…रूप को अपना करके नहीं समझता है, अपने को रूपवान् नहीं समझता है, अपने में रूप को नहीं समझता है, रूप में अपने को नहीं समझता है।

… वेदना…; संज्ञा…; संस्कार…; विज्ञान…।

भिक्षुओ ! इसी को सत्काय के निरोध का मार्ग कहते हैं। भिक्षुओ ! यही दुःख के निरोध का मार्ग कहा जाता है—यही समझना चाहिये।

§ ३. पठम अनिचता सुत्त (२१. १. ५. ३)

अनित्यता

श्रावस्ती…।

भिक्षुओ ! रूप अनित्य है। जो अनित्य है वह दुःख है जो दुःख है वह अनात्म है। जो अनात्म है सो न मेरा है, न मैं हूँ, न मेरा आत्मा है। इसे यथार्थतः प्रज्ञापूर्वक देख लेना चाहिये। चित्त उपादान-रहित हो आश्रवों से विरक्त और विमुक्त हो जाता है।

…वेदना…; संज्ञा…; संस्कार…; विज्ञान…।

भिक्षुओ ! यदि भिक्षु का चित्त रूप के प्रति उपादान रहित हो आश्रवों से विरक्त और विमुक्त हो जाता है। वेदना…; संस्कार…; विज्ञान के प्रति…; तो स्थिर हो जाता है; स्थिर होने से शान्त हो जाता है; शान्त होने से त्रास नहीं होता; त्रास नहीं होने से अपने भीतर ही भीतर निर्वाण पा लेता है। जाति क्षीण हुई' ऐसा जान लेता है।

§ ४. दुतिय अनिचता सुत्त (२१. १. ५. ४)

अनित्यता

श्रावस्ती…।

…भिक्षुओ ! रूप अनित्य है…[ऊपर जैसा] इसे यथार्थतः प्रज्ञापूर्वक देख लेना चाहिये।

…वेदना अनित्य है…; संज्ञा…; संस्कार…; विज्ञान…।

इसे यथार्थतः प्रज्ञापूर्वक देख लेने से वह पूर्वान्त की मिथ्या-दृष्टि में नहीं पड़ता है। पूर्वान्त की मिथ्या-दृष्टियों में न पड़ने से उसे अपरान्त की भी मिथ्या-दृष्टियाँ नहीं होती हैं। अपरान्त की दृष्टि नहीं होने से वह कहीं नहीं झुकता है।" वह रूप…विज्ञान के प्रति आश्रवोंसे विरक्त, विमुक्त तथा उपादान-रहित हो जाता है। उसका चित्त विमुक्त हो जाने से स्थिर हो जाता है। स्थिर हो जाने से शान्त हो जाता है। शान्त हो जाने से त्रास नहीं होता है। त्रास नहीं होने से अपने भीतर ही भीतर निर्वाण पा लेता है। जाति क्षीण हुई…ऐसा जान लेता है।

§ ५. समनुपस्सना सुत्त (२१. १. ५. ५)

आत्मा मानने से ही अस्मि की अविद्या

श्रावस्ती…।

…भिक्षुओ ! जितने श्रमण या ब्राह्मण अनेक प्रकार से आत्मा को जानते और समझते हैं, वे सभी इन्हीं पाँच उपादान स्कन्धों को जानते और समझते हैं, या उनमें से किसी को।

किन पाँच ?

भिक्षुओ ! कोई अविद्वान् पृथक्जन…रूपको अपना करके समझता है, अपने को रूपवान् समझता है अपने में रूप को समझता है, रूप में अपने को समझता है।

"वेदना"; सञ्ञा"; संस्कार"; विज्ञान"। ऐसा समझने से उसे "अस्मि" की अविद्या होती है।

भिक्षुओ ! "अस्मि" की अविद्या होने से पाँच इन्द्रियाँ चली आती हैं—चक्षु, श्रोत्र, घ्राण, जिह्वा, और काया।

भिक्षुओ ! मन है, धर्म है, और अविद्या है। भिक्षुओ ! अविद्या संस्पर्शोत्पन्न वेदना होने से अविद्वान् पृथक्जनको 'अस्मिता' होती है। 'यह मैं हूँ'—ऐसा होता है। 'होऊँगा'—ऐसा भी होता है। 'नहीं होऊँगा'—ऐसा भी होता है। 'रूपवान्'"; 'अरूपवान्'; 'संज्ञी'", 'असंज्ञी'"; 'न संज्ञी और न असंज्ञी होऊँगा'—ऐसा भी होता है।

भिक्षुओ ! वहीं पाँच इन्द्रियाँ ठहरी रहती हैं। यहीं विद्वान् आर्यश्रावककी अविद्या प्रहीण हो जाती है, विद्या उत्पन्न होती है। उसको अविद्या के हट जाने और विद्या के उत्पन्न होने से 'अस्मिता' नहीं होती है। 'होऊँगा'—ऐसा भी नहीं होता है। 'रूपवान्'"; 'अरूपवान्'"; 'संज्ञी'; "'असंज्ञी,"' 'न संज्ञी और न असंज्ञी होऊँगा'—ऐसा भी नहीं होता है।

§ ६. खन्ध सुत्त (२१. १. ५. ६)

पाँच स्कन्ध

श्रावस्ती"।

"भिक्षुओ ! पाँच स्कन्ध तथा पाँच उपादान स्कन्ध के विषय में उपदेश करूँगा। उसे सुनो"।

भिक्षुओ ! पाँच स्कन्ध कौन से हैं ?

भिक्षुओ ! जो रूप—अतीत, अनागत, वर्तमान्, आध्यात्म, बाह्य, स्थूल, सूक्ष्म, हीन, प्रणीत, दूर का, या निकट का—है वह रूपस्कन्ध कहा जाता है।

जो वेदना"; संज्ञा"; संस्कार"; विज्ञान"।

भिक्षुओ ! यही पाँच स्कन्ध कहे जाते हैं।

भिक्षुओ ! पाँच उपादान स्कन्ध कौन से हैं ?

भिक्षुओ ! जो रूप—अतीत, अनागत, वर्तमान, आध्यात्म, बाह्य, स्थूल, सूक्ष्म, हीन, प्रणीत, दूर का, या निकट का आश्रव के साथ उपादानीय है वह रूपोपादानस्कन्ध कहा जाता है।

जो वेदना"; संज्ञा", संस्कार"; विज्ञान"।

भिक्षुओ ! इन्हीं को पञ्च-उपादानस्कन्ध कहते हैं।

§ ७. पठम सोण सुत्त (२१. १. ५. ७)

यथार्थ का ज्ञान

ऐसा मैंने सुना।

एक समय भगवान् राजगृह में वेलुवन कलन्दक निवाप में विहार करते थे।

तब, गृहपतिपुत्र सोण जहाँ भगवान् थे वहाँ आया, और भगवान् का अभिवादन कर एक ओर बैठ गया।

एक ओर बैठे हुये गृहपतिपुत्र सोण को भगवान् बोले :—*सोण ! जो श्रमण या ब्राह्मण इस* अनित्य, दुःख, विपरिणामधर्मा रूप से अपने को बड़ा समझते हैं, सदृश समझते हैं, या हीन समझते हैं, वह यथार्थ का अज्ञान छोड़ कर दूसरा क्या है ?

"वेदना"; संज्ञा", संस्कार"; विज्ञान"।

सोण ! जो श्रमण या ब्राह्मण इस अनित्य, दुःख, विपरिणामधर्मा रूप से अपने को बड़ा भी नहीं समझते हैं, सदृश भी नहीं समझते हैं, या हीन भी नहीं समझते हैं, वह यथार्थ का ज्ञान छोड़ कर और क्या है ?

वेदना•••, संज्ञा , संस्कार , विज्ञान ।

सोण ! तो तुम क्या समझते हो, रूप नित्य है या अनित्य ?

भन्ते ! अनित्य।

जो अनित्य है वह दुःख है या सुख ?

भन्ते ! दुःख है।

जो अनित्य है, दुःख है, विपरिणामधर्मा है, उसे क्या ऐसा समझना ठीक है कि यह मेरा है, यह मैं हूँ, यह मेरा आत्मा है ?

नहीं भन्ते !

सोण ! वेदना •, संज्ञा•••, संस्कार , विज्ञान अनित्य है या नित्य ।

सोण ! इसलिये, जो रूप—अतीत, अनागत, वर्तमान्, आध्यात्म, बाह्य स्थूल, सूक्ष्म, हीन, प्रणीत, दूर का, या निकट का—है उसे यथार्थतः प्रज्ञापूर्वक देख लेना चाहिये कि न यह मेरा है, न यह मैं हूँ, और न यह मेरा आत्मा है।

जो वेदना , संज्ञा•• , संस्कार•••, विज्ञान ।

सोण ! ऐसा देखनेवाला विद्वान् आर्यश्रावक रूप से निर्वेद करता है, वेदना से निर्वेद करता है, संज्ञा से , संस्कारों से , विज्ञान से । निर्वेद से विरक्त हो जाता है। वैराग्य से मुक्त हो जाता है। विमुक्त हो जाने से विमुक्त हो गया ऐसा ज्ञान उत्पन्न होता है। जाति क्षीण हुई, ब्रह्मचर्य पूरा हो गया, जो करना था सो कर लिया, अब और कुछ बाकी नहीं बचा—ऐसा जान लेता है।

§ ८. दुतिय सोण सुत्त (२१. १ ५. ८)

श्रमण और ब्राह्मण कौन ?

ऐसा मैंने सुना।

एक समय भगवान् राजगृह में वेलुवन कलन्दक निवाप में विहार करते थे।

तब, गृहपतिपुत्र सोण जहाँ भगवान् थे वहाँ आया, और भगवान् का अभिवादन कर एक ओर बैठ गया।

एक ओर बैठे हुये गृहपति पुत्र सोण को भगवान् बोले —

सोण ! जो श्रमण या ब्राह्मण रूप को नहीं जानते हैं, रूप के समुदय को नहीं जानते हैं, रूप के निरोध को नहीं जानते हैं, रूप के निरोधगामी मार्ग को नहीं जानते हैं, वेदना , संज्ञा , संस्कार•• , विज्ञान को नहीं जानते हैं•• , वे न तो श्रमणों में श्रमण समझे जाते हैं, और न ब्राह्मणों में ब्राह्मण ! वे आयुष्मान् इसी जन्म में श्रमण या ब्राह्मण के परमार्थ को जान देख और पाकर विहार नहीं करते हैं।

सोण ! जो श्रमण या ब्राह्मण रूप को जानते हैं विज्ञान को जानते हैं ••, वे ही श्रमणों में श्रमण समझे जाते हैं, और ब्राह्मणों में ब्राह्मण। वे आयुष्मान् इसी जन्म में श्रमण या ब्राह्मण के परमार्थ को जान, देख, और पाकर विहार करते हैं।

§ ९. पठम नन्दिक्खय सुत्त (२१. १.५ ९)

आनन्द का क्षय कैसे ?

श्रावस्ती ।

भिक्षुओ ! भिक्षु जो रूप को अनित्य के तौर पर देख लेता है, उसे सम्यक् दृष्टि कहते हैं।

इसे अच्छी तरह समझ कर वह निर्वेद को प्राप्त होता है। आनन्द लेने की इच्छा मिट जाने से राग मिट जाता है, राग मिट जाने से आनन्द लेने की इच्छा मिट जाती है। आनन्द लेने की इच्छा और राग के मिट जाने से चित्त बिल्कुल मुक्त कहा जाता है।

भिक्षु जो वेदना को ''; संज्ञा को , संस्कारों को''', विज्ञान को अनित्य के तौर पर देखता है उसे सम्यक् दृष्टि कहते हैं।''। आनन्द लेने की इच्छा और राग के मिट जाने से चित्त बिल्कुल मुक्त कहा जाता है।

§ १०. दुतिय नन्दिक्खय सुत्त (२१ १ ५ १०)

रूप का यथार्थ मनन

श्रावस्ती'''।

'''भिक्षुओ! रूप का ठीक से मनन करो, रूप की अनित्यता को यथार्थतः देखो। रूप का ठीक से मनन करने, तथा रूप की अनित्यता को यथार्थतः देखने से रूप के प्रति निर्वेद को प्राप्त होता है। आनन्द लेने की इच्छा मिट जाने से राग मिट जाता है, राग मिट जाने से आनन्द लेने की इच्छा मिट जाती है। आनन्द लेने की इच्छा और राग के मिट जाने से चित्त बिल्कुल मुक्त कहा जाता है।

वेदना ', संज्ञा''', संस्कार , विज्ञान का ठीक से मनन करो''।

आत्मद्वीप वर्ग समाप्त।

मूल पण्णासक समाप्त

दूसरा परिच्छेद

मज्झिम पण्णासक

पहला भाग

उपय वर्ग

§ १. उपय सुत्त (२१. २. १. १)

अनासक्त विमुक्त है

श्रावस्ती…।

" भिक्षुओ ! आसक्त अविमुक्त है, अनासक्त विमुक्त है ।

भिक्षुओ ! रूप में आसक्त होने से विज्ञान बना रहता है—रूप पर आलम्बित, रूप पर प्रतिष्ठित, आनन्द उठाने वाला और उगता, बढ़ता तथा फैलता है ।

संस्कारों पर आलम्बित, संस्कारों पर प्रतिष्ठित, आनन्द उठाने वाला, उगता, बढ़ता तथा फैलता है ।

भिक्षुओ ! जो कोई ऐसा कहे कि मैं बिना रूप, बिना वेदना, बिना संज्ञा, बिना संस्कार, बिना विज्ञान के आवागमन, मरना, जीना, या उगना, बढ़ना तथा फैलना सिद्ध कर दूँगा, यह सम्भव नहीं है ।

भिक्षुओ ! यदि भिक्षु का रूप-धातु में राग प्रहीण हो जाता है, तो विज्ञान का आलम्बन = प्रतिष्ठा प्रहीण हो जाता है । यदि भिक्षु का वेदना-धातु में…; संज्ञा-धातु में…, संस्कार-धातु में…, विज्ञान-धातु में राग प्रहीण हो जाता है तो विज्ञान का आलम्बन = प्रतिष्ठा प्रहीण हो जाता है ।

वह अप्रतिष्ठित विज्ञान उगने नहीं पाता, संस्कारों से रहित हो विमुक्त हो जाता है । विमुक्त होने से स्थित हो जाता है, स्थित होने से शान्त हो जाता है । शान्त होने से त्रास नहीं होने पाता । त्रास नहीं होने से अपने भीतर ही भीतर निर्वाण को प्राप्त कर लेता है । जाति क्षीण हुई ब्रह्मचर्य पूरा हो गया, जो करना था सो कर लिया, अब और कुछ बाकी नहीं है—ऐसा जान लेता है ।

§ २. बीज सुत्त (२१. २. १. २)

पाँच प्रकार के बीज

श्रावस्ती…।

" भिक्षुओ ! बीज पाँच प्रकार के होते हैं । कौन से पाँच ? मूल-बीज, स्कन्ध-बीज, अग्र-बीज, फल-बीज, और बीज-बीज ।

भिक्षुओ ! ये पाँच प्रकार के बीज अखण्डित हों, सड़े गले नहीं हों, हवा या धूप से नष्ट नहीं हो गये हों, सार वाले हों, और आसानी से रोपे जा सकने वाले हों; किन्तु मिट्टी न हो और जल न हो । भि क्षो ! तो क्या वे बीज उगेंगे, बढ़ेंगे और फैलेंगे ?

नहीं भन्ते !

भिक्षुओ ! ये पाँच बीज खण्डित हों, सड़े गले हों, हवा या धूप से नष्ट हो गये हों, निःसार हों, और आसानी से रोपे जा सकनेवाले नहीं हों, किन्तु मिट्टी भी हो और जल भी हो। भिक्षुओ ! तो क्या वे बीज उगेंगे, बढ़ेंगे, और फैलेंगे ?

नहीं भन्ते !

भिक्षुओ ! ये पाँच बीज अखण्डित हों··· ; और मिट्टी और जल भी हो। भिक्षुओ ! तो क्या वे बीज उगेंगे, बढ़ेंगे, और फैलेंगे ?

हाँ भन्ते ! यहाँ जैसे पृथ्वी धातु है वैसे विज्ञान की स्थितियाँ समझनी चाहिये। यहाँ जैसे जल-धातु है वैसे नन्दिराग समझना चाहिये। यहाँ जैसे पाँच प्रकार के बीज हैं वैसे आहार के साथ विज्ञान को समझना चाहिये।

भिक्षुओ ! रूप में आसक्त होने से विज्ञान बना रहता है—रूप पर आलम्बित, रूप पर प्रतिष्ठित आनन्द उठानेवाला; और उगता, बढ़ता तथा फैलता है।··· [शेष ऊपर वाले सूत्र के समान ही।]

§ ३. उदान सुत्त (२१. २. १. ३)

आश्रवों का क्षय कैसे ?

श्रावस्ती···।

वहाँ भगवान् ने उदान के यह शब्द कहे, "यदि यह नहीं होवे तो मेरा नहीं होवे, नहीं होगा, यह मेरा नहीं होगा—ऐसा कहनेवाला भिक्षु नीचे के बन्धन (=औरम्भागीय संयोजन) को काट देता है।"

ऐसा कहने पर कोई भिक्षु भगवान् से बोला, "भन्ते ! यह कैसे ?"

भिक्षुओ ! कोई अविद्वान् पृथग्जन··· रूप को अपना करके समझता है, अपने को रूपवान् समझता है, अपने में रूप को समझता है, या रूप में अपने को समझता है।

···वेदना···; संज्ञा···; संस्कार···; विज्ञान को अपना करके समझता है, अपने को विज्ञानवान् समझता है···।

वह अनित्य रूप की अनित्यता को यथार्थतः नहीं जानता है, अनित्य वेदना की···; संज्ञा की···; संस्कारों की···; विज्ञान की अनित्यता को नहीं समझता है।

वह दुःखमय रूप के दुःख को यथार्थतः नहीं जानता है, दुःखमय वेदना के···; संज्ञा के···; संस्कारों के···; विज्ञान के दुःख को नहीं जानता है।

वह अनात्म रूप के अनात्मत्व को यथार्थतः नहीं जानता है, अनात्म वेदना के···; संज्ञा के···; संस्कारों के···; विज्ञान के अनात्म को नहीं जानता है।

वह संस्कृत रूप को संस्कृत के तौर पर यथार्थतः नहीं जानता है। संस्कृत वेदना को···; संज्ञा को···; संस्कारों को···; विज्ञान को संस्कृत के तौर पर यथार्थतः नहीं जानता है।

रूप नहीं रहेगा यह यथार्थतः नहीं जानता।

वेदना···; संज्ञा··· ; संस्कार··· ; विज्ञान नहीं रहेगा यह यथार्थतः नहीं जानता है।

भिक्षुओ ! कोई विद्वान् आर्यश्रावक···रूप को अपना करके नहीं समझता है···।

वह अनित्य रूप की अनित्यता को यथार्थतः जानता है···।

वह दुःखमय रूप के दुःख को यथार्थतः जानता है···।

वह अनात्म रूप के अनात्मत्व को यथार्थतः जानता है।

वह संस्कृत रूप को संस्कृत के तौर पर यथार्थतः जानता है··· ।

रूप नहीं रहेगा यह यथार्थतः जानता है··· ।

रूप, वेदना, संज्ञा, संस्कार और विज्ञान के नहीं होने से जो भिक्षु 'यदि यह नहीं होवे तो मेरा नहीं होवे, नहीं होगा वह मेरा नहीं होगा'—ऐसा कहे वह नीचे के बन्धन को काट देता है।

भन्ते ! ऐसा कहनेवाला भिक्षु नीचे के बन्धन को काट देता है।

भन्ते ! क्या जान और देख लेने के बाद आश्रवों का क्षय हो जाता है ?

भिक्षु ! कोई अविद्वान् पृथक्जन त्रास नहीं करने के स्थान पर त्रास को प्राप्त होता है। भिक्षु ! अविद्वान् पृथक्जनोंको यह त्रास होता है कि—'यदि यह नहीं होवे तो मेरा नहीं होवे; नहीं होगा वह मेरा नहीं होगा।'

भिक्षु ! विद्वान् आर्यश्रावक त्रास नहीं करने के स्थान पर त्रास को नहीं प्राप्त होता है। भिक्षु ! विद्वान् आर्यश्रावक को यह त्रास नहीं होता है कि—'यदि यह नहीं होवे··· ।'

भिक्षु ! रूप में आसक्त होने से विज्ञान बना रहता है—रूप पर आलम्बित, रूप पर प्रतिष्ठित ···[शेष २१. २. १. १ सूत्र के समान]।

भिक्षु ! यह जान और देख लेने के बाद उसके आश्रवों का क्षय हो जाता है।

§ ४. उपादान परिवत्त सुत्त (२१. २. १. ४)

उपादान स्कन्धों की व्याख्या

श्रावस्ती ··· ।

···भिक्षुओ ! पाँच उपादान-स्कन्ध हैं। कौन से पाँच ? जो यह, रूपोपादान स्कन्ध, वेदनोपादान स्कन्ध, संज्ञोपादान स्कन्ध, संस्कारोपादान स्कन्ध और विज्ञानोपादान स्कन्ध।

भिक्षुओ ! जब तक मैंने इन पाँच उपादान स्कन्धों को चार सिलसिले में यथार्थतः नहीं समझा था, तब तक इस लोक में ··अनुत्तर सम्यक् सम्बुद्धत्व प्राप्त करने का दावा नहीं किया था।

भिक्षुओ ! जब मैंने ··यथार्थतः समझ लिया, तभी ··दावा किया।

वे चार सिलसिले कैसे ? रूप को जान लिया। रूप के समुदय को जान लिया। रूप के निरोध को जान लिया। रूप के निरोधगामी मार्ग को जान लिया। वेदना को ··; संज्ञा को···; संस्कारों को···; विज्ञान को···।

भिक्षुओ ! रूप क्या है ? चार महाभूत और चार महाभूत से बनने वाले रूप। यही रूप है। आहार के समुदय से रूप का समुदय होता है। आहार के निरोध से रूप का निरोध होता है। यही आर्य अष्टाङ्गिक मार्ग रूप के निरोध का मार्ग है। जो यह सम्यक् दृष्टि···सम्यक् समाधि।

भिक्षुओ ! जो श्रमण या ब्राह्मण···इसे जान कर रूप के निर्वेद के लिये, विराग के लिये, निरोध के लिये प्रतिपन्न होते हैं वे ही सुप्रतिपन्न हैं। जो सुप्रतिपन्न हैं वे इस धर्म विनय में प्रतिष्ठित होते हैं।

भिक्षुओ ! जो श्रमण या ब्राह्मण·· इसे जान कर रूप के निर्वेद से, विराग से, निरोध से, अनुपादान से विमुक्त हो गये हैं वे ही यथार्थ में विमुक्त हुये हैं। जो यथार्थ मे विमुक्त हो गये हैं वे ही केवली हैं। जो केवली है उनके लिये भँवर नहीं है।

भिक्षुओ ! वेदना क्या है ? भिक्षुओ ! वेदना काय छः हैं। चक्षुसंस्पर्शजा वेदना। श्रोत्रसंस्पर्शजा वेदना। घ्राण-संस्पर्शजा वेदना। जिह्वासंस्पर्शजा वेदना। कायसंस्पर्शजा वेदना। मन.संस्पर्शजा वेदना। भिक्षुओ ! इसे वेदना कहते हैं। स्पर्श के समुदय से वेदना का समुदय होता है। स्पर्श के निरोध से वेदना का निरोध होता है। यही आर्य अष्टांगिक मार्ग वेदना के निरोध का मार्ग है।···

भिक्षुओ ! जो श्रमण या ब्राह्मण इसे जान ।

भिक्षुओ ! संज्ञा क्या है ?

भिक्षुओ ! संज्ञाकाय छः हैं। रूप-संज्ञा; शब्द-संज्ञा, गन्ध-संज्ञा, रस-संज्ञा, स्पर्श-संज्ञा धर्म-संज्ञा। यही संज्ञा है। स्पर्श के समुदय से संज्ञा का समुदय होता है। स्पर्श के निरोध से संज्ञा का निरोध होता है। यही आर्य अष्टाङ्गिक मार्ग संज्ञा के निरोध का मार्ग है।···

भिक्षुओ ! जो श्रमण या ब्राह्मण · · इसे जान · ।

भिक्षुओ ! संस्कार क्या हैं ?

भिक्षुओ ! चेतना-काय छः हैं। रूप-संचेतना, शब्द-संचेतना, गन्ध-संचेतना, रस-संचेतना, स्पर्श संचेतना, धर्म-संचेतना। भिक्षुओ ! इन्हीं को संस्कार कहते हैं। स्पर्श के समुदय से संस्कारों का समुदय होता है। स्पर्श के निरोध से संस्कारों का निरोध होता है। यही आर्य-अष्टाङ्गिक मार्ग संस्कारों के निरोध का मार्ग है।···

भिक्षुओ ! जो श्रमण या ब्राह्मण···इसे जान ·।

भिक्षुओ ! विज्ञान क्या है ?

भिक्षुओ ! विज्ञान-काय छः हैं। चक्षुविज्ञान, श्रोत्रविज्ञान, घ्राणविज्ञान, जिह्वाविज्ञान, काय विज्ञान, मनोविज्ञान। भिक्षुओ ! इसी को विज्ञान कहते हैं। नामरूप के समुदय से विज्ञान का समुदय होता है। नामरूप के निरोध से विज्ञान का निरोध होता है। यही आर्य अष्टाङ्गिक मार्ग विज्ञान के निरोध का मार्ग है।···

भिक्षुओ ! जो श्रमण या ब्राह्मण···इसे जान कर रूप के निर्वेद के लिये, विराग के लिये, निरोध के लिये प्रतिपन्न होते हैं वे ही सुप्रतिपन्न हैं। जो सुप्रतिपन्न हैं वे इस धर्म विनय में प्रतिष्ठित होते हैं।

भिक्षुओ ! जो श्रमण या ब्राह्मण···इसे जान कर रूप के निर्वेद से, अनुपादान से विमुक्त हो गये हैं वे ही यथार्थ में विमुक्त हुये हैं। जो यथार्थ में विमुक्त हो गये हैं वे ही केवली हैं। जो केवली उनके लिये भँवर नहीं है।

§ ५. सत्तट्ठान सुत्त (२१. २. १. ५)

सात स्थानों में कुशल ही उत्तम पुरुष है

श्रावस्ती··।

···भिक्षुओ ! जो भिक्षु सात स्थानों में कुशल तथा तीन प्रकार से परीक्षा करनेवाला होता है, वह इस धर्मविनय में केवली, सफल ब्रह्मचर्यवाला, और उत्तम पुरुष कहा जाता है।

भिक्षुओ ! भिक्षु सात स्थानों में कुशल कैसे होता है ?

भिक्षुओ ! भिक्षु रूप को जानता है। रूप के समुदय को जानता है। रूप के निरोध को जानता है। रूप के निरोधगामी मार्ग को जानता है। रूप के आस्वाद को जानता है। रूप के दोष को जानता है। रूप के छुटकारे (=मुक्ति) को जानता है।

·· वेदना···; संज्ञा ··, संस्कार···; विज्ञान···।

भिक्षुओ ! रूप क्या है ? चार महाभूत और उनमे होने वाले रूप। भिक्षुओ ! इसी को रूप कहते हैं। आहार के समुदय से रूप का समुदय होता है। आहार के निरोध से रूपका निरोध होता है। यही आर्य अष्टाङ्गिक मार्ग रूप के निरोध का मार्ग है। ··

जो रूप के प्रत्यय से सुख और सौमनस्य होता है वही रूप का आस्वाद है। रूप जो अनित्य, दुःख, विपरिणामधर्मा है यह रूप का दोष है। जो रूप से छन्द राग का प्रहाण हो जाना है यह रूप की मुक्ति है।

भिक्षुओ ! जो श्रमण या ब्राह्मण इस प्रकार रूप को जान, रूप के समुदय को जान, रूप के निरोध को जान, रूप के निरोध के मार्ग को जान, रूप के आस्वाद को जान, रूप के दोष को जान, रूप की

रूप नहीं रहेगा वह यथार्थतः जानता है··· ।

रूप, वेदना, संज्ञा, संस्कार और विज्ञान के नहीं होने से जो भिक्षु 'यदि यह नहीं होवे तो मेरा नहीं होवे, नहीं होगा वह मेरा नहीं होगा'—ऐसा कहे वह नीचे के बन्धन को काट देता है।

भन्ते ! ऐसा कहनेवाला भिक्षु नीचे के बन्धन को काट देता है।

भन्ते ! क्या जान और देख लेने के बाद आश्रवों का क्षय हो जाता है ?

भिक्षु ! कोई अविद्वान् पृथक्जन त्रास नहीं करने के स्थान पर त्रास को प्राप्त होता है। भिक्षु ! अविद्वान् पृथक्जनोंको यह त्रास होता है कि—'यदि यह नहीं होवे तो मेरा नहीं होवे; नहीं होगा वह मेरा नहीं होगा।'

भिक्षु ! विद्वान् आर्यश्रावक त्रास नहीं करने के स्थान पर त्रास को नहीं प्राप्त होता है। भिक्षु ! विद्वान् आर्यश्रावक को यह त्रास नहीं होता है कि—'यदि यह नहीं होवे··· ।'

भिक्षु ! रूप में आसक्त होने से विज्ञान बना रहता है—रूप पर आलम्बित, रूप पर प्रतिष्ठित ···[शेष २१. २. १. १ सूत्र के समान]।

भिक्षु ! यह जान और देख लेने के बाद उसके आश्रवों का क्षय हो जाता है।

§ ४. उपादान परिवत्त सुत्त (२१. २. १. ४)

उपादान स्कन्धों की व्याख्या

श्रावस्ती ··· ।

···भिक्षुओ ! पाँच उपादान-स्कन्ध हैं। कौन से पाँच ? जो यह, रूपोपादान स्कन्ध, वेदनोपादान स्कन्ध, संज्ञोपादान स्कन्ध, संस्कारोपादान स्कन्ध और विज्ञानोपादान स्कन्ध।

भिक्षुओ ! जब तक मैंने इन पाँच उपादान स्कन्धों को चारों सिलसिले में यथार्थतः नहीं समझा था, तब तक इस लोक में ··अनुत्तर सम्यक् सम्बुद्धत्व प्राप्त करने का दावा नहीं किया था।

भिक्षुओ ! जब मैंने···यथार्थतः समझ लिया, तभी···दावा किया।

वे चार सिलसिले कैसे ? रूप को जान लिया। रूप के समुदय को जान लिया। रूप के निरोध को जान लिया। रूप के निरोधगामी मार्ग को जान लिया। वेदना को ··; संज्ञा को···; संस्कारों को···; विज्ञान को···।

भिक्षुओ ! रूप क्या है ? चार महाभूत और चार महाभूत से बनने वाले रूप। यही रूप है आहार के समुदय से रूप का समुदय होता है। आहार के निरोध से रूप का निरोध होता है। यही अष्टाङ्गिक मार्ग रूप के निरोध का मार्ग है। जो यह सम्यक् दृष्टि···सम्यक् समाधि।

भिक्षुओ ! जो श्रमण या ब्राह्मण···इसे जान कर रूप के निर्वेद के लिये, विराग के लिये के लिये प्रतिपन्न होते हैं वे ही सुप्रतिपन्न हैं। जो सुप्रतिपन्न हैं वे इस धर्म विनय में प्रतिष्ठित

भिक्षुओ ! जो श्रमण या ब्राह्मण···इसे जान कर रूप के निर्वेद से, विराग से, निरो पादान से विमुक्त हो गये हैं वे ही यथार्थ में विमुक्त हुये हैं। जो यथार्थ में विमुक्त हो केवली हैं। जो केवली हैं उनके लिये भँवर नहीं है।

भिक्षुओ ! वेदना क्या है ? भिक्षुओ ! वेदना-काय छः हैं। चक्षुसंस्पर्शजा वेदना वेदना। घ्राण-संस्पर्शजा वेदना। जिह्वासंस्पर्शजा वेदना। कायसंस्पर्शजा वेदना। मन भिक्षुओ ! इसे वेदना कहते हैं। स्पर्श के समुदय से वेदना का समुदय होता है। वेदना का निरोध होता है। यही आर्य अष्टांगिक मार्ग वेदना के निरोध का मार्ग है

भिक्षुओ ! जो श्रमण या ब्राह्मण ··इसे जान ··।

§ ६. बुद्ध सुत्त (२१. २. १. ६)

बुद्ध और प्रज्ञाविमुक्त भिक्षु में भेद

श्रावस्ती···।

···भिक्षुओ ! तथागत अर्हत् सम्यक् सम्बुद्ध रूप के निर्वेद, विराग तथा निरोध से उपादान-रहित हो विमुक्त सम्यक्-सम्बुद्ध कहे जाते हैं ; भिक्षुओ ! प्रज्ञाविमुक्त भिक्षु भी रूप के निर्वेद, विराग, निरोध तथा अनुपादान से विमुक्त हो प्रज्ञाविमुक्त कहा जाता है।

भिक्षुओ ! तथागत अर्हत् सम्यक् सम्बुद्ध वेदना···; संज्ञा···; संस्कार···; विज्ञान के निर्वेद, विराग, तथा निरोध से उपादान रहित हो विमुक्त सम्यक् सम्बुद्ध कहे जाते हैं। भिक्षुओ ! प्रज्ञाविमुक्त भिक्षु भी वेदना···; संज्ञा···; संस्कार···; विज्ञान के निर्वेद, विराग, निरोध तथा अनुपादान से विमुक्त हो प्रज्ञाविमुक्त कहा जाता है।

भिक्षुओ ! तो, तथागत अर्हत् सम्यक् सम्बुद्ध और प्रज्ञाविमुक्त भिक्षु में क्या भेद है ?

भन्ते ! भगवान् ही हमारे धर्म के अधिष्ठाता हैं, भगवान् ही नेता हैं, भगवान् ही प्रतिशरण हैं। अच्छा होता कि भगवान् ही इसे बताते। भगवान् से सुनकर भिक्षु धारण करेंगे।

भिक्षुओ ! तो सुनो, अच्छी तरह मन लगाओ, मैं कहता हूँ।"

"भन्ते ! बहुत अच्छा" कहकर भिक्षुओं ने भगवान् को उत्तर दिया।

भगवान् बोले—भिक्षुओ ! तथागत अर्हत् सम्यक् सम्बुद्ध अनुत्पन्न मार्ग के उत्पन्न करनेवाले होते हैं, अज्ञात मार्ग के जनाने वाले होते हैं, नहीं बताये गये मार्ग के बताने वाले होते हैं, मार्ग-विद् और मार्ग-कोविद होते हैं। भिक्षुओ ! इस समय के जो श्रावक हैं वे बाद में मार्ग का अनुगमन करने वाले हैं।

भिक्षुओ ! तथागत अर्हत् सम्यक् सम्बुद्ध और प्रज्ञाविमुक्त भिक्षु में यही भेद है।

§ ७. पञ्चवग्गिय सुत्त (२१. २. १. ७)

अनित्य, दुःख, अनात्म का उपदेश

ऐसा मैंने सुना।

एक समय भगवान् वाराणसी के पास ऋषिपतन मृगदाय में विहार करते थे।

वहाँ भगवान् ने पञ्चवर्गीय भिक्षुओं को आमन्त्रित किया।···

भिक्षुओ ! रूप अनात्म है। भिक्षुओ ! यदि रूप आत्मा होता तो यह दुःख का कारण नहीं बनता; और तब कोई ऐसा कह सकता, 'मेरा रूप ऐसा होवे, मेरा रूप ऐसा नहीं होवे।'

भिक्षुओ ! क्योंकि रूप अनात्म है इसीलिये यह दुःख का कारण होता है, और कोई ऐसा नहीं कह सकता है, 'मेरा रूप ऐसा होवे, मेरा रूप ऐसा नहीं होवे।'

भिक्षुओ ! वेदना···; संज्ञा···; संस्कार···; विज्ञान अनात्म है···

भिक्षुओ ! तो क्या समझते हो, रूप अनित्य है या नित्य ?

अनित्य, भन्ते !

जो अनित्य है वह दुःख है या सुख ?

दुःख भन्ते !

जो अनित्य, दुःख, और विपरिणामधर्मा है क्या उसे ऐसा समझना ठीक है कि 'यह मेरा है, यह मैं हूँ, यह मेरा आत्मा है' ?

नहीं भन्ते !

वेदना···; संज्ञा···; संस्कार···; विज्ञान नित्य है या अनित्य ?

मुक्ति को जान, निर्वेद के लिये, विराग के लिये, तथा निर्वाण के लिये प्रतिपन्न होते हैं वे ही सुप्रतिपन्न हैं। जो सुप्रतिपन्न हैं वे इस विनय में प्रतिष्ठत होते हैं।

भिक्षुओ! जो श्रमण या ब्राह्मण इस प्रकार रूप को जान,...रूप की मुक्ति को जान, रूप के निर्वेद से, विराग से, निरोध से, तथा अनुपादान से विमुक्त हो गये हैं वे ही यथार्थ में विमुक्त हुये हैं। जो यथार्थ में विमुक्त हो गये हैं वे केवली हैं। जो केवली हो गये हैं उनके लिये भँवर नहीं है।

भिक्षुओ! वेदना क्या है?

भिक्षुओ! वेदना काय छः हैं। चक्षुसंस्पर्शजा वेदना..., मनःसंस्पर्शजा वेदना। भिक्षुओ! इसे वेदना कहते हैं। स्पर्श के समुदय से वेदना का समुदय होता है। स्पर्श के निरोध से वेदना का निरोध होता है। यही आर्य अष्टांगिक मार्ग वेदना के निरोध का मार्ग है।...

जो वेदना के प्रत्यय से सुख सौमनस्य होता है वह वेदना का आस्वाद है। वेदना जो अनित्य, दुःख, विपरिणामधर्मा है यह वेदना का दोष है। जो वेदना के प्रति छन्दराग का प्रहीण हो जाना है वह वेदना की मुक्ति है।

भिक्षुओ! जो श्रमण या ब्राह्मण इस प्रकार वेदना को जान...।

भिक्षुओ! संज्ञा क्या है?

भिक्षुओ! संज्ञाकाय छः हैं। रूपसंज्ञा..., धर्मसंज्ञा। भिक्षुओ! इसी को संज्ञा कहते हैं।...

भिक्षुओ! जो श्रमण या ब्राह्मण इस प्रकार संज्ञा को जान...।

भिक्षुओ! संस्कार क्या है? भिक्षुओ! चेतनाकाय छः हैं। रूपसंचेतना...धर्मसंचेतना। भिक्षुओ! इसी को संस्कार कहते हैं। स्पर्श के समुदय से संस्कार का समुदय होता है।...

भिक्षुओ! जो श्रमण या ब्राह्मण इस प्रकार संस्कारों को जान...।

भिक्षुओ! विज्ञान क्या है?

भिक्षुओ! विज्ञानकाय छः हैं। चक्षुविज्ञान...मनोविज्ञान। भिक्षुओ! इसी को विज्ञान कहते हैं। नामरूप के समुदय से विज्ञान का समुदय होता है। नामरूप के निरोध से विज्ञान का निरोध होता है। आर्य अष्टांगिक मार्ग विज्ञान के निरोध का मार्ग है...।

विज्ञान के प्रत्यय से जो सुख सौमनस्य होता है वह विज्ञान का आस्वाद है। विज्ञान जो अनित्य, दुःख और विपरिणामधर्मा है वह विज्ञान का दोष है। जो विज्ञान के प्रति छन्दराग का प्रहीण हो जाना है वह विज्ञान की मुक्ति है।

भिक्षुओ! जो श्रमण या ब्राह्मण विज्ञान को इस प्रकार जान ...निर्वेद के लिये, तथा निर्वाण के लिये प्रतिपन्न होते हैं वे ही सुप्रतिपन्न हैं। जो सुप्रतिपन्न हैं वे इस विषय में प्रतिष्ठित होते हैं।

भिक्षुओ! जो श्रमण या ब्राह्मण इस प्रकार विज्ञान को जान ..., विज्ञान के निर्वेद से, विज्ञान के निरोध से तथा अनुपादान से विमुक्त हो गये हैं वे ही यथार्थ में विमुक्त हुए हैं। जो यथार्थ में विमुक्त हो गये हैं वे केवली हैं। जो केवली हो गये हैं उनके लिये भँवर नहीं है।

भिक्षुओ! इसी प्रकार भिक्षु सात स्थानों में कुशल होता है।

भिक्षुओ! भिक्षु कैसे तीन प्रकार से परीक्षा करने वाला होता है?

भिक्षुओ! भिक्षु धातु से परीक्षा करने वाला होता है। आयतन से परीक्षा करने वाला होता है। प्रतीत्यसमुत्पाद से परीक्षा करने वाला होता है।

भिक्षुओ! ऐसे ही भिक्षु तीन प्रकार से परीक्षा करने वाला होता है।

भिक्षुओ! जो भिक्षु सात स्थानों में कुशल तथा तीन प्रकार से परीक्षा करने वाला होता है, वह इस धर्म विनय में केवली, सफल ब्रह्मचर्य वाला, और उत्तम पुरुष कहा जाता है।

§ ६. बुद्ध सुत्त (२१. २. १. ६)

बुद्ध और प्रज्ञाविमुक्त भिक्षु में भेद

श्रावस्ती…।

…भिक्षुओ ! तथागत अर्हत् सम्यक् सम्बुद्ध रूप के निर्वेद, विराग तथा निरोध से उपादान-रहित हो विमुक्त सम्यक्-सम्बुद्ध कहे जाते हैं ; भिक्षुओ ! प्रज्ञाविमुक्त भिक्षु भी रूप के निर्वेद, विराग, निरोध तथा अनुपादान से विमुक्त हो प्रज्ञाविमुक्त कहा जाता है।

भिक्षुओ ! तथागत अर्हत् सम्यक् सम्बुद्ध वेदना…; संज्ञा…; संस्कार…; विज्ञान के निर्वेद, विराग, तथा निरोध से उपादान रहित हो विमुक्त सम्यक् सम्बुद्ध कहे जाते हैं। भिक्षुओ ! प्रज्ञाविमुक्त भिक्षु भी वेदना…; संज्ञा…; संस्कार…; विज्ञान के निर्वेद, विराग, निरोध तथा अनुपादान से विमुक्त हो प्रज्ञाविमुक्त कहा जाता है।

भिक्षुओ ! तो, तथागत अर्हत् सम्यक् सम्बुद्ध और प्रज्ञाविमुक्त भिक्षु में क्या भेद है ?

भन्ते ! भगवान् ही हमारे धर्म के अधिष्ठाता हैं, भगवान् ही नेता हैं, भगवान् ही प्रतिशरण हैं। अच्छा होता कि भगवान् ही इसे बताते। भगवान् से सुनकर भिक्षु धारण करेंगे।

भिक्षुओ ! तो सुनो, अच्छी तरह मन लगाओ, मैं कहता हूँ।"

"भन्ते ! बहुत अच्छा" कहकर भिक्षुओं ने भगवान् को उत्तर दिया।

भगवान् बोले—भिक्षुओ ! तथागत अर्हत् सम्यक् सम्बुद्ध अनुत्पन्न मार्ग के उत्पन्न करनेवाले होते हैं, अज्ञात मार्ग के जनाने वाले होते हैं, नहीं बताये गये मार्ग के बताने वाले होते हैं, मार्ग-विद् और मार्ग-कोविद होते हैं। भिक्षुओ ! इस समय के जो श्रावक हैं वे बाद में मार्ग का अनुगमन करने वाले हैं।

भिक्षुओ ! तथागत अर्हत् सम्यक् सम्बुद्ध और प्रज्ञाविमुक्त भिक्षु में यही भेद है।

§ ७. पञ्चवग्गिय सुत्त (२१. २. १. ७)

अनित्य, दुःख, अनात्म का उपदेश

ऐसा मैंने सुना।

एक समय भगवान् वाराणसी के पास ऋषिपतन मृगदाय में विहार करते थे।

वहाँ भगवान् ने पञ्चवर्गीय भिक्षुओं को आमन्त्रित किया।…

भिक्षुओ ! रूप अनात्म है। भिक्षुओ ! यदि रूप आत्मा होता तो यह दुःख का कारण नहीं बनता; और तब कोई ऐसा कह सकता, 'मेरा रूप ऐसा होवे, मेरा रूप ऐसा नहीं होवे।'

भिक्षुओ ! क्योंकि रूप अनात्म है इसीलिये यह दुःख का कारण होता है, और कोई ऐसा नहीं कह सकता है, 'मेरा रूप ऐसा होवे, मेरा रूप ऐसा नहीं होवे।'

भिक्षुओ ! वेदना…; संज्ञा…; संस्कार…; विज्ञान अनात्म है…

भिक्षुओ ! तो क्या समझते हो, रूप अनित्य है या नित्य ?

अनित्य, भन्ते !

जो अनित्य है वह दुःख है या सुख ?

दुःख भन्ते !

जो अनित्य, दुःख, और विपरिणामधर्मा है क्या उसे ऐसा समझना ठीक है कि 'यह मेरा है, यह मैं हूँ, यह मेरा आत्मा है' ?

नहीं भन्ते !

वेदना…; संज्ञा…; संस्कार…; विज्ञान नित्य है या अनित्य ?

अनित्य भन्ते !

जो अनित्य है वह दुःख है या सुख ?

दुःख भन्ते !

जो अनित्य, दुःख, और विपरिणामधर्मा है क्या उसे ऐसा समझना ठीक है कि, यह मेरा है, यह मैं हूँ, यह मेरा आत्मा है ?

नहीं भन्ते !

भिक्षुओ ! इसलिये, जो भी रूप—अतीत, अनागत वर्तमान् अध्यात्म, बाह्य, स्थूल, सूक्ष्म, हीन, प्रणीत, दूर में, या निकट में—है सभी को यथार्थतः प्रज्ञापूर्वक ऐसा समझना चाहिये कि 'यह मेरा नहीं है, यह मैं नहीं हूँ, यह मेरा आत्मा नहीं है।'

जो भी वेदना…; संज्ञा…; संस्कार…; विज्ञान…।

भिक्षुओ ! ऐसा समझने वाला विद्वान् आर्यश्रावक रूप में निर्वेद करता है, वेदना, संज्ञा, संस्कार, विज्ञान में निर्वेद करता है। निर्वेद करने से विरक्त हो जाता है। विरक्त होने से विमुक्त हो जाता है। विमुक्त हो जाने से विमुक्त हो गया—ऐसा ज्ञान होता है।जाति क्षीण हुई…—ऐसा जान लेता है।

भगवान् यह बोले। संतुष्ट हो पंचवर्गीय भिक्षुओं ने भगवान् के कहे का अभिनन्दन किया। इस धर्मोपदेश के किये जाने पर पंचवर्गीय भिक्षुओं का चित्त उपादान रहित हो आश्रवों से मुक्त हो गया।

§ ८. महालि सुत्त (२१. २. १. ८)

सत्वों की शुद्धि का हेतु, पूर्ण काश्यप का अहेतु-वाद

एक समय भगवान् वैशाली में महावन की कूटागार-शाला में विहार करते थे।

तब, महालि लिच्छवि जहाँ भगवान् थे वहाँ आया, और भगवान् का अभिवादन कर एक ओर बैठ गया।

एक ओर बैठ कर महालि लिच्छवि भगवान् से बोला, "भन्ते ! पुराण काश्यप ऐसा कहता है, सत्वों के संक्लेश के लिये कोई हेतु प्रत्यय नहीं है। बिना हेतु=प्रत्यय के सत्व संक्लेश में पड़ते हैं। सत्वों की विशुद्धि के लिये कोई हेतु प्रत्यय नहीं है। बिना हेतु=प्रत्यय के सत्व विशुद्ध होते हैं। इसमें भगवान् का क्या कहना है ?

महालि ! सत्वों के संक्लेश के लिये हेतु=प्रत्यय है। हेतु=प्रत्यय से ही सत्व संक्लेश में पड़ते हैं। सत्वों की विशुद्धि के लिये हेतु=प्रत्यय है। हेतु=प्रत्यय से ही सत्व विशुद्ध होते हैं।"

भन्ते ! सत्वों के संक्लेश के लिये क्या हेतु=प्रत्यय है ? कैसे हेतु=प्रत्यय संक्लेश में पड़ जाते हैं।

महालि ! यदि रूप केवल दुःख ही दुःख और सुख से सर्वदा रहित होता तो सत्व रूप में रक्त नहीं होते। महालि ! क्योंकि रूप में बड़ा सुख है तथा दुःख नहीं है, इसीलिये सत्व रूप में रक्त होते हैं, रक्त हो जाने से उसका संयोग करते हैं, संयोग से क्लेश में पड़ जाते हैं।

महालि ! सत्वों के संक्लेश का यह हेतु=प्रत्यय है। इस तरह भी, हेतु=प्रत्यय से सत्व संक्लेश में पड़ते हैं।

…[वेदना, संज्ञा, संस्कार, विज्ञान के साथ भी ऐसा ही]

भन्ते ! सत्वों की विशुद्धि का हेतु=प्रत्यय क्या है ? हेतु=प्रत्यय से सत्व कैसे विशुद्ध होते हैं ?

महालि ! यदि रूप केवल सुख ही सुख, और दुःख से सर्वथा रहित होता तो सत्व रूप से

निर्वेद नहीं करते। महालि ! क्योंकि रूप में यहाँ दुःख और सुख का अभाव है, इसलिये सत्त्व रूप से निर्वेद को प्राप्त होते हैं ; निर्वेद से विरक्त हो जाते हैं; विराग से विशुद्ध हो जाते हैं।

महालि ! सत्त्वों की विशुद्धि का यही हेतु=प्रत्यय है। इस तरह, हेतु=प्रत्यय से सत्त्व विशुद्ध हो जाते हैं।

...[वेदना, संज्ञा, संस्कार, विज्ञान के साथ भी ऐसा ही]

§ ९. आदित्त सुत्त (२१. २. १. ९)

रूपादि जल रहा है

श्रावस्ती ।

...भिक्षुओ ! रूप जल रहा (=आदीप्त) है। वेदना...; संज्ञा... ; संस्कार... ; विज्ञान जल रहा है।

भिक्षुओ ! विद्वान् आर्यश्रावक इसे समझ कर रूप से निर्वेद करता है, वेदना...; संज्ञा...; संस्कार...; विज्ञान से निर्वेद करता है। निर्वेद से विरक्त हो जाता है, विराग से मुक्त हो जाता है, मुक्त होने से मुक्त हो गया—ऐसा ज्ञान होता है।

जाति क्षीण हुई, ब्रह्मचर्य पूरा हो गया, जो करना था सो कर लिया, अब और कुछ बाकी नहीं बचा– ऐसा जान लेता है।

§ १०. निरुत्तिपथ सुत्त (२१. २. १. १०)

तीन निरुक्ति-पथ सदा एक-सा रहते हैं

श्रावस्ती ...।

...भिक्षुओ ! तीन निरुक्ति-पथ = अधिवचन पथ = प्रज्ञप्ति पथ बदले नहीं हैं; पहले भी कभी नहीं बदले थे और न आगे चलकर बदलेंगे। श्रमण, ब्राह्मण या विज्ञ पुरुष उसे उलट नहीं सकते हैं। कौन से तीन ?

भिक्षुओ ! जो रूप अतीत = निरुद्ध = विपरिणत हो गया, वह 'हुआ था' ऐसा जाना जाता है। वह 'अभी है' ऐसा जाना नहीं जाता। वह 'होगा' ऐसा भी नहीं जाना जाता।

जो वेदना...; संज्ञा...; संस्कार...; विज्ञान ।

भिक्षुओ ! जो रूप अभी उत्पन्न = प्रादुर्भूत नहीं हुआ है, वह 'होगा' ऐसा जाना जाता है। 'वह है' ऐसा जाना नहीं जाता। 'वह था' ऐसा जाना जाता।

जो वेदना ...; संज्ञा...; संस्कार...; विज्ञान...।

भिक्षुओ ! जो रूप अभी उत्पन्न = प्रादुर्भूत हुआ है, वह 'है' ऐसा जाना जाता है। 'वह होगा' ऐसा जाना नहीं जाता। 'वह था' ऐसा जाना नहीं जाता है।

जो वेदना...; संज्ञा...; संस्कार...; विज्ञान...।

भिक्षुओ ! यही तीन निरुक्ति पथ = अधिवचन-पथ=प्रज्ञप्ति पथ बदले नहीं हैं, पहले भी कभी नहीं बदले थे और आगे चलकर भी नहीं बदलेंगे। श्रमण, ब्राह्मण या विज्ञ पुरुष उसे उलट नहीं सकते हैं।

भिक्षुओ ! जो उत्कल (प्रान्त के रहने वाले) वस्स और भञ्ज अहेतुवादी, अक्रियवादी, नास्तिक-वादी हैं, वे भी इन तीन निरुक्ति पथ=अधिवचन पथ=प्रज्ञप्ति-पथ को मान्य और अनिन्द्य समझते हैं।

सो क्यों ? निन्दा और तिरस्कार के भय से।

उपय-वर्ग समाप्त

दूसरा भाग

अर्हत् वर्ग

§ १. उपादिय सुत्त (२१. २. २. १)

उपादान के त्याग से मुक्ति

श्रावस्ती…।

तब, कोई भिक्षु जहाँ भगवान् थे वहाँ आया और भगवान् का अभिवादन कर एक ओर बैठ गया।

एक ओर बैठ, वह भिक्षु भगवान् से बोला, "भन्ते ! भगवान् मुझे संक्षेप में धर्मोपदेश करें जिसे सुनकर मैं एकान्त में अकेला अप्रमत्त, आतापी और प्रहितात्म हो विहार करूँ।"

भिक्षु ! उपादान में पड़ा हुआ मार के बन्धन से बँधा रहता है; उपादान को छोड़ देनेवाला उस पापी से मुक्त हो जाता है।

भगवान् ! जान लिया। सुगत ! जान लिया।

भिक्षु ! मेरे संक्षेप से बताये गये का तुमने विस्तार से अर्थ क्या समझा ?

भन्ते ! रूप के उपादान में पड़ा हुआ मार के बन्धन से बँधा रहता है; रूप के उपादान को छोड़ देनेवाला उस पापी से मुक्त हो जाता है।

वेदना…; संज्ञा…; संस्कार…; विज्ञान…।

भन्ते ! भगवान् के संक्षेप से बताये गये का हमने विस्तार से यही अर्थ समझा है।

भिक्षु ! ठीक है।…तुम्हें यही समझना चाहिये।

तब, वह भिक्षु भगवान् के कहे का अभिनन्दन कर, भगवान् को प्रणाम कर चला गया।

तब, उस भिक्षु ने एकान्त में अकेला अप्रमत्त, आतापी और प्रहितात्म हो विहार करते हुये, शीघ्र ही ब्रह्मचर्य के उस अन्तिम फल को प्राप्त कर विहार करने लगा जिसके लिये कुलपुत्र भलीभाँति घर से बेघर हो प्रव्रजित हो जाते हैं। जाति क्षीण हुई…—ऐसा जान लेता है।

वह भिक्षु अर्हतों में एक हुआ।

§ २. मञ्ञमान सुत्त (२१. २. २. २)

मार से मुक्ति कैसे ?

श्रावस्ती…।

…एक ओर बैठ वह भिक्षु भगवान् से बोला, "भन्ते ! भगवान् मुझे संक्षेप में धर्मोपदेश करें"।

भिक्षु ! मानते हुये कोई मार के बन्धन में बँधा रहता है। मानना छोड़ देने से पापी के बन्धन से मुक्त हो जाता है।

…भन्ते ! रूप को मानते हुये कोई मार के बन्धन में बँधा रहता है।…[शेष उपरवाले सूत्र के समान ही।]

§ ३. अभिनन्दन सुत्त (२१. २. २. ३)

अभिनन्दन करते हुए मार के बन्धन में

श्रावस्ती…।

…भिक्षु ! अभिनन्दन करते हुये कोई मार के बन्धन में बँधा रहता है।…

[शेष ऊपर वाले सूत्र के समान]

§ ४. अनिच्च सुत्त (२१. २. २. ४)

छन्द का त्याग

श्रावस्ती…।

…भिक्षु ! जो अनित्य है उसके प्रति छन्द का प्रहाण कर देना चाहिये।

भगवान् ! समझ लिया। सुगत ! समझ लिया।

भिक्षु ! मेरे इस संक्षेप से कहे गये का तुमने विस्तार से अर्थ कैसे समझा ?

भन्ते ! रूप अनित्य है। उसके प्रति छन्द का प्रहाण कर देना चाहिये। वेदना…, संज्ञा…; संस्कार…; विज्ञान…।

…वह भिक्षु अर्हतों में एक हुआ।

§ ५. दुक्ख सुत्त (२१. २. २. ५)

छन्द का त्याग

श्रावस्ती…।

…भिक्षु ! जो दुःख है उसके प्रति छन्द का प्रहाण कर देना चाहिये।

…वह भिक्षु अर्हतों में एक हुआ।

§ ६. अनत्त सुत्त (२१. २. २. ६)

छन्द का त्याग

श्रावस्ती…।

…भिक्षु ! जो अनात्म है उसके प्रति छन्द का प्रहाण कर देना चाहिये।

…वह भिक्षु अर्हतों में एक हुआ।

§ ७. अनत्तनेय्य सुत्त (२१. २. २. ७)

छन्द का त्याग

श्रावस्ती…।

…भिक्षु ! जो अनात्मनीय है उसके प्रति छन्द का प्रहाण कर देना चाहिये।

…वह भिक्षु अर्हतों में एक हुआ।

§ ८. रजनीयसण्ठित सुत्त (२१. २. २. ८)

छन्द का त्याग

श्रावस्ती…।

…भिक्षु ! जो राग उत्पन्न करनेवाली चीज है उसके प्रति छन्द का प्रहाण कर दो।…

§ ९. राध सुत्त (२१. २. २. ९)

अहंकार का नाश कैसे ?

श्रावस्ती'''।

तब, आयुष्मान् राध जहाँ भगवान् थे वहाँ आये और भगवान् का अभिवादन करके एक ओर बैठ गये।

एक ओर बैठ आयुष्मान् राध भगवान् से बोले, भन्ते ! क्या जान और देखकर इस विज्ञान युक्त शरीर में तथा बाहर सभी निमित्तों में अहङ्कार, ममङ्कार और मानानुशय नहीं होते हैं ?

राध ! जो रूप है—अतीत, अनागत, वर्तमान, भीतर, बाहर, स्थूल, सूक्ष्म, हीन, प्रणीत, दूर में या निकट में—सभी 'मेरा नहीं है, मैं नहीं हूँ, मेरा आत्मा नहीं है'—ऐसा यथार्थतः प्रज्ञापूर्वक देखता है।

वेदना' , संज्ञा ' ; संस्कार , विज्ञान ।

राध ! इसे जान और देखकर इस विज्ञानयुक्त शरीर में तथा बाहर सभी निमित्तों में अहङ्कार, ममङ्कार और मानानुशय नहीं होते हैं।

'' आयुष्मान् राध अर्हतों में एक हुये।

§ १०. सुराध सुत्त (२१ २ २ १०)

अहङ्कार से चित्त की विमुक्ति कैसे ?

श्रावस्ती '।

तब, आयुष्मान् सुराध भगवान् से बोले, 'भन्ते ! क्या जान और देखकर इस विज्ञान युक्त शरीर में, तथा बाहर के सभी निमित्तों में अहङ्कार, ममङ्कार और मान से रहित हो चित्त विमुक्त होता है ?

सुराध ! जो रूप है ' , सभी 'मेरा नहीं है ' '—ऐसा जान और देखकर उपादान रहित हो कोई विमुक्त होता है।

वेदना , संज्ञा , संस्कार' , विज्ञान ।

सुराध ! इसे जान और देखकर इस विज्ञान युक्त शरीर में, तथा बाहर के सभी निमित्तों में अहङ्कार, ममङ्कार और मान से रहित हो चित्त विमुक्त होता है।

' आयुष्मान् सुराध अर्हतों में एक हुये।

अर्हत् वर्ग समाप्त

तीसरा भाग

स्वज्जनीय वर्ग

§ १. अस्साद सुत्त (२१. २. ३. १)

आस्वाद का यथार्थ ज्ञान

श्रावस्ती···।

"भिक्षुओ! अविद्वान् पृथक्जन रूप के आस्वाद, आदीनव (=दोष) और मोक्ष को यथार्थतः नहीं जानता है।

वेदना···; संज्ञा···; संस्कार···; विज्ञान···।

भिक्षुओ! विद्वान् आर्यश्रावक रूप के आस्वाद, दोष और मोक्ष को यथार्थतः जानता है।

वेदना···; संज्ञा···; संस्कार···; विज्ञान···।

§ २. पठम समुदय सुत्त (२१. २. ३. २)

उत्पत्ति का ज्ञान

श्रावस्ती···।

···भिक्षुओ! अविद्वान् पृथक्जन रूप के समुदय, अस्त, आस्वाद, दोष और मोक्ष को यथार्थतः नहीं जानता है।···

···विद्वान् आर्यश्रावक···यथार्थतः जानता है।

§ ३. दुतिय समुदय सुत्त (२१. २. ३. ३)

उत्पत्ति का ज्ञान

श्रावस्ती···।

···भिक्षुओ! विद्वान् आर्यश्रावक रूप के समुदय, अस्त, आस्वाद, दोष और मोक्ष को यथार्थतः जानता है।

वेदना···; संज्ञा···; संस्कार···; विज्ञान···।

§ ४. पठम अरहन्त सुत्त (२१. २. ३. ४)

अर्हत् सर्वश्रेष्ठ

श्रावस्ती···।

···भिक्षुओ! रूप अनित्य है। जो अनित्य है वह दुःख है। जो दुःख है वह अनात्म है। जो अनात्म है वह न मेरा है, न मैं हूँ, न मेरा आत्मा है। इसे यथार्थतः प्रज्ञापूर्वक समझना चाहिये।

वेदना···; संज्ञा···; संस्कार···; विज्ञान···।

भिक्षुओ ! विद्वान् आर्यश्रावक रूप में निर्वेद करता है। वेदना…; संज्ञा…; संस्कार…; विज्ञान…।

निर्वेद से विरक्त हो जाता है। विराग से विमुक्त हो जाता है। विमुक्त हो जाने से 'विमुक्त हो गया' ऐसा ज्ञान होता है। जाति क्षीण हुई…यह जान लेता है।

भिक्षुओ ! जितने सत्वावास भवाग्र हैं उनमें अर्हत् ही सर्वश्रेष्ठ और सर्वाग्र हैं।

भगवान् यह बोले। यह कहकर बुद्ध फिर भी बोले :—

अर्हत् बड़े सुखी हैं, उन्हें तृष्णा नहीं है।
अस्मि-मान समुच्छिन्न हो गया है, मोह-जाल कट गया है ॥१॥
शान्त, परमार्थ-प्राप्त, ब्रह्मभूत, अनाश्रव।
लोक में अनुपलिप्त, स्वच्छ चित्तवाले ॥२॥
पाँच स्कन्धों को जान, सात धर्मों में विचरनेवाले।
प्रशंसनीय, सत्पुरुष, बुद्ध के प्यारे पुत्र ॥३॥
सात रत्नों से सम्पन्न, तीन शिक्षाओं में शिक्षित।
महावीर विचरते हैं, जिनके भय भैरव प्रहीण हो गये हैं ॥४॥
दस अङ्गों से सम्पन्न, महा भाग, समाहित।
ये लोक में श्रेष्ठ हैं, उन्हें तृष्णा नहीं है ॥५॥
अशैक्ष्य-पद-प्राप्त, अन्तिम जन्म वाले।
ब्रह्मचर्य का जो सार है, उसे अपना लेने वाले ॥६॥
द्वैत में अकम्पित, पुनर्भव से विमुक्त।
दान्त-भूमिको प्राप्त, वे लोक के विजयी हैं ॥७॥
ऊपर, नीचे, टेढ़े, कहीं भी उन्हें आसक्ति नहीं है।
वे सिंह-नाद करते हैं, लोक के अनुत्तर बुद्ध ॥८॥

§ ५. दुतिय अरहन्त सुत्त (२१. २. ३. ५)

अर्हत् सर्वश्रेष्ठ

श्रावस्ती…।

…भिक्षुओ ! रूप अनित्य है। जो अनित्य है वह दुःख है। जो दुःख है वह अनात्म है। जो अनात्म है वह न तो मेरा है, न मैं हूँ, न मेरा आत्मा है। इसे यथार्थतः प्रज्ञा-पूर्वक देख लेना चाहिये।

वेदना…; संज्ञा…; संस्कार…; विज्ञान…।

भिक्षुओ ! विद्वान् आर्यश्रावक इसे देख रूप में निर्वेद करता है। वेदना…; संज्ञा…; संस्कार…; विज्ञान में निर्वेद करता है।

निर्वेद करते हुए विरक्त हो जाता है। विरक्त हो विमुक्त हो जाता है। विमुक्त हो 'विमुक्त हो गया' ऐसा ज्ञान होता है। जाति क्षीण हुई…—जान लेता है।

भिक्षुओ ! जितने सत्वावास भवाग्र हैं उनमें अर्हत् ही सर्वश्रेष्ठ और सर्वाग्र हैं।

§ ६. पठम सीह सुत्त (२१. २. ३. ६)

बुद्ध का उपदेश सुन देवता भी भयभीत हो जाते हैं

श्रावस्ती…।

…भिक्षुओ ! मृगराज सिंह साँझ को अपनी माँद से निकलता है। माँद से निकल कर जँभाई

लेता है। जँभाई लेकर अपने चारों ओर देखता है। अपने चारों ओर देखकर तीन बार गर्जना करता है। तीन बार गर्जना कर शिकार के लिये निकल जाता है।

भिक्षुओ ! जितने जानवर सिंह की गरजना सुनते हैं सभी भय = संवेग = संत्रास को प्राप्त होते हैं। बिल में रहनेवाले अपने बिल में घुस जाते हैं। जल में रहनेवाले जल में पैठ जाते हैं। जंगल-झाड में रहनेवाले जंगल झाड में पैठ जाते हैं। पक्षी आकाश में उड़ जाते हैं।

भिक्षुओ ! राजा के हाथी जो गाँव, कस्बे या राजधानी में बँधे रहते हैं वे भी अपने दृढ बन्धन को तोड़-ताड़, डर से पेशाब पाखाना करते जिधर-तिधर भाग खड़े होते हैं।

भिक्षुओ ! जानवरों में मृगराज सिंह का ऐसा तेज और प्रताप है।

भिक्षुओ ! इसी तरह, अर्हत्, सम्यक् सम्बुद्ध, विद्या चरण-सम्पन्न, सुगत, लोकविद्, पुरुषों को दमन करने में सारथी के समान, देवताओं और मनुष्यों के गुरु भगवान् बुद्ध लोक में जन्म लेकर धर्म का उपदेश करते हैं। यह रूप है। यह रूप का समुदय है। यह रूप का अस्त हो जाना है। यह वेदना··· ; संज्ञा···; संस्कार···; विज्ञान···।

भिक्षुओ ! जो दीर्घायु, वर्णवान्, सुख-सम्पन्न और ऊपर के विमानों में चिरकाल तक बने रहने वाले देव हैं वे भी बुद्ध के धर्मोपदेश सुनकर भय को प्राप्त होते हैं। अरे ! हम अनित्य होते हुए भी अपने को नित्य समझे बैठे थे। अरे ! हम अध्रुव होते हुए भी अपने को ध्रुव समझे बैठे थे। अरे ! हम अशाश्वत होते हुए भी अपने को शाश्वत समझे बैठे थे। अरे ! हम अनित्य = अध्रुव = अशाश्वत हो सत्काय के घोर अविद्या-मोह में पड़े थे।

भिक्षुओ ! देवताओं के साथ इस लोक में बुद्ध ऐसे तेजस्वी और प्रतापी हैं।

भगवान् यह बोले। यह कहकर बुद्ध फिर भी बोले :—

> जब बुद्ध अपने ज्ञान बल से धर्मचक्र का प्रवर्तन करते हैं,
> देवताओं के साथ इस लोक के सर्वश्रेष्ठ गुरु ॥१॥
> सत्काय का निरोध और सत्काय की उत्पत्ति,
> और आर्य अष्टाङ्गिक मार्ग, दुःखों को शान्त करनेवाला ॥२॥
> जो भी दीर्घायु देव हैं, वर्णवान्, यशस्वी,
> वे डर जाते हैं, जैसे सिंह से दूसरे जानवर ॥३॥
> क्योंकि वे सत्काय के फेर में पड़े हैं।
> अरे ! हम अनित्य हैं !
> ऐसे विमुक्त अर्हत् के उपदेश को सुनकर ॥४॥

§ ७. दुतिय सीह सुत्त (२१. २. ३. ७)

देवता दूर ही से प्रणाम् करते हैं

श्रावस्ती···।

···भिक्षुओ ! जो श्रमण या ब्राह्मण अपने अनेक पूर्व जन्मों की बातें याद करते हैं, वे सभी पाँच उपादान स्कन्धों को या उनमें किसी एक को याद करते हैं।

भूतकाल में मैं ऐसा रूपवाला था—यह याद करते हुये भिक्षुओ ! वह रूप ही को याद करता है। भूतकाल में मैं ऐसी वेदना वाला था—यह याद करते हुये भिक्षुओ ! वह वेदना ही को याद करता है।···ऐसी संज्ञा वाला···।···ऐसे संस्कारों वाला···;···ऐसे विज्ञान वाला···।

भिक्षुओ ! रूप क्यों कहा जाता है ? भिक्षुओ ! क्योंकि यह प्रभावित होता है, इसी से 'रूप' कहा जाता है। किससे प्रभावित होता है ? शीत से प्रभावित होता है। उष्ण से प्रभावित होता है।

भूख से प्रभावित होता है। प्यास से प्रभावित होता है। डँस, मच्छड, हवा, धूप तथा कीड़े-मकोड़े के स्पर्श से प्रभावित होता है। भिक्षुओ ! क्योंकि यह प्रभावित होता है इसी से 'रूप' कहा जाता है।

भिक्षुओ ! वेदना क्या कहा जाता है ? भिक्षुओ ! क्योंकि अनुभव करता है इसी से 'वेदना' कहा जाता है। क्या अनुभव करता है ? सुख का भी अनुभव करता है, दुःख का भी अनुभव करता है, सुख और दुःख से रहित का भी अनुभव करता है। भिक्षुओ ! क्योंकि अनुभव करता है इसीसे 'वेदना' कहा जाता है।

भिक्षुओ ! संज्ञा क्या कहा जाता है ? भिक्षुओ ! क्योंकि जानता है इसलिये 'संज्ञा' कहा जाता है। क्या जानता है ? नीले को भी जानता है। पीले को भी जानता है। लाल को भी जानता है। उजले को भी जानता है। भिक्षुओ ! क्योंकि जानता है इसलिये 'संज्ञा' कहा जाता है।

भिक्षुओ ! संस्कार क्यों कहा जाता है ? भिक्षुओ ! संस्कृत का अभिसंस्करण करता है, इसलिये संस्कार कहा जाता है। किस संस्कृत का अभिसंस्करण करता है ? रूपत्व के लिये संस्कृत रूप का अभिसंस्करण करता है। वेदनात्व के लिये संस्कृत वेदना का अभिसंस्करण करता है। संज्ञात्व के लिये संस्कृत संज्ञा का । संस्कारत्व के लिये संस्कृत संस्कारों का । विज्ञान के लिये संस्कृत विज्ञान का । भिक्षुओ ! संस्कृत का अभिसंस्करण करता है, इसलिये संस्कार कहा जाता है।

भिक्षुओ ! विज्ञान क्या कहा जाता है ? भिक्षुओ ! क्योंकि पहचानता है इसलिये विज्ञान कहा जाता है। क्या पहचानता है ? कसैले को भी पहचानता है। तीते को भी , कडुये को भी ,मीठे को भी , खारे को भी , जो खारा नहीं है उसे भी , नमकीन को भी , जो नमकीन नहीं है उसे भी । भिक्षुओ ! क्योंकि पहचानता है इसलिये विज्ञान कहा जाता है।

भिक्षुओ ! वहाँ विद्वान् आर्यश्रावक ऐसा मनन करता है।

इस समय मैं रूप से खाया जा रहा हूँ। अतीत काल में भी मैं रूप से खाया गया हूँ, जैसे इस समय खाया जा रहा हूँ। यदि मैं अनागत रूप का अभिनन्दन करूँगा तो अनागत रूप से भी वैसे ही खाया जाऊँगा जैसे इस वर्तमान रूप से। वह ऐसा मनन कर अतीत रूप में अनपेक्ष रहता है, अनागत रूप का अभिनन्दन नहीं करता है, तथा वर्तमान रूप के निर्वेद, विराग और निरोध के लिये प्रतिपन्न होता है।

इस समय मैं वेदना से खाया जा रहा हूँ । संज्ञा से , संस्कारों से , विज्ञान से ।

भिक्षुओ ! तो तुम क्या समझते हो, रूप नित्य है या अनित्य ?

अनित्य भन्ते !

जो अनित्य है वह दुःख है या सुख ?

दुःख भन्ते !

जो अनित्य, दुःख, विपरिणामधर्मा है क्या उसे ऐसा समझना चाहिये, "यह मेरा है, यह मैं हूँ, यह मेरा आत्मा है" ?

नहीं भन्ते !

वेदना , संज्ञा , संस्कार , विज्ञान ।

भिक्षुओ ! इसलिये, जो रूप अतीत, अनागत, वर्तमान् —है सभी न मेरा है, न मैं हूँ, न मेरा आत्मा है—ऐसा समझना चाहिये।

जो वेदना , संज्ञा , संस्कार , विज्ञान ।

भिक्षुओ ! इसी को कहते हैं कि आर्यश्रावक छोड़ता है, बटोरता नहीं , बुझा देता है, सुलगाता नहीं।

किसको छोड़ता है, बटोरता नहीं…; बुझा देता है, सुलगाता नहीं ?

रूप को…; वेदना को…; संज्ञा को…; संस्कारों को…; विज्ञान को…।

भिक्षुओ ! यह समझ कर, विद्वान् आर्यश्रावक रूप से भी निर्वेद करता है; वेदना से भी…; संज्ञा…; संस्कार…; विज्ञान…। निर्वेद करने से विरक्त हो जाता है। विरक्त हो विमुक्त हो जाता है। विमुक्त होने पर 'विमुक्त हो गया' ऐसा ज्ञान होता है। जाति क्षीण हुई…—जान लेता है।

भिक्षुओ ! इसी को कहते हैं कि न छोड़ता है और न बटोरता है…; न बुझाता है, न सुलगाता है। किसको न छोड़ता है और न बटोरता है…; न बुझाता है, न सुलगाता है ? रूप को…; वेदना को…; संज्ञा को…; संस्कारों को…; विज्ञान को…।

भिक्षुओ ! इस तरह बिल्कुल बुझाकर विमुक्त चित्त हो गये भिक्षु को इन्द्र, ब्रह्मा, प्रजापति आदि सभी देव दूर ही से प्रणाम करते हैं।

> हे पुरुष श्रेष्ठ ! आपको नमस्कार है,
> हे पुरुषोत्तम ! आपको नमस्कार है।
> जिससे हम भी उसे जानें,
> जिसके लिये आप ध्यान करते हैं ॥

§ ८. पिण्डोल सुत्त (२१. २. ३. ८)

लोभी की मुर्दाठी से तुलना

एक समय भगवान् शाक्य जनपद में कपिलवस्तु के निग्रोधाराम में विहार करते थे।

तब, भगवान् किसी कारणवश भिक्षु संघ को अपने पास से हटा सुबह में पहन और पात्र-चीवर ले कपिलवस्तु में भिक्षाटन के लिये पैठे।

भिक्षाटन से लौट भोजन कर लेने के उपरान्त दिन के विहार के लिये जहाँ महावन है वहाँ गये, और एक तरुण बिल्व वृक्ष के नीचे बैठ गये।

तब, एकान्त में ध्यान करते समय भगवान् के चित्त में यह वितर्क उठा :—मैंने भिक्षुसंघ को स्थापित किया है। यहाँ कितने नव प्रव्रजित भिक्षु भी हैं जो इस धर्मविनय में अभी तुरत ही आये हैं। *मुझे न देखने से शायद उनके मन में कुछ अन्यथात्व हो; जैसे माता को नहीं देखने से तरुण वत्स के मन* में अन्यथात्व होता है; जैसे पानी नहीं मिलने से अभी तुरत का लगाया बीज अन्यथात्व को प्राप्त होता है। तो क्यों न मैं भिक्षु-संघ को स्वीकार लूँ जैसे मैं पहले से कर रहा हूँ।

तब, सहम्पति ब्रह्मा अपने चित्त से भगवान् के चित्त को जान—जैसे बलवान् पुरुष समेटी बाँह को फैला दे और फैलाई बाँह को समेट ले वैसे—ब्रह्मलोक में अन्तर्धान हो भगवान् के सम्मुख प्रगट हुये।

तब, सहम्पति ब्रह्मा उपरनी को एक कन्धे पर सम्हाल भगवान् की ओर हाथ जोड़ कर बोले—भगवान् ! ऐसी ही बात है। सुगत ! ऐसी ही बात है। भन्ते ! भगवान् ने ही भिक्षु-संघ को स्थापित किया है।

यहाँ कितने नव-प्रव्रजित भिक्षु भी हैं जो इस धर्मविनय में अभी तुरत ही आये हैं। भगवान् को न देखने से शायद उनके मन में अन्यथात्व हो; जैसे माता को नहीं देखने से तरुण वत्स के मन में अन्यथात्व होता है; जैसे पानी नहीं मिलने से अभी तुरत का लगाया बीज अन्यथात्व को प्राप्त होता है।

भन्ते ! भगवान् भिक्षुसंघ का अभिनन्दन करें। भन्ते ! भगवान् भिक्षुसंघ का अभिनन्दन करें। जैसे भगवान् भिक्षुसंघ को पहले से स्वीकार कर रहे हैं, वैसे ही अभी भी स्वीकार कर लें।

भगवान् ने चुप रह कर स्वीकार कर लिया।

तब, सहम्पति ब्रह्मा भगवान् की स्वीकृति को जान भगवान् का अभिवादन और प्रदक्षिणा कर वहीं अन्तर्धान हो गये।

तब, साँझ को ध्यान से उठ भगवान् जहाँ निग्रोधाराम था वहाँ गये, और बिछे आसन पर बैठ गये। तब, भगवान् ने अपने ऋद्धि-बल से ऐसा किया कि सारा भिक्षुसंघ एक साथ बड़े प्रेम से भगवान् के सम्मुख आ उपस्थित हुआ। वे भिक्षु भगवान् के पास आ, अभिवादन कर एक ओर बैठ गये।

एक ओर बैठे हुये उन भिक्षुओं से भगवान् बोले:—

भिक्षुओ ! यह जो भिक्षाटन करके जीना है सो सभी जीविकाओं में हीन है। किन्तु, तुम अपने हाथ में पात्र ले सारे मान को छोड़ भिक्षाटन करते फिरते हो। भिक्षुओ ! यह कुलपुत्र अपने किसी उद्देश्य के कारण ही ऐसा करते हैं। वे किसी राजा या किसी चोर से दण्डित होकर ऐसा नहीं करते, न तो किसी और भय से, और न किसी दूसरी जीविका न मिलने के कारण ही। बल्कि, जन्म, जरा, मृत्यु, शोक, रोना, पीटना, दुःख, दौर्मनस्य और उपायास (=परेशानी) से मुक्त हो जाने के लिए ही वे ऐसा व्रताचरण करते हैं, जिससे हमें इस विशाल दुःखराशि का अन्त मिल जाय। भिक्षुओ ! कुलपुत्र ऐसी महत्वाकांक्षा को लेकर प्रव्रजित होता है।

यदि वह (कुलपुत्र) लोभी, भोग विलास में तीव्र राग करनेवाला, गिरे हुए चित्तवाला, दोषपूर्ण संकल्पोंवाला, मूढ़ स्मृतिवाला, असंप्रज्ञ, असमाहित, विभ्रान्त चित्तवाला, और असंयतेन्द्रिय हो, तो हे भिक्षुओ ! वह श्मशान में फेंकी हुई उस जली लकड़ी के समान है, जो दोनों ओर से जली हुई और बीच में गन्दगी लगी हुई है, जो न गाँव में और न तो जंगल ही में लकड़ी के काम में आ सकती है। वह गृहस्थ के भोग से भी वंचित रहता है, और अपने श्रमण भाव को भी नहीं पूरा कर सकता है।

भिक्षुओ ! तीन अकुशल (=पापके) वितर्क हैं—(१) काम वितर्क, (२) व्यापाद-वितर्क और (३) विहिंसा वितर्क। भिक्षुओ ! यह तीन वितर्क कहाँ बिल्कुल निरुद्ध हो जाते हैं ? चार स्मृति प्रस्थानों में सुप्रतिष्ठित या अनिमित्त समाधि के अभ्यस्त चित्त में।

भिक्षुओ ! अतः तुम्हें इस अनिमित्त समाधि की भावना करनी चाहिए। भिक्षुओ ! इस समाधि की भावना तथा अभ्यास का फल महान् है।

भिक्षुओ ! दो (मिथ्या) दृष्टियाँ हैं, (१) भव दृष्टि और (२) विभव दृष्टि। भिक्षुओ ! जो कोई पण्डित आर्यश्रावक ऐसा विचारता है—क्या इस लोक में ऐसी कोई चीज है जिसे पाकर मैं दोष से बचा रह सकूँ ?

वह ऐसा जान लेता है—इस लोक में ऐसी कोई चीज नहीं है जिसे पाकर मैं दोष से बचा रह सकूँ। मैं पाने की कोशिश करूँगा तो रूप ही को, वेदना ही को, संज्ञा ही को, संस्कार ही को, या विज्ञान ही को पाऊँगा। उस पाने की कोशिश (=उपादान) से भव होगा, भव से जाति, जाति से जरामरण··· होंगे। इस प्रकार सारा दुःख समूह उठ खड़ा होगा।

भिक्षुओ ! तो क्या समझते हो, रूप नित्य है या अनित्य ?

भन्ते ! अनित्य।

यदि अनित्य है तो वह दुःख है या सुख ?

भन्ते ! दुःख है।

जो अनित्य, दुःख, परिवर्तन शील है उसे क्या ऐसा समझना ठीक है कि—यह मेरा है, यह मैं हूँ, यह मेरा आत्मा है ?

भन्ते ! ऐसा समझना ठीक नहीं।

भिक्षुओ ! तो क्या समझते हो, वेदना···, संज्ञा···, संस्कार···, विज्ञान···।

भिक्षुओ ! इसी से ऐसा समझने वाला…फिर जन्म को नहीं ग्रहण करता है।

§ ९. पारिलेय्य सुत्त (२१. २. ३. ९)

आश्रवों का क्षय कैसे ?

एक समय भगवान् कौशाम्बी के घोषिताराम में विहार करते थे।

तब, भगवान् पूर्वाह्न समय पहन और पात्र-चीवर ले कौशाम्बी में भिक्षाटन के लिये पैठे। कौशाम्बी में भिक्षाटन करके लौट, भोजन कर लेने के बाद स्वयं अपने आसन लपेट, पात्र और चीवर ले, किसी सहायक को बिना कुछ कहे और भिक्षु-संघ से भी बिना मिले बिल्कुल अकेले रमत के लिये चल पड़े।

तब, भगवान् के चले जाने के कुछ ही देर बाद कोई भिक्षु जहाँ आयुष्मान् आनन्द थे वहाँ आया। आकर आयुष्मान् आनन्द से बोला—आवुस आनन्द ! अभी तुरत भगवान् स्वयं अपने आसन लपेट, पात्र और चीवर ले, किसी सहायक को बिना कुछ कहे और भिक्षु संघ से भी बिना मिले बिल्कुल अकेले रमत के लिये निकल गये हैं। आवुस !…ऐसे समय भगवान् अकेला विहार करना चाहते हैं, अतः किसी को उनके पीछे पीछे हो लेना अच्छा नहीं।

तब, भगवान् रमत (= चारिका) लगाते हुये क्रमशः वहाँ पहुँचे जहाँ पारिलेय्यक है। वहाँ भगवान् पारिलेय्यक में भद्रशाल वृक्ष के नीचे विहार करने लगे।

तब, कुछ भिक्षु जहाँ आयुष्मान् आनन्द थे वहाँ पहुँचे, और कुशल समाचार पूछ कर एक ओर बैठ गये। एक ओर बैठ, वे भिक्षु आयुष्मान् आनन्द से बोले—आवुस आनन्द ! भगवान् के मुँह से धर्म सुने बहुत दिन बीत गये। बड़ी इच्छा हो रही है कि फिर भी भगवान् के मुँह से धर्म सुनें।

तब, आयुष्मान् आनन्द उन भिक्षुओं को साथ ले पारिलेय्यक में भद्रशाल वृक्ष के नीचे जहाँ भगवान् विहार कर रहे थे वहाँ गये और भगवान् का अभिवादन कर एक ओर बैठ गये।

एक ओर बैठे हुये उन भिक्षुओं को भगवान् ने धर्मोपदेश कर दिखा दिया, बतला दिया, उत्साह से भर दिया और पुलकित कर दिया।

उस समय किसी भिक्षु के चित्त में ऐसा वितर्क उठा—क्या जान और देख लेने से आश्रवों का क्षय होता है ?

तब, भगवान् ने अपने चित्त से उस भिक्षु के चित्त के वितर्क को जान भिक्षुओं को आमन्त्रित किया—भिक्षुओ ! मैंने विश्लेषण करके बतला दिया कि धर्म क्या है, चार स्मृति प्रस्थान क्या हैं, चार सम्यक् प्रधान क्या हैं, चार ऋद्धि-पाद क्या हैं, पाँच इन्द्रियाँ क्या है, पाँच बल क्या हैं, सात बोध्यङ्ग क्या हैं, आर्य अष्टाङ्गिक मार्ग क्या है। भिक्षुओ ! मैंने इस प्रकार विश्लेषण कर धर्म समझा दिया है। भिक्षुओ ! तो भी, एक भिक्षु के चित्त में ऐसा वितर्क उठा है—क्या जान और देख लेने से आश्रवों का क्षय होता है ?

भिक्षुओ ! क्या जान और देख लेने से आश्रवों का क्षय होता है ?

भिक्षुओ ! कोई अज्ञ = पृथक्जन = आर्य सत्यों को न समझने वाला…सत्पुरुषों के धर्म में अविनीत रूप को आत्मा करके जानता है। भिक्षुओ ! ऐसा जो जानना है वह संस्कार कहलाता है। उस संस्कार का क्या निदान = समुदय = जाति = प्रभव है ?

भिक्षुओ ! अविद्या-पूर्वक संस्पर्श से जो वेदना होती है उससे अज्ञ=पृथक्जन को तृष्णा उत्पन्न होती है। उसी से संस्कार पैदा होता है। भिक्षुओ ! इस तरह, वह संस्कार भी अनित्य, संस्कृत और किसी कारण से उत्पन्न होने वाला है। वह तृष्णा भी अनित्य, संस्कृत और किसी कारणसे उत्पन्न होने

वाली है। यह वेदना भी···। यह स्पर्श भी···। यह अविद्या भी···। भिक्षुओ ! इसे भी जान और देख लेने से आश्रवों का क्षय होता है।

वह रूप को आत्मा करके नहीं जानता है, किंतु आत्मा को रूप वाला जानता है। भिक्षुओ ! उसका जो ऐसा जानना है वह संस्कार है। उस संस्कार का क्या निदान = समुदय = जाति = प्रभव है ? भिक्षुओ ! अविद्या-पूर्वक संस्पर्श से जो वेदना होती है उससे अज्ञ = पृथक्जन को तृष्णा उत्पन्न होती है। उसी से संस्कार पैदा होता है। भिक्षुओ ! इस तरह वह संस्कार भी अनित्य···, तृष्णा भी···, वेदना भी···; स्पर्श भी···, अविद्या भी अनित्य, संस्कृत और किसी कारण से उत्पन्न होने वाली है। भिक्षुओ ! इसे भी जान और देख लेने से आश्रवों का क्षय होता है।

वह रूप को आत्मा करके नहीं जानता है, और न आत्मा को रूपवाला जानता है, किन्तु आत्मा में रूप है ऐसा जानता है। भिक्षुओ ! उसका जो ऐसा जानना है वह संस्कार है। उस संस्कार का क्या निदान···। भिक्षुओ ! इसे भी जान और देख लेने से आश्रवों का क्षय होता है।

वह रूप को आत्मा करके नहीं जानता है, न आत्मा को रूपवाला जानता है, न आत्मा में रूप है, ऐसा जानता है, किन्तु रूप में आत्मा है, ऐसा जानता है। भिक्षुओ ! उसका जो ऐसा जानना है वह संस्कार है। उस संस्कार का क्या निदान = समुदय = जाति = प्रभाव है ? भिक्षुओ ! अविद्या पूर्वक संस्पर्श से जो वेदना होती है उससे अज्ञ=पृथक् जन को तृष्णा उत्पन्न होती है। उसी से संस्कार पैदा होता है। भिक्षुओ ! इस तरह, यह संस्कार भी अनित्य ··,तृष्णा भी···, वेदना भी·· , स्पर्श भी···, अविद्या भी अनित्य, संस्कृत और किसी कारण से उत्पन्न होने वाली है। भिक्षुओ ! इसे भी जान और देख लेने से आश्रवों का क्षय होता है।

वह रूप को आत्मा करके नहीं जानता है, न आत्मा को रूपवाला जानता है, न आत्मा में रूप है ऐसा जानता है, और न रूप में आत्मा है ऐसा जानता है, किन्तु वह वेदना को आत्मा करके जानता है···, आत्मा को वेदना वाला जानता है···, आत्मा में वेदना है ऐसा जानता है···, वेदना में आत्मा है ऐसा जानता है। संज्ञा को ··। संस्कार को··। विज्ञान को···।

वह न तो रूप को, न वेदना को, न संज्ञा को, न संस्कार को और न विज्ञान को आत्मा करके जानता है; किन्तु ऐसा मत मानता है—जो आत्मा है वही लोक है। सो मैं मरने के बाद नित्य, ध्रुव, शाश्वत और परिवर्तन-रहित हो जाऊँगा।

भिक्षुओ ! उसकी जो यह शाश्वत दृष्टि है वह संस्कार है। उस संस्कार का क्या निदान है ·। भिक्षुओ ! इसे भी जान और देख कर आश्रवों का क्षय होता है।

···किन्तु वह ऐसा मत मानता है—न मैं हुआ हूँ और न मेरा कुछ होवे, न मैं हूँगा और न मेरा कुछ होगा।

भिक्षुओ ! उसकी जो यह उच्छेद दृष्टि है वह संस्कार है।···। भिक्षुओ ! इसे भी जान और देख कर आश्रवों का क्षय होता है।

·· किन्तु वह सन्देह वाला होता है, विचिकित्सा करने वाला और सद्धर्म में उसकी निष्ठा नहीं होती है।

भिक्षुओ ! उसका जो यह सन्देह करना और सद्धर्म में निष्ठा का नहीं होना है वह संस्कार है। उस संस्कार का क्या निदान = समुदय = जाति = प्रभव है ? भिक्षुओ ! अविद्या-पूर्वक संस्पर्श से जो वेदना होती है उससे अज्ञ = पृथक्जन को तृष्णा उत्पन्न होती है। उसी से संस्कार पैदा होता है। भिक्षुओ ! इस तरह, यह संस्कार भी अनित्य···, तृष्णा भी···, वेदना भी···, स्पर्श भी···, अविद्या भी अनित्य, संस्कृत और किसी कारण से उत्पन्न होने वाली है। भिक्षुओ ! इसे भी जान और देख लेने से आश्रवों का क्षय होता है।

§ १०. पुण्णमा सुत्त (२१ २ ३ १०)

पञ्चस्कन्धों की व्याख्या

एक समय भगवान् बड़े भिक्षु-संघ के साथ श्रावस्ती में मृगारमाता के पूर्वाराम प्रासाद में विहार करते थे।

उस समय, भगवान् उपोसथ को पूर्णिमा की चाँदनी रात में भिक्षु-संघ के बीच खुली जगह में बैठे थे।

तब, कोई भिक्षु अपने आसन से उठ, उपरनी को एक कन्धे पर सम्हाल, भगवान् की ओर हाथ जोड़कर बोला—यदि भगवान् की अनुमति हो तो मैं भगवान् से कोई प्रश्न पूछूँ?

भिक्षु! तो, तुम अपने आसन पर बैठकर जो पूछना चाहते हो पूछो।

'भन्ते! बहुत अच्छा' कह वह भिक्षु अपने आसन पर बैठ गया और बोला—भन्ते! यही पाँच उपादान स्कन्ध हैं न, जो (१) रूप उपादान स्कन्ध, (२) वेदना उपादान स्कन्ध, (३) संज्ञा उपादान स्कन्ध, (४) संस्कार उपादान स्कन्ध और (५) विज्ञान उपादान स्कन्ध?

हाँ भिक्षु! यही पाँच उपादान स्कन्ध हैं, जो रूप उपादान स्कन्ध ।

साधुकार दे, वह भिक्षु भगवान् के कहे का अभिनन्दन और अनुमोदन कर उसके आगे का प्रश्न पूछा—भन्ते! इन पाँच उपादान स्कन्धों का मूल क्या है?

भिक्षु! इन पाँच उपादान स्कन्धों का मूल इच्छा (=छन्द) है।

साधुकार दे प्रश्न पूछा—भन्ते! जो उपादान है क्या वही पंच उपादान स्कन्ध है, या पंच उपादान स्कन्ध दूसरा है और उपादान दूसरा?

भिक्षु! न तो जो उपादान है वही पंच उपादान स्कन्ध है, और न पंच उपादान स्कन्ध से भिन्न ही कोई उपादान है। बल्कि, जो जहाँ छन्दराग है वही वहाँ उपादान है।

साधुकार दे प्रश्न पूछा—भन्ते! पाँच उपादान स्कन्धों में छन्दराग का नानात्व होता है या नहीं?

भगवान् बोले, "होता है। भिक्षु! किसी के मन में ऐसा होता है—मैं आगे चलकर ऐसा रूप वाला हूँगा, ऐसी वेदनावाला हूँगा, ऐसी संज्ञावाला हूँगा, ऐसे संस्कारवाला हूँगा, ऐसा विज्ञान वाला हूँगा। भिक्षु, इस तरह पाँच उपादान स्कन्धों में छन्द राग का नानात्व होता है।

साधुकार दे फिर आगे का प्रश्न पूछा भन्ते! इन स्कन्धों का नाम 'स्कन्ध" क्यों पड़ा?

भिक्षुओ! जो रूप—अतीत, अनागत, वर्तमान, अध्यात्म, बाह्य, स्थूल, सूक्ष्म, हीन, प्रणीत, दूर, निकट है—वह रूप स्कन्ध कहा जाता है। जो वेदना । जो संज्ञा । जो संस्कार । जो विज्ञान—अतीत —है वह विज्ञान स्कन्ध कहा जाता है। भिक्षु! इसी से स्कन्धों का नाम स्कन्ध पड़ा है।

साधुकार दे फिर आगे का प्रश्न पूछा—भन्ते! रूप स्कन्ध की प्रज्ञप्ति का क्या हेतु=प्रत्यय है? वेदना स्कन्ध की ? संज्ञा स्कन्ध की ? संस्कार स्कन्ध की ? विज्ञान स्कन्ध की प्रज्ञप्ति का क्या हेतु = प्रत्यय है?

भिक्षु! रूप स्कन्ध की प्रज्ञप्ति का हेतु = प्रत्यय यही चार महाभूत हैं। वेदना स्कन्ध की प्रज्ञप्ति का हेतु = प्रत्यय स्पर्श है। संज्ञा स्कन्ध की प्रज्ञप्ति का हेतु = प्रत्यय स्पर्श है। संस्कार स्कन्ध की प्रज्ञप्ति का हेतु = प्रत्यय स्पर्श है। विज्ञान-स्कन्ध की प्रज्ञप्ति का हेतु = प्रत्यय नाम रूप है।

साधुकार दे फिर आगे का प्रश्न पूछा—भन्ते! सत्काय दृष्टि कैसे होती है?

भिक्षु! कोई अज्ञ = पृथक्जन रूप को आत्मा करके जानता है, या आत्मा को रूपवान्,

या आत्मा में रूप, या रूप में आत्मा जानता है। वेदना को···। संज्ञा को···। संस्कार को···। विज्ञान को आत्मा करके ···। भिक्षु ! इसी तरह सत्काय दृष्टि होती है।

साधुकार दे · फिर आगे का प्रश्न पूछा—भन्ते ! रूप के क्या आस्वाद, दोष और मोक्ष हैं ? वेदना··, संज्ञा···, संस्कार··, विज्ञान के क्या आस्वाद, दोष और मोक्ष हैं ?

भिक्षु ! रूप के कारण जो सुख और आराम उत्पन्न होता है वह रूप का आस्वाद है। रूप जो अनित्य, दु:ख, और परिवर्तनशील है वह रूप का दोष है। रूप के प्रति जो छन्दराग का प्रहाण है वह रूप से मोक्ष है। वेदना के··। संज्ञा के ·। संस्कारों के···। विज्ञान के कारण जो सुख और आराम उत्पन्न होता है वह विज्ञान का आस्वाद है। विज्ञान जो अनित्य, दु:ख, और परिवर्तनशील है वह विज्ञान का दोष है। विज्ञान के प्रति जो छन्दराग का प्रहाण है वह विज्ञान से मोक्ष है।

साधुकार दे· फिर आगे का प्रश्न पूछा—भन्ते ! क्या जान और देखकर इस विज्ञान वाले शरीर में तथा बाहर के सभी निमित्तों में अहंकार, ममंकार, मान और अनुशय नहीं होते हैं ?

भिक्षु ! जो रूप—अतीत, अनागत, वर्तमान, आध्यात्म, बाह्य, स्थूल, सूक्ष्म, हीन, प्रणीत, दूर, निकट—है सभी न मेरा है, न 'मैं' हूँ, और न मेरा आत्मा है। इसे यथार्थतः प्रज्ञा पूर्वक जान लेता है। जो वेदना , संज्ञा · , संस्कार···, विज्ञान न मेरा है, न 'मैं' हूँ और न मेरा आत्मा है। इसे यथार्थतः प्रज्ञा पूर्वक जान लेता है। भिक्षु ! इसे ही जान और देखकर इस विज्ञानवाले शरीर में तथा बाहर के सभी निमित्तों में अहंकार, ममंकार, मान और अनुशय नहीं होते हैं।

उस समय किसी भिक्षु के चित्त में ऐसा वितर्क उठा—यदि रूप अनात्म है, वेदना, संज्ञा, संस्कार, विज्ञान सभी अनात्म हैं, तो अनात्म से किये गये कर्म कैसे किसी को लगेंगे ?

तब, भगवान् ने अपने चित्त से उस भिक्षु के चित्त के वितर्क को जान भिक्षुओं को आमन्त्रित किया—भिक्षुओ ! हो सकता है कि यहाँ कोई बेसमझ, अविद्वान् , तृष्णा से अभिभूत हो अपने चित्त से बुद्ध के धर्म को लाँघ जाने योग्य समझ बैठे—कि यदि रूप अनात्म है···तो अनात्म से किये गये कर्म कैसे किसी को लगेंगे ! भिक्षुओ ! धर्म में ऐसी-ऐसी जगहों पर तुम्हें पूछ कर समझ लेना चाहिये।

भिक्षुओ ! तो क्या समझते हो रूप नित्य है या अनित्य ?

अनित्य भन्ते !

वेदना· ·, संज्ञा···, संस्कार ··, विज्ञान··· !

जो अनित्य है वह दु:ख होगा या सुख ?

भन्ते ! दु:ख होगा।

जो अनित्य, दु:ख, और परिवर्तनशील है उसे क्या ऐसा समझना उचित है—यह मेरा है, यह मैं हूँ, यह मेरा आत्मा है ?

नहीं भन्ते !

इसलिये··। यह जान और देख वह पुनर्जन्म में नहीं पड़ता।

खज्जनीय वर्ग समाप्त

चौथा भाग

स्थविर वर्ग

§ १. आनन्द सुत्त (२१. २. ४. १)

उपादान से ही अहंभाव

ऐसा मैंने सुना।

एक समय आयुष्मान् आनन्द श्रावस्ती में अनाथपिण्डिक के आराम जेतवन में विहार करते थे।

वहाँ आयुष्मान् आनन्द ने भिक्षुओं को आमंत्रित किया—आवुस भिक्षुओ !

"आवुस !" कहकर उन भिक्षुओं ने आयुष्मान् आनन्द को उत्तर दिया।

आयुष्मान् आनन्द बोले—आवुस ! यह आयुष्मान् मन्तानिपुत्र पूर्ण हम नये भिक्षुओं के बड़े उपकार करने वाले हैं। वे हमें ऐसा उपदेश देते हैं, "आवुस आनन्द ! उपादान के कारण ही 'अस्मि' होता है, अनुपादान के कारण नहीं।

"किसके उपादान से 'अस्मि' (=मैं हूँ) होता है···।

"रूप के उपादान से 'अस्मि' होता है, उसके अनुपादान से नहीं। वेदना के···। संज्ञा के···। संस्कार के···। विज्ञान के उपादान से 'अस्मि' होता है, उसके अनुपादान से नहीं।

"आवुस आनन्द ! जैसे कोई स्त्री, पुरुष, लड़का या युवक अपने को सज धज कर दर्पण या परि-शुद्ध निर्मल जलपात्र में अपने चेहरे को देखते हुए उपादान के साथ देखे, अनुपादान के साथ नहीं। आवुस आनन्द ! इसी तरह रूप के उपादान से 'अस्मि' होता है, उसके अनुपादान से नहीं। वेदना···। संज्ञा···। संस्कार···। विज्ञान के उपादान से 'अस्मि' होता है, उसके अनुपादान से नहीं।

"आवुस आनन्द ! तो तुम क्या समझते हो, रूप नित्य है या अनित्य ?

आवुस ! अनित्य है।

"वेदना···; संज्ञा···; संस्कार···; विज्ञान···।

आवुस ! अनित्य है।

"इसलिये···, यह जान और देख कर पुनर्जन्म में नहीं पड़ता है।"

आवुस ! आयुष्मान् मन्तानिपुत्र पूर्ण हम नये भिक्षुओं के बड़े उपकार करने वाले हैं। वे हमें ऐसा उपदेश देते हैं। उनके इस धर्मोपदेश को सुन मैं स्रोतापन्न हो गया।

§ २. तिस्स सुत्त (२१. २. ४. २)

राग-रहित को शोक नहीं

श्रावस्ती···जेतवन···।

उस समय भगवान् के चचेरे भाई आयुष्मान् तिष्य कुछ भिक्षुओं के बीच ऐसा कह रहे थे—आवुस ! मुझे कुछ उत्साह नहीं हो रहा है; मुझे दिशायें भी नहीं दीख रही हैं; धर्म भी मुझे नहीं ख्याल

हो रहा है; मेरे चित्त में बड़ा आलस्य हो रहा है; बेमन से मैं ब्रह्मचर्य का पालन कर रहा हूँ; धर्म में मुझे विचिकित्सा उत्पन्न हो रही है।

तब, कुछ भिक्षु जहाँ भगवान् थे वहाँ आये, और भगवान् को अभिवादन कर एक ओर बैठ गये। एक ओर बैठ, उन भिक्षुओं ने भगवान् से कहा, "भन्ते! भगवान् के चचेरे भाई आयुष्मान् तिष्य कुछ भिक्षुओं के बीच ऐसा कह रहे थे—···धर्म में मुझे विचिकित्सा उत्पन्न हो रही है।"

तब, भगवान् ने किसी भिक्षु को आमन्त्रित किया, "भिक्षु! सुनो, मेरी ओर से जाकर तिष्य भिक्षु को कहो—आवुस तिष्य! आपको बुद्ध बुला रहे हैं।"

"भन्ते, बहुत अच्छा" कह वह भिक्षु भगवान् को उत्तर दे जहाँ आयुष्मान् तिष्य थे वहाँ गया, और बोला—आवुस तिष्य! बुद्ध आपको बुला रहे हैं।

"आवुस! बहुत अच्छा" कह, आयुष्मान तिष्य उस भिक्षु को उत्तर दे जहाँ भगवान् थे वहाँ आया और भगवान् को अभिवादन कर एक ओर बैठ गया।

एक ओर बैठे हुये आयुष्मान् तिष्य से भगवान् बोले, "तिष्य! क्या तुमने सचमुच कुछ भिक्षुओं के बीच ऐसा कहा है—···धर्म में मुझे विचिकित्सा उत्पन्न हो रही है?"

भन्ते! हाँ।

तिष्य! तो तुम क्या समझते हो, जिसे रूप के प्रति राग = छन्द = प्रेम = पिपासा = परिलाह = तृष्णा बने हैं उसे उस रूप के विपरिणत तथा अन्यथा हो जाने से क्या शोक, रोना, पीटना, दुःख, दौर्मनस्य और उपायास (=परेशानी) नहीं होते हैं?"

हाँ भन्ते! होते हैं।

ठीक है, तिष्य! ऐसी ही बात है। रूप के प्रति···; वेदना के प्रति···, संज्ञा के प्रति···; संस्कारों के प्रति···; रागादि से···शोक, परिदेव·· उत्पन्न होते हैं?

हाँ भन्ते!

ठीक है, तिष्य! ऐसी ही बात है। विज्ञान के प्रति जिसे राग = छन्द = प्रेम = पिपासा = परिलाह = तृष्णा बने हैं उसे उस विज्ञान के विपरिणत तथा अन्यथा हो जाने से शोक, रोना, पीटना, दुःख, दौर्मनस्य और उपायास होते ही हैं।

हाँ भन्ते!···

तिष्य! तो क्या समझते हो, जिसे रूप के प्रति सभी रागादि नष्ट हो गये हैं उसे उस रूप के विपरिणत तथा अन्यथा हो जाने से शोकादि होंगे?

नहीं भन्ते!

ठीक है, तिष्य! ऐसी ही बात है। जिसे रूप के प्रति··; वेदना के प्रति···; संज्ञा के प्रति···; संस्कार के प्रति···; विज्ञान के प्रति सभी रागादि नष्ट हो गये हैं उसे उस विज्ञान के विपरिणत तथा अन्यथा हो जाने से शोकादि नहीं होंगे।

तिष्य! तो तुम क्या समझते हो, रूप नित्य है या अनित्य?

अनित्य भन्ते!

वेदना···; संज्ञा···; संस्कार···; विज्ञान···?

अनित्य भन्ते!

इसलिए···यह जान और देख लेने से भी पुनर्जन्म नहीं होता है।

तिष्य! जैसे, दो पुरुष हों। एक पुरुष मार्ग-कुशल हो और दूसरा नहीं। तब, वह मनुष्य जो मार्गकुशल नहीं है उस मार्गकुशल मनुष्य से मार्ग पूछे। वह ऐसा कहे—हे पुरुष! यह मार्ग है। इस पर कुछ दूर जाओ। कुछ दूर जाकर तुम एक दोरास्ता देखोगे। वहाँ बायें को छोड़ दाहिने को पकड़ना।

उस रास्ते पर भी कुछ दूर जाओ। कुछ दूर जाकर तुम्हें एक घना जंगल मिलेगा। उस पर भी कुछ दूर जाओ। कुछ दूर जाकर तुम्हें एक नीचा गड्ढा मिलेगा। उस पर भी कुछ दूर जाओ। कुछ दूर जाकर तुम्हें एक खाई और प्रपात मिलेगा। उस पर भी कुछ दूर जाओ। कुछ दूर जाकर तुम एक समतल रमणीय प्रदेश में पहुँचोगे।

तिष्य ! बात को समझने के लिये मैंने यह उपमा कही है। उसका मतलब यह है। तिष्य ! यहाँ मार्ग में अकुशल मनुष्य से पृथक्जन समझना चाहिये, और मार्ग में कुशल मनुष्य से अर्हत् सम्यक् सम्बुद्ध तथागत को।

तिष्य ! दो रास्ता विचिकित्सा का द्योतक है, बायाँ रास्ता अष्टाङ्गिक मिथ्यामार्ग का, दाहिना रास्ता आर्य अष्टाङ्गिक मार्ग का—जैसे सम्यक् दृष्टि॰ सम्यक् समाधि।

घना जंगल अविद्या का द्योतक है। बड़ा नीचा गड्ढा कामों का, खाई और प्रपात क्रोध तथा उपायास का, और समतल रमणीय प्रदेश निर्वाण का द्योतक है।

तिष्य ! इसे समझ कर श्रद्धा में रहो, मैं तुम्हें उपदेश देता हूँ।

भगवान् यह बोले। सतुष्ट हो आयुष्मान् तिष्य ने भगवान् के कहे का अभिनन्दन किया।

§ ३. यमक सुत्त (२१. २. ४. ३)

मृत्यु के बाद अर्हत् क्या होता है ?

एक समय आयुष्मान् सारिपुत्र श्रावस्ती में अनाथपिण्डिक के आराम जेतवन में विहार करते थे।

उस समय यमक नामक भिक्षुको इस प्रकार की पापयुक्त मिथ्या धारणा हो गई थी—मैं भगवान् के बताये धर्म को इस प्रकार जानता हूँ कि क्षीणाश्रव भिक्षु शरीर के गिर जाने पर (=मृत्यु के बाद) उच्छिन्न हो जाते हैं, विनष्ट हो जाते हैं, मरने के बाद वे नहीं रहते हैं।

कुछ भिक्षुओं ने यमक भिक्षु की यह पापयुक्त मिथ्या धारणा को सुना। तब, वे भिक्षु जहाँ आयुष्मान् यमक थे वहाँ गये, और कुशल क्षेम पूछने के बाद एक ओर बैठ गये। एक ओर बैठ, उन भिक्षुओं ने आयुष्मान् यमक को कहा, 'आवुस यमक ! क्या सचमुच में आप को ऐसी पापमय मिथ्या धारणा उत्पन्न हुई है ?'

आवुस ! मैं भगवान् के बताये धर्म को इसी प्रकार जानता हूँ कि क्षीणाश्रव भिक्षु शरीर के गिर जाने पर उच्छिन्न हो जाते हैं, विनष्ट हो जाते हैं, मरने के बाद वे नहीं रहते हैं।

आवुस यमक ! ऐसा मत कहें। भगवान् पर झूठी बात मत थापें। यह अच्छा नहीं है। भगवान् ऐसा नहीं कह सकते हैं कि, क्षीणाश्रव भिक्षु शरीर के गिर जाने पर उच्छिन्न हो जाते हैं, विनष्ट हो जाते हैं, मरने के बाद वे नहीं रहते हैं।'

उन भिक्षुओं से ऐसा कहे जाने पर भी आयुष्मान् यमक अपने आग्रह को पकड़े कहने लगे, "आवुस ! मैं भगवान् के बताये धर्म को इस प्रकार जानता हूँ ।"

जब वे भिक्षु आयुष्मान् यमक को इस पापमय मिथ्या धारणा से नहीं अलग कर सके, तब आसन से उठ जहाँ आयुष्मान् सारिपुत्र थे वहाँ चले गये। जाकर आयुष्मान् सारिपुत्र से बोले, "आवुस सारिपुत्र ! यमक भिक्षु को ऐसी पापमय मिथ्या धारणा हो गई है॰। अच्छा होता यदि आप कृपा करके जहाँ आयुष्मान् यमक हैं वहाँ चलते।

आयुष्मान् सारिपुत्र ने चुप रह कर स्वीकार कर लिया।

तब आयुष्मान् सारिपुत्र ने सन्ध्या समय ध्यान से उठ जहाँ आयुष्मान् यमक थे वहाँ गये, और

कुशल क्षेम पूछ कर एक ओर बैठ गये। एक ओर बैठ आयुष्मान् सारिपुत्र आयुष्मान् यमक से बोले, "आवुस! क्या सच में आपको ऐसी पापमय मिथ्या धारणा हो गई है ?"

आवुस! मैं भगवान् के बताये धर्म को इसी प्रकार जानता हूँ ।

आवुस यमक! तो क्या समझते हैं, रूप नित्य है या अनित्य ?

आवुस! अनित्य है।

वेदना , संज्ञा , संस्कार , विज्ञान ?

आवुस! अनित्य है।

इसलिये यह जान और देख कर पुनर्जन्म में नहीं पड़ता।

आवुस यमक! तो क्या समझते हैं, जो यह रूप है वही जीव (= तथागत) है ?

नहीं, आवुस!

वेदना , संज्ञा , संस्कार , विज्ञान है वही जीव है ?

नहीं आवुस!

आवुस यमक! तो क्या समझते हैं, रूप में जीव है ?

नहीं आवुस!

तो क्या जीव रूप से भिन्न कहीं है ?

नहीं आवुस!

वेदना , वेदना से भिन्न ?

संज्ञा , संज्ञा से भिन्न ?

संस्कार , संस्कार से भिन्न ?

विज्ञान विज्ञान से भिन्न ?

नहीं आवुस!

आवुस यमक! तो क्या समझते हैं, रूप वेदना संज्ञा-संस्कार और विज्ञान जीव है ?

नहीं आवुस!

आवुस यमक! तो क्या समझते हैं, जीव कोई रूप-रहित, वेदना रहित, संज्ञा रहित, संस्कार रहित और विज्ञान रहित है ?

नहीं आवुस!

आवुस यमक! जब यथार्थ में सत्यतः कोई जीव उपलब्ध नहीं होता है, तो क्या आपका ऐसा कहना ठीक है, "भगवान् के बताये धर्म को मैं इस प्रकार जानता हूँ कि क्षीणाश्रव भिक्षु शरीर के गिर जाने पर उच्छिन्न हो जाते हैं, विनष्ट हो जाते हैं, मरने के बाद वे नहीं रहते हैं" ?

आवुस सारिपुत्र! मुझ मूर्ख को ठीक में पापमय मिथ्या धारणा हो गई थी, किन्तु आपके इस धर्मोपदेश को सुन मेरी वह मिथ्या धारणा मिट गई और धर्म मेरे समझ में आ गया।

आवुस यमक! यदि आपको कोई ऐसा पूछे—हे मित्र यमक, क्षीणाश्रव अर्हत् भिक्षु मरने के बाद क्या होता है ?—तो आप क्या उत्तर देंगे ?

आवुस सारिपुत्र! यदि मुझे कोई ऐसा पूछेगा तो मैं यह उत्तर दूँगा—मित्र, रूप अनित्य है। जो अनित्य है वह दुःख है। जो दुःख है वह निरुद्ध = अस्त हो गया। वेदना । संज्ञा । संस्कार । विज्ञान ।

आवुस यमक! आपने ठीक कहा। मैं एक उपमा देता हूँ जिससे बात और भी साफ हो जायगी।

आवुस यमक! जैसे, कोई गृहपति या गृहपति पुत्र महाधनी वैभवशाली हो, जिसके साथ सदा आरक्षक तैयार रहते हों। तब, उसका कोई शत्रु बन जाय जो उसे जान से मार डालना चाहे। उसके

मन में ऐसा हो, " • इसके साथ सदा आरक्षक तैयार रहते हैं, इसे पकड़ कर जान से मार देना सहज नहीं है। तो क्यों न मैं चाल से भीतर पैठ कर अपना काम निकालूँ।" वह उस गृहपति या गृहपति पुत्र के पास जा कर ऐसा कहे—देव ! मैं आपकी सेवा करना चाहता हूँ। तब, उसे वह अपनी सेवा में नियुक्त कर ले। वह सेवा करे, स्वामी के उठने के पहले ही उठ जाय, स्वामी के सोने के बाद सोये, आज्ञा सुनने में सदा तत्पर रहे, मनोहर आचार विचार का बनके रहे, और बड़ा प्रिय बोले। वह गृहपति या गृहपति पुत्र उसे अपना अन्तरंग मित्र समझ कर उसमें बड़ा विश्वास करने लगे। जब उस मनुष्य को यह मालूम हो जाय कि मैंने इस गृहपति या गृहपति पुत्र के विश्वास को जीत लिया है, तब वहीं एकान्त में उसे अकेला पा कर तेज तलवार से जान से मार दे।

आवुस यमक ! तो आप क्या समझते हैं—जब उस मनुष्य ने उस गृहपति या गृहपति पुत्र से कहा था—देव ! मैं आपकी सेवा करना चाहता हूँ—उस समय भी वह उसका वधक ही था। वधक होते हुये भी उसने नहीं पहचाना कि यह मेरा वधक है।

जब वह सेवा कर रहा था, स्वामी के उठने के पहले ही उठ जाया करता था, स्वामी के सोने के बाद सोता था, आज्ञा सुनने में सदा तत्पर रहता था, मनोहर आचार विचार वाला होके रहता था, और बड़ा प्रिय बोलता था, उस समय भी वह वधक ही था। वधक होते हुए भी उसने नहीं पहचाना कि यह मेरा वधक है।

जब उसने एकान्त में उसे अकेला पा जान से मार दिया, उस समय भी वह वधक ही था। वधक होते हुये भी उसने नहीं पहचाना कि यह मेरा वधक है।

आवुस ! ठीक है।

आवुस ! इसी तरह, अज्ञ पृथक्जन रूप को आत्मा करके जानता है, या आत्मा को रूप वाला, या आत्मा में रूप, या रूप में आत्मा, वेदना ..., संज्ञा ..., संस्कार ..., विज्ञान ...। वह अनित्य रूप को अनित्य रूप के तौर पर यथार्थतः नहीं जानता है, अनित्य वेदना को अनित्य वेदना के तौर पर यथार्थतः नहीं जानता है, अनित्य संज्ञा को ..., अनित्य संस्कार को ..., अनित्य विज्ञान को ...। वह दुःख रूप को दुःख रूप के तौर पर यथार्थतः नहीं जानता है, दुःख वेदना को ..., दुःख संज्ञा को ..., दुःख संस्कार को ..., दुःख विज्ञान को ...। वह अनात्म रूप को अनात्म रूप के तौर पर यथार्थतः नहीं जानता है, अनात्म वेदना को ..., अनात्म संज्ञा को ..., अनात्म संस्कार को ..., अनात्म विज्ञान को ...। संस्कृत रूप को संस्कृत रूप के तौर पर यथार्थतः नहीं जानता है ...। वधक रूप को वधक के तौर पर यथार्थतः नहीं जानता है ...।

वह रूप को प्राप्त होता है, रूप का उपादान करता है, और समझता है कि रूप मेरा आत्मा है। वेदना ..., संज्ञा ..., संस्कार ..., विज्ञान ...। पञ्च उपादान स्कन्ध को प्राप्त हो, उनका उपादान कर उसे दीर्घकाल तक अपना अहित और दुःख होता है।

आवुस ! ज्ञानी आर्यश्रावक रूप को आत्मा करके नहीं जानता है, न आत्मा को रूप वाला, न आत्मा में रूप, न रूप में आत्मा, न वेदना ..., संज्ञा ..., संस्कार ..., विज्ञान ...।

वह अनित्य रूप को अनित्य रूप के तौर पर यथार्थतः जानता है। अनित्य वेदना को ...। अनित्य संज्ञा को ...। अनित्य संस्कार को ...। अनित्य विज्ञान को ...।

वह दुःख रूप को दुःख रूप के तौर पर यथार्थतः जानता है ...।

वह अनात्म रूप को अनात्म रूप के तौर पर यथार्थतः जानता है ...।

वह संस्कृत रूप को संस्कृत रूप के तौर पर यथार्थतः जानता है ...।

वह वधक रूप को वधक रूप के तौर पर यथार्थतः जानता है ...।

वह रूप को नहीं प्राप्त होता है, रूप का उपादान नहीं करता है, न ऐसा समझता है कि रूप

मेरा आत्मा है। वेदना···। संज्ञा···। संस्कार···। विज्ञान··। न ऐसा समझता है कि विज्ञान मेरा आत्मा है। उपादान स्कन्धों को न प्राप्त हो, उनका उपादान न करते हुए उसे दीर्घकाल तक अपना हित और सुख होता है।

आवुस सारिपुत्र! वे ऐसा ही होते हैं, जिन आयुष्मानों के वैसे करुणाशील, परमार्थी और उपदेश देने वाले गुरु-भाई होते हैं। यह आयुष्मान् सारिपुत्र के धर्मोपदेश को सुन मेरा चित्त उपादान रहित हो आश्रवों से मुक्त हो गया।

आयुष्मान् सारिपुत्र यह बोले। संतुष्ट हो आयुष्मान् यमक ने आयुष्मान् सारिपुत्र के कहे का अभिनन्दन किया।

§ ४. अनुराध सुत्त (२१. २. ४. ४)

दुःख का निरोध

ऐसा मैंने सुना।

एक समय भगवान् वैशाली में महावन की कूटागारशाला में विहार करते थे।

उस समय आयुष्मान् अनुराध भगवान् के पास ही आरण्य में कुटी लगाकर विहार करते थे।

तब, कुछ तैर्थिक, परिव्राजक जहाँ आयुष्मान् अनुराध थे वहाँ आये, और कुशल-क्षेम पूछ कर एक ओर बैठ गये। एक ओर बैठ उन तैर्थिक परिव्राजकों ने आयुष्मान् अनुराध को कहा—आवुस! जो तथागत उत्तम पुरुष = परमपुरुष परम प्राप्ति प्राप्त हैं वे पूछे जाने पर जीव के विषय में चार स्थानों में से किसी एक को बताते हैं—(१) मरने के बाद जीव रहता है, (२) या मरने के बाद जीव नहीं रहता है, (३) या मरने के बाद जीव रहता भी है और नहीं भी रहता है, (४) या मरने के बाद जीव न रहता है, और न नहीं रहता है।

उनके ऐसा कहने पर अनुराध ने उन तैर्थिक परिव्राजकों को कहा—आवुस! हाँ, तथागत··· चार स्थानों में से किसी एक को बताते हैं·।

इस पर, उन तैर्थिक परिव्राजकों ने कहा—अवश्य, यह कोई नया अभी तुरत का बना भिक्षु होगा, या कोई मूर्ख बेसमझ स्थविर ही होगा। इस तरह वे आयुष्मान् अनुराध की अवहेलना कर आसन से उठ चले गये।

तब, उन परिव्राजकों के जाने के बाद ही आयुष्मान् अनुराध के मन में यह हुआ—यदि ये परिव्राजक मुझे उसके आगे का प्रश्न पूछें तो मेरे किस प्रकार कहने से भगवान् के सिद्धान्त का ठीक ठीक प्रतिपादन होगा, भगवान् पर झूठी बात का थापना नहीं होगा, धर्मानुकूल बात होगी, और कोई अपने धर्म का वाद के सिलसिले में निन्दित स्थान को नहीं प्राप्त होगा?

तब, आयुष्मान् अनुराध जहाँ भगवान् थे वहाँ गये, और भगवान् का अभिवादन कर एक ओर बैठ गये।

एक ओर बैठ, आयुष्मान् अनुराध भगवान् से बोले—भन्ते! मैं भगवान् के पास ही आरण्य में कुटी लगाकर विहार करता था ···। उन परिव्राजकों के जाने के बाद ही मेरे मन में यह हुआ, 'यदि वे परिव्राजक मुझे उसके आगे का प्रश्न पूछें, तो मेरे किस प्रकार कहने से ··कोई अपने धर्म का वाद के सिलसिले में निन्दित स्थान को नहीं प्राप्त होगा?

अनुराध! तो तुम क्या समझते हो, रूप नित्य है या अनित्य?

अनित्य, भन्ते!···

इसलिये· ऐसा जान और देख लेने से पुनर्जन्म में नहीं पड़ता।

अनुराध! तो तुम क्या समझते हो, रूप जीव है?

नहीं भन्ते !

वेदना···, संज्ञा···, संस्कार···, विज्ञान···?

नहीं भन्ते !

अनुराध ! तो तुम क्या समझते हो, रूप में जीव है ?

नहीं भन्ते !

क्या रूप से भिन्न कहीं जीव है ?

नहीं भन्ते !

वेदना···, संज्ञा···, संस्कार···, विज्ञान···से भिन्न कहीं जीव है ?

नहीं भन्ते !

अनुराध ! तो तुम क्या समझते हो, रूप-वेदना-संज्ञा-संस्कार और विज्ञान के बिना कोई जीव है ?

नहीं भन्ते !

अनुराध ! तुमने स्वयं देख लिया कि यथार्थ में सत्यतः किसी जीव की उपलब्धि नहीं होती है, तो क्या तुम्हारा ऐसा कहना ठीक था कि—"आवुस ! हाँ, जो तथागत उत्तमपुरुष = परमपुरुष परम-प्राप्ति प्राप्त हैं वे पूछे जाने पर जीव के विषय में चार स्थानों में से किसी एक को बताते हैं :—(१) मरने के बाद जीव रहता है, (२) या, मरने के बाद जीव नहीं रहता है, (३) या, मरने के बाद जीव रहता भी है और नहीं भी रहता है, (४) या मरने के बाद जीव न रहता है और न नहीं रहता है ?"

नहीं भन्ते !

ठीक है अनुराध ; मैं पहले और अब भी दुःख और दुःख के निरोध को बता रहा हूँ ।

§ ५. वक्कलि सुत्त (२१. २. ४. ५)

जो धर्म देखता है, वह बुद्ध को देखता है, वक्कलि द्वारा आत्म-हत्या

ऐसा मैंने सुना ।

एक समय भगवान् राजगृह में वेलुवन कलन्दकनिवाप में विहार करते थे ।

उस समय आयुष्मान् वक्कलि एक कुम्हार के घर में रोगी, दुःखी और बड़े बीमार पड़े थे ।

तब, आयुष्मान् वक्कलि ने अपने टहल करनेवालों को आमन्त्रित किया, "आवुस ! सुनें, जहाँ भगवान् हैं वहाँ जायें, और मेरी ओर से भगवान् के चरणों पर शिर से प्रणाम् करें, और कहें—भन्ते ! वक्कलि भिक्षु रोगी, दुःखी और बड़े बीमार हैं; वे आपके चरणों पर शिर से प्रणाम् करते हैं । और ऐसी प्रार्थना करें—भन्ते ! यदि भगवान् जहाँ वक्कलि भिक्षु हैं वहाँ चलते तो बड़ी कृपा होती ।"

"आवुस ! बहुत अच्छा" कह कर वे भिक्षु आयुष्मान् वक्कलि को उत्तर दे जहाँ भगवान् थे वहाँ गये, और भगवान् का अभिवादन कर एक ओर बैठ गये । एक ओर बैठ, उन भिक्षुओं ने भगवान् को कहा, "भन्ते ! वक्कलि भिक्षु रोगी···, वहाँ चलते तो बड़ी कृपा होती ।"

भगवान् ने चुप रहकर स्वीकार कर लिया ।

तब, भगवान् पहन और पात्र-चीवर ले जहाँ आयुष्मान् वक्कलि थे वहाँ आये ।

आयुष्मान् वक्कलि ने भगवान् को दूर ही से आते देखा, देखकर खाट ठीक करने लगे ।

तब, भगवान् आयुष्मान् वक्कलि से बोले, "वक्कलि ! रहने दो, खाट ठीक मत करो; ये आसन बिछे हैं, मैं इन पर बैठ जाऊँगा ।" भगवान् बिछे आसन पर बैठ गये । बैठकर, भगवान् वक्कलि भिक्षु से बोले, "वक्कलि ! कहो, तबीयत कैसी है, बीमारी घट तो रही है ?"

भन्ते ! मेरी तबीयत अच्छी नहीं है, बड़ी पीड़ा हो रही है, बीमारी बढ़ती ही मालूम होती है ।

वक्कलि ! तुम्हें कोई मलाल या पछतावा तो नहीं रह गया है ?

भन्ते ! मुझे बहुत मलाल और पछतावा हो रहा है।

क्या तुम्हें शील नहीं पालन करने का पश्चात्ताप है ?

नहीं भन्ते ! मुझे यह पश्चात्ताप नहीं है।

वक्कलि ! जब तुम्हें शील नहीं पालन करने का पश्चात्ताप नहीं है तो तुम्हें किस बात का मलाल और पछतावा हो रहा है ?

भन्ते ! बहुत दिनों से भगवान् के दर्शन करने को आने की इच्छा थी, किन्तु शरीर में इतना बल ही नहीं था कि आ सकता।

वक्कलि ! अरे, इस गन्दगी से भरे शरीर के दर्शन से क्या होगा ? वक्कलि ! जो धर्म को देखता है वह मुझे देखता है, जो मुझे देखता है वह धर्म को देखता है''' ।

वक्कलि ! तो तुम क्या समझते हो, रूप नित्य है या अनित्य ?

अनित्य भन्ते !

वेदना ·, संज्ञा , संस्कार , विज्ञान ?

अनित्य भन्ते !

इसीलिये, यह जान और देखकर पुनर्जन्म में नहीं पड़ता है।

तब, भगवान् आयुष्मान् वक्कलि को इस तरह उपदेश दे आसन से उठ जहाँ गृद्धकूट पर्वत है वहाँ चले गये।

तब, भगवान् के चले जाने के बाद ही आयुष्मान् वक्कलि ने अपने टहल करनेवालों को आमन्त्रित किया, आवुस ! सुनें, मुझे खाट पर चढ़ा जहाँ ऋषिगिलि शिला है वहाँ ले चलें। मुझ जैसे को घर के भीतर मरना अच्छा नहीं लगता है।

"आवुस ! बहुत अच्छा" कह, वे आयुष्मान् वक्कलि को उत्तर दे, उन्हें खाट पर चढ़ा जहाँ ऋषिगिलि शिला है वहाँ ले गये।

तब, भगवान् उस रात को और दिन के अवशेष तक गृद्धकूट पर्वत पर विहार करते रहे।

तब, रात बीतने पर दो अत्यन्त सुन्दर देवता अपनी चमक से सारे गृद्धकूट पर्वत को चमकाते हुये जहाँ भगवान् थे वहाँ आये, और भगवान् को अभिवादन कर एक ओर खड़े हो गये। एक ओर खड़े हो, एक देवता भगवान् से बोला, "भन्ते ! वक्कलि भिक्षु विमोक्ष में चित्त लगा रहा है।" दूसरा देवता भगवान् से बोला, "भन्ते ! वक्कलि भिक्षु अवश्य विमुक्त हो निर्वाण को प्राप्त होगा।" इतना कह, वे देवता भगवान् को अभिवादन और प्रदक्षिणा कर वहीं अन्तर्धान हो गये।

तब, उस रात के बीत जाने पर भगवान् ने भिक्षुओं को आमन्त्रित किया, "भिक्षुओ ! सुनो, जहाँ वक्कलि भिक्षु है वहाँ जाओ, और उससे कहो—आवुस वक्कलि ! भगवान् ने और जो दो देवताओं ने कहा है उसे सुनें।

एक ओर खड़े हो, एक देवता भगवान् से बोला, 'भन्ते ! वक्कलि भिक्षु विमोक्ष में चित्त लगा रहा है।' दूसरा देवता ।' आवुस वक्कलि ! और भगवान् आपसे कहते हैं—वक्कलि ! मत डरो, मत डरो, तुम्हारी मृत्यु निष्पाप होगी।

"भन्ते ! बहुत अच्छा" कह, वे भिक्षु भगवान् को उत्तर दे जहाँ आयुष्मान् वक्कलि थे वहाँ गये। जाकर आयुष्मान् वक्कलि से बोले—आवुस वक्कलि ! सुनें, भगवान् ने और दो देवताओं ने क्या कहा है।

तब, आयुष्मान् वक्कलि ने अपने टहल करने वालों को आमन्त्रित किया, आवुस ! सुन, मुझे पकड़ कर खाट से नीचे उतार दें। मुझ जैसे को इस ऊँचे आसन पर बैठ भगवान् का उपदेश सुनना अच्छा नहीं।

"आवुस ! बहुत अच्छा" कह, उन भिक्षुओं ने आयुष्मान् वक्कलि को उत्तर दे, उन्हें पकड़ कर खाट से उतार दिया।

आवुस ! आज की रात को अत्यन्त सुन्दर देवता··· । आवुस ! और भगवान् भी आपसे कहते है—वक्कलि ! मत डरो, मत डरो, तुम्हारी मृत्यु निष्पाप होगी॰।

आवुस ! तब, आप लोग मेरी ओर से भगवान् के चरणों पर प्रणाम् करें—भन्ते ! वक्कलि भिक्षु रोगी, पीड़ित और बहुत बीमार है, सो वह भगवान् के चरणों पर शिर से प्रणाम् करता है और कहता है, "भन्ते ! रूप अनित्य है, मैं उसकी आकांक्षा नहीं करता। जो अनित्य है वह दुःख है, इसमें मुझे सन्देह नहीं। जो अनित्य, दुःख, और परिवर्तनशील है उसके प्रति मुझे छन्द=राग=प्रेम नहीं, इसमें मुझे कुछ सन्देह नहीं।

वेदना ··, संज्ञा· · , संस्कार· ; विज्ञान अनित्य ।"

"आवुस ! बहुत अच्छा" कह, वे भिक्षु आयुष्मान् वक्कलि को उत्तर दे चले गये।

तब, उन भिक्षुओं के जाने के बाद ही आयुष्मान् वक्कलि ने आत्म-हत्या कर ली।

तब, वे भिक्षु जहाँ भगवान् थे वहाँ आये, और भगवान् को अभिवादन कर एक ओर बैठ गये। एक ओर बैठ, उन भिक्षुओं ने भगवान् को कहा, "भन्ते ! वक्कलि भिक्षु रोगी, पीड़ित और बहुत बीमार है, सो भगवान् के चरणों पर शिर से प्रणाम् करता है और कहता है—भन्ते रूप अनित्य है मैं उसकी आकांक्षा नहीं करता। जो अनित्य है वह दुःख है, इसमें मुझे सन्देह नहीं। जो अनित्य, दुःख और परिवर्तनशील है उसके प्रति मुझे छन्द=राग=प्रेम नहीं है, इसमें मुझे कुछ सन्देह नहीं। वेदना···; संज्ञा··· संस्कार , विज्ञान· ।

तब, भगवान् ने भिक्षुओं को आमन्त्रित किया, 'भिक्षुओ ! चलो, जहाँ ऋषिगिलि शिला है वहाँ चल चलें, जहाँ वक्कलि कुलपुत्र ने आत्म-हत्या करली है।'

"भन्ते ! बहुत अच्छा" कहकर उन भिक्षुओं ने भगवान् को उत्तर दिया।

तब, कुछ भिक्षुओं के साथ भगवान् जहाँ ऋषिगिलि शिला है वहाँ गये। भगवान् ने आयुष्मान् वक्कलि को दूर ही से खाट पर गला कटे सोये देखा। उस समय, कुछ धुँवाती हुई छाया के समान पूरब की ओर॰उड़ रही थी, पच्छिम की ओर उड़ रही थी, ऊपर की ओर उड़ रही थी, नीचे की ओर उड़ रही थी, सभी ओर उड़ रही थी।

तब, भगवान् ने भिक्षुओं को आमन्त्रित किया, "भिक्षुओ ! इस कुछ धुँवाती हुई छाया के समान पूरब की ओर उड़ रही है· इसे देखते हो न ?"

भन्ते ! हाँ।

भिक्षुओ ! यह पापी मार है, जो कुलपुत्र वक्कलि के विज्ञान को खोज रहा है—वक्कलि कुल॰ पुत्र का विज्ञान कहाँ लगा है !

भिक्षुओ ! वक्कलि कुलपुत्र का विज्ञान कहीं नहीं लगा है। उसने तो परिनिर्वाण पा लिया।

§ ६. अस्सजि सुत्त (२१. २. ४. ६)

वेदनाओं के प्रति आसक्ति नहीं रहती

एक समय भगवान् राजगृह के वेलुवन कलन्दकनिवाप में विहार करते थे।

उस समय आयुष्मान् अस्सजि काश्यपकाराम में रोगी, पीड़ित और बहुत बीमार थे। तब, आयुष्मान् अस्सजि ने अपने टहल करने वालों को आमन्त्रित किया, "आवुस ! आप जहाँ भगवान् हैं वहाँ जायँ, और मेरी ओर से भगव के चरणों पर शिर से प्रणाम् करें—भन्ते ! अस्सजि भिक्षु रोगी

पीड़ित और बहुत बीमार हैं, सो भगवान् के चरणों पर शिर से प्रणाम करते हैं। और कहें—भन्ते! यदि कृपा कर जहाँ अस्सजि भिक्षु हैं वहाँ चलते तो बड़ी अच्छी बात होती।

"आवुस! बहुत अच्छा" कह, वे भिक्षु आयुष्मान् अस्सजि को उत्तर दे जहाँ भगवान् थे वहाँ आये, और भगवान् का अभिवादन कर एक ओर बैठ गये। एक ओर बैठ, उन भिक्षुओं ने भगवान् को कहा, "भन्ते! अस्सजि भिक्षु रोगी··· ।···वहाँ चलते तो बड़ी अच्छी बात होती।"

भगवान् ने चुप रह कर स्वीकार कर लिया।

तब, भगवान् संध्या समय ध्यान से उठ जहाँ आयुष्मान् अस्सजि थे वहाँ गये।

आयुष्मान् अस्सजि ने भगवान् को दूर ही से आते देखा, देख कर खाट ठीक करने लगे।

तब, भगवान् आयुष्मान् अस्सजि से बोले, "रहने दो, अस्सजि! खाट ठीक मत करो। ये आसन बिछे हैं, मैं इन पर बैठ जाऊँगा।

भगवान् बिछे आसन पर बैठ गये, और आयुष्मान् अस्सजि से बोले "अस्सजि! कहो, तबीयत कैसी है ··?"

भन्ते! मेरी तबीयत अच्छी नहीं है।

अस्सजि! तुम्हें कोई मलाल या पछतावा तो नहीं रह गया है?

भन्ते! हमें तो बहुत बड़ा मलाल रह गया है।

अस्सजि! कहीं तुम्हें शील न पालन करने का पश्चात्ताप तो नहीं रह गया है?

भन्ते! नहीं, मुझे शील न पालन करने का पश्चात्ताप नहीं रह गया है।

अस्सजि! यदि तुम्हें शील न पालन करने का पश्चात्ताप नहीं रह गया है, तो किस बात का मलाल या पछतावा है?

भन्ते! इस रोग के पहले मैं अपने आश्वास-प्रश्वास पर ध्यान लगाने का अभ्यास किया करता था, सो मुझे उस समाधि का लाभ नहीं हुआ। अतः मेरे मन में यह बात आई—कहीं मैं शासन से गिर तो नहीं जाऊँगा?

अस्सजि! जिस श्रमण और ब्राह्मण का ऐसा मत है कि समाधि ही असल चीज है (=जिसके बिना मुक्ति नहीं हो सकती है), वे भले ही ऐसा समझते हैं कि समाधि के बिना कहीं मैं च्युत न हो जाऊँ।

अस्सजि! तो क्या समझते हो, रूप नित्य है या अनित्य?

अनित्य भन्ते!

वेदना···; संज्ञा···; संस्कार···; विज्ञान··?

अनित्य भन्ते!

इसीलिए···यह जान और देख पुनर्जन्म में नहीं पड़ता है।

यदि उसे सुखद वेदना होती है तो जानता है कि यह वेदना अनित्य है। वह जानता है कि इसमें लगना नहीं चाहिए। वह जानता है कि इसका अभिनन्दन नहीं करना चाहिए। यदि उसे दुःखद वेदना होती है तो जानता है कि यह वेदना अनित्य है। वह जानता है कि इसमें लगना नहीं चाहिए। वह जानता है कि इसका अभिनन्दन नहीं करना चाहिए। यदि उसे न सुख न दुःख वाली वेदना होती है···।

यदि उसे सुखद वेदना होती है तो वह अनासक्त हो उसे अनुभव करता है। यदि उसे दुःखद ··। यदि उसे न सुख न दुःखवाली वेदना···।

वह कायपर्यन्त वेदना का अनुभव करते जानता है कि यह कायपर्यन्त वेदना है। जीवितपर्यन्त

वेदना का अनुभव करते जानता है कि यह जीवितपर्यन्त वेदना है। देह छूटने, मरने के पहले, यहीं सभी वेदनायें ठंढी हो जायँगी और उनके प्रति कोई आसक्ति नहीं रहेगी।

अस्सजि ! जैसे तेल और बत्ती के प्रत्यय से प्रदीप जलता है, तथा उसी तेल और बत्ती के न होने से प्रदीप बुझ जाता है, वैसे ही भिक्षु कायपर्यन्त वेदना का अनुभव करते जानता है कि कायपर्यन्त वेदना का अनुभव कर रहा हूँ, जीवितपर्यन्त ''; देह छूटने तथा मरने के पहले यहीं सभी वेदनायें ठंढी हो जायँगी और उनके प्रति कोई आसक्ति नहीं रहेगी।

§ ७. खेमक सुत्त (२१. २. ४. ७)

उदय-व्यय के मनन से मुक्ति

एक समय कुछ स्थविर भिक्षु कौशाम्बी के घोषिताराम में विहार करते थे।

उस समय आयुष्मान् खेमक बदरिकाराम में रोगी, पीड़ित और बीमार थे।

तब, संध्या समय ध्यान से उठ उन स्थविर भिक्षुओं ने आयुष्मान् दासक को आमन्त्रित किया, "आवुस दासक ! सुनें, जहाँ खेमक भिक्षु है वहाँ जायें और उनसे कहें—आवुस ! स्थविर भिक्षुओं ने पूछा है कि आपकी तबीयत कैसी है ?"

"आवुस ! बहुत अच्छा" कह, दासक भिक्षु उन स्थविर भिक्षुओं को उत्तर दे जहाँ खेमक भिक्षु थे वहाँ आये, और बोले—आवुस खेमक ! स्थविर भिक्षुओं ने पूछा है कि आपकी तबीयत कैसी है ?

आवुस ! मेरी तबीयत अच्छी नहीं है।

तब, आयुष्मान दासक जहाँ स्थविर भिक्षु थे वहाँ आये और बोले—आवुस ! खेमक भिक्षु ने कहा कि मेरी तबीयत अच्छी नहीं है।

आवुस दासक ! सुनें, जहाँ खेमक भिक्षु है वहाँ जायँ। जाकर खेमक भिक्षु से कहें, "आवुस खेमक ! स्थविर भिक्षुओं ने आपको कहा है—भगवान् ने पाँच उपादान स्कन्ध बताये हैं, जैसे—रूप, वेदना, संज्ञा, संस्कार और विज्ञान-उपादान-स्कन्ध। इन पाँच में क्या आयुष्मान् खेमक किसी को आत्मा या आत्मीय करके देखते हैं ?

"आवुस ! बहुत अच्छा" कह... ...। इन पाँच में क्या आयुष्मान् खेमक किसी को आत्मा या आत्मीय करके देखते हैं ?

आवुस ! भगवान् ने पाँच उपादान स्कन्ध बताये हैं...। इन पाँच में मैं किसी को आत्मा या आत्मीय करके नहीं देखता हूँ।

तब, आयुष्मान् दासक जहाँ स्थविर भिक्षु थे वहाँ आये और बोले, "आवुस ! खेमक भिक्षु कहता है कि—... इन पाँच स्कन्धों में मैं किसी को आत्मा या आत्मीय करके नहीं देखता हूँ।

आवुस दासक ! सुनें, जहाँ खेमक भिक्षु है वहाँ जायँ। जाकर खेमक भिक्षु से कहें, "आवुस खेमक ! स्थविर भिक्षुओं ने आपको कहा है— ' यदि आयुष्मान् खेमक इन पाँच स्कन्धों में से किसी को भी आत्मा या आत्मीय करके नहीं देखते हैं तो अवश्य क्षीणाश्रव अर्हत् हैं।

"आवुस ! बहुत अच्छा" कह, आयुष्मान् दासक स्थविर भिक्षुओं को उत्तर दे, जहाँ खेमक भिक्षु थे वहाँ गये, और बोले, "आवुस खेमक ! स्थविर भिक्षुओं ने कहा है—...यदि आयुष्मान् खेमक इन पाँच स्कन्धों में से किसी को भी आत्मा या आत्मीय करके नहीं देखते हैं तो अवश्य क्षीणाश्रव अर्हत् हैं।

आवुस !...इन पाँच उपादान स्कन्धों में से किसी को आत्मा या आत्मीय करके नहीं देखता, किन्तु मैं क्षीणाश्रव अर्हत् नहीं हूँ। आवुस ! किन्तु, मुझे पाँच उपादान स्कन्धों में 'अस्मि' (=मैं हूँ) की बुद्धि है ही; यद्यपि मैं नहीं जानता कि मैं 'यह' हूँ।

तब, आयुष्मान् दासक जहाँ स्थविर भिक्षु थे...।

आवुस दासक ! सुन, जहाँ खेमक भिक्षु हैं वहाँ जायँ और कहें, आवुस खेमक ! स्थविर भिक्षुओं ने कहा है—आवुस ! जो आप कहते हैं "मैं हूँ", वह 'मैं हूँ' क्या है ?

क्या रूप को 'मैं हूँ' कहते हैं, या 'मैं हूँ' रूप से कहीं बाहर है ? वेदना ,संज्ञा , संस्कार विज्ञान ?

"आवुस ! बहुत अच्छा" कह, आयुष्मान् दासक स्थविर भिक्षुओं को उत्तर दे ।

आवुस दासक ! यह दौड़-धूप बस रहे। मेरी लाठी लावें मैं स्वयं वहाँ जाऊँगा, जहाँ वे स्थविर भिक्षु हैं।

तब, आयुष्मान् खेमक लाठी टेकते जहाँ वे स्थविर भिक्षु थे वहाँ पहुँचे और कुशल समाचार पूछ कर एक ओर बैठ गये।

एक ओर बैठे हुये आयुष्मान् खेमक को उन स्थविर भिक्षुओं ने कहा, "आवुस ! जो आप कहते हैं "मैं हूँ," वह "मैं हूँ" क्या है ? क्या रूप को 'मैं हूँ" कहते हैं, या "मैं हूँ' रूप से कहीं बाहर है ? वेदना , संज्ञा , संस्कार , विज्ञान ?

आवुस ! मैं रूप, वेदना, संज्ञा, संस्कार और विज्ञान को 'मैं हूँ" नहीं कहता, और न "मैं हूँ" इनसे कहीं बाहर है। किन्तु पाँच उपादान स्कन्धों में "मैं हूँ" ऐसी मेरी बुद्धि है, यद्यपि यह नहीं जानता यह 'मैं हूँ' क्या है।

आवुस ! जैसे उत्पल का या पद्म का या पुण्डरीक का गन्ध है। यदि कोई कहे, "पत्ते का गन्ध है, या इसके रंग का गन्ध है या इसके पराग का गन्ध है" तो क्या वह ठीक समझा जायगा ?

नहीं, आवुस !

आवुस ! तो आप बतावें कि किस प्रकार कहने से ठीक समझा जायगा।

आवुस ! 'फूल का गन्ध है" ऐसा कहने से वह ठीक समझा जायगा।

आवुस ! इसी तरह, मैं रूप को "मैं हूँ" नहीं कहता, और न "मैं हूँ" को रूप से बाहर की चीज बताता। न वेदना को । न संज्ञा को । न संस्कार को । न विज्ञान को । आवुस ! यद्यपि पाँच उपादान स्कन्धों में मुझे "मैं हूँ" की बुद्धि लगी है, तथापि मैं नहीं जानता कि मैं यह हूँ।

आवुस ! आर्यश्रावक के पाँच नीचे के बन्धन कट जाने पर भी उसे पाँच उपादानस्कन्धों के साथ होने वाले "मैं हूँ" का मान, छन्द (=इच्छा), और अनुशय लगा ही रहता है। वह आगे चल कर पाँच उपादान स्कन्धों में उदय और व्यय (=उत्पत्ति और विनाश) देखते हुये विहार करता है —यह रूप है, यह रूप की उत्पत्ति है, यह रूप का अस्त हो जाना है। यह वेदना , संज्ञा , संस्कार , विज्ञान ।

इस प्रकार पाँच उपादान स्कन्धों में उदय और व्यय देखते हुये विहार करने से उसके पाँच उपादान स्कन्धों के साथ होने वाले "मैं हूँ" का मान, छन्द और अनुशय छूट जाता है।

आवुस ! जैसे, कोई बहुत मैला गन्दा कपड़ा हो। उसे उसका मालिक धोबी को दे दे। धोबी राख या खार या गोबर में उस कपड़े को मल मल कर खूब धोये और साफ पानी से खंघार दे। कपड़ा खूब साफ उजला हो जाय, किंतु उसमें राख या खार या गोबर का गन्ध लगा ही रहे। उसे धोबी मालिक को दे दे। मालिक उसे सुगन्धित जल से धोले। तब, कपड़े में लगा हुआ राख या खार गोबर का गन्ध बिल्कुल दूर हो जाय।

आवुस ! इसी तरह, आर्यश्रावक के पाँच नीचे के बन्धन कट जाने पर भी उसे पाँच उपादान स्कन्धों के साथ होने वाले "मैं हूँ" का मान, छन्द और अनुशय लगा ही रहता है। वह आगे चल कर पाँच उपादान स्कन्धों में उदय और व्यय देखते हुये विहार करता है —यह रूप है, यह रूप की उत्पत्ति है, यह रूप का अस्त हो जाना है। यह वेदना , संज्ञा , संस्कार , विज्ञान । इस प्रकार पाँच

उपादान-स्कन्धों में उदय और व्यय देखते हुये विहार करने से उसके पाँच उपादान स्कन्धों के साथ होने वाले "मैं हूँ" का मान, छन्द और अनुशय छूट जाता है।

इस पर, वे स्थविर भिक्षु आयुष्मान् खेमक से बोले, "हमने आयुष्मान् खेमक को कुछ नीचा दिखलाने के लिये नहीं पूछा था, किन्तु आप आयुष्मान् यथार्थ में भगवान् के धर्म को विस्तार-पूर्वक बता सकते हैं, समझा सकते हैं, जना सकते हैं, सिद्ध कर सकते हैं, खोल सकते हैं और विश्लेषण करके साफ साफ कर सकते हैं। सो आपने वैसा ही किया।

आयुष्मान् खेमक यह बोले। संतुष्ट हो स्थविर भिक्षुओं ने आयुष्मान् खेमक के कहे का अभिनन्दन किया।

इस धर्मालाप के अनन्तर उन साठ स्थविर भिक्षुओं के तथा आयुष्मान् खेमक के चित्त उपादान-रहित हो आश्रवों से मुक्त हो गये।

§ ८. छन्न सुत्त (२१. २. ४. ८)

बुद्ध का मध्यम मार्ग

एक समय कुछ स्थविर भिक्षु वाराणसी के पास ऋषिपतन मृगदाय में विहार करते थे।

तब, आयुष्मान् छन्न संध्या समय ध्यान से उठ, चाभी ले एक विहार से दूसरे विहार जा स्थविर भिक्षुओं से बोले, "आप स्थविर लोग मुझे उपदेश दें, सिखावें और धर्म की बात कहें जिससे मैं धर्म को जान सकूँ।

इस पर, उन स्थविर भिक्षुओं ने आयुष्मान् छन्न को कहा, "आवुस छन्न! रूप अनित्य है, वेदना···, संज्ञा···, संस्कार···, विज्ञान अनित्य है। रूप अनात्म है, वेदना···, संज्ञा···, संस्कार···, विज्ञान अनात्म है। सभी संस्कार अनित्य हैं, सभी धर्म अनात्म है।

तब, आयुष्मान् छन्न के मन में ऐसा हुआ, "मैं भी इसे ऐसा ही समझता हूँ—रूप अनित्य··· अनात्म है···। सभी संस्कार अनित्य है, सभी धर्म अनात्म हैं। किन्तु, मेरे सभी संस्कारों के शान्त हो जाने, सभी उपाधियों के अन्त हो जाने, तृष्णा के क्षय हो जाने, विराग, निरोध, निर्वाण में चित्त शान्त, शुद्ध, स्थिर तथा परित्राण से विमुक्त नहीं हो जाता है। उपादान उत्पन्न होता है और मन को आच्छादित कर देता है। तब, मेरी कौन आत्मा है। इस तरह धर्म को जाना नहीं जाता है। भला, मुझे कौन धर्मोपदेश करे कि मैं धर्म को ठीक-ठीक जान सकूँ!

तब आयुष्मान् छन्न के मन में यह हुआ, "यह आयुष्मान् आनन्द कौशाम्बी के घोषिताराम में विहार करते हैं। भगवान् स्वयं उनकी प्रशंसा करते हैं, तथा विज्ञ भिक्षुओं में भी उनका बड़ा सम्मान है। अतः, आयुष्मान् आनन्द मुझे वैसा धर्मोपदेश कर सकते हैं जिससे मैं धर्म को ठीक-ठीक जान सकूँ। मुझे आयुष्मान् आनन्द में पूरा-पूरा विश्वास भी है। तो, मैं चलूँ जहाँ आयुष्मान् आनन्द हैं।

तब, आयुष्मान् छन्न अपना बिछावन समेट, पात्र और चीवर ले, जहाँ कौशाम्बी के घोषिताराम में आयुष्मान् आनन्द विहार कर रहे थे वहाँ पहुँचे, और कुशल-क्षेम पूछने के बाद एक ओर बैठ गये। एक ओर बैठ, आयुष्मान् छन्न ने आयुष्मान् आनन्द को कहा, "आवुस आनन्द! एक समय मैं वाराणसी के पास ऋषिपतन मृगदाय में···मुझे आयुष्मान् आनन्द में पूरा विश्वास भी है। तो, मैं चलूँ जहाँ आयुष्मान् आनन्द हैं।

"आयुष्मान् आनन्द मुझे उपदेश दें, समझावें, धर्म की बात बतावें जिससे मैं धर्म को जान लूँ।

इतने भर से हम लोग आयुष्मान् छन्न से संतुष्ट हैं। उसे आयुष्मान् छन्न ने प्रकट कर दिया, खोल दिया। आवुस छन्न! आप स्रोतापत्ति-फल का लाभ करें। आप धर्म अच्छी तरह जान सकते हैं।

इसे सुन आयुष्मान् छन्न के मनमें बड़ी प्रीति उत्पन्न हुई—मैं धर्म अच्छी तरह जान सकता हूँ।

आवुस छन्न ! मैंने स्वयं भगवान् को कात्यायनगोत्र भिक्षु को उपदेश देते सुनकर जाना है — कात्यायन ! यह ससार दो अज्ञान में पड़ा है, जिनके कारण अस्तित्व और नास्तित्व की भ्रान्ति होती है। कात्यायन ! ससार के समुदय को यथार्थतः जान लेने से ससार के प्रति जो नास्तित्व बुद्धि है वह नहीं होती है। कात्यायन ! ससार के निरोध को यथार्थतः जान लेने से ससार के प्रति जो अस्तित्व की बुद्धि है वह नहीं होती है। कात्यायन ! यह संसार उपाय, उपादान, और अभिनिवेश से बेतरह जकड़ा है। इसे जान लेने से चित्त में अधिष्ठान, अभिनिवेश और अनुशय नहीं लगते हैं, और न उसे "आत्मा" की भ्रान्ति होती है। उत्पन्न हो कर दुःख ही उत्पन्न होता है, और निरुद्ध हो कर दुःख ही निरुद्ध होता है—इसमें किसी प्रकार का सन्देह नहीं रह जाता। प्रतीत्य-समुत्पाद का पूरा पूरा ज्ञान हो जाता है। कात्यायन ! इसी को सम्यक् दृष्टि कहते हैं।

कात्यायन ! "सभी कुछ है" (= सर्वं अस्ति) यह एक अन्त है। "कुछ नहीं है" (=सर्वं नास्ति) यह दूसरा अन्त है। कात्यायन ! इन दो अन्तों में न जा बुद्ध धर्म को मध्य से उपदेश करते हैं। अविद्या के प्रत्यय से संस्कार होते हैं, संस्कार के प्रत्यय से विज्ञान होता है इस प्रकार सारा दुःख समूह उठ खड़ा होता है। उसी अविद्या के बिल्कुल निरोध हो जाने से संस्कार नहीं होते इस प्रकार सारा दुःख समूह बन्द हो जाता है।

आवुस आनन्द ! जिन आयुष्मानों के इस प्रकार कृपालु, परमार्थी और उपदेश देने वाले गुरुभाई होते हैं उनका ऐसा ही होता है। आयुष्मान् आनन्द के इस उपदेश को सुन मुझे पूरा पूरा धर्म ज्ञान हो गया।

§ ९ पठम राहुल सुत्त (२१ २ ४ ९)

पञ्चस्कन्ध के ज्ञान से अहंकार से मुक्ति

श्रावस्ती जेतवन...।

तब, आयुष्मान् राहुल जहाँ भगवान् थे वहाँ आये, और भगवान् का अभिवादन कर एक ओर बैठ गये।

एक ओर बैठ, आयुष्मान् राहुल भगवान् से बोले, भन्ते ! क्या जान और देख कर मनुष्य को *विज्ञानवाले इस शरीर में और बाहर के सभी निमित्तों में अहङ्कार, ममङ्कार, मान और अनुशय नहीं होते हैं ?*

राहुल ! जो कुछ रूप—अतीत, अनागत, वर्तमान, अध्यात्म, बाह्य, स्थूल, सूक्ष्म, हीन, प्रणीत, दूर, या निकट—है सभी न तो मेरा है, न मैं हूँ और न मेरा आत्मा है। इसी को यथार्थतः पूरा पूरा जान लेने से।

जो कुछ वेदना । जो कुछ सञ्ज्ञा । जो कुछ संस्कार । जो कुछ विज्ञान ।

राहुल ! इसे जान और देख कर मनुष्य को विज्ञानवाले इस शरीर में और बाहर के सभी निमित्तों में अहङ्कार, ममङ्कार, मान और अनुशय नहीं होते हैं।

§ १०. दुतिय राहुल सुत्त (२१. २ ४ १०)

किसके ज्ञान से मुक्ति ?

भन्ते ! क्या जान और देख कर मनुष्य विज्ञानवाले इस शरीर में तथा बाहर के सभी निमित्तों में अहङ्कार, ममङ्कार और मान से रहित मन वाला, द्वन्द्व के परे, शान्त और विमुक्त होता है ?

राहुल ! जो कुछ रूप । इसे जान और देख कर ।

स्थविर वर्ग समाप्त ।

पाँचवाँ भाग

पुष्प वर्ग

§ १ नदी सुत्त (२१ २ ५ १)

अनित्यता के ज्ञान से पुनर्जन्म नहीं

श्रावस्ती जेतवन ...।

भिक्षुओ ! जैसे पर्वत से निकल कर गिरती पड़ती बहने वाली वेगवती नदी हो। उसके दोनों तट पर कास उगे हों, जो नदी की ओर झुके हों। कुश भी उगे हों, जो नदी की ओर झुके हों। बब्बज (= भाभड़) भी ...। बीरण (= ढाड़) भी ...। वृक्ष भी उगे हों जो नदी की ओर झुके हों।

नदी की धारा में बहता हुआ कोई मनुष्य यदि कासों को पकड़े तो वे उखड़ जायँ। इससे मनुष्य और भी खतरे में पड़ जाय। यदि कुश को पकड़े ...। यदि बब्बजा को पकड़े ...। यदि बीरण को पकड़े ...। यदि वृक्ष को पकड़े ...।

भिक्षुओ ! इसी तरह, अज्ञ=पृथक्जन=आर्यसत्यों को न जानने वाला=आर्यधर्म में अज्ञान=आर्य धर्म में अविनीत ... रूप को आत्मा करके जानता है, या रूप में आत्मा को जानता है। उसका वह रूप उखड़ जाता है, उससे वह और विपत्ति में पड़ जाता है। वेदना ...। संज्ञा ...। संस्कार ...। विज्ञान ...।

भिक्षुओ ! तो क्या समझते हो, रूप नित्य है या अनित्य ?

अनित्य भन्ते !

वेदना ..., संज्ञा ..., संस्कार ..., विज्ञान ... ?

अनित्य भन्ते !

भिक्षुओ ! इसलिये ... इसे जान और देख वह पुनर्जन्म में नहीं पड़ता है।

§ २ पुष्फ सुत्त (२१ २ ५ २)

बुद्ध संसार से अनुपलिप्त रहते हैं

श्रावस्ती जेतवन ...।

भिक्षुओ ! मैं संसार से विवाद नहीं करता, संसार ही मुझसे विवाद करता है। भिक्षुओ ! धर्म वादी संसार में कुछ विवाद नहीं करता।

भिक्षुओ ! संसार में पण्डित लोग जिसे "नहीं है" कहते हैं उसे मैं भी "नहीं है" कहता हूँ।

भिक्षुओ ! जिसे पण्डित लोग "है" कहते हैं, उसे मैं भी "है" कहता हूँ।

भिक्षुओ ! संसार में किसे पण्डित लोग "नहीं है" कहते हैं जिसे मैं भी "नहीं है" कहता हूँ।

भिक्षुओ ! संसार में पण्डित लोग रूप को नित्य=ध्रुव=शाश्वत=अविपरिणामधर्मा नहीं बताते हैं, मैं भी उसे 'ऐसा नहीं है' कहता हूँ। वेदना ...। संज्ञा ...। संस्कार ...। विज्ञान ...। भिक्षुओ ! संसार में इसी को पण्डित लोग "नहीं है" कहते हैं जिसे मैं भी "नहीं है" कहता हूँ।

भिक्षुओ ! किसे पण्डित लोग "है" कहते हैं, जिसे मैं भी "है" कहता हूँ ?

भिक्षुओ ! रूप अनित्य, दुःख और परिवर्तनशील है ऐसा पण्डित लोग कहते हैं, और मैं भी ऐसा ही कहता हूँ। वेदना । संज्ञा । संस्कार विज्ञान । भिक्षुओ ! संसार में इसी को पण्डित लोग "है" कहते हैं, और मैं भी वैसा ही कहता हूँ।

भिक्षुओ ! संसार का जो यथार्थ धर्म है उसे बुद्ध अच्छी तरह जानते और समझते हैं। जान और समझ कर वे उस को कहते हैं, उपदेश करते हैं, जनाते हैं, सिद्ध करते हैं, खोल देते हैं, और विश्लेषण करके साफ कर देते हैं।

भिक्षुओ ! रूप संसार का यथार्थ धर्म है, जिसे बुद्ध अच्छी तरह जानते और समझते हैं। जान और समझ कर । भिक्षुओ ! बुद्ध के इस प्रकार साफ कर देने पर भी जो लोग नहीं जानते और समझते हैं, उन बाल=पृथक्जन=अंधा=बिना आँख के=अज्ञ मनुष्य का मैं क्या कर सकता हूँ ! वेदना । संज्ञा । संस्कार विज्ञान ।

भिक्षुओ ! जैसे, उत्पल, या पुण्डरीक, या पद्म पानी में पैदा होता है और पानी में बढ़ता है, तो भी पानी से वह अलग अनुपलिप्त ही रहता है। भिक्षुओ ! इसी तरह, बुद्ध संसार में रह कर भी संसार को जीत संसार से अनुपलिप्त रहते हैं।

§ ३. फेण सुत्त (२१. २. ५. ३)

शरीर में कोई सार नहीं

एक समय भगवान् अयोध्या में गंगा नदी के तट पर विहार करते थे।

वहाँ भगवान् ने भिक्षुओं को आमन्त्रित किया।

भिक्षुओ ! जैसे, यह गंगा नदी बहुत फेन को बहा कर ले जाती है। इसे कोई आँख वाला मनुष्य देखे, भाले और ठीक से परीक्षा करे देख, भाल और ठीक से परीक्षा कर लेने पर उसे वह रिक्त, तुच्छ और असार प्रतीत हो भिक्षुओ ! भला, फेन के पिण्ड में क्या सार रहेगा ?

भिक्षुओ ! वैसे ही, जो कुछ रूप— अतीत, अनागत —है उसे भिक्षु देखता है, भालता है और ठीक से परीक्षा करता है। देख, भाल और ठीक से परीक्षा कर लेने पर उसे वह रिक्त, तुच्छ और असार प्रतीत होता है। भिक्षुओ ! भला रूप में क्या सार रहेगा ?

भिक्षुओ ! जैसे, शरद् काल में कुछ फूँही पड जाने पर जल में बुलबुले उठते और लीन होते रहते हैं। उसे कोई आँख वाला मनुष्य देखे । भिक्षुओ ! भला जल के बुलबुले में क्या सार रहेगा ?

भिक्षुओ ! वैसे ही, जो कुछ वेदना—अतीत, अनागत —है उसे भिक्षु देखता । भिक्षुओ ! भला वेदना में क्या सार रहेगा ?

भिक्षुओ ! जैसे, ग्रीष्म के पिछले महीने में दोपहर के समय मरीचिका होती है। उसे कोई आँख वाला मनुष्य देखे । भिक्षुओ ! भला मरीचिका में क्या सार रहेगा ?

भिक्षुओ ! वैसे ही, जो कुछ संज्ञा ।

भिक्षुओ ! जैसे, कोई मनुष्य हीर (=सार) की खोज में एक तीक्ष्ण कुठार को लेकर जंगल में पैठ जाय। वह वहाँ एक बड़े, सीधे नये कोमल केला के पेड को देखे। उसे वह जड से काट कर गिरा दे, फिर आगे काटता जाय, और काट कर छिलका छिलका अलग कर दे। इस तरह, उसे कच्ची लकड़ी भी नहीं मिले, हीर की तो बात ही क्या ?

उसे कोई आँख वाला मनुष्य देखे, भाले, और ठीक से परीक्षा करे । देख, भाल और ठीक से परीक्षा कर लेने पर उसे वह रिक्त, तुच्छ और असार प्रतीत हो। भिक्षुओ ! भला केले के तने में क्या सार रहेगा ?

भिक्षुओ ! वैसे ही, जो कुछ संस्कार ।

भिक्षुओ ! जैसे कोई जादूगर या जादूगर का शागिर्द चौक सड़क पर खेल दिखाय। उसे कोई चतुर मनुष्य देखे . । भिक्षुओ ! भला जादू म क्या सार रहेगा ?

भिक्षुओ ! वैसे ही, जो कुछ विज्ञान ।

भिक्षुओ ! इसे देख, पण्डित आर्यश्रावक रूपसे विरक्त होता ह, वेदना से भी विरक्त होता है, सज्ञा , सस्कार , विज्ञान से भी विरक्त होता ह। विरक्त रहने से वह राग रहित हो जाता है, राग रहित होने से विमुक्त हो जाता है, विमुक्त हो जाने से उसे 'म विमुक्त हो गया" ऐसा ज्ञान उत्पन्न होता है।

भगवान् यह बोले। यह बोल कर बुद्ध ने फिर भी कहा —

रूप फेनपिण्डोपम ह,
वेदना की उपमा जलके बुल्बुले से हे,
सज्ञा मरीचि की तरह है,
सस्कार केले के पेड की तरह,
जादू के खेल के समान विज्ञान हे—
सूर्य वशोत्पन्न गौतम बुद्ध ने बताया है ॥
जैसे जैसे गौर से देखता भालता ह,
और अच्छी तरह परीक्षा करता है,
उसे रिक्त और तुच्छ पाता है,
वह, जो ठीक म देखता हे ॥

इस निकृष्ट शरीर के विषय में जो महाप्रज्ञ ने उपदेश दिया है,
उन प्रहीण धर्मों को पार किये हुये छोड़े रूप को देखो ॥
आयु, ऊष्मा (= गर्मी) और विज्ञान जब इस शरीर को छोड़ देते हैं,
तब यह बेकार चेतनाहीन होकर गिर जाता हे ॥
इसका सिलसिला ऐसा ही हे, वधिक की माया की तरह,
यह वधक कहा गया है, यहाँ कोई सार नहीं ॥
स्कन्धों को ऐसा ही समझे, उद्यमी भिक्षु,
सदा दिन ओर रात सप्रज्ञ और स्मृतिमान् होकर रहे ॥
सभी सयोग को छोड़ दे, अपना शरण आप बने
मानो शिर जल रहा हो ऐसा ख्याल रख कर विचरे,
निर्वाण पद की प्रार्थना करते हुये।

§ ४. गोमय सुत्त (२१ २ ५. ४)

सभी सस्कार अनित्य हैं

श्रावस्ती जेतवन ।

तब, कोई भिक्षु जहाँ भगवान् थे वहाँ आया और भगवान् का अभिवादन कर एक ओर बैठ गया।

एक ओर बैठ, उस भिक्षु ने भगवान् को कहा, "भन्ते ! क्या कोई रूप है जो नित्य = ध्रुव = शाश्वत = परिवर्तनरहित है ? भन्ते ! क्या कोई वेदना है जो नित्य ? सज्ञा , सस्कार , विज्ञान ?

भिक्षु ! कोई रूप, वेदना, सज्ञा, सस्कार या विज्ञान नहीं है जो नित्य = ध्रुव = शाश्वत = परिवर्तनरहित है।

तब, भगवान् हाथ में बहुत थोड़ा गोबर लेकर उस भिक्षु से बोले, "भिक्षु ! इतना भी आत्म-भाव का प्रतिलाभ नहीं है जो नित्य = ध्रुव...हो । भिक्षु ! यदि इतना भी आत्म-भाव का प्रतिलाभ नित्य = ध्रुव...होता तो ब्रह्मचर्य-पालन दुःख-क्षय के लिये नहीं जाना जाता । भिक्षु ! क्योंकि इतना भी आत्म-भाव का प्रतिलाभ नित्य = ध्रुव...नहीं है इसीलिये ब्रह्मचर्य-पालन दुःख-क्षय के लिये सार्थक जाना जाता है ।

"भिक्षु ! पूर्वकाल में मैं मूर्धाभिषिक्त क्षत्रिय राजा था । उस समय, कुशावती राजधानी प्रमुख मेरे चौरासी हजार नगर थे । उस समय, धर्म प्रासाद प्रमुख चौरासी हजार प्रासाद थे । उस समय, महाव्यूह कूटागार प्रमुख मेरे चौरासी हजार कूटागार (=watch tower) थे । उस समय, मेरे चौरासी हजार पलंग थे—हाथी के दाँत के, हीरे के, सोना के, चाँदी के; कालीन लगे हुये, उजले कम्बल लगे हुये, फूलदार कम्बल लगे हुये, कदलिमृग के कीमती चर्म लगे हुये, चँदवा लगे हुये, दोनों ओर लाल तकिये लगे । उस समय, उपोसथ हस्तिराज प्रमुख मेरे चौरासी हजार हाथी थे—सोने के अलङ्कार से अलंकृत, सोने की ध्वजा लगे हुये, सोने के जाल से ढँके । उस समय बलाहक अश्वराज प्रमुख मेरे चौरासी हजार घोड़े थे—सोने के अलङ्कार से अलङ्कृत, सोने की ध्वजा लगे हुए, सोने के जाल से ढँके । उस समय, वैजयन्त रथ प्रमुख मेरे चौरासी हजार रथ थे—सोने के.. । ..मणिरत्न प्रमुख मेरे चौरासी हजार मणि थे । ...सुभद्रा देवी प्रमुख चौरासी हज़ार स्त्रियाँ थीं । ..परिनायकरत्न प्रमुख चौरासी हज़ार अधीन राजा थे । ...चौरासी हज़ार दूध देने वाली गौवें थीं । चौरासी हज़ार कपड़े थे— रेशम के, पट के, ऊनी और सूती । ...चौरासी हज़ार थालियाँ थीं, जिन्हें सूपकार दोनों बेला परोस कर ले आता था ।

भिक्षु ! उस समय मैं उन चौरासी हज़ार नगरों में एक कुशावती राजधानी ही में रहता था । ..धर्म प्रासाद ही में रहता था । [इसी तरह सभों के साथ समझ लेना]

भिक्षु ! वे सभी संस्कार अतीत हो गये, निरुद्ध हो गये, विपरिणत हो गये । भिक्षु ! संस्कार ऐसे अध्रुव = अनित्य और आश्वास से रहित हैं ।

भिक्षु ! तो, सभी संस्कारों से विरक्त हो जाना भला है, राग-रहित हो जाना भला है, विमुक्त हो जाना भला है ।

§ ५. नखसिखं सुत्त (२१. २. ५. ५)

सभी संस्कार अनित्य हैं

श्रावस्ती···जेतवन ।

एक ओर बैठ, वह भिक्षु भगवान् से बोला, "भन्ते ! क्या कोई रूप है जो नित्य = ध्रुव = शाश्वत = परिवर्तन-रहित हो ? कोई वेदना···? कोई संज्ञा···? कोई संस्कार···? कोई विज्ञान···?

नहीं भिक्षु ! ऐसा कोई रूप, वेदना, संज्ञा, संस्कार या विज्ञान नहीं है जो नित्य = ध्रुव हो ।

तब, भगवान् अपने नख के ऊपर एक धूल के कण को रखकर बोले, 'भिक्षु ! इतना भी रूप नहीं है जो नित्य = ध्रुव हो । भिक्षु ! यदि इतना भी रूप नित्य = ध्रुव होता तो ब्रह्मचर्य दुःख-क्षय का साधक नहीं जाना जाता । भिक्षु ! क्योंकि इतना भी रूप नित्य = ध्रुव नहीं है इसी से ब्रह्मचर्य दुःख-क्षय के लिये सार्थक समझा जाता है ।

"भिक्षु ! इतनी भी वेदना···। इतनी भी संज्ञा···। इतना भी संस्कार···। इतना भी विज्ञान नित्य = ध्रुव नहीं है···। भिक्षु ! क्योंकि इतना भी विज्ञान नित्य = ध्रुव नहीं है इसी से ब्रह्मचर्य दुःख-क्षय के लिये सार्थक समझा जाता है ।"

भिक्षु ! तो क्या समझते हो, रूप नित्य है या अनित्य ?

अनित्य भन्ते !

वेदना···; संज्ञा···; संस्कार··; विज्ञान···?

अनित्य भन्ते !

भिक्षु ! इसलिये···, ऐसा जान और देखकर पुनर्जन्म में नहीं पड़ता।

§ ६. सामुद्दक सुत्त (२१. २. ५. ६)

सभी संस्कार अनित्य हैं

श्रावस्ती···जेतवन···।

एक ओर बैठ, वह भिक्षु भगवान् से बोला, "भन्ते ! क्या कोई रूप है जो नित्य···, वेदना···, संज्ञा···, संस्कार···विज्ञान है जो नित्य = ध्रुव हो ?

नहीं भिक्षु !···ऐसा नहीं है।

§ ७. पठम गद्दुल सुत्त (२१. २. ५. ७)

अविद्या में पड़े प्राणियों के दुःख का अन्त नहीं

श्रावस्ती··· जेतवन···।

भिक्षुओ ! यह संसार अनन्त है। अविद्या के अन्धकार में पड़े, तृष्णा के बन्धन से बँधे तथा आवागमन में भटकते रहने वाले इस संसार के आदि का पता नहीं लगता है।

भिक्षुओ ! एक समय आता है जब महासागर सूख खाक कर नहीं रहता है। भिक्षुओ ! तब भी, अविद्या के अन्धकार में पड़े, तृष्णा के बंधन से बँधे तथा आवागमन में भटकते रहने वाले प्राणियों के दुःख का अन्त नहीं होता।

भिक्षुओ ! एक समय होता है जब पर्वतराज सुमेरु जल जाता है, नष्ट हो जाता है, नहीं रहता है। भिक्षुओ ! तब भी अविद्या के अंधकार में पड़े··।

भिक्षुओ ! एक समय होता है जब यह महापृथ्वी जल जाती है, नष्ट हो जाती है, नहीं रहती है। भिक्षुओ ! तब भी अविद्या के अन्धकार में पड़े··।

भिक्षुओ ! जैसे, कोई कुत्ता किसी गड़े खूँटे में बँधा हो। वह उसी खूँटे के चारों ओर घूमता है। भिक्षुओ ! वैसे ही, अज्ञ = पृथक्जन · रूप को आत्मा करके जानता है; वेदना···, संज्ञा··, संस्कार···, विज्ञान को आत्मा करके जानता है।·

आत्मा को विज्ञानवान्, या विज्ञान में आत्मा, या आत्मा में विज्ञान··।

वह रूप ही के चारों ओर घूमता है; वेदना···, संज्ञा···, संस्कार ·, विज्ञान ही के चारों ओर घूमता है। इस तरह, वह रूप, वेदना, संज्ञा, संस्कार और विज्ञान से मुक्त नहीं होता है। जाति, जरा, मरण, शोक, परिदेव, दुःख, दौर्मनस्य और उपायास से मुक्त नहीं होता है। वह दुःख से मुक्त नहीं होता है, ऐसा मैं कहता हूँ।

भिक्षुओ ! पण्डित आर्यश्रावक·· रूप को आत्मा करके नहीं जानता है···। वह रूप, वेदना, संज्ञा, संस्कार और विज्ञान के चारों ओर नहीं घूमता है। इस तरह, वह रूप···से मुक्त हो जाता है। जाति, जरा···से मुक्त हो जाता है। वह दुःख से मुक्त हो जाता है—ऐसा मैं कहता हूँ।

§ ८. दुतिय गद्दुल सुत्त (२१. २. ५. ८)

निरन्तर आत्मचिन्तन करो

श्रावस्ती ''जेतवन'''।

भिक्षुओ ! यह संसार अनन्त है। अविद्या के अन्धकार में पड़े, तृष्णा के बन्धन से बँधे तथा आवागमन में भटकते रहनेवाले इस संसार के आदि का पता नहीं लगता है।

भिक्षुओ ! जैसे, कोई कुत्ता एक गड़े खूँटे में बँधा हो। यदि वह चलता है तो उसी खूँटे के इर्द-गिर्द। यदि वह खड़ा होता है तो उसी खूँटे के इर्दगिर्द। यदि वह बैठता है''। यदि वह लेटता है तो उसी खूँटे के इर्दगिर्द।

भिक्षुओ ! वैसे ही, अज्ञ पृथक्जन रूप को समझता है कि यह मेरा है, यह मैं हूँ, यह मेरा आत्मा है। वेदना को'''। संज्ञा को''। संस्कार को''। विज्ञान को'''। यदि वह चलता है तो इन्हीं पाँच उपादान स्कन्धों के इर्दगिर्द। यदि वह खड़ा होता है'', बैठता है''', लेटता है तो इन्हीं पाँच उपादान स्कन्धों के इर्दगिर्द।

भिक्षुओ ! इसलिये, निरन्तर आत्म-चिन्तन करते रहना चाहिये। यह चित्त बहुत काल से राग, द्वेष और मोह से गन्दा बना है। भिक्षुओ ! चित्त की गन्दगी से प्राणी गन्दे होते हैं और चित्त की शुद्धि से प्राणी विशुद्ध होते हैं।

भिक्षुओ ! पटहरियों* के पट को देखा है ?

हाँ भन्ते !

भिक्षुओ ! पटहरियों के वे चित्र भी चित्त ही से चित्रित किये जाते हैं। पटहरी अपने चित्त से ही विचार विचार कर उन चित्रों को चित्रित करते हैं।

भिक्षुओ ! इसलिये, निरन्तर आत्म चिन्तन करते रहना चाहिये। यह चित्त बहुत काल से''।

भिक्षुओ ! चित्त की तरह दूसरी कोई चीज नहीं है। तिरश्चीन प्राणी अपने चित्त के कारण ही ऐसे हुये हैं। तिरश्चीन प्राणियों का भी चित्त ही प्रधान है।

भिक्षुओ ! इसलिये, निरन्तर-आत्म चिन्तन करते रहना चाहिये। यह चित्त बहुत काल से'''।

भिक्षुओ ! जैसे, कोई रंगरेज या चित्रकार रंग से या लिखकर, या हल्दी से, या नील से, या मजीठ से अच्छी तरह साफ किये गये तख्ते पर, या दीवाल पर स्त्री या पुरुष के सर्वाङ्गपूर्ण चित्र उतार दे। भिक्षुओ ! वैसे ही, अज्ञ पृथक्जन रूप में लगा रह रूप ही को प्राप्त होता है। वेदना में लगा रह'''। संज्ञा'''। संस्कार । विज्ञान'''।

भिक्षुओ ! तो क्या समझते हो, रूप नित्य है या अनित्य ?

अनित्य भन्ते !

'' इसलिये,'''यह जान और देख पुनर्जन्म को नहीं प्राप्त होता।

§ ९. नाव सुत्त (२१. २. ५. ९)

भावना से आश्रवों का क्षय

श्रावस्ती'''जेतवन'''।

भिक्षुओ ! जान और देख कर मैं आश्रवों के क्षय का उपदेश करता हूँ, बिना जाने देखे नहीं।

---

* चरणं नाम चित्तं:—"[एक जाति के लोग] जो कपड़े पर नाना प्रकार के सुगति दुर्गति के अनुसार सम्पत्ति विपत्ति के चित्र खिंचवा, यह कर्म करने से यह पाता है, यह कर्म करने से यह, ऐसा दिखाते हुये चित्र को लिये फिरते हैं।" —अट्ठकथा।

भिक्षुओ ! जान और देखकर आश्रवों का क्षय होता है ?—यह रूप है, यह रूप की उत्पत्ति है, यह रूप का अस्त हो जाना है। यह वेदना…, संज्ञा…, संस्कार…, विज्ञान…।

भिक्षुओ ! इसे ही जान और देखकर आश्रवों का क्षय होता है।

भिक्षुओ ! भावना में लगे हुये भिक्षु को ऐसी इच्छा उत्पन्न होती है—अरे ! मेरा चित्त उपादान से रहित हो आश्रवों से मुक्त हो जाय, किन्तु ऐसा नहीं होता है।

सो क्यों ? कहना चाहिये कि उसका अभ्यास नहीं जमा है। किसका अभ्यास ? चार स्मृति प्रस्थानों का अभ्यास, चार सम्यक् प्रधानों का अभ्यास, चार ऋद्धिपादों का अभ्यास, पाँच इन्द्रियों का अभ्यास, पाँच बलों का, सात बोध्यङ्गों का, आर्य अष्टांगिक मार्ग का।

भिक्षुओ ! जैसे, मुर्गी को आठ, दस या बारह अण्डे हों। मुर्गी उन अण्डों को न तो ठीक से देख भाल करे और न ठीक से सेवे।

उस मुर्गी के मन में ऐसी इच्छा हो, "मेरे बच्चे अपने चंगुल से या चोंच से अण्डे को फोड़ कर कुशलता से बाहर चले आवें। तब, ऐसी बात नहीं हो।

सो क्यों ? क्योंकि मुर्गी ने उन अण्डों को न तो ठीक से देखा भाला और न ठीक से सेवा।

भिक्षुओ ! वैसे ही, भावना में लगे हुये भिक्षु को ऐसी इच्छा उत्पन्न हो—अरे ! मेरा चित्त उपादान से रहित हो आश्रवों से मुक्त हो जाय, किन्तु ऐसा नहीं हो।

सो क्यों ? कहना चाहिये कि उसका अभ्यास नहीं जमा है। किसका अभ्यास ? चार स्मृति प्रस्थानों का…।

भिक्षुओ ! भावना में लगे हुये भिक्षु को ऐसी इच्छा उत्पन्न हो… ; और यथार्थ में उसका चित्त उपादान से रहित हो आश्रवों से मुक्त हो जाय।

सो क्यों ? कहना चाहिये कि उसका अभ्यास सिद्ध हो गया है। किसका अभ्यास ? चार स्मृति-प्रस्थानों का…।

भिक्षुओ ! जैसे, मुर्गी को आठ, दस, या बारह अण्डे हों। मुर्गी उन अण्डों को ठीक से देखे भाले और ठीक से सेवे।

उस मुर्गी के मनमें ऐसी इच्छा हो, "मेरे बच्चे अपने चंगुल से या चोंच से अण्डे को फोड़ कर कुशलता से बाहर चले आवें, और यथार्थ में ऐसी ही बात हो… …।

भिक्षुओ ! जैसे, बढ़ई या बढ़ई के शागिर्द के बसुले के हत्थड (=बेंट) में देखने से अंगुलियों और अँगूठे के दाग पड़े मालूम होते हैं। उसे ऐसा ज्ञान नहीं रहता है कि बसुले का हत्थड आज इतना घिसा और कल इतना घिसेगा। किन्तु, उसके घिस जाने पर मालूम होता है कि घिस गया।

भिक्षुओ ! वैसे ही, भावना में लगे हुये भिक्षु को ऐसा ज्ञान नहीं होता है कि आज तो मेरे आश्रव इतना क्षीण हुये और कल इतना क्षीण होंगे। किन्तु, जब क्षीण हो जाते हैं तभी मालूम होता है कि क्षीण हो गये।

भिक्षुओ ! जैसे, समुद्र में चलने वाली बेंत से बँधी हुई नाव छ: महीने पानी में चलाने के बाद हेमन्त में जमीन पर चढ़ा दी जाय। उसके बन्धन धूप हवा में सूख और वर्षा से भींग सड़-गल कर नष्ट हो जाते हैं।

भिक्षुओ ! वैसे ही, भावना में लगे हुये भिक्षु के सभी बन्धन (=१० संयोजन) नष्ट हो जाते हैं।

§ १०. सञ्ञा सुत्त (४१ २ ५ १०)

अनित्य संज्ञा की भावना

श्रावस्ती जेतवन ।

भिक्षुओ ! अनित्य सञ्ञा की भावना करने से सभी कामराग, रूपराग, भवराग और अविद्या हट जाती है, सभी अहङ्कार और अभिमान समूल नष्ट हो जाते हैं।

भिक्षुओ ! जैसे, शरत्काल में कृषक अच्छे हल से जोतते हुये सभी जड़ मूल को छिन्न भिन्न करते हुये जोतता है वैसे ही भिक्षुओ ! अनित्य सञ्ञा की भावना करने से सभी कामराग, रूपराग, भवराग, अविद्या तथा अहंकार और अभिमान छिन्न भिन्न हो जाते हैं।

भिक्षुओ ! जैसे, घसगढ़वा घास को गढ़, ऊपर पकड़, इधर उधर डोल कर फेंक देता है। भिक्षुओ ! वैसे ही, अनित्य सञ्ञा की भावना करने से सभी कामराग छिन्न भिन्न हो जाते हैं।

भिक्षुओ ! जैसे, किसी आम के गुच्छे की टहनी कट जाने से उसमें लगे सभी आम गिर पड़ते हैं। भिक्षुओ ! वैसे ही, अनित्य सञ्ञा की भावना करने से सभी कामराग छिन्न भिन्न हो जाते हैं।

भिक्षुओ ! जैसे, कूटागार के सभी धरण कूट की ओर ही जाते हैं, कूट की ओर ही झुके होते हैं, और कूट ही उनका प्रधान होता है। भिक्षुओ ! वैसे ही, अनित्य सञ्ञा की भावना ।

भिक्षुओ ! जैसे, सभी मूल गन्धों में कालानुसारी उत्तम समझी जाती है। भिक्षुओ ! वैसे ही अनित्य सञ्ञा की भावना ।

भिक्षुओ ! जैसे, सभी सार गन्धों में लालचन्दन उत्तम समझा जाता है। भिक्षुओ ! वैसे ही, अनित्य-सञ्ञा की भावना ।

भिक्षुओ ! जैसे, सभी पुष्प गन्धों में जूही उत्तम समझी जाती है। भिक्षुओ ! वैसे ही, अनित्य सञ्ञा की भावना ।

भिक्षुओ ! जैसे, छोटे मोटे राजा सभी चक्रवर्ती राजा के आधीन रहते हैं, और चक्रवर्ती राजा उनका प्रधान समझा जाता है। भिक्षुओ ! वैसे ही, अनित्य सञ्ञा की भावना ।

भिक्षुओ ! जैसे, सभी ताराओं का प्रकाश चन्द्रमा के प्रकाश का सोलहवाँ हिस्सा भी नहीं होता है, और चन्द्रमा ताराओं में प्रधान माना जाता है। भिक्षुओ ! वैसे ही अनित्य-सञ्ञा की भावना ।

भिक्षुओ ! जैसे, शरत्काल में बादलों के हट जाने से आकाश के निर्मल हो जाने पर सूर्य उगकर आकाश के सभी अन्धकार को हटा, चमकता है, तपता है और शोभित होता है। भिक्षुओ ! वैसे ही, अनित्य सञ्ञा की भावना करने से सभी कामराग, रूपराग, भवराग और अविद्या हट जाती है, सभी अहंकार और अभिमान समूल नष्ट हो जाते हैं।

भिक्षुओ ! अनित्य सञ्ञा की कैसे भावना और अभ्यास करने से सभी कामराग समूल नष्ट हो जाते हैं ?

"यह रूप है, यह रूप की उत्पत्ति है, यह रूप का अस्त हो जाना है। यह वेदना । यह सञ्ञा । यह संस्कार । यह विज्ञान ।"—भिक्षुओ ! इस तरह अनित्य सञ्ञा की भावना और अभ्यास करने से सभी कामराग समूल नष्ट हो जाते हैं।

पुप्फवर्ग समाप्त

मज्झिमपण्णासक समाप्त ।

तीसरा परिच्छेद

चूळ पण्णासक

पहला भाग

अन्त वर्ग

§ १. अन्त सुत्त (२१. ३. १. १)

चार अन्त

श्रावस्ती... जेतवन...।

भिक्षुओ ! चार अन्त हैं। कौन से चार ? (१) सत्काय-अन्त, (२) सत्कायसमुदय-अन्त, (३) सत्कायनिरोध-अन्त, और (४) सत्कायनिरोधगामिनी-प्रतिपदा-अन्त।

भिक्षुओ ! सत्काय अन्त क्या है ? कहना चाहिये कि यही पाँच उपादान स्कन्ध। कौन से पाँच ? यह जो रूप उपादान स्कन्ध...। भिक्षुओ ! इसे कहते हैं 'सत्काय-अन्त'।

भिक्षुओ ! सत्कायसमुदय-अन्त क्या है ? जो यह तृष्णा, पुनर्जन्म करानेवाली, आनन्द और राग के साथवाली, यहाँ वहाँ स्वाद लेनेवाली। जो यह, काम तृष्णा, भव-तृष्णा, विभव-तृष्णा। भिक्षुओ ! इसी को कहते हैं 'सत्कायसमुदय-अन्त'।

भिक्षुओ ! सत्काय-निरोध-अन्त क्या है ? जो उसी तृष्णा से वैराग्य-पूर्वक निरोध = त्याग = प्रतिनिसर्ग = मुक्ति = अनालय। भिक्षुओ ! इसी को कहते हैं 'सत्काय निरोध-अन्त'।

भिक्षुओ ! सत्कायनिरोधगामिनी प्रतिपदा-अन्त क्या है ? यही आर्य अष्टांगिक मार्ग; सम्यक् दृष्टि...सम्यक् समाधि। भिक्षुओ ! इसी को कहते हैं सत्काय-निरोधगामिनी प्रतिपदा-अन्त।

भिक्षुओ ! यही चार अन्त हैं।

§ २. दुक्ख सुत्त (२१. ३. १. २)

चार आर्यसत्य

श्रावस्ती...जेतवन...।

भिक्षुओ ! मैं तुम्हें दुःख, दुःखसमुदय, दुःखनिरोध और दुःखनिरोधगामिनी प्रतिपदा का उपदेश करूँगा। उसे सुनो...।

भिक्षुओ ! दुःख क्या है ? यही पाँच उपादान स्कन्ध...।

भिक्षुओ ! दुःखसमुदय क्या है ? जो यह तृष्णा...।

भिक्षुओ ! दुःखनिरोध क्या है ? जो उसी तृष्णा से वैराग्य पूर्वक निरोध...।

भिक्षुओ ! दुःखनिरोधगामिनी प्रतिपदा क्या है ? यही आर्य-अष्टांगिक मार्ग...।

§ ३. सक्काय सुत्त (२१. ३. १. ३)

सत्काय

श्रावस्ती ··· जेतवन ··· ।

भिक्षुओ ! मैं तुम्हें सत्काय, सत्कायसमुदय, सत्काय-निरोध और सत्कायनिरोधगामिनी प्रतिपदा का उपदेश करूँगा ...।

[पूर्ववत्]

§ ४. परिञ्ञेय्य सुत्त (२१. ३. १. ४)

परिज्ञेय-धर्म

श्रावस्ती ··· जेतवन...।

भिक्षुओ ! मैं तुम्हें परिज्ञेय धर्मों का उपदेश करूँगा, परिज्ञा का और परिज्ञाता का । सुनो...।

भिक्षुओ ! परिज्ञेय धर्म कौन हैं ? रूप परिज्ञेय धर्म है, वेदना . , संज्ञा .., संस्कार. ., विज्ञान परिज्ञेय धर्म है । भिक्षुओ ! इन्हीं को परिज्ञेय धर्म कहते हैं ।

भिक्षुओ ! परिज्ञा क्या है ? राग-क्षय, द्वेष-क्षय, मोह-क्षय । भिक्षुओ ! इसी को परिज्ञा कहते हैं ।

भिक्षुओ ! परिज्ञाता पुद्गल क्या है ? अर्हत्, जो आयुष्मान् इस नाम और गोत्र के हैं—

भिक्षुओ ! इसे कहते हैं परिज्ञाता पुद्गल ।

§ ५. पठम समण सुत्त (२१. ३. १. ५)

पाँच उपादान स्कन्ध

श्रावस्ती ··· जेतवन ··· ।

भिक्षुओ ! पाँच उपादान-स्कन्ध हैं । कौन से पाँच ? जो यह, रूप-उपादान-स्कन्ध ··· ।

भिक्षुओ ! जो श्रमण या ब्राह्मण इन पाँच उपादान-स्कन्धों के आस्वाद, दोष और छुटकारा को यथार्थतः नहीं जानते हैं ···; जानते हैं, वे स्वयं ज्ञान का साक्षात्कार कर ज्ञान को प्राप्त हो विहार करते हैं ।

§ ६. दुतिय समण सुत्त (२१. ३. १. ६)

पाँच उपादान स्कन्ध

श्रावस्ती ··· जेतवन ··· ।

···भिक्षुओ ! जो श्रमण या ब्राह्मण इन पाँच उपादान स्कन्धों के समुदय, अस्त होने, आस्वाद, दोष और छुटकारा को यथार्थतः नहीं जानते हैं ··· ; जानते हैं, वे स्वयं ज्ञान का साक्षात्कार कर ··· ।

§ ७. सोतापन्न सुत्त (२१. ३. १. ७)

स्रोतापन्न को परमज्ञान की प्राप्ति

श्रावस्ती ··· जेतवन ··· ।

···भिक्षुओ ! क्योंकि आर्यश्रावक इन पाँच उपादान-स्कन्धों के समुदय, अस्त होने, आस्वाद,

दोष और छुटकारा को यथार्थतः जानता है, इसी से वह स्रोतापन्न होता है, वह मार्ग से च्युत नहीं हो सकता, वह परमज्ञान को अवश्य प्राप्त करेगा।

§ ८. अरहा सुत्त (२१. ३. १. ८)

अर्हत्

श्रावस्ती···जेतवन···।

भिक्षुओ! क्योंकि भिक्षु इन पाँच उपादान-स्कन्धों के समुदय, अस्त होने, आस्वाद, दोष और छुटकारा को यथार्थतः जान उपादानरहित हो विमुक्त हो जाता है, इसी से वह अर्हत् = क्षीणाश्रव = ब्रह्मचर्यवास समाप्त कर लेनेवाला = कृतकृत्य = भारमुक्त = अनुप्राप्तसदर्थ = भवबन्धन जिसके क्षीण हो गये हैं = परमज्ञान से विमुक्त कहा जाता है।

§ ९. पठम छन्दराग सुत्त (२१.३. १. ९)

छन्दराग का त्याग

श्रावस्ती···जेतवन···।

भिक्षुओ! रूप के प्रति जो तुम्हारा छन्द=राग=नन्दि=तृष्णा है उसे छोड़ दो। इस तरह वह रूप प्रहीण हो जायगा, उच्छिन्नमूल, शिर कटे ताड़ के ऐसा, मिटाया हुआ, भविष्य में जो उग नहीं सकता।

वेदना···; संज्ञा···, संस्कार···, विज्ञान के प्रति···।

§ १०. दुतिय छन्दराग सुत्त (२१. ३. १. १०)

छन्दराग का त्याग

श्रावस्ती···जेतवन···।

भिक्षुओ! रूप के प्रति जो तुम्हारे छन्द=राग=नन्दि=तृष्णा, उपाय, उपादान, चित्त का अधिष्ठान अभिनिवेश, अनुशय है उन्हें छोड़ दो। इस तरह वह रूप प्रहीण···।

वेदना···, संज्ञा···, संस्कार···, विज्ञान···।

अन्त वर्ग समाप्त

दूसरा भाग

धर्मकथिक वर्ग

§ १. पठम भिक्खु सुत्त (२१. ३. २. १)

अविद्या क्या है ?

श्रावस्ती "जेतवन"।

तब, कोई भिक्षु जहाँ भगवान् थे वहाँ आया, और भगवान् का अभिवादन कर एक ओर बैठ गया।

एक ओर बैठ, उस भिक्षु ने भगवान् से यह कहा, "भन्ते ! लोग 'अविद्या' 'अविद्या' कहा करते हैं। भन्ते ! अविद्या क्या है ? अविद्या कैसे होती है ?"

भिक्षु ! कोई अज्ञ=पृथक्जन रूप को नहीं जानता है, रूप के समुदय को नहीं जानता है, रूप के निरोध को नहीं जानता है, रूप की निरोधगामिनी प्रतिपदा (= मार्ग) को नहीं जानता है।

वेदना को···; संज्ञा को···; संस्कार को···; विज्ञान को ···।

भिक्षु ! इसी को कहते हैं 'अविद्या'। इसी से अविद्या होती है।

§ २. दुतिय भिक्खु सुत्त (२१. ३. २. २)

विद्या क्या है ?

श्रावस्ती" जेतवन"'।

···एक ओर बैठ उस भिक्षुने भगवान्‌को कहा, "भन्ते ! लोग 'विद्या' 'विद्या' कहा करते हैं। भन्ते ! विद्या क्या है ? विद्या किससे होती है ?"

भिक्षु ! कोई पण्डित आर्यश्रावक रूप को जानता है, रूप के समुदय को··। रूप के निरोध को···, रूप की निरोधगामिनी प्रतिपदा को जानता है।

वेदना···। संज्ञा···। संस्कार···। विज्ञान··· ।

भिक्षु ! इसी को विद्या कहते हैं, इसी से विद्या होती है।

§ ३. पठम कथिक सुत्त (२१. ३. २. ३)

कोई धर्मकथिक कैसे होता ?

श्रावस्ती"'जेतवन"'।

···एक ओर बैठ उस भिक्षु ने भगवान् को कहा, "भन्ते ! लोग 'धर्मकथिक' 'धर्मकथिक' कहा करते हैं। भन्ते ! कोई धर्मकथिक कैसे होता है ?

भिक्षु ! यदि कोई रूप के निर्वेद=वैराग्य करने और उसके निरोध के विषय में उपदेश करे तो उतने भर से वह धर्मकथिक कहा जा सकता है। भिक्षु ! यदि कोई रूप के निर्वेद=वैराग्य और निरोध के लिये यत्नशील हो तो उतने से वह धर्मानुधर्मप्रतिपन्न कहा जा सकता है। भिक्षु ! यदि कोई रूप के

निर्वेद=वैराग्य और निरोध से उपादानरहित हो विमुक्त हो गया हो तो कहा जायगा कि उसने अपने देखते ही देखते निर्वाण पा लिया।

वेदना...। संज्ञा...। संस्कार...। विज्ञान...।

§ ४. दुतिय कथिक सुत्त (२१. ३. २. ४)

कोई धर्मकथिक कैसे होता?

श्रावस्ती...जेतवन...।

...भन्ते! कोई धर्मकथिक कैसे होता है? कोई धर्मानुधर्मप्रतिपन्न कैसे होता है? कोई अपने देखते ही देखते निर्वाण कैसे प्राप्त कर लेता है?

[ऊपर जैसा]

§ ५. बन्धन सुत्त (२१. ३. २. ५)

बन्धन

श्रावस्ती... जेतवन...।

भिक्षुओ! अज्ञ = पृथक्जन...रूप को आत्मा समझता है, रूपवान् आत्मा है ऐसा समझता है, आत्मा रूप है, या रूप में आत्मा है ऐसा समझता है। भिक्षुओ! कहा जाता है कि यह अज्ञ = पृथक्जन रूप के बन्धन से बँधा है, बाहर और भीतर गाँठ से जकड़ा है, तीर को नहीं देख पाता, पार को नहीं देख पाता, वह ही उत्पन्न होता है, वह ही मरता है और वह ही इस लोक से परलोक को जाता है।

वेदना...। संज्ञा...। संस्कार...। विज्ञान...।

भिक्षुओ! पण्डित आर्यश्रावक रूप को आत्मा नहीं समझता है, रूपवान् आत्मा है ऐसा नहीं समझता है, आत्मा में रूप है या रूप में आत्मा है ऐसा नहीं समझता है। भिक्षुओ! कहा जाता है कि यह पण्डित आर्यश्रावक रूप के बन्धन से नहीं बँधा है, बाहर और भीतर गाँठ से नहीं जकड़ा है, तीर को देखनेवाला है, पार को देखनेवाला है। वह दुःख से मुक्त हो गया है ऐसा मैं कहता हूँ।

वेदना...। संज्ञा...। संस्कार...। विज्ञान...।

§ ६. पठम परिमुचित सुत्त (२१. ३. २. ६)

रूप के यथार्थ ज्ञान से पुनर्जन्म नहीं

श्रावस्ती जेतवन...।

भिक्षुओ! क्या तुम रूप को 'यह मेरा है, यह मैं हूँ, यह मेरा आत्मा है' ऐसा समझते हो?

नहीं भन्ते!

ठीक है, भिक्षुओ! *तुम्हें ऐसा ही यथार्थतः प्रज्ञापूर्वक समझ लेना चाहिये।*

वेदना...; संज्ञा...; संस्कार...; विज्ञान...।

इस प्रकार देख और जान पुनर्जन्म को नहीं प्राप्त होता है।

§ ७. दुतिय परिमुचित सुत्त (२१. ३. २. ७)

रूप के यथार्थ ज्ञान से पुनर्जन्म नहीं

श्रावस्ती...जेतवन...।

[ठीक ऊपर जैसा]

§ ८. सञ्ञोजन सुत्त (२१. ३ २. ८)

संयोजन

श्रावस्ती ''जेतवन ''।

भिक्षुओ ! संयोजनीय धर्म और संयोजन के विषय में उपदेश करूँगा। उसे सुनो'''।

भिक्षुओ ! संयोजनीय धर्म कौन से हैं, और संयोजन क्या है ?

भिक्षुओ ! रूप संयोजनीय धर्म है, जो उसके प्रति छन्द=राग है वह संयोजन है।

वेदना'''। संज्ञा'''। संस्कार'''। विज्ञान'''।

भिक्षुओ ! यही संयोजनीय धर्म और संयोजन कहलाते हैं।

§ ९. उपादान सुत्त (२१. ३. २. ९)

उपादान

श्रावस्ती ''जेतवन'''।

भिक्षुओ ! उपादानीय धर्म और उपादान के विषय में उपदेश करूँगा। उसे सुनो'''।

'''भिक्षुओ ! रूप उपादानीय धर्म है, और उसके प्रति जो छन्दराग है वह उपादान है।

वेदना'''। संज्ञा'''। संस्कार'''। विज्ञान''।

§ १०. सील सुत्त (२१. ३. २. १०)

शीलवान् के मनन योग्य धर्म

एक समय आयुष्मान् सारिपुत्र और आयुष्मान् महाकोट्ठित वाराणसी के पास ऋषिपतन मृगदाय में विहार करते थे।

तब, आयुष्मान् महाकोट्ठित संध्या समय ध्यान से उठ जहाँ आयुष्मान् सारिपुत्र थे वहाँ गये।''' यह बोले, "आवुस सारिपुत्र ! शीलवान् भिक्षु को किन धर्मों का ठीक से मनन करना चाहिये ?"

आवुस कोट्ठित ! शीलवान् भिक्षु को ठीक से मनन करना चाहिये। कि—ये पाँच उपादान स्कन्ध अनित्य, दुःख, रोग, दुर्गन्ध, घाव, पाप, पीड़ा, पराया, झूठा, शून्य और अनात्म हैं।

कौन से पाँच ? जो यह रूप उपादान स्कन्ध'''।

आवुस ! ऐसा हो सकता है, कि शीलवान् भिक्षु पाँच उपादान-स्कन्धों का ऐसा मनन कर स्रोतापत्ति के फल का साक्षात्कार कर ले।

आवुस सारिपुत्र ! स्रोतापन्न भिक्षु को किन धर्मों का ठीक से मनन करना चाहिये ?

आवुस कोट्ठित ! स्रोतापन्न भिक्षु को भी यही ठीक से मनन करना चाहिये कि ये पाँच उपादान-स्कन्ध अनित्य...। आवुस ! हो सकता है कि स्रोतापन्न भिक्षु ऐसा मनन कर सकृदागामी..., अनागामी ..., अर्हत् के फल का साक्षात्कार कर ले।

आवुस सारिपुत्र ! अर्हत् को किन धर्मों का ठीक से मनन करना चाहिये ?

आवुस कोट्ठित ! अर्हत् को भी यही मनन करना चाहिये कि—ये पाँच उपादान स्कन्ध अनित्य, दुःख, रोग, दुर्गन्ध, घाव, पाप, पीड़ा,'''अनात्म हैं। आवुस ! अर्हत् को कुछ और करना या किये का नाश करना नहीं रहता है, इन धर्मों की भावना का अभ्यास यहाँ सुखपूर्वक विहार करने तथा स्मृतिमान् और संप्रज्ञ रहने के लिये होता है।

§ ११. सुतवा सुत्त (२१. ३. २. ११)

श्रुतवान् के मनन योग्य धर्म

वाराणसी···।

['शीलवान्' के बदले 'श्रुतवान्' करके ऊपर जैसा ज्यों का त्यों]

§ १२. पठम कप्प सुत्त (२१. ३. २. १२)

अहंकार का त्याग

श्रावस्ती···जेतवन ।

तब, आयुष्मान् कप्प···एक ओर बैठ, भगवान् से बोले, "भन्ते ! क्या जान और देख इस विज्ञानवाले शरीर में तथा बाहर के सभी निमित्तों में अहंकार, ममङ्कार, मान और अनुशय नहीं होते हैं ?

कप्प ! जो कुछ रूप—अतीत, अनागत ···—है सभी न मेरा है, न मैं हूँ और न मेरा आत्मा है। इसे जो यथार्थतः प्रज्ञापूर्वक देखता है। वेदना··· । संज्ञा··· । विज्ञान···।

कप्प ! इसे ही जान और देखकर इस विज्ञानवाले शरीर में तथा बाहर के सभी निमित्तों में अहंकार···नहीं होते हैं।

§ १३. दुतिय कप्प सुत्त (२१. ३. २. १३)

अहंकार के त्याग से मुक्ति

···भन्ते ! क्या जान और देख इस विज्ञानवाले शरीर में तथा बाहर के सभी निमित्तों में अहंकार, ममंकार, मान और अनुशय से रहित मन, द्वन्द्व से परे हो शान्त और सुविमुक्त होता है।

कप्प ! जो रूप—अतीत, अनागत···—है सभी न मेरा है, न मैं हूँ और न मेरा आत्मा है। इसी को यथार्थतः प्रज्ञापूर्वक देख लेने से कोई उपादानरहित हो विमुक्त हो जाता है।

वेदना···। संज्ञा···। संस्कार···। विज्ञान···।

कप्प ! इसे ही जान और देख इस विज्ञानवाले शरीर में तथा बाहर के सभी निमित्तों में अहंकार ममंकार, मान और अनुशय से रहित मन, मन द्वन्द्व से परे हो, शान्त और सुविमुक्त होता है।

धर्मकथिक वर्ग समाप्त

तीसरा भाग

अविद्या वर्ग

§ १. पठम समुदयधम्म सुत्त (२१. ३. ३. १)

अविद्या क्या है ?

श्रावस्ती···जेतवन···।

तब, कोई भिक्षु जहाँ भगवान् थे वहाँ आया और भगवान् का अभिवादन कर एक ओर बैठ गया। एक ओर बैठ, उस भिक्षु ने भगवान् को कहा, "भन्ते ! लोग 'अविद्या, अविद्या' कहा करते हैं। भन्ते ! अविद्या क्या है ? कोई अविद्या में कैसे पड़ता है ?"

भिक्षु ! अज्ञ=पृथक्जन समुदयधर्मा (=उत्पन्न होना जिसका स्वभाव है) रूप को समुदयधर्मा के ऐसा तत्वतः नहीं जानता है। व्ययधर्मा रूप को व्ययधर्मा के ऐसा तत्वतः नहीं जानता है। समुदय-व्ययधर्मा रूप को समुदय-व्ययधर्मा रूप के ऐसा तत्वतः नहीं जानता है।

समुदयधर्मा वेदना को···; संज्ञा को···; संस्कार को···; विज्ञान को···।

भिक्षु ! इसी को 'अविद्या' कहते हैं। इसी से कोई अविद्या में पड़ता है।

इस पर, उस भिक्षु ने भगवान् को कहा, "भन्ते ! लोग 'विद्या, विद्या' कहा करते हैं। भन्ते ! विद्या क्या है ? किसी को विद्या कैसे होती है ?"

भिक्षु ! पण्डित आर्यश्रावक समुदयधर्मा रूप को समुदयधर्मा के ऐसा तत्वतः जानता है। व्ययधर्मा रूप को व्ययधर्मा के ऐसा तत्वतः जानता है। समुदय-व्ययधर्मा रूप को समुदय-व्ययधर्मा के ऐसा तत्वतः जानता है।

वेदना···; संज्ञा···; संस्कार···; विज्ञान···।

भिक्षु ! यही विद्या है। किसी को विद्या ऐसे ही होती है।

§ २. दुतिय समुदयधम्म सुत्त (२१. ३. ३. २)

अविद्या क्या है ?

एक समय आयुष्मान् सारिपुत्र और आयुष्मान् महाकोट्ठित वाराणसी के पास ऋषिपतन मृगदाय में विहार करते थे।

तब, संध्या समय आयुष्मान् महाकोट्ठित···आयुष्मान् सारिपुत्र से बोले, "आवुस सारिपुत्र ! लोग 'अविद्या, अविद्या' कहा करते हैं। आवुस ! अविद्या क्या है ? कोई अविद्या में कैसे पड़ता है ?"

आवुस ! अज्ञ=पृथक्जन समुदयधर्मा रूप को···। [ऊपर जैसा]

§ ३. ततिय समुदयधम्म सुत्त (२१. ३. ३. ३)

विद्या क्या है ?

ऋषिपतन मृगदाय···।

···आवुस ! लोग 'विद्या, विद्या' कहा करते हैं। आवुस ! विद्या क्या है ? कोई विद्या कैसे लाभ करता है ?

आवुस ! पण्डित आर्यश्रावक समुदयधर्मा रूपको…।

[ऊपर जैसा]

§ ४. पठम अस्साद सुत्त (२१. ३. ३. ४)

अविद्या क्या है ?

ऋषिपतन मृगदाय…।

…आवुस सारिपुत्र ! लोग 'अविद्या, अविद्या' कहा करते हैं। आवुस ! अविद्या क्या है ? कोई अविद्या में कैसे पड़ता है ?

आवुस ! अज्ञ=पृथक्जन रूप के आस्वाद, दोष और मोक्ष को यथार्थतः नहीं जानता है। वेदना के…; संज्ञा के…; संस्कार के…; विज्ञान के…।

आवुस ! यही अविद्या है। ऐसे ही कोई अविद्या में पड़ता है।

§ ५. दुतिय अस्साद सुत्त (२१. ३. ३. ५)

विद्या क्या है ?

ऋषिपतन मृगदाय…।

… आवुस सारिपुत्र ! लोग 'विद्या, विद्या' कहा करते हैं। आवुस ! विद्या क्या है…?

आवुस ! पण्डित आर्यश्रावक रूप के आस्वाद, दोष और मोक्ष को यथार्थतः जानता है।

वेदना के…; संज्ञा के…; संस्कार के…; विज्ञान के…।

आवुस ! यही विद्या है।

§ ६. पठम समुदय सुत्त (२१. ३. ३. ६)

अविद्या

ऋषिपतन मृगदाय…।

आवुस ! अज्ञ=पृथक्जन रूप के समुदय, अस्त होने, आस्वाद, दोष और मोक्ष को यथार्थतः नहीं जानता है।

वेदना…, संज्ञा…, संस्कार…, विज्ञान…।

आवुस ! यही अविद्या है।

§ ७. दुतिय समुदय सुत्त (२१. ३. ३. ७)

विद्या

ऋषिपतन मृगदाय…।

…आवुस ! पण्डित आर्यश्रावक रूप के समुदय, अस्त होने, आस्वाद, दोष और मोक्ष को यथार्थतः जानता है।

वेदना…, संज्ञा…, संस्कार…, विज्ञान…।

आवुस ! यही विद्या है।

§ ८. पठम कोट्ठित सुत्त (२१. ३. ३. ८)

अविद्या क्या है ?

ऋषिपतन मृगदाय…।

तब, सारिपुत्र संध्या समय…।

एक ओर बैठ, आयुष्मान् सारिपुत्र आयुष्मान् महाकोट्ठित से बोले, "आवुस महाकोट्ठित! लोग 'अविद्या, अविद्या' कहा करते हैं। आवुस! अविद्या क्या है?"

आवुस! अज्ञ = पृथक्जन रूप के आस्वाद, दोष और मोक्ष को यथार्थतः नहीं जानता है। वेदना…विज्ञान…।

आवुस! यही अविद्या है।

इस पर आयुष्मान् सारिपुत्र आयुष्मान् कोट्ठित से बोले,"…आवुस! विद्या क्या है?"

आवुस!…आस्वाद, दोष और मोक्ष को यथार्थतः जानता है…। यही विद्या है।

§ ९. दुतिय कोट्ठित सुत्त (२१. ३. ३. ९)

विद्या

ऋषिपतन मृगदाय…।

…आवुस कोट्ठित!…अविद्या क्या है?

आवुस! अज्ञ = पृथक्जन रूप के समुदय, अस्त होने, आस्वाद, दोष और मोक्ष को यथार्थतः नहीं जानता है…।

आवुस! यही अविद्या है।

इस पर, आयुष्मान् सारिपुत्र आयुष्मान् महाकोट्ठित से बोले, "…आवुस कोट्ठित!…विद्या क्या है?

आवुस! पण्डित आर्यश्रावक रूप के समुदय, अस्त होने, आस्वाद, दोष और मोक्ष को यथार्थतः जानता है…।

आवुस! यही विद्या है।

§ १०. ततिय कोट्ठित सुत्त (२१. ३. ३. १०)

विद्या और अविद्या

ऋषिपतन मृगदाय…।

…आवुस! अज्ञ = पृथक्जन रूप को नहीं जानता है, रूप के समुदय को नहीं जानता है, रूप के निरोध को नहीं जानता है, रूप के निरोधगामी मार्ग को नहीं जानता है।

वेदना… विज्ञान…।

आवुस! यही अविद्या है।

…आवुस! पण्डित आर्यश्रावक रूप को जानता है, रूप के समुदय को जानता है, रूप के निरोध को जानता है, रूप के निरोधगामी मार्ग को जानता है।

वेदना… विज्ञान…।

आवुस! यही विद्या है।

अविद्या वर्ग समाप्त

चौथा भाग

कुक्कुल वर्ग

§ १. कुक्कुल सुत्त (२१. ३. ४. १)

रूप धधक रहा है

श्रावस्ती… जेतवन…।

भिक्षुओ ! रूप धधक रहा है। वेदना…। संज्ञा…। संस्कार…। विज्ञान धधक रहा है।

भिक्षुओ ! पण्डित आर्यश्रावक रूप को ऐसा जान, रूप से निर्वेद करता है, वेदना से…, संज्ञा से…, संस्कार से…, विज्ञान से…।

निर्वेद करने से राग-रहित हो जाता है…पुनर्जन्म को नहीं प्राप्त होता।

§ २. पठम अनिच्च सुत्त (२१. ३. ४. २)

अनित्य से इच्छा हटाओ

श्रावस्ती जेतवन…।

भिक्षुओ ! जो अनित्य है उससे तुम्हें अपनी इच्छा हटा लेनी चाहिये। भिक्षुओ ! क्या अनित्य है ?

रूप अनित्य है, उससे तुम्हें अपनी इच्छा हटा लेनी चाहिये। वेदना…। संज्ञा…। संस्कार…। विज्ञान…।

भिक्षुओ ! जो अनित्य है उससे तुम्हें अपनी इच्छा हटा लेनी चाहिये।

§ ३-४. दुतिय-ततिय-अनिच्च सुत्त (२१. ३. ४. ३-४)

अनित्य से छन्दराग हटाओ

श्रावस्ती…जेतवन…।

भिक्षुओ ! जो अनित्य है उससे तुम्हें अपना राग…छन्दराग हटा लेना चाहिये।

§ ५–७. पठम-दुतिय-ततिय दुक्ख सुत्त (२१. ३. ४. ५–७)

दुःख से राग हटाओ

श्रावस्ती…जेतवन…।

…भिक्षुओ ! जो दुःख है उससे तुम्हें अपना छन्द (=इच्छा)…, राग…, इच्छाराग हटा लेना चाहिये…।

§ ८–१०. पठम-दुतिय-ततिय अनत्त सुत्त (२१. ३. ४. ८–१०)

अनात्म से राग हटाओ

श्रावस्ती⋯ जेतवन⋯।

⋯भिक्षुओ ! जो अनात्म है उससे तुम्हें अपना छन्द⋯, राग⋯, छन्दराग हटा लेना चाहिये।

§ ११. पठम कुलपुत्त सुत्त (२१. ३. ४. ११)

वैराग्य-पूर्वक विहरना

श्रावस्ती⋯ जेतवन⋯।

भिक्षुओ ! श्रद्धा से प्रव्रजित कुलपुत्र का यह धर्म है कि सदा रूप के प्रति वैराग्य-पूर्वक विहार करे। वेदना के प्रति⋯। संज्ञा⋯। संस्कार⋯। विज्ञान⋯।

इस प्रकार वैराग्य-पूर्वक विहार करते हुये वह रूप को जान लेता है, वेदना को जान लेता है⋯ विज्ञान को जान लेता है।

यह रूप को जान कर, वेदना को⋯ विज्ञान को जान कर, रूप से मुक्त हो जाता है⋯ विज्ञान से मुक्त हो जाता है। जाति, जरा, मरण, शोक, परिदेव, दुःख, दौर्मनस्य और उपायास से मुक्त हो जाता है। अथवा, दुःख से मुक्त हो जाता है—ऐसा मैं कहता हूँ।

§ १२. दुतिय कुलपुत्त सुत्त (२१. ३. ४. १२)

अनित्य बुद्धि से विहरना

श्रावस्ती⋯ जेतवन⋯।

भिक्षुओ ! श्रद्धा से प्रव्रजित हुये कुलपुत्र का यह धर्म है कि रूप के प्रति अनित्य-बुद्धि से विहार करे। वेदना के प्रति⋯। संज्ञा⋯। संस्कार⋯। विज्ञान के प्रति⋯।

⋯दुःख से मुक्त हो जाता है—ऐसा मैं कहता हूँ।

§ १३. दुक्ख सुत्त (२१. ३. ४. १३)

अनात्म-बुद्धि से विहरना

श्रावस्ती⋯जेतवन⋯।

⋯रूप के प्रति अनात्म-बुद्धि से विहार करे।

⋯दुःख से मुक्त हो जाता है—ऐसा मैं कहता हूँ।

कुक्कुळ वर्ग समाप्त

पाँचवाँ भाग

दृष्टि वर्ग

§ १. अज्झत्तिक सुत्त (२१. ३. ५. १)

अध्यात्मिक सुख-दुःख

श्रावस्ती ' जेतवन ' ।

भिक्षुओ ! किसके होने से, किसके उपादान से आध्यात्मिक सुख-दुःख उत्पन्न होते हैं ?

भन्ते ! हमारे धर्म के मूल तो भगवान् ही हैं··· ।

भिक्षुओ ! रूप के होने से, रूप के उपादान से आध्यात्मिक सुख-दुःख उत्पन्न होते हैं । वेदना के होने से···। संज्ञा···। संस्कार···। विज्ञान···।

भिक्षुओ ! तो क्या समझते हो, रूप नित्य है या अनित्य ?

भन्ते ! अनित्य है ।

जो अनित्य है वह दुःख है या सुख ?

भन्ते ! दुःख है ।

जो अनित्य, दुःख और परिवर्तनशील है उसका उपादान नहीं करने से क्या आध्यात्मिक सुख-दुःख उत्पन्न होंगे ?

नहीं भन्ते !

वेदना···। संज्ञा···। संस्कार···। विज्ञान···।

इसे जान और देख,···पुनर्जन्म को नहीं प्राप्त होता है ।

§ २. एतं मम सुत्त (२१. ३. ५. २)

'यह मेरा है' की समझ क्यों ?

श्रावस्ती ' जेतवन···।

भिक्षुओ ! किसके होने से, किसके उपादान से, किसके अभिनिवेश से कोई ऐसा समझने लगता है कि—यह मेरा है, यह मैं हूँ, और यह मेरा आत्मा है ?

धर्म के मूल भगवान् ही हैं···।

भिक्षुओ ! रूप के होने से, रूप के उपादान से, रूप के अभिनिवेश से कोई ऐसा समझने लगता है कि—यह मेरा है, यह मैं हूँ, और यह मेरा आत्मा है । वेदना के होने से···। संज्ञा···। संस्कार···। विज्ञान···।

भिक्षुओ ! तो क्या समझते हो, रूप नित्य है या अनित्य ।

···इसे जान और देख···, पुनर्जन्म को नहीं प्राप्त होता है ।

§ ३. एसो अत्ता सुत्त (२१. ३. ५. ३)

'आत्मा लोक है' की मिथ्यादृष्टि क्यों ?

श्रावस्ती' जेतवन···।

भिक्षुओ ! किसके होने से, किसके उपादान से, किससे अभिनिवेश से ऐसी मिथ्या-दृष्टि (=मिथ्या धारणा) उत्पन्न होती है—जो आत्मा है वह लोक है, सो मैं मरकर नित्य = ध्रुव = शाश्वत = अविपरिणामधर्मा हो जाऊँगा ?

धर्म के मूल भगवान् ही···।

भिक्षुओ ! रूप के होने से···ऐसी मिथ्या-दृष्टि उत्पन्न होती है··। वेदना के होने से···। संज्ञा···। संस्कार···। विज्ञान के होने से···।

भिक्षुओ ! तो क्या समझते हो, रूप नित्य है या अनित्य ?

···इसे जान और देख···पुनर्जन्म को नहीं प्राप्त होता है।

§ ४. नो च मे सिया सुत्त (२१. ३. ५. ४)

'न मैं होता' की मिथ्यादृष्टि क्यों ?

श्रावस्ती'''जेतवन···।

भिक्षुओ ! किसके होने से···ऐसी मिथ्या-दृष्टि उत्पन्न होती है—न मैं होता, न मेरा होवे; न मैं हूँगा, न मेरा होगा।

धर्म के मूल भगवान् ही··।

भिक्षुओ ! रूप के होने से···ऐसी मिथ्या-दृष्टि उत्पन्न होती है···। वेदना के होने से···। संज्ञा···। संस्कार···। विज्ञान के होने से···।

भिक्षुओ !''रूप नित्य है या अनित्य···।

इसे जान और देख···पुनर्जन्म को नहीं प्राप्त होता है।

§ ५. मिच्छा सुत्त (२१. ३. ५. ५)

मिथ्या-दृष्टि क्यों उत्पन्न होती है ?

श्रावस्ती'''जेतवन···।

भिक्षुओ ! किसके होने से···मिथ्या-दृष्टि उत्पन्न होती है ?

भन्ते ! धर्म के मूल भगवान् ही···।

भिक्षुओ ! रूप के होने से···मिथ्या-दृष्टि उत्पन्न होती है। वेदना के···। संज्ञा···। संस्कार···। विज्ञान''।

भिक्षुओ !''रूप नित्य है या अनित्य···?

इसे जान और देख···पुनर्जन्म को नहीं प्राप्त होता है।

§ ६. सक्काय सुत्त (२१. ३. ५. ६.)

सत्काय दृष्टि क्यों होती है ?

श्रावस्ती'''जेतवन···।

भिक्षुओ ! किसके होने से···सत्काय-दृष्टि होती है ?

…भिक्षुओ ! रूप के होने से…सत्काय-दृष्टि होती है। वेदना से…। संज्ञा…। संस्कार…। विज्ञान…।

भिक्षुओ ! रूप नित्य है या अनित्य…?

जो अनित्य है…क्या उसके उपादान नहीं करने से सत्काय-दृष्टि उत्पन्न होगी ?

नहीं भन्ते !

वेदना…। संज्ञा…। संस्कार…। विज्ञान…।

§ ७. अत्तानु सुत्त (२१. ३. ५. ७)

आत्म दृष्टि क्यों होती है ?

भिक्षुओ ! किसके होने से… आत्म-दृष्टि होती है ?

…भिक्षुओ ! रूप के होने से…आत्म-दृष्टि होती है। वेदना…। संज्ञा…। संस्कार…। विज्ञान…।

भिक्षुओ ! रूप नित्य है या अनित्य…?

जो अनित्य है… क्या उसके उपादान नहीं करने से आत्म-दृष्टि उत्पन्न होगी ?

नहीं भन्ते !

वेदना…। संज्ञा…। संस्कार…। विज्ञान…।

§ ८. पठम अभिनिवेस सुत्त (२१. ३. ५. ८)

संयोजन क्यों होते हैं ?

श्रावस्ती…जेतवन…।

भिक्षुओ ! किस के होने से…संयोजन, अभिनिवेश, विनिबन्ध उत्पन्न होते हैं ?

…रूप के होने से…। वेदना के होने से…। संज्ञा…। संस्कार…। विज्ञान के होने से…।

भिक्षुओ ! रूप नित्य है या अनित्य ?

…जो अनित्य है…क्या उसके उपादान नहीं करने से संयोजन… उत्पन्न होंगे ?

नहीं भन्ते…।

§ ९. दुतिय अभिनिवेस सुत्त (२१. ३. ५. ९)

संयोजन क्यों होते हैं ?

श्रावस्ती …जेतवन…।

['विनिबन्ध' के बदले 'विनिबन्धाध्यवसान' करके सारा सूत्र ठीक ऊपर जैसा]

§ १०. आनन्द सुत्त (२१. ३. ५. १०)

सभी संस्कार अनित्य और दुःख हैं

श्रावस्ती…जेतवन…।

तब, आयुष्मान् आनन्द जहाँ भगवान् थे वहाँ आये…और भगवान् से बोले, "भन्ते ! मुझे भगवान् संक्षेप से धर्म का उपदेश करें, जिसे सुन कर मैं अकेला एकान्त में अप्रमत्त संयम-पूर्वक प्रहितात्म हो विहार करूँ।"

आनन्द ! तो क्या समझते हो रूप नित्य है या अनित्य ?

अनित्य भन्ते ।

जो अनित्य है वह दुःख है या सुख ?

दुःख भन्ते !

